ISSN : 2455-4219
(UGC-Care Listed)

विचार
चिंतन
शोध सृजन

आलोचन दृष्टि

Aalochan Drishti

An International Peer Reviewed Refereed
Research Journal of Humanities

वर्ष-6 अंक-22 अप्रैल - जून, 2021

प्रधान-संपादक
डॉ० सुनील कुमार मानस

संपादक
डॉ० योगेश कुमार तिवारी

प्रबंध-संपादक
श्री सुधीर कुमार तिवारी

ISSN : 2455-4219
(UGC-Care Listed)

आलोचन दृष्टि

Aalochan Drishti

An International Peer Reviewed Refereed Research Journal of Humanities

वर्ष - 6 अंक - 22 अप्रैल-जून, 2021

Year - 06 Volome - 22 April-June, 2021

प्रधान-संपादक
डॉ० सुनील कुमार मानस

संपादक
डॉ० योगेश कुमार तिवारी

प्रबंध-संपादक
श्री सुधीर कुमार तिवारी

© **प्रकाशक :**
संपादकीय / प्रकाशकीय पता :–
आलोचन दृष्टि प्रकाशन,
आजाद नगर, बिन्दकी, जनपद–फतेहपुर,
उ0प्र0–212635
ई–मेल : aalochan.p@gmail.com
दूरभाष : 9451949951 / 7376267327

मुद्रण :– जय ग्राफिक्स एण्ड कान्सट्रक्सन,
आई0टी0आई0 रोड़, फतेहपुर–212601।

सदस्यता शुल्क	एक अंक	वार्षिक	आजीवन
व्यक्तिगत	300	1200	10,000
संस्थागत	400	1500	15,000

संरक्षक एवं सलाहकार मंडल

- **प्रो0 गिरीश्वर मिश्र,** शिक्षाविद् एवं पूर्व कुलपति, म. गां. अं. हिं. वि., वर्धा, (महाराष्ट्र)।
- **प्रो0 चितरंजन मिश्र,** पूर्व प्रोफेसर, पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (उ0प्र0)।
- **प्रो0 नंदकिशोर आचार्य,** सुथारों की बड़ी गुवाड़, बीकानेर, राजस्थान–252028।
- **प्रो0 सदानंद गुप्त,** निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, (उ0प्र0)।
- **प्रो0 कृपाशंकर चौबे,** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, (महाराष्ट्र)।
- **प्रो0 माधवेन्द्र पाण्डेय,** हिन्दी विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालयए शिलांग, मेघालय।
- **प्रो0 प्रेमशंकर त्रिपाठी,** आशीर्वाद अपार्टमेन्ट, सी. ए. 5/10, देशबन्धु नगर, कलकत्ता।
- **प्रो0 दिलीप सिंह,** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.)।
- **प्रो0 आर0 एस0 सर्राजू,** हैदराबाद विश्वविद्यालय, (तेलंगाना)।
- **प्रो0 उमापति दीक्षित,** केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा (उ0प्र0)।
- **प्रो0 एस0 वी0 एस0 एस0 नारायण राजू,** तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय, तमिलनाडु।
- **Shri. Tejendra Sharma,** Harrow & Weealdstone, Middlesex HA3 7AN (U.K.)
- **Mrs. Archana Painyuly,** Islevhusvej, 72 B, 2700, Bronshoj, Copenhagen, Denmark.

संपादक-मंडल

- **डॉ. उदयन मिश्र,** हरिश्चन्द्र पी. जी. कॉलेज, वाराणसी, (उ0प्र0)।
- **डॉ. बलराम शुक्ल,** संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- **डॉ. दण्डिभोट्ला नागेश्वर राव,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, श्री चंदशेखरेंद्र सरस्वती विश्वविद्यालय, एनात्तूर–कांचीपुरम्, तमिलनाडु।
- **डॉ. शशिभूषण भट्ट,** संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, (उ0प्र0)।
- **डॉ. अमित दूबे,** आर्य महिला पी. जी. वाराणसी।
- **श्री राम कुमार मानिक,** शिक्षा संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, (उ0प्र0)।

विधि-परामर्शदाता

श्री **उमाशंकर त्रिपाठी** (एडवोकेट), सिविल कोर्ट, फतेहपुर उ0प्र0–212601।

नोट : सभी पद अवैतनिक एवं अव्यावसायिक हैं। प्रकाशित शोध–लेखों एवं उसमें दिये गये उद्धरणों के वाद–विवाद संबंधी किसी भी कार्यवाही का शोधकर्ता (लेखक) स्वयं जिम्मेदार होगा। इस तरह के किसी भी विवाद में संपादक, प्रकाशक एवं 'आलोचन दृष्टि' परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेंदारी नहीं होगी और किसी भी प्रकार के विवाद का समाधान फतेहपुर न्यायालय में होगा।

संपादकीय

'आलोचना' एक प्रत्यय भी है और प्रतिमान भी; जिसका कोई स्वतंत्र एवं एकल वृत्त नहीं होता, वह हमेशा आलोचक की मानसिक और बौद्धिक वृत्ति के आधार पर अपना आकार–प्रकार निर्धारित करती रहती है, जिसे आलोचक युग, स्थान एवं समय के अनुरूप ही व्याख्यायित करता है– यह हमारी एक सुचिंतित परंपरा भी रही है और व्यवस्था का नियामक भी; किंतु अब कई प्रकार की वैचारिक, सैद्धांतिक एवं शाब्दिक परंपराएँ हैं, जिसके अन्तर्गत 'पाश्चात्य के नवनिर्मित विचारों, सिद्धांतों और शब्दों की भरमार'; 'परम्परा, संस्कृति और आदर्श की जड़वादी–मानसिकता' और 'समय, संदर्भ और स्वानुभूति की मनमानी व्याख्या' देखने को विशेष रूप से मिलती है, जिसमें अति–यथार्थवाद, अजनबीपन, विडंबना, संत्रास, अंतर्विरोध जैसे तमाम शब्दों से लेकर थोथी–स्थूलवादी मानसिकता की सड़ास भी है और खटास भी।

हम भले ही 'पाश्चात्य की वृत्तिक परंपरा की दृष्टि' और 'अपने–पराये की भावना' से ऊपर उठकर आलोचना की प्रक्रिया अपना ले, किन्तु युग, स्थान एवं समय को दरकिनार नहीं कर सकते और न ही परवरिश–वृत्ति को। आलोचना से समग्रता की अवधारणा ही– गायब होती जा रही है क्योंकि हमारी आलोचना– कहानी, उपन्यास, नाटक, संस्करण, निबंध... आदि से लेकर विविध विमर्शों तक की कालक्रमानुरूप में बॅटती जा रही है और अब आलोचक इन खाचों में से किसी एक कालखण्ड के ही– विशेषज्ञ बनते जा रहे हैं। यही वर्तमान की आलोचना और आलोचक की सबसे बड़ी कठिनाई है और सच्चाई भी। इसके बावजूद भी ये खॉचाई आलोचक किसी भी विषय पर लिखने, बोलने एवं पढ़ाने–समझाने तक में पीछे नहीं रहते ; और अब एक ऐसी पीढ़ी आ रही है जो आलोचना की परंपरा की– किसी किताब को छुये बगैर ही, गूगल गुरु के माध्यम से जानकारी हासिल करके अपनी मनमर्जी के अनुसार कुछ भी बोल देना, लिख देना या पढ़ा देना– ही सर्वोत्तम समझने लगी है। यहाँ एक अंग्रेजी शब्द उधार लेना चाहता हूं जिसका नाम है Irony (आयरनी) अर्थात् विडंबना। यह Irony अब हमारे साहित्य की भी है, समाज की भी है और आलोचना की भी।

ऐसे में चिंता यह है कि इससे बचा कैसे जाए? ये जो वर्तमान के समय की विडंबना है, उससे बाहर कैसे निकला न जाए? अथवा जो पूँजी या पूँजीवाद का आतंक है, उससे निजात कैसे पाया जाए? कैसे हम अपने समय और समाज को इस आवारगी से बचाएं? किसी भी कीमत पर पैसे आने चाहिए– की बात से जब हमारा पूरा समाज प्रभावित हो गया है, तब कैसे इसका समाधान किया जायं? ये प्रश्न भी हैं और चुनौती भी। पर, हर एक समस्या का समाधान कहीं न कहीं भविष्य के गर्भ में छिपा रहता है जो एक दिन फलित होकर ही रहता है। अस्तु, चिंता छोड़कर कार्य या प्रयास करने की जरुरत है।

अप्रैल और मई में कोविड–19 की जो दूसरी लहर आई उसके तांडव में बहुत से परिवारों ने क्षति उठायी है। शायद् ऐसा कोई भी परिवार न रहा होगा, जो कोविड–19 की चपेट में न आया हो। बहुत से लोगों ने इस त्रासदी को नजदीक से देखा भी है। हर तरफ 'एक भयभीत व्यक्ति या समाज' दिख रहा था। नदियों एवं घाटों में लाशें बिखरी पड़ी थी जिनके पास जाने से लोग डर रहे थे। यह लहर, पहली लहर की अपेक्षा बहुत भयानक रही। हर एक परिवार ने अपना सगा–संबंधी खोया है। इसी कोविड–19 की वजह से 'आलोचन दृष्टि' पत्रिका ने अपने 'संरक्षक और सलाहकार मंडल' के सदस्य **प्रो. राम सजन पांडेय** सर को हमेशा के लिए खो दिया है।.... इसी में हमने राष्ट्रीय संपदा के रूप में उपस्थित रहे फ्लाइंग सिख **मिल्खा सिंह** को भी खोया है।... हमें अब यह स्वीकार कर लेने में

गुऱ़ेज नहीं होना चाहिए कि हमसे कहीं–न–कहीं लापरवाही हुई है.... पर, उन बातों को दोहराने से अब कोई फायदा नहीं है... लेकिन मैं यह जोर देकर कहना चाहता हूँ कि भविष्य के प्रति हमें दूरदर्शी एवं सचेत रहना चाहिए। खासतौर से, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से।

पत्रिका–संपादन की अपनी निजता होती है, तथा वह अपने 'संरक्षक एवं सलाहकार मंडल' और 'संपादक मंडल' के सदस्यों के परामर्श के अनुसार ही निर्णयित होता है। यही निर्णय पत्रिका के संपादन हेतु मान्य रहता है। पत्रिका में बहुत से लेखकों के लेख नहीं छप पाते या सबको छाप पाना संभव ही नहीं हैं। पर, कुछ ऐसे भी लोग (जिनका लेख पत्रिका में नहीं छप पाता) मिल जाते हैं, जो तमाम तरह की अनर्गल बातें भी करते हैं, कुछ तो धमकियाँ तक दे डालते हैं। मेरा ऐसे वैचारिक तत्वों से निवेदन है कि पहले वे बातचीत करने की तहजीब अपने अंदर विकसित करें। इसके बाद ही 'आलोचन दृष्टि परिवार' के किसी भी सदस्य को कॉल या बात करें, वह भी धैर्य और शांति के साथ, निर्धारित समय में ही। 'आलोचन दृष्टि परिवार' का हर एक मनोनीत सदस्य अकादमिक जगत के सम्मानित, प्रतिष्ठित पदों से जुड़े विद्वान हैं, जो निःस्वार्थ सेवा दे रहे हैं। इसलिए मुझे किसी भी सदस्य से यह सुनने को न मिले कि किसी व्यक्ति ने उनसे गलत लहजे/तहजीब में बात की है। हमारी हर एक लेख पर गहरी नजर रहती है लेकिन हमारे कुछ नियम है और कुछ निर्देश भी; जिनको ध्यान में रखकर ही हमें कार्य करना पड़ता है। विद्वानों के निर्देशानुसार प्रस्तुत अंक से पत्रिका के मुख्य पृष्ठ पर UGC-Care Listed टंकित करा दिया गया है, जिसके लिए मैं पहले सहमत नहीं हो पा रहा था, या मेरे कुछ तर्क थे।

हमारी एक आगामी योजना **सृजनश्री न्यास** की स्थापना करने की है, जिसका पंजीकरण आजाद नगर, बिंदकी–फतेहपुर में कराना है। इसके लिए हम प्रयासरत भी हैं। आने वाले समय में जल्द ही इस न्यास के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) आदि से जुड़े सभी कार्यों को पूर्ण कर लेगे का प्रयास भी है। फिर **आलोचन दृष्टि** पत्रिका को इसी न्यास से जोड़ देने, और अग्रिम अंको के प्रकाशन का कार्य न्यास को सौंप देने का विचार है।

प्रस्तुत अंक में 61 शोध–पत्रों का प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें 28 हिंदी भाषा के हैं और 33 अंग्रेजी भाषा के। ये शोध–पत्र भारतीय चिंतनधारा के वर्तमान का शैक्षणिक प्रतिनिधित्व करने वाले हैं। इन लेखों में अतीत से लेकर वर्तमान तक की वैचारिकी परिलक्षित है, जो भविष्य के प्रति सजग होने की दृष्टि को भी– निरूपित करती है, जिसमें कुछ का पता सीधे–सीधे चल जाता है और कुछ सांकेतिक रूप से ही। खैर, इसके विषय में ज्यादा मैं क्या कहूँ ? आप सभी सुधी–जन इसे पढ़ें और जैसा लगे उस पर अपनी प्रतिक्रिया भी 'ई–मेल आदि के माध्यम' दें। हमें आपके सुचिंतित विचारों को जानने की जिज्ञासा रहेगी।

अंत में, मैं सभी शोध–लेखकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिनके सहयोग से ही पत्रिका अपना यह कलेवर ग्रहण कर रही है। पत्रिका के इस कलेवर को निर्धारित करने वाले 'आलोचन दृष्टि परिवार' के सदस्यों और सुधी–पाठकों के प्रति भी मैं अनुगृहीत हूँ, जिन्होंने अपने सहयोग, सलाह एवं अपनत्व से पत्रिका को निकालने का एक वैचारिक संबल प्रदान किया है।

शेष फिर...।

30 जून, 2021।

विषयानुक्रमणिका

1.	आधुनिक-भावबोध का नाटकीय-सन्दर्भ और 'ययाति' *डॉ. सुनील कुमार मानस*	1-3
2.	जनजातीय-जीवन में अस्तित्व का संघर्ष और उसकी औपन्यासिक-अभिव्यक्ति *डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय*	4-8
3.	साहित्य में किसान की लोक-भावभूमि (धरती तोरे अंचरा मा बीज ला बिखेरन) *डॉ. मीता शर्मा*	9-13
4.	साठोत्तरी हिंदी कविता में अलगाव एवं संत्रास *डॉ. मंजुनाथ एन. अंबिग*	14-18
5.	हिंदी लघुकथा में मानव जीवन के विविध संदर्भ डॉ. नवनाथ गाड़ेकर	19-21
6.	विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों के संदर्भ में राष्ट्रीय पाठचक्रम की रूपरेखा... *सुधीर कुमार तिवारी*	22-25
7.	महादेवी के काव्य की प्रणय चेतना(संयोग पक्ष के संदर्भ में) *चिन्मयी मिश्र*	26-30
8.	भारत में इच्छामृत्यु का विश्लेषणात्मक अध्ययन *वैभव भण्डारी*	31-35
9.	योग-दर्शन में ईश्वर की अवधारणा एवं समाधि-लाभ *पूनम गुप्ता एवं डॉ. बी. आर. शर्मा*	36-39
10.	कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में प्रवासी संकट : एक विश्लेषण *डॉ. ऋतेष भारद्वाज एवं डॉ. पिंकी पुनिया*	40-43
11.	इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता का स्वर *डॉ. शत्रुघ्न कुमार मिश्र*	44-46
12.	वीरेन्द्र मिश्र के गीतों में संवेदनात्मक-अवधारणा *मोहन बैरागी*	47-51
13.	लोकजीवन की भावसंगति दुनिया को उकेरता 'छ्करबाज़ नाच'(लौंडा नाच) *डॉ. सुनील कुमार शॉ*	52-54
14.	'हलाला' नारी-स्वतंत्रता के लिए एक चुनौती *जानी तुषार चंदुलाल*	55-58
15.	महिला शिक्षा : पर्यावरणीय संचेतना *मानसी पाण्डेय*	59-62
16.	तुलसी का समाज-दर्शन *डॉ. अर्चना पाण्डेय*	63-65

17. मृदुला गर्ग के आठवें दशक की कहानियों में भारतीय-नारी 66-69
मनोज कुमार सिंह

18. रीतियुगीन मुस्लिम कवियों की शृंगार-भावना 70-73
डॉ. अनुपम गुप्ता

19. हिन्दी उपन्यासों में थर्ड-जेंडर की सामाजिक चुनौतियाँ 74-77
अंकिता देवी

20. दलित साहित्य : आशय, अवधारणा और मुक्ति 78-81
किरण असवाल

21. रमेशचन्द्र शाह के उपन्यासों में धार्मिक एवं ऐतिहासिक वर्णन की प्रासंगिकता 82-85
कृपा शंकर

22. प्रेमचन्द के उपन्यासों में स्त्री-जीवन 86-89
शिप्रा श्रीवास्तव

23. योग-दर्शन में मन की अवधारणा 90-94
हिमांशु परिदा एवं डॉ. अंजला देवी

24. प्रेमचंद की दलित-जीवन से जुड़ी कहानियों का सांदर्भिक-विवेचन 95-98
डॉ. रमेश यादव

25. हानूश : एक कलाकार की मर्मांतक पीड़ा 99-100
मिथिलेश कुमार मिश्र

26. अशोक का धम्म 101-103
डॉ. अमित दूबे

27. गुर्जर-प्रतिहार अभिलेखों में वर्णित मंदिर-स्थापत्य 104-106
प्रवीण पाण्डेय

28. निजी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य-संतोष... 107-109
डॉ. अनामिका लिंका

29. **Analysing the Deteriorating Conditions of Prisons And Prisoners...** 110-113
Chaitanya Pant

30. **Transgressing the Boundaries: Resistance in *The Autobiography of a...*** 114-117
Dr. Anju K.N.

31. **Quest For Freedom In Mark Twain's Select Novels - A Pragmatic Study** 118-121
Chappali Vijaya Kumar & Dr. V. Ravi Naidu

32. **Psychological Distress : Origin and Expression** 122-125
Salvi Singh & Dr. Seema Singh

33. **Topic of Research Paper: The Plight of the Marginalised and....'Tara'** 126-128
Subhadeep Talukder

34. **Adverse Effects of Covid-19 : A Psychological Pandemic on the Way** 129-132
Dr. Anil Kumar Teotia

35. **Githa Hariharan's Female Protagonists in The Thousand Faces of Night...** 133-137
Dr. Naveen K. Mehta & Soumya Tiwari

36. **Role of ICT in Secondary Teacher Training Program with....** 138-142
Dr. Anita Joshi & Dr. Maya Joshi

37. **Challenges and impact of online Education during Covid19** 143-146
Dr. G. Sowbhagya

38. **Caste in a Foreign Land : Changing Aspects of an Indian Cultural...** 147-150
Kiran Jha

39. **Environment and Development : A Theoretical Study** 151-154
Kumar Prashant

40. **Mother as Oppressed Oppressor : Conceptualizing Internalized...** 155-158
Mariyam Parveen

41. **Reflection of Artistic Thoughts and Moral Vision in Iris Murdoch's...** 159-162
Dr. Naveen K. Mehta & Muskan Solanki

42. **An Analysis of Fake news on social media and its impact during covid...** 163-165
Ravi Shankar Maurya & Dr. Tasha Singh Parihar

43. **Criminology in Literature : Exploring the Subtle Crimes in Shakespeare...** 166-169
S. Jenosha Prislin & Dr. J. Santhosh Priyaa,

44. **Attitudes of U.G. Studeants Towards Social Media in Education** 170-173
Dr. Samir Kumar Lenka

45. **Spiritual Intelligence in the realm of Education : A Study on General...** 174-177
Mr. Sandip Sutradhar & Prof. Nil Ratan Roy

46. **Social Media Use and Its Impact on School Going Children** 178-181
Dr. Sapna Kashyap & Aarti

47. **Role of yoga for the mental and emotional well being** 182-185
Kaushal Kumar

48. **Reviewing the status of Psychological behavior and food security in...** 186-189
ILMA Rizvi, Ateeqa Ansari & Prof. Shahid Ashraf

49. **Cultural Archetypes in select novels of Achebe, Mohanty and Ngugi...** 190-192
Dr. B. S. Selina

50. **G. K. Mhatre : Revolutionary sculptor of Pre-Independence India** 193-195
Binoy Paul

51. **Are we actually riding on the learning wave in an ocean of Webinars...** 196-199
Dr. Ashish Mathur & Dr. Sona Vikas

52. **Role of the Mauzadars in the British-Nyishi Relations** 200-204
Dr. Tade Sangdo

53. **Contextualizing Jyotiprasad Agarwala's Political Ideology of Beauty...** 205-209
Dr. Umakanta Hazarika

54. **Study of Attitude of Arts And Science D.El.Ed Trainees Towards...** 210-214
Swati Pant Lohni & Dr. Maya Joshi

55. **Resistance through Persistence : A critical study of *The Vegetarian*** 215-218
Dr. Anju E. A.

56. **Accessibility of Assistive Technology for Inclusion of Differently Abled...** 219-222
Amit Shanker & Ravi Kant

57. **Justice delayed is justice denied : Prison and Multitudinal Traumatic...** 223-225
Smitha Mary Sebastian

58. **Gandhi's Concept of Religion** 226-228
Tinku Khatri

59. **Spatial Inequalities in the Distribution of Critical Household...** 229-233
Rambooshan Tiwari & Prashant Tiwari

60. **The New Future Of Event Management in Post COVID Era** 234-236
Anup M. Gajjar & Dr. Bhaveshkumar J. Parmar

61. **Students' Perception About Celebrity Endorsement : A Study of....** 237-241
Amit Kumar Pahwa & Dr. Ekta Mahajan

आधुनिक-भावबोध का नाटकीय-सन्दर्भ और 'ययाति'

डॉ. सुनील कुमार मानस*

आधुनिक भारतीय भाषाओं में आधुनिक नाटकों के लेखन की शुरुआत 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हो जाती है, जिसमें भारतीय स्वाधीनता के बीज–भाव भरने से लेकर सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक जीवन के उत्कर्ष की अलख जगाई जाती है। साथ ही इन नाटकों में सामाजिक एवं व्यक्तिक स्वाधीनता का भावबोध भी सन्निहित रहता है, जिसके विविध परिप्रेक्ष्य एवं परिदृश्य हैं। यह क्रम लगभग स्वाधीन भारत तक चलता रहता है, लेकिन स्वाधीनता के बाद आधुनिक भाव–बोध के नाटकीय–लेखन की प्रारम्भ होता है जिसका प्रतिनिधित्व बंगला–भाषा के नाटककार बादल सरकार, कन्नड़–भाषा के नाटककार गिरीश कर्नाड, हिंदी–भाषा के नाटककार मोहन राकेश और मराठी–भाषा के नाटककार विजय तेंदुलकर करते हैं। इनके प्रतिनिधित्व में ही भारतीय नाटकीय लेखन और रंगमंच की दिशा और दशा बदल जाती है। इस दौर में पौराणिक मिथकों से लेकर समसामयिक नगरीय–जीवन के विविध परिप्रेक्ष्य एवं परिदृश्य को लेकर तमाम आधुनिक भाव–बोध के नाटक लिखे गए है, जिसकी एक विस्तृत भावधारा एवं विचारभूति हमें देखने को मिलती है।

भारतीय ज्ञानपीठ, पद्मश्री एवं पद्मभूषण पुरस्कारों से सम्मानित एवं विभूषित नाटककार गिरीश कर्नाड पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यानों के माध्यम से आधुनिक भावबोध वाले स्त्री–पुरुष के संबंधों, राजसत्ता एवं लोकप्रियता के प्रति राजाओं और महाराजाओं की आसक्ति का निरूपण यथार्थवादी संवेदना के साथ करते हैं। यह संवेदना स्वाधीन भारत के राजनीतिक स्वरूप एवं उसकी स्थिति–अवस्थिति को भली–भांति व्याख्यायित करती है, तथा इस दौर के बदलते हुए स्त्री–पुरुष के संबंधों को विशेष रूप से केंद्र में रखती है, जो खासतौर से हमारे नगरीय–बोध के स्त्री–पुरुष के मानसिक–दैहिक समीकरण के रूप में उपस्थित हुआ है और यह विगत को गत के संदर्भ में विवेचित भी करता है। यही गिरीश कर्नाड के नाटकों– 'ययाति', 'तुगलक' एवं 'हयवदन' में क्रमशः दिखलाई पड़ता है। उनके नाटकों एवं विचारों की यह त्रयी भी है।

'ययाति' उनका पहला नाटक है, जो कन्नड़ भाषा में 1960–61 में प्रकाशित हुआ, जिसका पहला मंचन 1966 में ओम शिवपुरी के निर्देशन में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल, दिल्ली द्वारा किया गया। इस नाटक का हिंदी–अनुवाद बी. आर. नारायण ने किया, जो राधाकृष्ण प्रकाशन द्वारा 1979 में प्रकाशित हुआ। यह नाटक एक प्रकार से इस संसारिक–जीवन के मोह और उसके यथार्थपरक काल्पनिक सत्य की तलाश करता है, और अंत में एक विडंबनात्मक वर्तमान में लाकर खड़ा कर देता है, साथ ही टूटे मन से सब स्वीकृत कर लेने के बाद भविष्य के लिए अकेला छोड़ देता है। इस नाटक में सारे पात्र अन्ततः अकेले ही पड़ जाते हैं। इसके अतिरिक्त यह नाटक स्त्री–पुरुष के संबंधों का एक नया संसार, आधुनिक भावबोध के आधार पर निरूपित करता है, जहाँ डर है, आशंका है, पीड़ा है, प्रताड़ना है, उपेक्षा है, जो अन्तर्विरोध के साथ विड़म्बनात्मक अनुगूँज या अन्तर्नाद करता है।

प्रस्तुत नाटक के विषय में कई बार यह भी कहा गया है कि इसें एक तरफ पुरानी पीढ़ी का लोभ है और दूसरी तरफ नई पीढ़ी का त्याग, और इन दोनों के बीच में एक स्त्री का मानसिक उद्देग है, और जिसके चलते ही, दूर जाती हुई स्त्री के रूप में देवयानी, मरती–खपती स्त्री के रूप में स्वर्णलता, दाय एवं बदला लेती हुई स्त्री के रूप में शर्मिष्ठा तथा अपने अधिकार से वंचित हो जाने पर हमेशा के लिए संसार को छोड़ देने वाली स्त्री के रूप में चित्रलेखा का चित्रण हुआ है। यह चित्रण आधुनिक भावबोध के स्त्री–पुरुष के संबंधों का वर्तमान समुच्चय उपस्थित कर देता है, जो हमारे समय में यत्र, तत्र और कमोवेश सर्वत्र विद्यमान दिखाई देता है।

*** प्रधान–संपादक–आलोचन दृष्टि, एवं प्राध्यापक– हिन्दी, बहाउद्दीन आर्ट्स कालेज, जूनागढ़ (गुजरात)**

नाटक की शुरुआत सूत्रधार के आत्माभिव्यक्ति से होती है। सूत्रधार एक प्रकार से नाटक की भूमिका को भी स्पष्ट करता है कि जो विगत है, उसकी गत समय में एक प्रतिध्वनि सुनाई देती है। इस प्रतिध्वनि की अनुगूँज इस नाटक की मूल अवधारणा एवं संवेदना है। एक तरफ हम सभी कहीं न कहीं स्वप्नजीवी होते हैं और यही स्वप्न–जीविता एक विचित्र किस्म का वैश्विक बिंब उपस्थित करता है, जिसको सत्य के रूप में स्वीकार करने पर आनंद भी है और रसिकता भी, किन्तु यह रसिकता और आनंद सत्य की गहरी संवेदना में हमें डुबोते हैं, जिसके भार से न रसिक बच पाते हैं और न ही विद्वान, अर्थात् कहीं न कहीं हर व्यक्ति गत के सामने विगत की प्रतिध्वनि सुनता है और उसकी इस आहट में अपने को या तो मजबूर पाता है या फिर कमजोर। ययाति पुरु के जिस यौवन को पाकर अपने को मजबूत बनाने की जहाँ कोशिश करता है वहीं वह इसी यौवन के चलते चित्रलेखा के सामने सबसे ज्यादा कमजोर और आत्मपीड़ित–लाचारी महसूस करता है और पुरु भी जिस त्याग के चलते अपने यौवन का सर्वस्व अपने पिता को प्रदान करता या लूटाता है, वह भी कहीं न कहीं भविष्य या वर्तमान के प्रति अकिंचित होकर यह कहने के लिए अभिशप्त हो जाता है कि– 'इन सबका अर्थ क्या है भगवान, इसका अर्थ क्या है ?[1] जिसे सूत्रधार सत्य की एक परिभाषा देते हुए स्पष्ट करता है कि 'कभी–कभी रास्ते में दूर तक चलते समय, दो रास्ते निकल नहीं आते? हम केवल एक को चुन सकते हैं। उसपर चलते समय हमें हमारा सही उद्देश्य भी दिखाई देता है। पर हमारे पीछे कानों से न सुनी हुई एक ध्वनि प्रवेश करती है; उस दूसरे रास्ते में जाते तो क्या होता? बहुत कुछ हो सकता था। पर...'[2] और इसी को सांकेतिक भाषा में वह कहता है कि 'आगे की बात मैं कैसे कह सकता हूँ? मैं केवल एक सूत्रधार हूँ। मेरी उंगलियों से चलायमान अदृश्य सूत्र मुझे भी दिखाई नहीं देते, पात्र भी दिखाई नहीं देते। दिव्य–चक्षु हो तो आप देख सकते हैं, यदि न दिखे तो भी चल सकता है। पात्र अभिनय करते हैं, अनुभव करते हैं...'[3] और यहीं से नाटक प्रारंभ हो जाता है जिसकी ओर इशारा देते हुए सूत्रधार कहता भी है 'अपने–अपने पाप–पुण्य कि गठरियों को खोलकर, थोड़ी देर के लिए, वर्तमान में विश्राम करने के लिए वे पात्र आए हैं। उन्हें देख–भर लेना हमारा काम है, यही हमारा काम है।'[4] शायद, नाटक का यही दृष्टांत है जो सूत्रधार द्वारा दिये गये कथन से स्पष्ट होता है कि इसे देख लेना ही अपने लक्ष्य के प्रति सजग हो जाना है या अपना भवितव्य बनाना है। और हम सभी भी, कहीं न कहीं इस सांसारिक रंगमंच के पात्र है, जो अभिनय भी करते हैं और अनुभव भी, साथ ही इन दोनों का द्वन्द्व भी हमारे अंदर चलता ही है।

नाटक की शुरुआत देवयानी और स्वर्णलता के आपसी वार्तालाप से होती है। स्वर्णलता की पीड़ा है कि शर्मिष्ठा लगातार उसका अपमान करती रहती है। देवयानी महाराज ययाति की पत्नी है और शुक्राचार्य की बेटी भी। स्वर्णलता दासी ही है; पर, शर्मिष्ठा बचपन की उसकी सखी है और वर्तमान की दासी। शर्मिष्ठा असुर जाति की कन्या है। इसी के चलते वह आर्यकुल में दासी होने के लिए अभिशप्त हो जाती है। ययाति से वह एक अंतरंगता रखती है। पर, जब देवयानी से उसका विवाह हो जाता है तो उसकी यह अंतरंगता दासत्व में बदल जाती है। असुर जाति की यह कन्या, चंद्रवंश के लिए विषकन्या का रूप धारण करती है और अपने दासत्व से ही पूरे राजमहल में विष घोलती रहती है और जिस विष से वह अपनी आत्महत्या करना चाहती है, वह विष ही अंततः राजमहल के आंतरिक भवितव्य तथा चित्रलेखा की मृत्यु का कारक बनता या बन जाता है।

एक प्रश्न यह बनता है कि अगर शर्मिष्ठा विष की अपनी डिबिया न निकालती, तो महाराज ययाति से उसका संसर्ग न होता, और यदि महाराज ययाति से उसका संसर्ग न होता तो शुक्राचार्य का अभिशाप भी उन्हे न मिलता, और अगर यह अभिशाप न मिलता तो उन्हें यौवन की आवश्यकता नहीं पड़ती, और यदि पुरु अपने यौवन का त्याग न करता तो तो उसकी (पुरु की)पत्नी आत्महत्या न करती। इन सारे प्रसंगों में कहीं न कहीं एक स्त्री (शर्मिष्ठा) के अतृप्त तन–मन की कुंठा या ईर्ष्या का भाव ही है। अगर ये सब न होता तो, दिन प्रतिदिन की मानसिक यातना से न तो देवयानी को गुजरना पड़ता, और न ही चित्रलेखा को। तब शायद सारी स्थिति सामान्य सी रहती और महाराज ययाति के नंदनवन के निर्माण का स्वप्न भी पूरा हो जाता, देवयानी उनका साथ छोड़ करके न जाती और न ही शुक्राचार्य का उन्हें अभिशाप मिलता। पर, चंद्रवंश की प्रसिद्धि में शर्मिष्ठा राहु की तरह प्रवेश करती है और उसके संपूर्ण वर्तमान और भविष्य को ग्रस लेती है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी नाटक में ध्वनित होती है कि इन सारे प्रसंगों के बाद भी महाराज ययाति के अंत का सहारा शर्मिष्ठा ही बनती या दिखाई देती है। यहाँ एक प्रश्न हमारे मन में गूँजता रहता है कि इस बात का भवितव्य क्या होगा या क्या रहा होगा ?

एक बात यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि पुरु भले ही ययाति का पुत्र हो किंतु वह भी एक असुर माता की संतान है, जो हमेशा के लिए ययाति को छोड़कर के चली जाती है, जिसकी सूचना पुरु को शुरू में ययाति नहीं देता। अभिशापित होने के बाद बताता है कि 'तुम्हारी धमनियों में राक्षस कुल का रक्त भी है।'[5] लेकिन यह रक्त भी चंद्रवंश का कर्ज़ अपने यौवन का त्याग करके अदा कर देता है। कितनी रोचक बात है कि जिस प्रजा को महाराज ययाति अपने पुत्र जैसा स्नेह देकर संरक्षण देते हैं, उस प्रजा का कोई भी सदस्य पुरु के तमाम प्रयासों और प्रलोभनो के बाद भी, अपने यौवन का त्याग नहीं करता या करना चाहता। ययाति आश्चर्य प्रकट करता है कि 'मैंने बच्चों की भांति जिस प्रजा को पाला, उस प्रजा ने? उनके लिए मैंने सौ–सौ बार युद्धों में प्राणों की बाजी लगाई है। उनमें से एक भी तैयार नहीं ?'[6] जिसका उत्तर पुरु स्वयं देता है कि 'कोई देवता होता तो आपके बुढ़ापे को आनंद से स्वीकार कर लेता। यह मानव हैं। एक ओर मृत विश्व है, दूसरी ओर अज्ञात युग है। इन दोनों के बीच का त्रिशंकु नरक उन्हें नहीं चाहिए।'[7] पर, इस नरक का भागी पुरु स्वयं बनकर देवत्व धारण करना चाहता है, पर सफल नहीं होता। इसका कारण शायद्, अपनी ही पत्नी के नजरों में उपेक्षित रहना या अपने पिता के स्वप्निल आकांक्षा को पूर्ण करने के सद्भाव है, जिसके चलते चंद्रवंश में उसकी पहचान बनती है ! इस संदर्भ में सबकी अपनी–अपनी अवधारणा हो सकती है, पर ध्यान से देखा जाए तो एक बात यह भी सांकेतिक रूप से मालूम पड़ती है कि पुरु को कहीं न कहीं अपने पर विश्वास की कमी महसूस होती है। वह अपने पिता और वंश के नाम के कारण कहीं भी अपनी पहचान नहीं बना पाता या उसकी जो भी पहचान बनती है, वह चंद्रवंश के कारण ही। उसका स्वतंत्र कोई अस्तित्व ही नहीं बन पाता। यहाँ तक उसकी पत्नी के मन भी इस बात की गहरी पीड़ा है कि अगर वह चंद्रवंश का न होता तो शायद मेरे स्वयंबर का प्रस्ताव न बदला जाता। ययाति के स्वप्निल भवितव्य को बचाने के लिए पुरु अपना यौवन त्याग देता है। पर इस भवितव्य के चलते चंद्रवंश का भवितव्य ही विदीर्ण एवं दिशाहीन हो जाता है, जिसकी सूचना से हम सांकेतिक रूप से परिचित हो जाते हैं और हमारे मन में कहीं न कहीं गहरा आघात लगता है, जो जिज्ञासा के रूप में प्रवहमान हो जाती है।

एक बात पुरु की बार–बार ध्यान आकर्षित करती है कि 'मेरे लिए बुढ़ापे का दर्द तो मिल गया पर परिपक्वता नहीं मिली।'[8] इसी मानसिक–अपरिपक्वता की ओर ययाति भी ध्यान आकर्षित करता है। शायद्, परिपक्वता का अभाव हमारे अतीत, वर्तमान एवं भविष्य को हमेशा ही अखरता है या रहा है, जिसे हम सभी कहीं न कहीं महसूस करते हैं। नाटककार गिरीश कर्नाड इस तरह परिपक्व होने या करने की ओर– हमें ले जाना चाहते हैं क्योंकि इसी परिपक्वता के अभाव में सबसे पहले शर्मिष्ठा टूटती है, स्वर्णलता टूटती है, देवयानी टूटती है, और फिर चित्रलेखा भी टूट जाती है और उसके साथ भविष्य का स्वप्न भी टूट जाता है। शायद् इसी स्वप्न के साथ ही ययाति टूटता है और फिर अंततः पुरु भी टूट ही जाता है; और कहीं न कहीं एक गहरे वैचारिक आघात–प्रतिघात के साथ, पाठक या दर्शक का मन भी टूटता है और यह टूटना ही, आधुनिक भावबोध की एक गहरी बिडम्बना है, जिसके लिए हम सभी कहीं–न–कहीं, आंशिक या पूर्ण रूप से अब अभिशप्त ही, हो चुके हैं।

सन्दर्भ–सूची :–

1. ययाति–गिरीश कर्नाड, अनुवादक– बी. आर. नारायण, सरस्वती विहार प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली 1980, पृ. 83।
2. वही, पृ. 9।
3. वहीं।
4. वही, पृ. 10।
5. वही, पृ. 47।
6. वही, पृ. 54।
7. वही, पृ. 56।
8. वही, पृ. 68।

जनजातीय-जीवन में अस्तित्व का संघर्ष और उसकी औपन्यासिक-अभिव्यक्ति

डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय *

शोध–सारांश :– बाजारीकरण और भूमंडलीकरण के वर्तमान युग में आदिवासियों के समक्ष अपनी कला, संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था, रीति–रिवाज और परंपराओं को बचाने का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जनजातियों के समक्ष आज दोहरी समस्या है। एक तरफ वे अत्यंत अविकसित अवस्था में हैं और जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत हैं, वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपनी मौलिक पहचान को बनाये रखने के लिए भी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। गरीबी और लगातार हो रहे शोषण के चलते आदिवासी समाज शेष समाज की मुख्य–धारा से नहीं जुड़ पाया है। आदिवासी और तथाकथित सभ्य समाज के बीच इस वैषम्य ने उनके अंदर विद्रोह और अलगाववाद की भावना को जन्म दिया है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, झारखण्ड, तेलंगाना इत्यादि राज्यों के अनेक जिलों में 'नक्सली समस्या' को भी हताशा और उपेक्षा से उपजी कार्यवाही बताया जा सकता है। नक्सली गतिविधियाँ जहाँ देश के लिए चुनौती हैं वहीं इनसे आम आदिवासी भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आज हमें आदिवासी संस्कृति की रक्षा, भूख से मुक्ति और विस्थापन के बाद उनके पुनर्वास पर विषेष ध्यान देना होगा साथ ही उनके लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करने होंगे। भेदभाव रहित और समतामूलक समाज के लिए हमें आदिवासी विकास की रणनीति में व्यापक परिवर्तन करना होगा।

कूट शब्द :- शोषण, अलगाव, उपेक्षा, विद्रोह, पीड़ा, विवशता, संघर्ष, बाजारवाद, भूमण्डलीकरण, अस्तित्व, समाज।

शताब्दियों से आदिवासी समाज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। औपनिवेशिक युग में शोषकों की एक पूरी फौज ने उनका सामाजिक–आर्थिक शोषण किया और तत्कालीन सरकार ने उनके अलगाव की नीति जारी रखी। देश की स्वतंत्रता के बाद हालांकि तमाम सरकारों ने उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास किये हैं लेकिन इसके बावजूद अभी भी वे शोषण, घुटन और अलगाव से पीड़ित हैं और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बाजारीकरण और भूमंडलीकरण के वर्तमान युग में आदिवासियों के समक्ष अपनी कला, संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था, रीति–रिवाज और परंपराओं को बचाने का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जनजातियों के समक्ष आज दोहरी समस्या है। एक तरफ वे अत्यंत अविकसित अवस्था में हैं और जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपनी मौलिक पहचान को बनाये रखने के लिए भी लड़ाई लड़नी पड़ रही है।

वर्तमान समय में आर्थिक संपन्नता सामाजिक प्रस्थिति का निर्धारक कारक बन गयी है। ऐसे में अपनी गरीबी और लगातार हो रहे शोषण के चलते आदिवासी समाज शेष समाज की मुख्य–धारा से नहीं जुड़ पाया है। आदिवासी और तथाकथित सभ्य समाज के बीच इस वैषम्य ने उनके अंदर विद्रोह और अलगाववाद की धारणा को जन्म दिया है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, झारखण्ड, तेलंगाना इत्यादि राज्यों के अनेक जिलों में 'नक्सली समस्या' को भी हताशा और उपेक्षा से उपजी कार्यवाही बताया जा सकता है। नक्सली गतिविधियाँ जहाँ देश के लिए चुनौती हैं वहीं इनसे आम आदिवासी भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ''एक गैर सरकारी संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के विभिन्न हिस्सों में जारी नक्सली गतिविधियों के कारण चार लाख से ज्यादा आदिवासी बेघर हो चुके हैं। एशियन इंडेजिनस एंड ट्राइबल्स पीपल्स नेटवर्क के मुताबिक ये विस्थापित लोग भोजन, पानी, छत, इलाज और आजीविका के साधनों के अभाव में मुश्किल से गुजर–बसर कर रहे हैं।''[1] इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में हो रहे असमान विकास ने भी

***सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, जिला– बलरामपुर–च्रामानुजगंज (छ0ग0)– पिन–497119।**

आदिवासियों के बीच विद्रोह की भावना को मुखर किया है। जनजातियों की कला और संस्कृति को संरक्षित करने की कोई ठोस नीति सरकार ने नहीं बनाई है। संरक्षण के अभाव में जनजातियों की बहुत सी ललित कलायें आज दम तोड़ रही हैं। देश की तमाम छोटी–छोटी जनजातियाँ भी आज लुप्त होने के कगार पर हैं। आदिवासियों के समक्ष आये इस संकट को हिन्दी के लेखकों ने गहरी संवेदना के साथ व्यक्त किया है, कई उपन्यासों में इस संकट के मूल कारणों की पड़ताल की गई है और उन परिस्थितियों को भी दर्शाया गया है जिसके चलते आज आदिवासियों का वजूद खतरे में है। 'शैलूष' उपन्यास में लेखक आदिवासियों के जीवन पर आये इस संकट को औद्योगीकरण से जोड़कर देखता है। उपन्यास में सब्बो, जुड़ावन नट से कहती है–''तुम लोगों की सबसे बड़ी कमजोरी है कि तुम लोग आगे के बारे में कुछ सोचते ही नहीं। अब वह सब जिसे तुम धरती मइया कहते थे, जहाँ तुम्हारा कबीला डेरा डालता था, जहाँ तुम्हारी छोकरियां नहाती–धोती थीं, जहाँ तुम्हारे गदेले गुल्ली–डंडा खेलते थे, जहाँ तुम्हारी भैंसें चरती–चोंथती थीं, जहाँ तुम्हारे मुर्गी–मुर्गियाँ दाना चुगती थीं, वह सब छिन जायेगा। तुम सोचते हो कि सोन पहड़ा पीली चट्टानों का ढेर है, पन्ना की पहाड़ियाँ हरे रंग की साड़ी में लिपटी सोनवां या उसी तरह की खूबसूरत परियाँ हैं जिसे तुम खून की होली खेलकर उठा लाओगे, जैसे तुम्हारे पूर्वज आल्हा–ऊदल ने किया था। तुम लोग देख नहीं पा रहे हो, मूरखचंदो, कि यह सारा इलाका किस तरह बदल रहा है कि सीमेंट, चूना, कोयला, जस्ता, अलुमुनियम के लिए ऐसी खुदाई होगी कि तुम्हारे जैसे आदिवासियों को पैर रखने की जगह नहीं मिलेगी।''[2]

'जंगल जहाँ शुरू होता है' में संजीव आदिवासियों के अस्तित्व पर आये इस संकट को पूरे परिवेश के साथ चित्रित करते हैं। उपन्यास के केन्द्र में बिहार के पश्चिमी चंपारण की थारू जनजाति की कथा है। लेखक डाकुओं की समस्या को एक सामाजिक समस्या के रूप में चित्रित करता है। कहीं न कहीं इस समस्या के लिए हम खुद जिम्मेदार हैं। दरअसल हम दूर बैठकर यह मान लेते हैं कि डकैतों का सफाया होना चाहिए लेकिन हम डकैत बनने की परिस्थितियों को नहीं देखते। हर आदमी अपने जीवन में सम्मान चाहता है और जब चाहकर भी उसे शोषण से मुक्ति नहीं मिलती तो वो बंदूक उठा लेता है। यह उपन्यास राजनीति, समाज और धर्म में आई गिरावट को भी रेखांकित करता है। आज भी थारू जनजाति अभाव, पिछड़ापन, शोषण, यंत्रणा, उत्पीड़न, विस्थापन, भूख जैसी समस्याओं से त्रस्त है। उन्हें एक ओर तो सेठ–साहूकार शोषित करते हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस भी अत्याचार करती है। ऐसा लगता है कि सारा कानून गरीबों के लिए है। उपन्यास में मलारी अपने भतीजे काली से अपने जीवन की व्यथा व्यक्त करती है–''काहे को गरीब घर में जनम दिये हे भगवान? ई कैसी जिनगानी है वीरन, तुम राम की नाईं जंगल–जंगल भटक रहे हो। तुम्हारा भाई नहीं, बाप था बिसराम, दशरथ की तरह क्लेश से तड़प–तड़प के मरा, माटी की गति करने वाला भी कोई नहीं, जैसे वह किसी माँ की कोख से नहीं खोंढर में पैदा हुआ था। तुम्हारी सीता जैसी दुलहिन को कौन 'रवनवा' हर ले गया। उसको कोढ़ भी नहीं फूटता। अभी भी ई कठकरेज हम–तुम जिंदा ही हैं, हे भगवान।''[3] 'पठार पर कोहरा' उपन्यास में लेखक मुख्यतः विकास और औद्योगीकरण को आदिवासियों के जीवन में आये संकट का कारण मानता है। हालांकि समस्या तब शुरू होती है जब विकास में हिस्सेदारी के बावजूद आदिवासियों को उपेक्षित कर दिया जाता है, शताब्दियों से जिन संसाधनों पर उनका अधिकार चला आ रहा है विकास के नाम पर वे उससे बेदखल किये जा रहे हैं। लेखक इस पर चिंता प्रकट करता है–''आधुनिक विकास के नारों की उल्टियाँ करती चिमनियाँ आदिवासियों के जंगल, जमीन और पारंपरिक रोजगार तक छीनती गयी हैं। संजीव को लगता है, स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय विकास की जितनी बड़ी कीमत आदिवासी समाज ने चुकायी है उतनी शायद किसी समाज ने अकेले दम नहीं चुकायी।''[4]

धर्म की आड़ में आदिवासियों के शोषण की समस्या को 'गगन घटा घहरानी' उपन्यास में मनमोहन पाठक उठाते हैं। अपने परंपरागत धर्म को छोड़कर दूसरे धर्म को अपनाने से जहाँ आदिवासियों में सांस्कृतिक समस्याएं बढ़ी हैं वहीं धर्म के वर्चस्व की राजनीति ने उनके अंदर धार्मिक हीनता, पराजय बोध और अलगाव की भावना पैदा की है। नये और पुराने के द्वंद्व में फंसकर आदिवासी अपने आपको वैचारिक स्तर पर भी ठगा हुआ महसूस करता है। अनावश्यक धार्मिक हस्तक्षेप उनके दैनिक क्रियाकलापों को प्रभावित

करता है। उपन्यास में धार्मिक शोषण से आहत सोनाराम, टूना उराँव से कहता है–''लेकिन उनका धर्म तो हमें सजा दे रहा है, दादा! उनका धर्म, उनका समाज तो हमारे समाजों को, गाँवों को लीलता जा रहा है। दादा! हमारा धर्म, हमारे देवता क्या इतने कमजोर हैं कि वे अपने लोगों को बचा नहीं सकते? उनके फैलाए गए प्रपंच से गाँव के गाँव उजड़ते चले जा रहे हैं। जब हमारे लोग, हमारी जाति, हमारा समाज ही नहीं रहेगा तो हमारा धर्म किसके लिए होगा?''[5] वस्तुतः धर्मांतरण से परंपरागत आदिवासी संस्कृति नष्ट हो जाती है। इसी प्रकार धार्मिक वर्चस्व की लड़ाई में अंततः नुकसान आम आदिवासी का ही होता है। धर्म के ठेकेदार केवल अपनी रोटी सेंकते हैं।

अस्मिता के लिए आदिवासियों के संघर्ष की समस्या को रांगेय राघव ने 'कब तक पुकारूँ' उपन्यास में यथार्थ और मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया है। उपन्यासकार करनटों की निर्धनता, खानाबदोशी, जीवटता, जरायमपेशा जाति के रूप में जीवन जीने की विवशता, पुलिसिया अत्याचार और उनकी स्त्रियों के यौन शोषण की समस्या को पूरी संवेदना के साथ चित्रित करता है। उपन्यास का मुख्य पात्र सुखराम तरह–तरह के शोषण का शिकार होता है, उसकी विवशता यह है कि उसके पास शोषित होने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है। वह अपनी वेदना व्यक्त करता है–''हम जरायमपेशा हैं। हमारी कोई इज्जत नहीं है। कोई आसरा नहीं है, कोई हमारा मददगार नहीं। हमारे पास जमीन नहीं, कुछ नहीं। आसमान के नीचे सोते हैं, धरती हमारी माता है। हम घास की तरह पैदा होते हैं। रौंदे जाते हैं। हमारी औरतों को पुलिस के सिपाही दूब समझकर चर जाते हैं।''[6] सुखराम उपन्यास का ऐसा पात्र है जो लगातार अत्याचार सहता है। नट जाति को समाज में अत्यंत हेय दृष्टि से देखा जाता है और कई बार केवल इसी आधार पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। जातीय अत्याचार की पीड़ा से व्यथित होकर वह कजरी से कहता है– 'नहीं कजरी, नहीं कहने से तो काम नहीं चल जाता! तू थोड़ा गाँव की ओर देख। किसान होता है? गरीब है, भूखा है, पर उसे भी बौहरा उधार देता है, उसकी भी इज्जत है। हम सबसे गए–बीते, कुत्तों से भी बदतर हैं। हम नट क्यों हैं कजरी?'

'क्योंकि हमने नटनी के पेट से जनम लिया है।'

'हमने ऊँची जाति में जनम क्यों न लिया?'

'यह तो भाग की बात है।'

'मानुस देह पाई है हमने, तो फिर हम पर इतने जुलम क्यों होते हैं?''[7]

समाज के तथाकथित ठेकेदारों द्वारा आदिवासी स्त्रियों के दैहिक शोषण को भी उपन्यासकार चित्रित करता है। जातीय अभिमान के चलते उच्च जाति के लोग आदिवासियों का बेखौफ शोषण करते हैं। विचार और व्यवहार दोनों से सामंती प्रवृत्ति के लोग समाज में मौजूद हैं जिनके लिए निम्न जाति की स्त्रियाँ केवल शारीरिक भूख मिटाने के लिए हैं। स्त्रियों के शोषण के मामले में छुआछूत और जातीय श्रेष्ठता के दंभ धरे के धरे रह जाते हैं। ठाकुरों के द्वारा करनट स्त्रियों के निर्मम शोषण पर सुखराम की भाभी कहती है–

'राधा की बहू कुएं में डूब मरी।'

'क्यों?'

'ठाकुरों ने उसे कहीं का न रखा।'

सुखराम ने दोनों हाथ उठाकर कहा : 'तू देख रहा है? यह है तेरी दुनिया! यह है तेरा न्याय! और कहने को हम कमीन हैं। ये लोग जाति के बल पर, डंडे के बल पर गरीबों की खाल खैंचते हैं। इनका घमंड सबको कुचलकर रखता है। यह नफरत के बल पर जीते हैं, ताकि दूसरों का घर बरबाद कर सकें।' वह कह नहीं सका। उसका गला रूंध गया। फिर रुककर कहा : 'और कह भाभी!' 'उन्होंने', स्त्री ने कहाः 'बुद्धा, हीरा और पंगा को नंगा करके बेतों से पीटा और उनकी औरतों के मिर्च भर दी।' सुखराम के रोंगटे खड़े हो गए। उसकी आँखें भय से निकल आईं। स्त्री ने कहाः 'पंगा की बहू के पेट में था। गिर गया। वह मर गई।''[8] सुखराम उच्च जातियों के इस निर्मम और घृणित अत्याचार से बहुत गहरी वेदना से गुजरता है। वह सोचता है, यह दुनिया ईश्वर ने आखिर क्यों बनायी है कि साधारण लोगों को जीवन जीने का भी अधिकार नहीं है। यहाँ गरीब हमेशा असहाय रहता है, जो ही पाता है वह उन सबका शोषण करता है। वह भगवान से पूछता है–''ये दुनिया नरक है। हम गन्दे कीड़े हैं। तूने यह संसार ऐसा क्यों बनाया है जहाँ

आदमी कटता है तो उसके लिए दर्द नहीं होता? ... वे बड़े लोग क्यों करते हैं ऐसा? क्या वे अपने धन और हुकूमत के लिए आदमी पर अत्याचार करने से नहीं कांपते? तू चुप है, तू जवाब नहीं देती? नट की छोरी पर जवानी आती है और गन्दे आदमी उसे बेइज्जत करते हैं, फिर भी वह रंडी की तरह जिए जाती है। जिए जाती है। मर क्यों नहीं जाती? हम सब मर क्यों नहीं जाते?''[9] कहना न होगा कि आदिवासियों की यह पीड़ा उनकी नियति बन गई है। वे बेवश और लाचार हैं।

आदिवासियों के जीवन पर आये संकट को 'अल्मा कबूतरी' में लेखिका बहुत संजीदगी के साथ उठाती हैं। बुंदेलखण्ड की कबूतरा जनजाति भी नटों की भांति ही खानाबदोश है और तथाकथित सभ्य समाज के लोग (कज्जा) उन पर तरह–तरह के अत्याचार करते हैं। कबूतरा जनजाति के संबंध में गोपाल राय लिखते हैं–''भारत में आज भी कुछ ऐसी अभागी जनजातियाँ हैं जो आजादी का अर्थ नहीं जानतीं। उनके पास न अपनी जमीन है, न ठिकाने का घर बार। औपनिवेशिक शासन ने इन्हें 'जरायमपेशा' जाति घोषित कर न केवल तथाकथित 'सभ्य' समाज की नजरों में उपेक्षा और घृणा का पात्र वरन् पुलिस के अत्याचार का सबसे नरम चारा भी बना दिया था। यद्यपि देश के आजाद होने के बाद इन जातियों को समान नागरिकता का अधिकार प्राप्त हो गया है, पर जीविकोपार्जन का कोई सम्मानजनक साधन न उपलब्ध होने के कारण इनके पुरुष अपराधकर्म और स्त्रियां देह–व्यापार के लिए विवश होती हैं।''[10]

'अल्मा कबूतरी' में लेखिका अस्तित्व के लिए आदिवासियों के संघर्ष को गहरी संवेदना के साथ चित्रित करती हैं। देश के सरकारी महकमें में आदिवासियों को अभी भी भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। स्थिति यह है कि यदि कोई आदिवासी अपने परिश्रम से किसी पद को प्राप्त कर लेता है तब भी उससे दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। सरकारी कार्यालयों में अभी भी मध्ययुगीन संस्कार हावी हैं। उपन्यास का पात्र रामसिंह पढ़–लिखकर मास्टर हो गया है लेकिन उसे तब भी स्वतंत्रतापूर्वक जीने का अधिकार नहीं है। पुलिस के अत्याचार और बाबुओं की मनमानी से वह रोज अपमानित और प्रताड़ित होता है। आफिस का चपरासी तक उसे घृणा की नजरों से देखता है। रामसिंह और आफिस के बड़े बाबू के बीच कहा–सुनी पर चपरासी कहता है– ''साले ऊँची जाति के लड़कों के हकों को हड़पकर चोर–उचक्कों से मास्टर–फास्टर बन गए। अब तक अम्मा लहँगा उठाए फिरती थी। बेटा कुर्सी पर क्या बैठा अम्मा सती–सावित्री हो गई। सिपाही अब तक होंठ चाटते हैं–बूढ़ी हो गई तो क्या औरत नहीं रही? और यह अपनी माँ का भडुआ, तुम्हें अपनी हैसियत समझा रहा है।''[11] उपन्यास में लेखिका दिखाती हैं कि किस तरह जाति के कारण उन पर अत्याचार होता है। देश की पूरी व्यवस्था भी शोषकों के पक्ष में ही खड़ी होती है और संघर्ष करने के बावजूद अंततः कबूतरा ही पराजित होते हैं। उपन्यास में रामसिंह माँ के अपमान के प्रतिशोध में चपरासी से झगड़ा कर लेता है। हालांकि उसकी कोई गलती नहीं है फिर भी व्यवस्था के चरित्र को देखकर उसे लगता है कि अंततः बलि का बकरा उसे ही बनना पड़ेगा। रामसिंह को अफसोस है कि उसकी माँ का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। शोषकों के अत्याचार की पीड़ा और विवशता में रामसिंह को लगता है–''कैसा सपना देखा माँ ने, जो इस तरह कुचला गया। नौकरी निभाना बेखौफ जीना नहीं हो सकता। अपने लोगों को जगाने की बात सोची थी, वह भी बेकार है। सुख हमारी तकदीर में नहीं। नौकरी छूटने लायक अपराध कर आया। अब हथकड़ियों की बारी है। खुशी उनके लिए तो और भी नहीं, जो इंसान की तरह खुशी की छाया छूने को मरते हैं। माँ ने अपनी जिंदगी चुकाकर ऐसा ही सुख चाहा था, कितनी जल्दी दुख में बदल गया। इन लोगों को पता नहीं कि माँ अब इस दुनिया में नहीं। होती तो इन आतताइयों को पूरी बर्बरता के साथ जाँघों में भींचकर मार डालने का मौका ढूँढ़ती।''[12] पढ़–लिखकर समाज के लिए कुछ करने की चाह और सम्मान की जिंदगी जीने की अभिलाषा शोषकों के दमन से अधूरी ही रह जाती है। रामसिंह चाहकर भी जिंदगी की लड़ाई हार जाता है। वेदना के क्षणों में वह सोचता है–''माँ का कैसा कलेजा था! अन्याय सहन करके न्याय की राह बुहारती रही! मैं बेईमानों के बीच से ईमानदारी निकाल नहीं पा रहा! इनका बोया जहर का पेड़ बड़ा मजबूत है। उसकी जड़ें सैकड़ों वर्ष पुरानी हैं। पूरी तरह धरती में फैल गई हैं।''[13]

निश्चित रूप से आदिवासी समाज के समक्ष 21वीं सदी में भी गंभीर चुनौतियाँ हैं। भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों ने भी आदिवासियों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रयास किये हैं। संवैधानिक स्तर पर भी आदिवासी हितों की रक्षा की गई है लेकिन केवल योजना निर्माण और अधिकार देने से ही आदिवासियों की समस्या हल हो जायेगी ऐसा संभव नही है। हमें समाज की उस मानसिकता में भी परिवर्तन लाना होगा जिसके कारण आदिवासी आज भी हमसे कटे हुए हैं। आदिवासियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। विशेषतः महिला साक्षरता की क्योंकि इनकी स्थिति बहुत ही चिंताजनक है। प्राकृतिक संसाधनों पर आदिवासियों के हक को समझने की जरूरत है क्योंकि ये उनकी मिट्टी से जुड़ा मामला है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू कहा करते थे कि ''आदिवासी कोई म्युजियम की वस्तु नही हैं। हमें उनको विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है।'' कहना न होगा कि अब हम आदिवासियों को उनके हाल पर नही छोड़ सकते, हमें हाथ आगे बढ़ाना ही होगा। हमें आदिवासी संस्कृति की रक्षा, भूख से मुक्ति और विस्थापन के बाद उनके पुनर्वास पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही उनके लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करने होंगे। भेदभाव रहित और समतामूलक समाज के लिए हमें आदिवासी विकास की रणनीति में व्यापक परिवर्तन करना होगा, तभी हमारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का स्वप्न साकार होगा।

संदर्भ–सूची :–

1. नवभारत टाइम्स (दिल्ली संस्करण), 25 मई 2009।
2. सिंह, शिवप्रसाद, शैलूश, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ0 90, प्रथम संस्करण 1989।
3. संजीव, जंगल जहाँ शुरू होता है, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0, 201, प्रथम संस्करण 2000।
4. सिंह, राकेश कुमार, पठार पर कोहरा, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, पृ 155, द्वितीय संस्करण 2005।
5. पाठक, मनमोहन, गगन घटा घहरानी, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, पृ0 85, द्वितीय संस्करण 2000।
6. राघव, रांगेय, कब तक पुकारूँ, राजपाल एण्ड सन्स, नई दिल्ली, पृ0 117, संस्करण 2002।
7. वही, पृ0 147।
8. वही, पृ0 267।
9. वही, पृ0 268।
10. राय, प्रो. गोपाल, हिन्दी उपन्यास का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0 389, प्रथम संस्करण 2002।
11. पुष्पा, मैत्रेयी, अल्मा कबूतरी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0 102, प्रथम पेपरबैक संस्करण 2004।
12. वही, पृ0 102।
13. वही, पृ0 103।

साहित्य में किसान की लोक-भावभूमि
(धरती तोरे अंचरा मा बीज ला बिखेरन)

डॉ. मीता शर्मा*

साहित्य के क्षेत्र में रचनाकार के लिए परम्परा का ज्ञान आवश्यक है। परम्परा और रूढि में अन्तर होता है। रूढ़ि जड़ होती है और परम्परा निरन्तर विकासशील। अतीत पहले का वर्तमान है अतः अतीत और वर्तमान के दोहरे अस्तित्व की ऐतिहासिक चेतना से ही विकास की परम्परा का ज्ञान होता है। साहित्य में किसान की परम्परा को इसी दृष्टि से देखने–समझने की आवश्यकता है। परम्परा की यह विकासशील यात्रा आधुनिकता के बिना पूर्ण नहीं होती क्योंकि आधुनिकता उसे नए मूल्यों के प्रति सचेत करती है। किसान के जीवन को आधुनिक भाव बोध ने भी प्रभावित किया है। साहित्य में किसान की चेतना, उसका यथार्थ, परम्परागत जीवन शैली के साथ–साथ उसका आधुनिक बोध किस प्रकार अभिव्यक्त हुआ है, विचारणीय है।

भारत कृषि प्रधान देश है एवं कृषि हमारा मुख्य कार्य रहा है। न केवल खान–पान बल्कि हमारे यज्ञानुष्ठान भी कृषि से जुड़े हुए है। पर्व–उत्सव, संस्कार, अभिषेक या उपहार तक में किसी न किसी धान्य की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहती हैं। उदाहरण स्वरूप हिन्दू समाज में भादौ की पंचमी को 'ऋषि पंचमी' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वसिष्ठ इत्यादि सप्त ऋषियों की पूजा होती है। इस दिन व्रत करने वाली महिलाएं अपने घर के आसपास खड़ी वनस्पति को खोजने जाती हैं। सांवा, मलीचि, अपामार्ग, दूर्वा आदि को खोजती है और उखाड़कर ले आती है। घर पर उनको पीले परिधान या धागों में लपेटती हैं और ऋषि बनाकर पूजा करती हैं। व्रतवार्ता तो महाभारत के प्रसंग की करती हैं ही... मगर इसमें कहीं न कहीं कृषि की परम्परा का भी निहित है; जो हमारे धर्म व संस्कृति से जुड़ी हुई है।

'काश्यपीय कृषि पद्धति' की भूमिका में श्री कृष्ण जुगनू लिखते है– ''वैसे हमारे यहां देवियों का नामकरण भी इसी कृषि.वनस्पति के कारण हुआ है। जैसा कि मार्कण्डेय पुराण में कुष्मांडा व शाकम्भरी के लिए कहा गया है और यही मत बाद में शिवपुराण में भी लिया गया है कि शाक.सब्जियां उगाने के कारण देवी का नाम शाकम्भरी हुआ। आत्मदेह समुद्भूतैः शाकैर्लोका भृता यतः। शाकम्भरीति विख्यातं तत्ते नाम भविष्यति।। (शिवपुराण उमासंहिता 50, 35)''[1]

धरती के आँचल में बीज को बिखेर कर धरती माँ को ऊर्वर, जीवनदायी और प्राणवान बनाने वाले कर्मवीर किसान की भूमिका देश के विकास में महत्वपूर्ण है। किसान सदियों से हल बैल और अब आधुनिक संसाधन लेकर खेत की जुताई करता रहा है। वह हमारा अन्न दाता है, अनुपजाऊ व ऊबड़ खाबड़ भूमि को अपने परिश्रम से उपजाऊ समतल और सुरम्य बनाता है। यह कार्य विश्व के सभी देशों में होता रहा है, लेकिन उस किसान का वर्णन इतिहास ग्रंथों और रचनाकारों के यहाँ कितना मिलता है, यह जानना भी रोचक और उपयोगी है। प्रस्तुत शोध लेख में वेदों से लेकर आधुनिक रचनाकारों की कलम एंव लोक साहित्य में कृषि और कृषि कार्य करने वाले किसान और उसके परिवार/सदस्य व पशुधन से संबंधित भावबोध का विश्लेषण किया गया है।

वेद यथार्थ में ज्ञान के पर्याय है। इससे जुड़ी अनेक विद्याओं में 'कृषि विद्या' का महत्व भी सर्वविदित हैं। 'जीवन निर्वाह के दस हेतुओं में कृषि एक है। मनुस्मृति में लिखा है– ''विद्या शिल्पं भूतिः सेवा गोरक्ष्यं विपणिः कृषिः। धृतिभैर्क्ष्यं कुसीदं च दश जीवन हेतवः।।'' (मनुस्मृति 10, 116) विद्या, शिल्प, भमिनिर्माण (ठेकेदार–कारीगर), गोरक्षा (पशुपालन), व्यापार, कृषि, कलाकार, भिक्षा और कसीदाकारी इन दस हेतुओं में कृषि को मानव जीवन–यापन का महत्वपूर्ण हेतु वैदिक काल से ही माना गया है।

*** सह आचार्य, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।**

ऋग्वेद का 'कीनाश' ही आज का किसान है। 'किसान' को ऋग्वेद में' 'कीनाश' कहा गया है। कीनाश' शब्द खेती और खेती करने वाले किसान की महत्ता व गरिमा का परिचायक हैं। 'कुत्सितः नाशयति' इति 'की नाशः' अर्थात् अन्न का उत्पादन करके कुत्सित (दुरवस्था हीनदशा एवं बुराई) का नाश करने वाला ही कीनाश अथवा किसान है। ऋग्वेद में कहा गया है कि देवताओ ंने जल से युक्त उत्तम भूमि में मधुर अन्न जौ, चावल आदि की खेती की, उस समय इन्द्र हलों का रक्षक (सीर पति) था और– उत्तमदाता महतगण 'कीनाश' (किसान) थे।

अन्न उत्पादन द्वारा अभाव तथा दारिद्रय को दूर करके राष्ट्र व समाज की समृद्धि प्रदान करने के कारण ही हमारे वेद में कृषक को अन्नपति और क्षेत्रपति कहकर स्तुति की गई है– 'अन्नां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः।' वेद में कहा गया है– सत्ताशासक को कृषकों की सदैव सहायता करनी चाहिए–और कृषक को भी खेती स्वहित हेतु नहीं अपितु प्रजाहित को ध्यान में रखकर करनी चाहिए। किसान पालक होकर अपनी बाते करें तो उसका प्रभाव दीर्घकालिक रहता है। ऋग्वेद में कृषि कार्य करने वाले किसान का वर्णन किया गया है– 'यून ऊ षु नविष्ठया वृष्ण : पावकाँ अभि सोभरे गिरा।

गाय गा इव चर्कृषत।'[2] अर्थात् – हे सोभरि ऋषे ! जिस प्रकार कृषक कृषि कार्य करते समय अपने वृषभों को रिझाने के लिए गीत गाते हैं, उसी प्रकार आप उन शक्तिशाली पवित्र तथा नव (युवक) वीर मरुतों के लिए नवीन स्तोत्रों का पाठ करें। इसी प्रकार संस्कृत साहित्य में कृषक का वर्णन मिलता है जहाँ उसके दुर्भाग्य को रेखांकित किया गया है– ''कृषीवलः बीजच्छलेन स्वयौवनं क्षेत्रे निक्षिपति तथापि/तस्य–कोष्ठागारे सन्ति वञ्चनायुक्ता निराशाः।।''[3] अर्थात् कृषक बीज के व्याज से अपने यौवन को सींचता है तथापि उसके कोष्ठागार में रहती है वंचनायुक्त निराशायें।

वाल्मीकि रामायण में हेमन्त ऋतु वर्णन में रबी की फसल का वर्णन मिलता है– ''नीहारपरुषो लोकः पृथिवी सस्यमालिनी। जलान्यनुपभोग्यानि सुभगो हव्यवाहनः।।''[4] भावार्थ यह है कि इस ऋतु में अधिक ठण्डक या पाले के कारण लोगों का शरीर रूखा हो जाता है। पृथ्वी पर रबी की खेती लहलहाने लगती है। जल अधिक शीतल होने के कारण पीने के योग्य नहीं रहता है आग बड़ी प्रिय लगती है। कवि ने आगे वर्णन किया है– ''बाष्पच्छन्नान्यरण्यानि यवगोधूमवन्ति च। शोभन्तेऽभ्युदिते सूर्ये नदद्भिः कौच्चसारसैः।।''[5] अर्थात् : जौ और गेहूँ के खेतों से युक्त ये बहुसंख्यक वन भाप से ढँके हुए हैं तथा क्रौंच और सारस इनमें कलरव कर रहे हैं। सूर्योदय काल में इन वनों की बड़ी शोभा हो रही है। ''लोकं सुवृष्टया परितोषयित्वा, नदीस्तटाकानि च पूरयित्वा। निष्पन्नसस्यां वसुधं च कृत्वा, त्यक्त्वा नभस्तोयधराः प्रणष्टाः।।''[6] अर्थात् – अच्छी वर्षा से लोगों को संतुष्ट करके, नदियों और तालाबों को पानी से भरकर तथा भूतल को परिपक्व धान की खेती से सम्पन्न करके बादल आकाश छोड़कर अदृश्य हो गये। महाकवि कालिदास ने ईख के खेत का वर्णन किया है– ''इक्षुच्छायानिषादिन्यस्तस्य गोप्तुर्गुणोदयम्/आकुमार कथोद्घातं शालिगोप्यो जगुर्यशः।।''[7]

ईख की छाया में बैठी हुई साठी आदि धान की रखवाली करने वाली किसानों की स्त्रियों ने रक्षा करने वाले उन रघु महाराज के शूरता उदारता आदि गुणों से प्रकट हुए बालकों तक से तारीफ किये गये यश का गान किया। इसी तरह प्राकृत साहित्य में तो किसान को राजा से भी श्रेष्ठ माना गया है। 'जयसेण कहा' में वर्णन मिलता है– ''वारि हलिओ वि हु भत्ता अनन्नभज्जो गुणेहि रहिओ वि।/ मा सगुणो बहुभज्जो जइराया चक्कवट्टी वि।।''[8] अर्थात् – अनेक पत्नी वाले सर्वगुण सम्पन्न चक्रवर्ती राजा की अपेक्षा गुणविहीन एक पत्नी वाला किसान कहीं श्रेष्ठ है। अपभ्रंश साहित्य में भी किसान की सम्पन्नता का वर्णन है– ''च्यारि बइल्ला धेनु दुइ, मिट्ठा बुल्ली नारि।/काहुँ मुंज कुडंवियाहँ गयवर बज्झइ वारि।।''[9] अर्थात् – जिसके घर चार बैल, दो गायें और मीठा बोलने वाली स्त्री हो, उस कुटुम्बी (किसान) को अपने घर पर हाथी बाँधने की क्या जरूरत हैं। प्रसिद्ध प्रेमाख्यान ''ढोला मारू रा दूहा'' में नायिका कह रही है– ''ढाढ़ी एक सँदेसड़उ, ढोलइ लगि लइ जाइ। कण पाकड, करसण हुअउ, भोग लियउ घरि आइ।।''[10] हे ढाढी ! एक संदेशा ढोला तक ले जाओ – खेती हो गई, अन्न पक गया, तुम घर आकर अपना भोग लो। इसी तरह जब अन्नकण पककर गिरने लगे हैं पृथ्वी जल के कारण शीतल हो गई है तो वह प्रियतम को अपने साथ ही रहने का

आग्रह करती है– मेह बरसने से अन्न बहुत हो गया है। पृथ्वी जल के कारण शीतल हो गई है। खेती पक गई अन्नकण पककर गिरने लगे बताओ ऐसे समय में कौन गमन करेगा।

हिंदी साहित्य के आदिकाल में अब्दुल रहमान ने 'संदेशरासक' में व चंदबरदाई ने 'पृथ्वीराजरासो' में किसान वर्ग और अमीर वर्ग के खान–पान के अंतर का वर्णन किया है– ''पय सक्करी सुभत्तौ, एकत्तौ कनय राय भोयंति।/ कर कंसी गुज्जरीय, रब्बरियं नैव जीवंति।।''11 यदि दूध–शक्कर और भात मिलाकर (बड़े घरों की) तन्दुल खीर बनाया जाता है तो गरीब लोग क्या कण–भूसी मिलाकर मट्ठे की रबड़ी न डभकाएँ?)। महाकवि सूर की दृष्टि में किसान 'बापुरो' है– ''जैसे बसन कुसुँभ संग मिलि कै नेकु चटकपुनि सेत।/ जैसे करनि किसान बापुरो नौ नौ बाहैं देत।।''[12] तुलसी ने युग की पीड़ा को पहचाना और युगीन यथार्थ का वर्णन कवितावली में किया है– ''खेती न किसान को, भिखारी को न भीख बलि/बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।/जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,/कहै एक एकन सों, कहाँ जाई, का करी?''[13]

रीतिकाल में किसान की दशा कैसी रही होगी हम समकालीन परिस्थितियों के अध्ययन से पता लगा सकते हैं। कवियों की वाणी इस दिशा में मौन है परंतु आधुनिक काल के भारतेंदु युग में किसानों के शोषण पर बालमुकुन्द गुप्त की 'कृषक क्रन्दन' कविता मिलती है जिसमें किसान की दशा का मार्मिक वर्णन है– ''जिनके कारण सब सुख पावे, जिनका बोया सब जग खावे।/हाय ! हाय ! उनके बालक नित भूखों के मारे चिल्लाएँ।।/काल सर्प की सी फुफकारें, लुएँ भयानक चलती हैं।/धरती की सातों परतें, जिसमें तवा सी जलती है।/तभी खुले मैदानों में, वे कठिन किसानी करते हैं।/ जब अनाज उत्पन्न होय, सब तब उठा ले जाय लगान।।''[14]

प्रयोगवादी कवि केदारनाथ अग्रवाल ने किसानों का वर्णन किया है– ''आसमान की ओढनी ओढे/धानी पहने फसल घँघरिया/राधा बन कर धरती नाची/नाचे हँसमुख कृषक संवरिया।।''[15]

भवानीप्रसाद मिश्र ने किसानों का वर्णन किया है जिसमें भोर होते ही वे हल बैल लेकर खेत जोतने चले जाते हैं–

''जोतना है खेत हल के साथ निकले/बीज बोना है कि दल के साथ निकले
सुबह की ठंडी हवा कपड़े नहीं हैं,/पैर रखते हैं कहीं पड़ते कहीं हैं।।''[16]

कवि नागार्जुन ने अपने खेत में हल चलाने का वर्णन किया है– ''अपने खेत में हल चला रहा हूँ/इन दिनों बुआई चल रही है/इर्द गिर्द की घटनाएँ ही/मेरे लिए बीज जुटाती हैं/हां, बीज में घुन लगा हो तो/ अंकुर कैसे निकलेंगे।।''[17] इसीलिए बाबा नागार्जुन को स्वस्थ बीज की चिंता है। रेखांकित पंक्तियों की व्यंजना भी उल्लेखनीय है। प्रेमचंद ने गोदान में होरी के माध्यम से किसान की दशा का वर्णन किया है– ''मैंने नहीं जाना जेठ की लू कैसी होती है और माघ की वर्षा कैसी होती है। इस देह को चीरकर देखों, इसमें कितना प्राण रह गया है कितना जखमों से चूर, कितना ठोकरों से कुचला हुआ। उससे पूछो, कभी तूने विश्राम के दर्शन किए, कभी तू छाँह में बैठा? उस पर यह अपमान! और वह अब भी जीता है, कायर लोभी, अधम। उसका सारा विश्वास जो अगाध होकर स्थूल और अन्धा हो गया था मानो टूक–टूक उड़ गया है।''[18] 'पूस की रात' में मुन्नी हल्कू से कहती है 'मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते हो? मर–मर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो... बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जनम हुआ है।''[19] भारतीय किसान की यही स्थिति है। हमारे यहाँ कृषि कार्य करना भी कुछ जातियों के जिम्मे रहा है 'कलम का सिपाही' में अमृतराय लिखते हैं ''खेती किसानी कुर्मियों का काम है कायस्थों की शान में इससे बट्टा लगता है।''[20]

देश की आजादी के पश्चात् आये अन्न के संकट को जहाँ किसान ने दूर किया और सीमा पर आये संकट को जवान ने। लाल बहादुर शास्त्री का नारा था 'जय जवान जय किसान' और भारत अन्न का उत्पादक बना। फणीश्वरनाथ रेणु ने 'मैला आंचल' में किसान का वर्णन इस प्रकार किया है– ''गाय–बैल, बाछा–बाछी और भैंस के पाड़ा की बिक्री धड़ा धड़ हो रही है। दूने सूद पर भी रुपया कर्ज लेकर जमीन

मिल जाए तो फायदा है। पाट का भाव पंद्रह रुपया है, ऊपर पचास भी जा सकता है। सौ भी हो सकता है। धान सोने के भाव बिक रहा है। जिसके पास जमीन नहीं, वह आदमी नहीं, जानवर है। जानवर घास खाता है, लेकिन आदमी तो घास खाकर नहीं रह सकता।''[21] यथार्थ चिनतन है किसान का, फिर भी किसान अपनी गरीबी, अभावों, चिन्ताओं को लोक के पर्व, परम्पराओं व गीतों की सरसता में बहा देता है। यही लोक संस्कृति की ताकत है।

लोक ने सदैव श्रम का स्वागत किया है। वह उत्साह के साथ कार्य सम्पादित करता है। लोक जीवन में श्रम और संगीत का अपना महत्त्व है। घर–घर में गूंजती घट्टी, बजते ऊँखळ और मूसळ चरखा सभी भारत वर्ष के श्रम प्रधान जीवन और पुरूषार्थ के प्रतीक चिह्न है। कृषि संस्कृति में सामूहिक श्रम की महत्ता हमेशा रही है और गीत–संगीत के साथ श्रम करने का आनन्द ही कुछ और है। लोक–मानस की सुख–दुखात्मक अनुभूतियों को समेटे किसानों के श्रम सम्बन्धित लोकगीत हिन्दी की सभी प्रमुख बोलियों (ब्रज, मैथिली भगही, भोजपुरी–राजस्थानी, बुंदेलखण्डी, बज्जिका, नेपाल, अवधि, हरियाणवी इत्यादि) में अत्यन्त हृदय स्पर्शी होते हैं। लोक के कृषक जीवन में स्त्री–पुरूषों के खेत में फसल बोते हुए, निराई, गुड़ाई, पशुचारन, फसल, काटते हुए, चरखा और घट्टी चलाते हुए ऐसे कई गीत हैं। कृषक समुदाय के भाव–अभाव, हर्ष–शोक, राग–विराग, सुख–दुख, जय–पराजय की अभिव्यक्ति लोक गीतों में बखूबी मिलती है।

श्रम की साधना और प्रकृति की आराधना में रत 'राम भणत' गोचारण', 'रामा रे' या 'रमेटरा', 'बिलवारी', 'भगत' 'ददरिया' 'रूमणी' और 'जँतसार' लोकगीत अत्यन्त लोकप्रिय हैं। खेतों में घण्टों होने वाले कमरतोड़ श्रम, नीरस किन्तु उत्पादक क्रियाओं को भी ये मधुर आशावादी गीत सरस बना देते हैं। अस्तगामी सूर्य की लाली धरती पर बिखरने लगती है। खेतों में काम करने वाली स्त्रियो को अपने बच्चों की याद सताने लगती है। दिनभर से छूटे बच्चे उनके लिए रो रहे होंगे। सांझ के सन्नाटे को भेदने वाली इस गीत की पंक्तियाँ अत्यन्त ही सुन्दर है– 'दिन डूबे पै धरा दई लम्बी मांग/किसान भैया बेरा तो भई घर जावे की/मोरे लरका रोइत हूँ हैं दोर/ किसान भैया बेरा तो भई घर जावै।[22]

श्रम लोकगीतों में हिमाचल प्रदेश के रोपाई गीत 'रूमणी' अत्यन्त सरस है। लोक साहित्य के अध्येयता डॉ. महीपाल सिंह राठौड़ ने राजस्थानी लोकगीत में कंधे पर हसिया रखा हुआ जवान (किसान) का मनोरम चित्र प्रस्तुत किया– ''खां दे जी दाँतलियो जवान, /बेटी ओ जाटा री जवान, /गाड़ी ओ जोतो रे जवान, / धोरा में हालां ला जवान, /थूंई म्हारी जोड़ी रो जवान।''[23]

कंधे पर हसिया रखा जवान हैं, जाटों की बेटी भी जवान हैं, गाड़ी को जोत लो जवान और चलो टीबे वाले खेत पर। जवान! तू मेरी जोड़ी का है। यहाँ जीवन का कर्मप्रधान रागात्मक सौन्दर्य अभिव्यक्त हुआ है। इस गीत में फसल काटने का उत्साह है, यहाँ जीवटता है, अभिलाषा है। इसी तरह गोंड जनजाति के गीतों में फसल की बुवाई, उसकी निराई, गुड़ाई के उत्सव सदृश उत्साह को ''हाय बैला रेंगय चलैयआर, काँधा में जुआड़ी बैला रेंगय चलो रे, आगू आगू बैला चलेय, पाछूले जौतेया, कांधा का नांदा बैयनारी पाछले निदैया बैला रेंगय चलैय आर।''[24] गीत के माध्यम से स्पष्ट किया है।

किसान साहित्य का वर्णन करते हुए देवेन्द्र सत्यार्थी ने सुखी किसान का सुन्दर बिम्ब प्रसतु किया है– बीघा बायर होय बांध जो होय बंधाये/भरा भुसौला होय बबुर जो होय बुवाये/बढ़ई बसे समीप बसूला बाढ़ धराये/परिखन होय सुजान बिया बोउनिहा बनाये/बरद बगौधा होय हारदिया चतुर सुहाये/बेटवा होय सपूत कहे बिन करे कराये[25] भावार्थ यह है कि 'सारा खेत एक चक हो। खेत के इर्द–गिर्द सिंचाई के लिए मेड़ बनी हुई हो। भूसे का कोठा भूसे से भरा हो, बबूल के पेड़ हों। तेज बसूले वाला बढ़ई पास हो। पत्नी समझदार हो ओर बीज बोने योग्य तैयारी कर रखती हो बैल बगौधा नस्ल का हो। हलवाहा होशियार और नेक हो। बेटा सपूत हो जो बिना हुक्म से ही सब काम करता–कराता हो।'

वस्तुतः वैदिक संस्कृति में किसान और कृषि कर्म का जो महत्त्व था लोक संस्कृति में उसका जो चित्रण है वह आधुनिक युग के आज के समय परिवेश के अनुसार बदला है। **किसान!** यह शब्द सामने आते ही जेहन में एक तस्वीर उभरती है– खेत में हल चलाते और ट्रैक्टर चलाते पुरुष की। इस तस्वीर में महिलाएं कहां हैं? भारत में कृषि क्षेत्र में स्त्रियों के महत्त्वपूर्ण योगदान के बावजूद उन्हें एक किसान के तौर पर पहचान नहीं मिलती। किसान मतलब पुरुष किसान ही क्यों? अगर बाजारवाद की आंधी में गांव तबाह हुए हैं, किसानी समाज के दुख–दर्द सघन हुए हैं, और वह जीवन संघर्षों से जूझ रहा है; तब सवाल उठता है कि ऐसे समय में साहित्य की क्या उपादेयता होनी चाहिए? किसान साहित्य में ऐसी रचनाओं की कमी नहीं है, जो अत्यन्त प्रभावकारिणी, रसमयी और प्रेम के भाव से ओत–प्रोत हैं ओर उनका अपना निराला महत्त्व है। हमारे साहित्य–सेवियों को किसान साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। इससे वे किसानों से अच्छी तरह परिचित हो सकेंगे और किसानों के लिए उपयोगी साहित्य की सृष्टि कर सकेंगे।

किसानों को साहित्य–क्षेत्र के साथ–साथ समाज, राजनीति और सिनेमा में भी अलग से सम्माननीय दर्जा दिया जाए। वैश्विक ग्राम के इस युग में हर विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के पाठयक्रमों में किसान–साहित्य और किसान विमर्श को सम्मिलित करने की आवश्यकता है। क्योंकि किसान के बिना ये दुनिया नहीं चल सकती। कृषक संस्कृति शाश्वत–सनातन है और हमारे जीवन का मूलाधार भी। किसान समपूर्ण विश्व में प्राणीमात्र को प्राणवान बनाए रखने के लिए प्रार्थना करता है– धरती तोरे अंचरा मा बीज ला बिखेरन/कि सुआ हो..../रखि ले वे लजिया हमार कि सुआ हो/आये....। हे धरती माता! आपके चरणों में हमने बीज बो दिया है, हमारी लाज रखना और हम अच्छी फसल होने की कामना करते हैं ताकि आने वाला समय सुहावना हो। धन्य है किसान और उसका श्रम। अन्नां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः।

संदर्भ–सूची :–

1. सस्यवेद, सम्पादक डॉ. श्री कृष्ण 'जुगनू': चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, प्र.सं, 2018, पृ.सं. 5–6 (भूमिका)।
2. ऋग्वेद संहिता, सम्पादक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ब्रह्मवर्चस् शान्तिकुन्ज, हरिद्वार (उत्तरांचल), षष्ठ आवृति, संवत् 2061, सूक्त 20, पृ.सं. 56।
3. श्रीधरदासकृत–सदुक्तिकर्णामृत, राधावल्लभ त्रिपाठी (हिन्दी अनुवाद) साहित्य अकादेमी नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2007, पृ.सं. 99।
4. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण, प्रथम भाग, गीता प्रेस गोरखपुर, चतुर्थ संस्करण, सम्वत् 2040 क्रमशः पृ.सं. 528, व 763।
5. वही, पृ.सं. 29।
6. वही, पृ.सं. 763।
7. महाकवि कालिदास विरचित 'रघुवंश' महाकाव्यम् चतुर्थ सर्ग, पं. हरगोविन्द शास्त्री चौखम्बा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, वि.सं. 2059, श्लोक 20 पृ.सं. 109।
8. प्राकृत साहित्य का इतिहास; डॉ. जगदीश चन्द्र जैन, चौखम्बा, विद्याभवन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण 1985, पृ.सं. 385।
9. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान, नामवरसिंह, लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, सन् 1997, पृ.सं. 302।
10. ढोला मारू रा दूहा, नरोत्तमदास स्वामी, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर संशोधित द्वितीय संस्करण 2001, पृ.सं. 103।
11. हिन्दी साहित्य का आदिकाल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, सन् 2000, पृ.सं. 94।
12. भ्रमरगीत सार, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, सं. 2049, पृ. 118।
13. कवितावली, तुलसीदास, गीता प्रेस, गोरखपुर, सत्तावनवाँ सं 2073, संस्करण पृ.सं. 116।
14. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, गणपतिचन्द्र गुप्त, द्वितीय खण्ड, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, सन् 1994, पृ.सं. 35।
15. आधुनिक काव्य संग्रह, सं.–रामवीरसिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, सन् 1994, पृ.सं. 251, 257।
16. वही, पृ.सं. 257।
17. नागार्जुन, सं.–मैनेजर पांडेय, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, चौथी आवृत्ति, सन् 2017, पृ.सं. 147।
18. गोदान, मुंशी प्रेमचंद, साहित्यागार, जयपुर, सन् 1991, पृ.सं. 398।
19. प्रेमचन्द 'पूस की रात', कहानी एकादशी, सं.–विजयलक्ष्मी, प्रगति संस्थान दिल्ली, सन् 2017, पृ.सं. 33
20. प्रेमचंद 'कलम का सिपाही', अमृतराय, हंस प्रकाशन, इलाहाबाद, सन् 1992, पृ.सं. 5।
21. मैला आंचल, फणीश्वरनाथ रेणु, राजकमल प्रकाशन (पेपर बैक्स) नई दिल्ली सन् 1996, पृ.सं. 175।
22. मैथिली लोक–साहित्यः स्वरूप और सौन्दर्य, डॉ. सुधा गुप्ता, मिथिला रिसर्च सोसायटी, लहेरियासराय, दरभंगा, 2002 पृ.सं. 52।
23. 'लूर' श्रम लोक गीत विशेषांक, (डॉ. महीपाल सिंह राठौड़ कृत 'श्रम लोकगीतो का सौदंर्य लेख से उद्धृत) संपा. डॉ. जयपाल सिंह राठौड़ चौपासनी, जोधपुर प्र.सं. वर्ष 8, अंक 15–16, जनवरी–दिसम्बर 2010, पृ.सं. 43।
24. वही, पृ.सं. 36–37।
25. बेला फूले आधी रात, देवेन्द्र सत्यार्थी, राजहंस प्रकाशन, दिल्ली, सन् 1948, पृ.सं. 369।

साठोत्तरी हिंदी कविता में अलगाव एवं संत्रास

डॉ. मंजुनाथ एन. अंबिग*

साठोत्तरी हिन्दी कहानी में सृजनात्मक धरातल पर अभिव्यक्त अलगाव एवं संत्रास संबंधी अनुभूतियों पर अस्तित्ववाद, मार्क्सवाद एवं आधुनिकता बोध का गहरा प्रभाव दिखाई देता है। वैसे अलगाव और संत्रास के मूल में सामूहिकीकरण, औद्योगिकीकरण एवं महायुद्ध की विभीषिका अधिक सक्रिय रही है। यूँ तो अकेलापन, अजनबीपन, निर्वासन, व्यर्थता बोध, ऊब, मृत्यु और संत्रास 'नयी कहानी' और 'अकहानी' का केन्द्रीय तत्त्व रहा है। लेकिन आधुनिकता के प्रभावाधीन कुछ लेखकों ने अलगाव एवं संत्रास से संबंधित अनुभूतियों पर फार्मूलाबद्ध कहानियाँ लिखी हैं। अस्तित्ववाद से प्रभावित 'नयी कहानी' अनुभूति की प्रामाणिकता पर बल देती है। अनुभूति की प्रामाणिकता बाह्य वातावरण का यथातथ्य चित्रण न होकर, व्यक्ति के परिवेश में व्यक्ति को ही खोजने का प्रयास है। मूल्यों एवं मानवीय संबंधों का विघटन अकेलेपन का प्रधान कारण है।

भारत ने महायुद्धों की भारत–पाक विभाजन की त्रासदी एवं नर–संहार को सहा है। इस विभाजन ने सीमाओं के विघटन के साथ–साथ लाखों व्यक्तियों को अपने ही देश में निर्वासन जीवन–जीने को विवश कर दिया था। इस संबंध में कमलेश्वर ने सही लिखा था, "विभाजन में कत्ल, बलात्कार और अत्याचार ही नहीं हुए थे, बल्कि ऊपर से साबित दिखाई पड़ने वाला आदमी भी भीतर से पूरी तरह चटख गया था और उसके सारे विश्वास और मूल्य बर्बरता की आँधी से उड़ गए थे।" 'नयी कहानी' और 'समान्तर कहानी' युग में मार्क्स के उत्पादनात्मक अलगाव से संबंधित कहानियाँ भी लिखी गई। जहाँ इस अलगाव को संवेदनात्मक धरातल पर प्रस्तुत किया गया है, वहीं यह भाव प्रभावशाली ढंग से भी व्यक्त हुआ है। इसके अतिरिक्त हिन्दी के मध्यवर्गीय कहानीकारों का गाँव–कस्बों से महानगरों की ओर प्रस्थान भी साठोत्तरी हिन्दी कहानी में अलगाव–संत्रास को लाने का उत्तरदायी कारक रहा है। यह सच है कि शहरी सभ्यता अपनाने के बावजूद व्यक्ति के संस्कार एकदम नहीं बदलते। "संस्कार के धरातल पर अर्जित आदर्शों और स्थितियों द्वारा निर्मित विदूप यथार्थ के बीच एक गहरी खाई है, जो सतह से देखने पर दिखाई नहीं देती, किन्तु आन्तरिक रूप से अन्तर्विरोधों को जन्म देती है" हिन्दी का कस्बाती और मध्यवर्गीय कहानी लेखक भी इस अन्तर्विरोध का शिकार हो गया। उसे महानगर की विसंगति और संवेदनहीन यथार्थ का बोध गहराई से होने लगा। कहना न होगा कि अलगाव–संत्रास की सृजनात्मक अभिव्यक्ति के मूल में अस्तित्ववादी–मार्क्सवादी चिन्तन, महानगरीय प्रभाव, मोहभंग एवं विभाजन संबंधी कारण मुख्य रूप से कार्यरत रहे हैं।

असल में, अकेलापन समाज से संपर्कहीन होने की स्थिति है। इसके मूल में क्षोभ निहित रहता है। यह परिस्थितिजन्य विवशता भी है और स्वभावगत विशेषता भी। परिस्थितिजन्य अकेलेपन के मूल में संबंधों के विघटन की स्थिति है। साठोत्तरी कहानी में यह प्रवृत्ति विशेष रूप से उभरकर सामने आई है। घर बनाने और टूटने की पीड़ा का चित्रण कहानी का मुख्य कथ्य बना और राष्ट्र निर्माण से विमुख अलगाया कुंठित व्यक्ति साठोत्तरी कहानी का केन्द्रीय पात्र बना। संबंधों के विघटन का मुख्य कारण मूल्य–संक्रमण की स्थिति है। इस विघटन को दाम्पत्य स्तर, पारिवारिक स्तर एवं मानवीय स्तर पर विश्लेषित किया जा सकता है। दाम्पत्य विघटन के विशिष्ट कारण व्यक्ति की अहमन्यता, मानसिक स्तर अथवा रुचि का अन्तर एवं पारस्परिक विश्वास का अभाव है। बदलते मूल्यों के दबाव के अन्तर्गत अहंनिष्ठ व्यक्ति–संबंधों में टकराहट एवं विघटन आना स्वाभाविक है। मोहन राकेश की 'एक और ज़िन्दगी' का पात्र प्रकाश अहं की दो स्थितियों के बीच फँसा हुआ किसी एक से भी समझौता नहीं कर पाता। पहली पत्नी बीना आर्थिक एवं शारीरिक दृष्टि से अपेक्षाकृत सुदृढ़ होने के कारण अहंवादी है और दूसरी पत्नी निर्मला उन्मादग्रस्त एवं अहंविहीन है। "निर्मला कभी भी बिना बात के हँसना शुरू कर देती ओर देर तक हँसती रहती.... वह उसे डाँट देता, तो भी वह उसी आकस्मिक ढंग से बिस्तर पर लेटकर हाथ–पैर पटकती हुई रोने लगती ।" एक ओर पुरुषोचित संस्कार प्रकाश को बीना के सम्मुख झुकने की अनुमति नहीं देते, तो दूसरी ओर अर्धविक्षिप्त निर्मला का

*** प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, चेन्नई।**

प्रलाप उसे जड़ बना देता है। अहंनिष्ठ प्रकाश ज़िंदगी के नए सिरे से शुरू करने के दोनों प्रयासों में बुरी तरह असफल होता है। उसका टूटे हुए संपर्क–सूत्रों को जोड़ने में उदासीनता न दिखाना परिस्थितिजन्य अकेलेपन से निकलने की छटपटाहट का द्योतक है। 'छोटे–छोटे ताजमहल' के देव राका का दाम्पत्य विघटन से उपजा अकेलापन भी अहंनिष्ठ होने का परिणाम है। निर्मल वर्मा की कहानी 'धागे' के रूनी, मीनू, केशी तीनों पात्र रूचियों की असमानता के कारण अपनी–अपनी अकेली ज़िदगी जीने को अभिशप्त हैं। रूनी पति से टूटकर केशी और निखिल के प्रति कोमल है। जबकि मीनू को अपने पति का उसी कमरे में बैठकर 'पीना' पसंद नहीं। केशी की आँखों में बसी रिक्तता समझे न जाने की पीड़ा की सूचक है। देर रात तक अकेले कमरे में पीना और रिकार्ड सुनते रहना, जिंदगी के सूनेपन के परिचायक हैं। इस दृष्टि से काशीनाथ सिंह की 'कस्बा', 'जंगल' और 'साहब की पत्नी' तथा उषा प्रियवंदा की 'स्वीकृति' कहानियों को भी देखा जा सकता है।

मुद्राराक्षस की कहानी 'काक्रोच' में पति–पत्नी के बीच पारस्परिक अविश्वास की झलक है। इस परस्पर अविश्वास के भाव से दबे देव और केशी असहज–अकेला जीवन जीते हैं। केशी के दुःस्वप्न एवं गर्भपात कराने का निर्णय अविश्वास के बोझ की अनुभूति एवं उससे मुक्त होने की छटपटाहट है। कुत्ते की मौत पर देव का प्रलाप अजन्मे बेटे की मृत्यु पर हुई वेदना का सूचक है। पति–पत्नी दोनों मानवीय संवेदना के बावजूद अपने–अपने अविश्चासों से घिरे हुए अकेलेपन का जीवन जीने को बाधित हैं। कमलेश्वर की 'तलाश' कहानी में पारिवारिक संबंधों का विघटन इतनी बुरी तरह से हुआ है कि माँ बेटी बन गयी है और बेटी माँ। बेटी से अलग होकर माँ और भी अकेली पड़ गई है। इसी संदर्भ में ज्ञानरंजन की 'संबध' और दूधनाथ सिंह की 'रक्तपात' कहानियों को भी देखा जा सकता है। महीप सिंह की 'कील' कहानी का पिता वृद्धावस्था जनित अकेलेपन को तोड़ने के लिए युवा बेटी में अद्वितीय आकांक्षा पालकर उसे आजीवन–अविवाहित बनाए रखना चाहता है। इससे स्वरित होता है कि वृद्धावस्था जनित अकेलेपन को तोड़ने के लिए व्यक्ति घोर स्वार्थी बनकर किसी के जीवन से भी खेल सकता है। रमेश बक्षी की कहानी 'दिल्ली में एक मौत' का महानगरीय व्यक्ति अपने चारों ओर की घटनाओं के प्रति इतना उदासीन हो गया है कि मौत जैसी भयानक घटना भी उसे चौंकाने का प्रभाव खो चुकी है। किसी परिचित की शवयात्रा में सम्मिलित होना उसे समय का अपव्यय लगता है।

उल्लेखनीय है कि अकेलेपन की भावना में क्षोभ निहित है तो अजनबीपन की पीड़ा का बिन्दु पहचान खोने का भाव है। इसका प्रमुख कारण महानगर का व्यस्त एवं आरोपित जीवन है। महानगर में गुमनाम होने की अनुभूति हिन्दी के मध्यवर्गीय कस्बाती लेखक की स्वानुभूति है। सुदर्शन चोपड़ा की 'जड़ें' कहानी में शहर का आत्मकेन्द्रित व्यक्ति अपनी ही नज़रों में अजनबी हो गया है। अपना ही नाम उसे दुविधा में डाल देता है। उसे उपनाम की ज़रूरत पुरानी ज़िंदगी को भूलने का उपक्रम मात्र मालूम होती है। भीष्म साहनी की 'पटरियाँ' कहानी का केशोराम भी गुमनाम होने की पीड़ा से क्षुब्ध पात्र है। सतीश जमाली की 'जीव' कहानी का केन्द्रीय पात्र कहता है, "यह शहर मेरा कभी नहीं हो सकता, कभी भी नहीं। यह शहर केवल हो सकता है कारों का, स्कूटरों का, बड़ी–बड़ी कोठियों–बंगलों का, रेस्तराओं का। निस्संदेह, यह कथन अजनबीपन को मुरखरित करता है"। उनकी 'थके हारे', कहानी भी आरोपित व्यवहार से संबद्ध अजनबी व्यक्ति की कहानी है। इन कहानियों का अजनबीपन भारतीय परिवेश में अनुभूत अजनबीपन की पीड़ा को उच्च सीमा पर अभिव्यक्त करता है।

निर्वासन अलगाव संबंधी संकल्पना है, जो परिवेश में आरोपित होने की अनुभूति से संबद्ध हैं। यह नए परिवेश में असमंजित अनुभव करने एवं स्थिति परिवर्तन के कारण केन्द्रीय सत्ता से अलग होने से उत्पन्न होता है। उषा प्रियवंदा की 'जाले' कहानी में नए संबंधों के बनने एवं पुराने परिवेश के टूटने की स्थिति का मार्मिक चित्रण है। प्रौढ़ावस्था में वैवाहिक जीवन में जकड़े जाने के बाद प्रो० राजेश्वर सिंह अपने ही घर में स्वयं को बाहरी आदमी समझने लगते हैं। वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता की कहानी 'कानवैन्ट' में निर्वासन से संबंधित सांस्कृतिक अलगाव का प्रभावी चित्रण है। कानवैन्ट स्कूलों में पढ़ने वाले भारतीय बच्चे अपनी संस्कृति–सभ्यता से ही विमुख नहीं होते, बल्कि कम पढ़े–लिखे माता–पिता के प्रति भी उपेक्षा भाव रखने लगते हैं। कहानी की अशिक्षित माँ का बच्चों के आने की प्रतीक्षा में छुट्टियों के दिन गिनना और उनकी उपस्थिति में अपने ही घर में अपरिचित हो जाना, उसके निर्वासन की असहनीय स्थिति है। वृद्धावस्था अथवा बेकारी

आदि कारणों से व्यक्ति का केन्द्रीय स्थिति से विस्थापित होना भी परिवेश के प्रति वितृष्णा भाव उत्पन्न करता है। अपनी धुरी से कटा हुआ व्यक्ति अभ्यस्त परिवेश न पाने के कारण वितृष्णा से भर उठता है। उषा प्रियंवदा की 'वापसी' कहानी में गजाधर बाबू की वापसी परिवर्तित परिवेश में स्थिति के छिन जाने के क्षोभ का परिणाम है। हँसते–खेलते बेटे–बेटियों का उनकी उपस्थिति में गंभीर अथवा औपचारिक हो जाना, उन्हें परिवार में अपने अपरिचित होने का बोध दिलाता है। इसी तरह सूर्यबाला की 'निर्वासित' कहानी के वृद्ध दम्पत्ति, दूधनाथ सिंह की 'सब ठीक हो जाएगा' का मिश्रा, श्रीलाल शुक्ल की 'यह घर मेरा नहीं' का लड़का एवं वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता की 'अनावश्यक पात्र' कहानी का ज्ञान बाबू केन्द्रीय स्थिति से च्युत होने पर पलायनवादी बनने की अपेक्षा असामाजिक प्राणी बन जाते है।

इसी संदर्भ में व्यर्थता बोध फालतू होने का अहसास है। उससे विक्षुब्ध व्यक्ति जीवन की अर्थहीनता से आहत होकर स्थिति को स्वीकार कर लेता है। ज़ाहिर है कि जीवन की अर्थहीनता नियति संबंधी प्रश्न भी है और महत्वपूर्ण भूमिका न निभा पाने की पीड़ा से संबद्ध अनुभूति भी। व्यक्ति का वस्तु के रूप में रूपान्तरण होकर दूसरे के उपयोग की वस्तु बनना इसका एक अन्य पक्ष है। असल में, जीवन की सार्थकता का प्रश्न तब उत्पन्न होता है, जब व्यक्ति सोचने को विवश हो जाता है कि वह क्यों और किस लिए है? इस प्रश्न के समुचित उत्तर के अभाव में व्यक्ति व्यर्थताबोध के दंश से घायल होता है। 'एक पंखयुक्त ट्रैजिडी' कहानी में नियति की क्रूरता के सम्मुख व्यक्ति की हास्यास्पद एवं असहाय स्थिति का प्रतीकात्मक चित्रण है । कमलेश्वर की 'फालतू आदमी', राजेन्द्र यादव की 'अभिमन्यु की आत्महत्या' आदि कहानियाँ जीवन की सार्थकता पर गहरा प्रश्न चिह्न लगाती हैं। यह भी कि महत्वपूर्ण भूमिका न निभा पाने की पीड़ा का संबंध भी जीवन की अर्थहीन स्थिति से जुड़ा हुआ है। प्रतिभा के उपयुक्त सही स्थान न मिलने पर व्यक्ति असंतुष्ट, क्रुद्ध अथवा पराजित अनुभव करता है। समाज के विशाल यंत्र से एक फालतू पुर्जे की तरह अलग जा पड़ने की अनुभूति उसे व्यर्थता बोध से घायल कर देती है।

पूँजीवादी व्यवस्था में दूसरों द्वारा उपयोग किए जाने की अनुभूति व्यक्ति की निजता को समाप्त कर उसे 'वस्तु' बना देती है। व्यक्ति का 'वस्तु' में रूपान्तरण उसके चयन की स्वतंत्रता को नष्ट करके उसमें व्यर्थता बोध जागृत करता है। इस संदर्भ में मोहन राकेश की 'आखिरी समान' और 'फौलाद का आकाश', मणि मधुकर की 'मरी हुई पहचान' और प्रयाग शुक्ल की 'रेत' कहानियों को देखा जा सकता है। 'रेत' कहानी का नरेश अपने ही खेतों में पैदा हुए अनाज के भरे बोरों के ऊपर बैठा हुआ भी भूखा है। वह स्वयं को व्यक्ति की वस्तु की तरह अनुभव करता है। 'रिश्ते' कहानी के अजुध्या बाबू का स्वाभिमान इस सीमा तक संवेदनशील है कि बेटे द्वारा माँ के श्राद्ध पर एक ही जगह पाँच बाह्मणों को न्योता देने की अपव्ययता पर क्षुब्ध होकर वे घर छोड़ने तक को तत्पर हो उठते हैं।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से ऊब अलगाव से संबंधित मनःस्थिति है, जिसमें व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति अथवा वस्तु की अपेक्षा अपने से ही ऊब कर विरक्त जीवन जीने लगता है। ऊब रुचि एवं विशिष्ट उद्देश्य के अभाव की सूचक स्थिति है और यह यांत्रिक युग की देन है। हिन्दी में ऊब से संबंधित अधिकांश कहानियाँ 'अकहानी' युग में लिखी गई हैं। हिन्दी कहानी में ऊब का चित्रण निष्क्रियता जनित ऊब एवं दैनंदिन ज़िंदगी की एकरसता से संबद्ध ऊब के रूप में किया गया है। ऊब से संबंधित प्रमुख कहानियाँ हैं– हृदयेश की 'वक्त कटी', महेन्द्र, भल्ला की 'कुत्तेगीरी', गंगा प्रसाद विमल की 'उसका साथ' आदि। निर्मल वर्मा की 'अमालिया', रवीन्द्र कालिया की 'सिर्फ एक दिन', श्रीकान्त वर्मा की 'कल', मणि मधुकर की 'रणक्षेत्र', अवध नारायण सिंह की 'आत्मीय', सुदर्शन चोपड़ा की 'ऊब', रामकुमार की 'बारिश' और सतीश जमाली की 'अर्थतन्त्र' कहानियों में दैनंदिन ज़िन्दगी की ऊब को देखा जा सकता है। 'परिणय' कहानी का 'वह' ज़िन्दगी से ऊबा हुआ खंडित व्यक्तित्व है, जिसकी इच्छाओं एवं क्रियाओं में कोई तर्कसंगत संबंध दिखाई नहीं देता। 'तीन घंटे' एवं 'उत्तरार्ध' कहानियों में आन्तरिक लगाव के अभाव में शारीरिक संबंधों की व्यर्थता एवं उससे उत्पन्न ऊब का चित्रण है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि साठोत्तरी हिन्दी कहानी में संत्रास एवं मृत्यु बोध का व्यापक स्तर पर चित्रण हुआ है। संत्रास एवं मृत्युबोध असुरक्षित अनुभव करने से संबद्ध अस्तित्ववादी धारणाएँ हैं। संत्रास, भय के स्थायी रूप धारण कर लेने का परिणाम है। भ्रष्ट राजनैतिक व्यवस्था में ऊपर से नीचे तक फैले आतंक के कारण सामान्य आदमी असुरक्षित है। मोहन राकेश की 'एक ठहरा हुआ चाकू' , रवीन्द्र कालिया की

'काला रजिस्टर' और काशीनाथ सिंह की 'लोग बिस्तर पर' कहानियाँ भ्रष्ट तंत्र में व्याप्त संत्रास की कहानियाँ हैं। आर्थिक विषमता एवं बेकारी भी व्यक्ति को भविष्य के प्रति आशंकित करके असुरक्षा बोध से भर देती है। कर्ज़ के नीचे दबा आदमी हर दम संत्रस्त रहता है। आर्थिक विषमता से संबंधित प्रमुख कहानियाँ प्रेमचंद सहज बाला की 'सूर्योदय', राजेन्द्र यादव की 'भय' और शैलेश मटियानी की 'प्यास' हैं। 'सूर्योदय' कहानी में कर्ज़े का आतंक घर प्रत्येक प्राणी पर छाया रहता है। आठ वर्षीय मधु की छोटी बहन शालू के छीन जाने के भयंकर स्वप्नों से आतंकित रहती है।

महानगरीय संत्रास महानगर की भीड़ में गुमनाम होने, बेगानापन अनुभव करने एवं आर्थिक विषमताजन्य जीवन व्यतीत करने की त्रासद स्थितियों से जुड़ा हुआ है। रवीन्द्र कालिया की 'तफ़रीह' और निर्मल वर्मा की 'लन्दन की एक रात' कहानियाँ महानगरीय संत्रास के विविध पक्षों को चित्रित करती हैं। 'तफ़रीह' कहानी में महानगरीय व्यक्ति के आर्थिक विवशतावश गुमनाम होने का चित्रण है। गरीब व्यक्ति के लिए महानगर में रहने की पहली शर्त अपनी निजता को खोना है। व्यक्ति अपने घर में पराया बनकर रहने को विवश है। 'लन्दन की एक रात' कहानी में यह संत्रास रंग–भेद की नीति पर आधारित व्यवस्था,आर्थिक विषमता के परिणामस्वरूप बेरोज़गारी की समस्या एवं महानगरीय बेगानेपन की अनुभूति से जुड़ा हुआ है। पारिवारिक परिस्थितिवश अकेला और असहाय अनुभव करने की प्रतीति भी व्यक्ति मन को असुरक्षा भाव से भर देती है। असुरक्षा के मूल में शैशवावस्था का प्रेमविहीन, प्रतिकूल परिवेश है। अकेला पड़ने की दहशत एवं अतीत की भयंकर स्मृतियों से संबद्ध प्रमुख, कहानियाँ माहेश्वर की 'पेशाब' विष्णु प्रभाकर की 'नागफाँस', निर्मल वर्मा की 'दो घर', कृष्ण बलदेव वैद की 'मेरा दुश्मन', रमेश बक्षी की 'अक्स' एवं प्रयाग शुक्ल की 'अनहोनी' हैं। 'नागफाँस' कहानी की अकेले पड़ जाने की आशंका से संत्रस्त माँ अपने लड़के को आँखों से दूर करने की अपेक्षा उसे स्थायी रूप से बीमार बनाए रखने में अपना हित देखती है। 'मेरा दुश्मन' कहानी का 'मैं' विरासत में मिली अतीत की भयंकर स्मृतियों से संत्रस्त है। द्वन्द्व की स्थिति में वह कर्त्तव्यविमूढ़ हो जाता है कि दोनों ज़िन्दगियों में से किसी एक का चुनाव करना उसके सम्मुख समस्या बन जाता है रमेश बक्षी की 'अक्स' कहानी में एक साथ दो युगों में जीने की विवशता है, निर्मल वर्मा की 'डेढ़ इंच ऊपर', 'बीच बहस में', 'अन्धेरे में', और 'खोज', से. रा. यात्री की 'अभयदान', सुदर्शन चोपड़ा की 'स्वीकारान्त', विनोद शाही की 'श्रवण कुमार की खोपड़ी' और भीष्म साहनी की 'नया मकान' अकेलेपन की दहशत और अतीत की स्मृतियों से संबद्ध संत्रास को गहराई में चित्रित करती हैं।

साठोत्तरी हिन्दी कहानी में मृत्यु बोध भी संत्रास का एक हिस्सा बनकर उभरा है। देखा जाए तो संत्रास की तुलना में मृत्युबोध एक सीमित संकल्पना है। यह शारीरिक मृत्यु से भिन्न मानसिक अनुभूति है। महानगरीय जीवन के तीव्र गति से भागते जीवन में पिस जाने का आंतक, आत्म केन्द्रित व्यक्ति का आसन्न मृत्यु को लेकर हाहाकार, रोगग्रस्त व्यक्ति का मृत्यु से साक्षात्कार एवं युद्ध जनित मृत्यु बोध इसके विभिन्न पक्ष हैं। महीप सिंह की 'पारदर्शक' कहानी में दफ्तर जाते पति को विदा करती पत्नी मृत्यु संत्रास से ग्रस्त महसूस करती है। राजेन्द्र अवस्थी की कहानी 'भूचाल' का आशंकित पात्र दिन में सैंकड़ों मौतें मरता है। इसी प्रकार निर्मल वर्मा की 'कुत्ते की मौत' कहानी अकेलेपन से पीड़ित आत्म–केन्द्रित पात्रों की मर्मान्तक यंत्रणाओं का चित्रण है। गंगा प्रसाद विमल की 'दूसरे दिनों का इंतज़ार', भीष्म साहनी की' अमृतसर आ गया है', महीप सिंह की 'युद्धमन' और कमलेश्वर की 'युद्ध' कहानियाँ युद्ध एवं दंगों से संबद्ध संत्रास को चित्रित करती है।

निष्कर्षतः अलगाव और संत्रास विषयक उपर्युक्त विवेचन विश्लेषण इस तथ्य को ध्वनित करता है कि साठोत्तरी हिन्दी कहानी भारतीय परिवेश जनित संत्रास एवं अलगाव को ही अभिव्यक्त करती है। इनमें न तो आरोपित फैशन है और न ही पश्चिम की नकल। भ्रष्ट व्यवस्था, आर्थिक–विषमता, पारिवारिक विघटन महानगरीय व्यस्त जीवन, लंबी रोगग्रस्त अवस्था, युद्ध–दंगे आदि संत्रास और मृत्यु –बोध से संबंधित विविध स्थितियाँ हैं। इसका कारण साठोत्तरी कहानी का अस्तित्ववाद, मार्क्सवाद और आधुनिकता बोध से संपन्न होना है। अलगाव, अकेलापन, अजनबीपन, निर्वासन व्यर्थता बोध, ऊब आदि मनः स्थितियों के रूप में इन कहानियों में सशक्तता से अभिव्यक्त हुआ है। साठोत्तरी हिन्दी कहानी में अकेलापन परिस्थितिजन्य विवशता के रूप में तथा स्वभावगत अकेलेपन के रूप में चित्रित हुआ है। स्वभावगत अकेलेपन का चित्रण महानगरीय जीवन की उदासीनता को अभिव्यक्त करता है। निर्वासन परिवेश में आरोपित होने की अनुभूति से संबद्ध

वितृष्णा का भाव है। परिस्थितिजन्य अकेलापन, अजनबीपन निर्वासन तथा व्यर्थता बोध साठोत्तरी कहानी के प्रमुख कथ्य रहे हैं। संत्रास एवं मृत्यु बोध परिवेश में असुरक्षित अनुभव करने की भावना से संबंधित धारणाएँ हैं। संत्रास व्यवस्था, आर्थिक विषमता तथा महानगरीय व्यक्ति के बेगानापन अनुभव करने की स्थिति की उपज है। इस प्रकार साठोत्तरी हिन्दी कहानी में अलगाव एवं संत्रास अपने विभिन्न रूपों एवं परिवेशगत स्थितियों में अत्यंत प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त हुआ है।

संदर्भ–सूची :–

1. कमलेश्वर, 'नयी कहानी की भूमिका', अक्षर प्रकाशन, दिल्ली, 1969, पृ०69।
2. श्याम सुन्दर मिश्र, 'अस्तित्ववाद और द्वितीय समरोत्तर हिन्दी साहित्य', विद्या प्रकाशन मंदिर, दिल्ली,1971, पृ० 270।
3. मोहन राकेश, 'रोयें रेशे', राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1968, पृ० 96।
4. वही, पृ० 97।
5. राजेन्द्र यादव, 'भेरी प्रिय कहानियाँ', राजपाल एण्ड सन्ज़, दिल्ली, 1976, पृ० 50।
6. निर्मल वर्मा, 'पिछली गर्मियों में', राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1965, पृ० 76।
7. कमलेश्वर, 'मांस का दरिया' शब्दकार, दिल्ली, 1977, पृ० 25।
8. महीप सिंह, 'मेरी प्रिय कहानियाँ', राजपाल एण्ड सन्ज़, दिल्ली, 1973 , पृ० 78।
9. रमेश बक्षी, 'एक अमूर्त तकलीफ', नीलाम प्रकाशन इलाहाबाद, 1972, पृ०।
10. सुदर्शन चोपड़ा, 'सड़क दुर्घटना', 1980, पृ० 77।
11. सतीश जमाली 'प्रथम पुरूष', पृ० 39।
12. उषा प्रियंवदा 'जिंदगी और गुलाब के फूल', भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली,1971, पृ० 39।
13. वही, पृ० 45।
14. मोहन राकेश, 'पहचान', पृ० 71।
15. प्रयाग शुक्ल, 'इसके बाद, अमिताभ प्रकाशन, कलकत्ता, 1973, पृ० 35।
16. पानू खोलिया, 'एक किश्ती और', सुषमा पुस्तकालय, दिल्ली, 1967, पृ० 79।
17. हृदयेश, 'सारिका', जुलाई, 1971, पृ० 67।
18. श्रीकान्त वर्मा, 'झाड़ी', भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली, 1966, पृ० 79।
19. अवधनारायण सिंह, 'आत्मीय', रूपाम्बरा प्रकाशन, कलकत्ता, 1969, 45।
20. मणि मधुकर, 'भरतमुनि के बाद', पृ० 107।
21. मोहन राकेश, 'पहचान', पृ० 21।
22. रवीन्द्र कालिया, 'काला रजिस्टर', रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1972, पृ०37।
23. काशीनाथ सिंह, 'लोग बिस्तरों पर', पृ०31।
24. प्रेमचंद सहज बाला, 'सदमा', यूनाईटेड बुक हाउस, दिल्ली, 1975, पृ० 9।
25. रवीन्द्र कालिया, 'काला रजिस्टर', रचना प्रकाशन इलाहाबाद, 1972, पृ० 40।
26. निर्मल वर्मा, 'जलती झाड़ी', राजकमल प्रकाशन, दिल्ली,1975, पृ०112।
27. विष्णु प्रभाकर 'धरती अब भी घूम रही है', राजपाल एण्ड सन्ज़, दिल्ली, 1972, पृ०51।
28. कृष्ण बलदेव वैद 'नई कहानियाँ' पत्रिका, 1965, पृ० 76।

हिंदी लघुकथा में मानव जीवन के विविध संदर्भ

डॉ. नवनाथ गाड़ेकर*

शोध सारांश :– हिंदी साहित्य में अन्य विधाओं की तरह लघुकथा भी आधुनिक काल में एक नई विधा के रूप में विकसित हुई है। लघुकथा में मानव जीवन के किसी घटना, प्रसंग, प्रभावित स्थिति या क्षण की अभिव्यक्ति होती है। हिंदी लघुकथा आकार से लघु होती है, परंतु उसमें 'गागर में सागर' समाने की क्षमता होती है। आकार से भले ही वह लघु हो परंतु मानव जीवन के विविध पहलू का चित्रण करने में वह सक्षम होती है। आधुनिक काल के डॉ. शंकर पुणतांबेकर, हरिशंकर परसाई, रघुवीर सहाय, माखनलाल चतुर्वेदी, कन्हैयालाल मिश्र, विष्णु प्रभाकर, अमरीक सिंह दीप, ब्रजेश शर्मा आदि कई साहित्यकारों ने मानव जीवन के विविध पहलू का चित्रण लघुकथा में किया है। जाति–पाँति, धार्मिक, राजनैतिक, शैक्षिक, स्त्री–पुरूष संबंध, भोगवादी दृष्टिकोण, सांप्रदायिक भेदभाव, नैतिक मूल्य आदि का चित्रण लघुकथा में सहजता के साथ लघुकथाकारों ने किया है। इसीकरण हिंदी लघुकथा के संदर्भ में यह कहने में संकोच नहीं लगता कि वर्तमान और आनेवाला समय लघुकथा का ही रहेगा।

बीज शब्द :– लघुकथा, मानव, जीवन, विधा, स्त्री–पुरूष संबंध, सांप्रदायिक, भावबोध, व्यंग्य, नैतिक मूल्य, राजनीति आदि।

भूमिका :– हिंदी साहित्य के आधुनिकाल में लघुकथा एक नविनतम् विधा के रूप में विकसित हुई है। साहित्य की अन्य विधाओं की तरह यह भी एक महत्वपूर्ण विधा है। हिंदी साहित्य की अन्य विधाओं में जिस तरह मानव जीवन के विविध पहलू का चित्रण हुआ हैं, उसी तरह लघुकथा में भी मानव जीवन के विविध पहलू का चित्रण होता है। अतः लघुकथा मनुष्य जीवन के सभी भावों को व्यक्त करने में सक्षम है। लघुकथा आकार से लघु होती है। परंतु उसमें किसी भी विषय की अभिव्यक्ति सहजता के साथ होती है। लघुकथा के संदर्भ में 'गागर में सागर' यह उक्ति उचित लगती है। संक्षेप में लघुकथा में मानव जीवन का विस्तृत चित्रण नहीं होता बल्कि उसके जीवन की कोई घटना या प्रसंग को बड़ी सहजता से चित्रित किया जाता है।

लघुकथा यह शब्द दो शब्दों के योग से बना है। एक लघु और दूसरा कथा अर्थात जो कथा आकार से लघु होती है। जिसमें कथा पूर्णतः विद्यमान हो उसे लघुकथा कहा जाता है। लघुकथा को परिभाषित करते हुए डॉ. शंकुतला किरण कहती है, ''लघुकथा लघु आकरीय गद्य कथात्मक रूप में जीवन के किसी प्रभावित क्षण, स्थिति या विचार घटना की वह अपनी अभिव्यक्ति जो अनेक प्रकार से पाठकों को प्रभावित कर उनकी चेतना को उदिप्त कर सके। तथा उन्हें कोई भी गंभीर चिंतन सौंप सके।''[1] डॉ. शंकर पुणतांबेकर लघुकथा को अपने शब्दों में परिभाषित करते हुए कहते हैं, ''लघुकथा कम–से–कम शब्दों का वह रूप विधान है, जिसके परिवेश से जुड़ी सघन अर्थवत्ता हमारी चेतना को एकदम झकझोर कर रख देती है।''[2] इस प्रकार विविध विद्वानों ने अपनी–अपनी दृष्टि से लघुकथा को परिभाषित करने का प्रयास किया है। माखनलाल चतुर्वेदी, कन्हैयालाल मिश्र, विष्णु प्रभाकर, हरिशंकर परसाई, रघुवीर सहाय, शंकर पुणतांबेकर, अमरीक सिंह दीप, ब्रजेश परसाई आदि ने अन्य विधा की तरह लघुकथा को जीवंत और अधिक सामर्थ्यवान बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है।

हिंदी लघुकथाओं में जहाँ राष्ट्रीय एकता विश्वबंधुत्व का चित्रण बड़ी सशक्तता से हुआ है, वहाँ साम्प्रदायिक ताकतों का भेद खोलने का चित्रण भी हुआ है। समकालीन लघुकथाकार देश की राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक दंगो के पीछे रहे मानवीय कारणों पर भी खुलकर लिख रहें हैं। हिंदी लघुकथा उन सभी कारणों को चित्रित कर रही है, जिनसे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। हिंदी और राष्ट्रीय एकता के

***सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग, भारत महाविद्यालय, जेऊर (म.रेल) तहसील–करमाळा, जिला–सोलापुर (महाराष्ट्र) 413202।**

विचार को लेकर सुभाषचंद्र बोस ने जो कहा है, ''देश की एकता के लिए एक भाषा का होना जितना आवश्यक है, उससे अधिक आवश्यक है देश भर के लोगों में देश के प्रति विशुध्द प्रेम तथा अपनापन होना। अगर आज हिंदी भाषा मान ली गई है, तो इसलिए नहीं कि वह किसी प्रांत विशेष की भाषा है, बल्कि इसलिए कि वह अपनी सरलता व्यापकता तथा क्षमता के कारण सारे देश की भाषा हो सकती है, और सारे देश के लोग उसे अपना सकते हैं।''[3] इस प्रकार हिंदी लघुकथाओं में राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय भावना का चित्रण कई लघुकथाकारों ने किया है।

अमरीक सिंह दीप ने 'आजादी की फसल' इस लघुकथा में राजनीति पर करारा व्यंग्य किया है। गरीब जनता हमेशा अपने देश के प्रति सजग रहती है। देश के लिए अपनी जान दाँव पर लगाती है। परंतु अमीर और राजनेता लोग गरीबों का खून, पसीना एक करके आजादी की फसल लाता है। गरीबों के कमर में लाथ मार कर खेत के बाहर खदेड़ देता है। सभी फसल अकेला अपने घर में भर लेता है, ''जैसे गरीबों ने हल जोते, आजादी के बीज छींटे, उन्हें अपने खून पसीने से सींचा इस कार्य के दौरान गरीब बार–बार अमीरों के पास–जाकर उनसे सहयोग का अनुरोध करते हैं, परंतु उनके द्वारा उसे एक ही उत्तर मिलता तू चल मैं आता हूँ। चुपड़ी रोटी खाता हूँ। ठंठा पानी पीता हूँ। हरी–डाल पर बैठा हूँ।''[4] 'राजनीति' इस लघुकथा में नेता लोग दोगले प्रवृत्ति के होते हैं, इसका चित्रण किया है। राजधानी के पाँच सितारोंवाला होटल में प्रमुख पार्टी के दो नेता अर्थात एक सत्ताधारी और दूसरा विरोधी पक्ष नेता एक साथ बैठते हैं। उनकी सेवा में शराब, कबाब सब कुछ होता है। जनता के सामने यह सभी प्रकार आते ही हमेशा एक दूसरे को गलत साबित करने का एक भी मौका वे गँवाते नहीं। मैं ही कैसे अच्छा हूँ, मैं जनता के प्रश्न कैसे छोड़ता हूँ, गरीबों का प्रश्न मैं कैसे छोड़ता हूँ यही वे शोर मचाकर जोर–जोर से कहते हैं। इतना ही नहीं वे दोनों देश में सांम्प्रदायिक दंगे जनता को अंधेरे में रखकर कैसे करते हैं, वे दोनों सत्ता का बँटवारा कर लेते हैं। पाँच साल एक पार्टी दंगा करती है, तो दूसरी पार्टी सद्भावना रॅली निकालकर सत्ता का बँटवारा सही मात्रा में बराबर कर लेते है जैसे, ''ठीक हैं पिछली–बार मैंने दंगा करवाया था और मेरे दंगाग्रस्त प्रदेश की सद्भावना यात्रा तुमने की थी। इस बार सद्भावना यात्रा की मेरी बारी है।''[5] इस प्रकार अमरीक सिंह दीप ने अपनी लघुकथा के माध्यम से देश में चल रहे राजनेता के वर्तन का वर्णन किया है। वर्तमानकालीन राजनेता भी इसी प्रकार मिलीभगत करके गरीब जनता के साथ धोखाधड़ी करते हुए दिखाई देते हैं।

समाज में दहेज की बुरी प्रथा तेजी से चल रही है। इसके कारण कई नव वधुओं को अपने प्राण गँवाने पड़ रहे हैं। दहेज के कारण ससुराल के लोग अपनी बहु को परेशान करते हैं, उसे अपने माता–पिता से सोना, पैसा माँगते हैं। इसी प्रश्न को 'तीसरा प्रश्न' इस लघुकथा में ब्रजेश परसाई ने उठाया है, वे कहते हैं, ''एक मंच से एक बुजुर्ग ने अपने भाषण के बीच एक सवाल सामने बैठे हुए सज्जनों से किया कि जो लोग दहेज विरोधी है वे अपना हाथ उठाएँ। सैकड़ों हाथ उठ गये। उन्होंने उत्साहित होकर दूसरा प्रश्न पूछा कि अब कृपया वे सज्जन हाथ उठायें जो दहेज समर्थक है। सभाग्रह में किसी ने भी हाथ नहीं उठाया। वे बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने तीसरा प्रश्न पूछा तब क्या मैं आशा करूँ कि आप में से कोई सज्जन मेरी विवाह योग्य सुंदर कन्या को बगैर दहेज अपनी बहु बना लेंगे ?''[6] यह सवाल सुनते ही सारे लोग चुप हो जाते हैं। कुछ ही क्षणों में सभाग्रह खाली हो गया। समाज में केवल दूसरों को बताने के लिए दहेज नहीं लेते परंतु जब बारी आती है तब दहेज लेने के लिए तैयार हो जाते हैं। बड़ी मजाक की बात यह है कि सभी लोग अंदर से देहज लेना चाहते हैं, परंतु देना कोई नहीं चाहता। इस प्रकार ब्रजेश परसाई ने दहेज प्रथा कैसे बुरी है इसका चित्रण इस लघुकथा में किया है।

हिंदी लघुकथाओं में व्यंग्य का चित्रण किया हुआ दिखाई देता है। व्यंग्य के माध्यम से समाज में फैले विविध प्रश्नों पर उन्होंने व्यंग्य किया है। डॉ. बालेंद्रशेखर तिवारी इस संदर्भ में कहते हैं, ''वस्तुतः लघुकथा को एक ऐसी त्रि–आयामी रचना कहा जा सकता है। जिसमें एक ओर व्यक्ति तथा समाज के द्वंद्व की संक्षिप्त अभिव्यक्ति रहती है। दूसरी और आत्मा की अनुभूति है तथा तीसरी–और मानव मूल्यों की संकल्पना को वाणी–देने का सतत प्रयत्न रहता है। इसीलिए कुछ लघुकथाएँ गांभीर्य का बाना पहनकर बोध कथाएँ बन जाती है, और कुछ व्यंग्य गर्भित रहती है।''[7]

हिंदी लघुकथाओं में नैतिक भावबोध का भी चित्रण किया गया है। 'शैशव की ज्यामिति–तीन कोण' में विष्णु प्रभाकर ने नैतिक भावबोध का चित्रण किया है। इस लघुकथा में तीन पात्र है। माँ, बाप और बेटा टिंकू। माँ अपने चार वर्ष के टिंकू से हमेशा परेशान रहती है। दिन–ब–दिन टिंकू की शरारते बढ़ती जाती है। उसे एक दिन रहा नहीं जाता वह अपने पति के पास बेटे टिंकू की शिकायत करते हुए कहती है। टिंकू बिघड़ता जा रहा है उसे जरा संभालिए। टिंकू के पिता उस समय किसी कारण त्रस्त थे उन्होंने बिना सोचे टिंकू को एक तमाचा मारा। टिंकू की नजर अपने पापा के हाथ पर जाती है, अपने पापा के हाथ से उसे खून आता हुआ दिखाई देता है। वह अपने पापा से कहता है आप मुझे हाथ से ना मारो मुझे डंडे से मारो। देश में आए दिन दंगे फसाद होते रहते हैं। सामान्य मनुष्य दो वक्त की रोटी कमाने के पिछे पड़ा हुआ होता हैं। परंतु देश की सांप्रदायिक स्थिति बिछड़ने के कारण वह परेशान रहता है। हिंदू–मुस्लीम के नारे लगाकर नेता लोग आम जनता को आपस में बाँटकर अपनी–अपनी रोटी सेंकते हैं। हिंदू लोगों को मुस्लीमों के इलाकों में रहने से डर लगता है। मुस्लीमों को हिंदू लोगों की सोसायटी में घर नहीं मिल रहा इसका चित्रण रमेश बतरा की एक लघुकथा में हुआ है, जो आम आदमी की बेबसी को व्यक्त करती है। इस लघुकथा का नायक एक आम आदमी है, वह एक ऑफीस में काम करता है। बाहर वह जिस इलाके में रहता है उस इलाके में हिंदू और मुस्लीमों में दंगे फसाद शुरू हुए हैं। उसके पास रिक्शा को देने के लिए पैसा नहीं है। फिर भी वह रिक्शा पकड़कर घर जाता है। दंगो का फायदा उठाकर बिना पैसे दिए ही भागता है, तब रिक्शावाला उसे दुआ देते हुए कहता है, ''स्साला हिंदू है तो मुसलमानों के हाथ लगे और मुसलमान है तो हिंदुओं में जा फँसे''[8] हस प्रकार आम आदमी को दंगे फसाद से कोई लेना देना नहीं होता वे अपनी जान बचाना चाहते हैं। इस प्रकार हिंदू–मुस्लीम के संघर्ष के कारण सामान्य मनुष्य को जीवन जीना कैसे मुश्कील हो जाता है, इसका चित्रण उन्होंने अपनी लघुकथा में किया है।

निष्कर्ष

निष्कर्ष के रूप में हिंदी लघुकथा के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि भले ही लघुकथा आकार से लघु हो परंतु उसमें किसी प्रसंग या घटना का चित्रण बड़ी सहजता के साथ किया जाता है। वर्तमानकालीन कई जीवंत प्रश्नों को लघुकथा में चित्रित किया गया है। धार्मिक, जाति–पाँति, राजनैतिक, शैक्षिक, स्त्री–पुरूष संबंध, भोगवादी दृष्टिकोण, सांप्रदायिक भेदभाव, नैतिक मूल्य आदि. का चित्रण हिंदी लघुकथा में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। लघुकथा में किसी प्रसंग या घटना को व्यक्त करने के लिए कम शब्दों में अधिक प्रस्तुत करना पड़ता है। इस संदर्भ में हिंदी लघुकथा उपर्युक्त प्रश्नों का चित्रण करने में पूरी तरह से सफल हुई है। यह कहने में भी संकोच नहीं लगता कि वर्तमान और आनेवाला समय लघुकथा का ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ. शकुंतला किरण, हिंदी लघुकथा, संकेत प्रकाशन, अजमेर, संस्करण, 2010, पृ.21.
2. डॉ. शंकर पुणतांबेकर, श्रेष्ठ लघुकथायें, पुस्तक संस्थान, कानपुर, संस्करण, 1977, पृ.6.
3. मधुदीप, समय का पहिया, दिशा प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण, 2015, पृ.78.
4. अमरीक सिंह दीप, आजादी की फसल, विकास प्रकाशन कानपुर, संस्करण, 2009, पृ.11.
5. अमरीक सिंह दीप, आजादी की फसल, विकास प्रकाशन, कानपुर, संस्करण, 2009, पृ.98.
6. ब्रजेश परसाई, तीसरा प्रश्न, सारिका (पत्रिका) 16 नवंबर, 1979 पृ.16.
7. डॉ. शंकर पुणतांबेकर, व्यंग्य आमकोश, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण, 1994, पृ.4.
8. डॉ.बलराम अग्रवाल, हिंदी लघुकथा का मनोविज्ञान, राही प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण, 2017, पृ.112.

विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों के संदर्भ में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा का विवेचनात्मक अध्ययन

सुधीर कुमार तिवारी*

सार :– समावेशन शब्द का अपने आप में कोई विशेष अर्थ नहीं होता है। समावेशन के चारों ओर जो वैचारिक दार्शनिक सामाजिक और शैक्षिक ढांचा होता है, वही समावेशन को परिभाषित करता है। समावेशन की प्रक्रिया में बालकों को न केवल लोकतंत्र की भागीदारी के लिए सक्षम बनाया जा सकता है, बल्कि इस माध्यम से विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों को सीखने हेतु भी सक्षम बनाया जा सकता है। यह लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए, दूसरों के साथ अंतक्रिया करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करता है। समावेशन नीति को प्रत्येक विद्यालय एवं संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप बनाए जाने की जरूरत है, जिससे विद्यालय में सभी बालकों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकार समावेशी शिक्षा मूलतः विविधताओं की स्वीकृति का एक सकारात्मक दृष्टिकोण है।

प्रस्तावना :– व्यक्ति का व्यवहार उसके वातावरण (सांस्कृतिक, सामाजिक, पारिवारिक, भौगोलिक) के द्वारा प्रभावित होता है। यदि यह प्रभाव सकारात्मक हो तो बालक का विकास भी सामान्य रूप से गतिशील रहता है किन्तु यदि यह प्रभाव नकारात्मक हो तो बालक का विकास भी बाधित हो जाता है (शुक्ला, एस. के. 2015)। अर्थात विकलांगता शारीरिक रूप में लोंगों से उतना नहीं छीनती, जितना सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से वह उन्हें प्रभावित करती है। विकलांग व्यक्तियों के लिए भेदभाव मुक्त और समान जीवन का स्वप्न साकार करने के लिए संस्थागत प्रबंधों और कानूनी प्रावधानों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है लेकिन सबसे बड़ी आवश्यकता विकलांग व्यक्तियों के बारे में हमारी सोच में बदलाव की है (कुमारी, 2013)। विशिष्ट आवश्यकता वाले विद्यार्थियों में समावेशित शिक्षा पद्धति द्वारा उनके आत्मविश्वास तथा आत्म–सम्मान की भावना मजबूत होती हैं, और बच्चों में समुदायिक भावना का विकास होता है (सिंह, ए. के. 2008)। समाज का विकास उसमें निहित सम्पूर्ण मानवीय क्षमता का कुशलतापूर्वक उपभोग पर निर्भर करता है। इस प्रक्रिया में शिक्षक का उत्तरदायित्व एवं भूमिका का महत्वपूर्ण स्थान होता है।

वर्तमान समय में समावेशी शिक्षा विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की शिक्षा के लिए एक नवीन उभरती अवधरणा है। यह अवधरणा अनेक परिवर्तनों जैसे– एकीकृत शिक्षा, विकलांगों की शिक्षा एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के बाद एक नए स्तर पर पहुँच चुकी है, जो प्राथमिक तौर पर स्कूली संस्कृति, नीतियों, व्यवहार एवं विद्यार्थियों से सीधे जुड़ी है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा छात्रों की भागीदारी की निरंतरता को सशक्त बनाने का अभियान है, जिसमें निःशक्त बच्चे भी शामिल हैं। विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की शिक्षा से संबंधित वर्तमान स्थिति विभिन्न विकलांगता युक्त बालकों की शिक्षा के लिए एक नई खोजपूर्ण प्रणाली है, जो अनेकानेक परिवर्तनों के पश्चात समावेशी स्तर पर पहुँची है। शिक्षा के परिवेश में समावेशन के आयाम हैं– पहुँच, स्वीकारिता, प्रतिभागिता और उपलब्धि। प्रत्येक छात्र की अपनी योग्यता होती है। उनकी योग्यता को पहचानना महत्वपूर्ण है और उनकी योग्यता के आधार पर कार्यों का क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है। प्रस्तुत चित्र में सभी जानवर की अपनी–अपनी क्षमता और योग्यता एवं विशिष्टता है लेकिन उनका मूल्यांकन उनकी योग्यता और क्षमता के आधार पर नहीं है–

विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों का वर्गीकरण :–

1. शारीरिक रूप से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे– दृष्टिबाधित, अल्प दृष्टिदोष, श्रवण बाधित, वाणी बाधित, बहु–विकलांगता, अस्थि–विकार।
2. बौद्धिक रूप से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे– (अ) धनात्मक– प्रतिभाशाली, सृजनशील, (ब) ऋणात्मक– बौद्धिक अक्षम, स्वलीनता, ध्यानाभाव अति सक्रियता विकार।

*** पी–डीएच. शोध छात्र, शिक्षा विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)।**

3. शैक्षिक रूप से विशिष्ट आवश्यकता वाले बालक– अधिगम अक्षमता, पिछड़े बालक।
4. सामाजिक रूप से विशिष्ट आवश्यकता वाले बालक– समस्यात्मक बालक, वंचित समूह, किशोर अपराधी, कुसमायोजित।



विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की रुचि, योग्यता, चिंतन, भाषा–विकास, इच्छाएं, मूल–प्रवृत्ति सामान्य बालकों की तरह ही होती हैं। वो सामान्य बालकों से भिन्न नहीं होते वरन् उनकी आवश्यकताएं भिन्न होती हैं। वैयक्तिक भिन्नता के कारण ही प्रत्येक बालक की अपनी क्षमता होती है और उनकी क्षमता की पहचान करना शिक्षक की ज़िम्मेदारी है।

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (2000) :– राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) ने सन् 2000 में विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रकाशित की, जिसमें समावेशी विद्यालय को मंजूरी दी गयी। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (2000) ने माना कि प्रथककरण की नीति न तो विशिष्ट आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है और न ही सामान्य विद्यार्थियों के लिए। इसलिए विशिष्ट आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को समावेशी विद्यालयों में पढ़ाया जाए, जो कम खर्चीला एवं प्रभावी होता है।

पूर्व में विकलांगता को सिर्फ चिकित्सा संबंधी समस्या ही समझा जाता रहा लेकिन धीरे–धीरे समय के साथ महान कवि मिल्टन, सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक हॉकिन्स जैसे विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों द्वारा जिस तरह से सफलता के नए मुकाम हासिल किए गए, उन्होंने समाज की विकलांगता संबंधी उक्त धारणा में बदलाव लाने का काम किया। इसका कुछ प्रतिबिंबन पाठ्यचर्या 2000 में भी मिलता है। इस दस्तावेज़ ने विशेष आवश्यकता वाले सभी विद्यार्थियों के वैयक्तिक भिन्नता के सिद्धांत व्यक्तिगत शिक्षण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए कहा गया है कि पाठ्यचर्या योजना के अंतर्गत कक्षा–सेवाएं, विशेष सहायता सेवाएं, सेवाकर्मी और पाठ्यचर्यागत गतिविधियों के मध्य अन्तर्सम्बन्ध स्थापित किया जाना चाहिए, जो विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए प्रभावी कार्यक्रमों को सृजित करने की सिफारिश करता है। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के लिए व्यक्तिगत अभिरुचि, उपर्युक्त शिक्षण विधि एवं माता–पिता को भागीदारी को महत्त्वपूर्ण कारक मानता है। स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा ने सामग्री, प्रस्तुति की रणनीतियों में उचित संशोधन करके, शिक्षकों को तैयार करने और सीखने के अनुकूल शिक्षण प्रक्रियाओं को विकसित करके विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों के लिए समावेशी स्कूलों की सिफारिश की है।

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (2005) :– राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सावर्जनिक स्थल के रूप में विद्यालयों में समानता, सामाजिक विविधता और बहुलता के प्रति सम्मान एवं बालकों के अधिकारों के प्रति सजगता का बोध होना चाहिए। इसका मुख्य उद्देश्य जीवन एवं ज्ञान के मध्य की दूरी को कम करना था। इस प्रक्रिया में बच्चों के विद्यालय जीवन को बाहरी जीवन से जोड़ना चाहिए। पाठ्यचर्या 2005 भी समावेशी एवं अर्थपूर्ण शिक्षा को पाठ्यचर्या विकास का एक समसामयिक सरोकार मानती है। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए एनसीईआरटी फोकस ग्रुप द्वारा निर्मित आधार–पत्रा 2005

मानता है कि समावेशी पाठ्यचर्या, सामाजिक न्याय तथा शिक्षा में भागीदारी के सिद्धान्त पर चलते हुए लैंगिक, नृजातीयता, स्थानीय समूह, समाजिक–आर्थिक स्थिति, समर्थता एवं 'विकलांगता' के आधार पर विषमतामूलक न होकर सभी को शैक्षिक अनुभव देने की संभावना वाला होगा। अतः ऐसी पाठ्यचर्या बनाए जाने बल दिया गया है जो विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी सहित सभी के लिए प्रासंगिक हो।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने समान अवसरों के मुद्दों को संबोधित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005) तैयार की थी। राज्यों ने बाद में इन पाठ्यचर्या संबंधी दिशा–निर्देशों को अपनाया या अपनाया है, ताकि वे अपनी विस्तृत पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्य सामग्री को विकसित कर सकें। विशिष्ट आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम कि रूपरेखा के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु इस प्रकार हैं –

- पाठ्यक्रम का निर्माण सभी विद्यार्थियों कि आवश्यकता को केंद्र में रखते हुए करना चाहिए। शिक्षण–अधिगम द्वारा सभी विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रयास किया जाना चाहिए। विशिष्ट आवश्यता वाले विद्यार्थियों के अधिगम हेतु शिक्षकों द्वारा विभिन्न रणनीतियों का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे पाठ्यक्रम का निर्माण के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है।
- शिक्षकों को विद्यार्थियों कि व्यक्तिगत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कक्षा कक्ष की गतिविधियों का संचालन करना चाहिए। पाठ्यक्रम से पता चलता है कि कक्षा की कार्यवाही को समृद्ध करने के लिए सभी विद्यार्थियों को कक्षा की योजना में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए।
- खेल के मैदान, शिक्षण उपकरण और स्कूल के नियमों में कुछ सरल अनुकूलन सभी बच्चों को शिक्षा सुलभ बनाने के लिए किए जा सकते हैं।
- अलग–अलग सीखने की क्षमता वाले विद्यार्थियों को उनकी जरूरतों के आधार पर विभिन्न विकल्पों जैसे साइन लैंग्वेज, ब्रेल... इत्यादि के साथ शिक्षण प्रदान करना चाहिए।
- सभी विद्यार्थियों की सीखने की शैली अलग–अलग होती है, इसलिए सभी विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकतानुसार सीखने का अनुभव प्रदान करना चाहिए।

उपरोक्त विवरण यह मानने का पर्याप्त आधार देता है कि पाठ्यचर्या 2005 विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को लेकर संजीदा है। उपरोक्त विवरणों के आधार पर यह वैध अपेक्षा की जा सकती है कि जब पाठ्यचर्या 2000 एवं 2005 के आधार पर पाठ्यपुस्तकें बन रही हों तो उनमें यह ध्यान रखा जाए कि वे विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को लेकर समावेशी रुख़ का प्रदर्शन करें।

इस प्रकार स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय शिक्षा प्रणाली विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की पहुँच को सामान्य विद्यालयों में सुनिश्चित करने हेतु ऊर्ध्वगामी दिशा में विकास किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968), एकीकृत शिक्षा (1974), नई शिक्षा नीति (1986), आपरेशन ब्लैक बोर्ड (1987), साक्षरता अभियान (जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम 1995, सर्वशिक्षा अभियान 2001, राष्ट्रीय साक्षारता मिशन 2009) संविधान के 86वें संशोधन (मौलिक अधिकार) एवं निःशुल्क, अनिवार्य शिक्षा के अधिकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) आदि के प्रयासो के प्रयासों के परिणाम स्वरूप भारत में प्रारंभिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा, में शिक्षक संस्थाओं तक विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की पहुँच को सुनिश्चित करने और समता मूलक शिक्षा के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया गया।

किसी भी समाज के भविष्य का निर्धारण उसकी वर्तमान शिक्षा पद्धति की प्रासंगिकता पर केंद्रित होता है। समावेशी शिक्षा की प्रासंगिकता का सबसे महत्वपूर्ण कारण समानता का सामाजिक मूल्य है। कई शोधों से ज्ञात होता है कि समावेशी शिक्षा का प्रभाव दूरगामी होता है। समावेशी शिक्षा हाल ही में भारतीय शिक्षण–अधिगम प्रणाली से जुड़ा है। समावेशी शिक्षा के संप्रेषण माड्यूल के जरिये चलाये जा रहे सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, मूल्यांकन के अधिकांश पैमाने पर खरा उतरा है। इसके अधिकांश प्रशिक्षण माड्यूल गुणवत्तापूर्ण हैं। आवश्यक है केवल इसके क्रियान्वित रणनीतियों में सुधार लाने की जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक बेहतर बनाया जा सके (संजीव, के. और सिंह एस. पी. 2008)। इस बात के

अनेकानेक प्रमाण हैं कि विकलांगता अयोग्यता की निशानी नहीं है। आज अनेक क्षेत्रों एवं प्रतियोगिताओं में विकलांग व्यक्तियों ने जो प्रदर्शन कर दिखाया है, वह सामान्य व्यक्तियों की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है (कुमार, एस. (2017)।

निष्कर्ष :– समावेशी शिक्षा विभिन्न आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों की शिक्षा प्रक्रिया के रूप में अपनी अनिवर्यता को सुनिश्चित करती है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया उपक्रम है और जिसमें विकलांग बच्चों को गैर–विकलांग बच्चों के साथ शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। किसी भी समाज के भविष्य का निर्धारण उसकी वर्तमान शिक्षा पद्धति की प्रासंगिकता पर केंद्रित होता है। समावेशी शिक्षा की प्रासंगिकता का सबसे महत्वपूर्ण कारण समानता का सामाजिक मूल्य है। यह एक ही कक्षा में सभी बच्चों की जरूरतों को पूरा करते हुए रेखांकित करता है कि सभी बच्चे समान हैं और उनकी योग्यता या अक्षमता की परवाह किए बिना उन्हें शिक्षा प्रदान की जाए। इस प्रकार समावेशी शिक्षा विभिन्न आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों की शिक्षा प्रक्रिया के रूप में अपनी अनिवर्यता को सुनिश्चित करती है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया उपक्रम है और जिसमें विकलांग बच्चों को एक ही शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और शैक्षिक वातावरण में गैर–विकलांग साथियों के साथ शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। शिक्षक एक शिक्षा प्रणाली के आवश्यक स्तंभ हैं। यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे सभी शिक्षार्थियों को उनकी आवश्यकताओं का सम्मान करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता प्रदान करें।

संदर्भ–सूची :–

1. कुमार, एस. (2017). दिव्यांग बच्चों के प्रति शिक्षामित्रों का दृष्टिकोण. *परिप्रेक्ष्य,* राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा), 24 *(2).* 67–74।
2. कुमारी, आर. (2013) : *विकलांगता विशेषांक, योजना,* अप्रैल, 04 (57), नई दिल्ली, 05।
3. शुक्ला, एस. के. (2015). सामान्य एवं अस्थि विकलांग विद्यार्थियों के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन परिप्रेक्ष्य राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा), 22 *(2).* 91–102।
4. संजीव, के. और सिंह एस. पी. (2008) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवाकालीन प्रशिक्षण पा रहे स्कूली शिक्षकों के समावेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन. परिप्रेक्ष्य राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा), 15*(3).* 75–80।
5. सिंह, ए. के. (2008). भारत में समावेशित शिक्षा का स्वरूप. *परिप्रेक्ष्य,* राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा), 15*(1).* 81–86।
6. National Curriculum Framework for School Education, NCERT, 2005. http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf.
7. National Curriculum Framework for School Education, NCERT, 2000 http://www.ncert.nic.in/html/pdf/schoolcurriculum/ncfsc/ncfsc.pdf.

महादेवी के काव्य की प्रणय चेतना
(संयोग पक्ष के संदर्भ में)

चिन्मयी मिश्र*

सारांश :– अपने समस्त काव्य में प्रिय–प्रिय की रट लगानेवाली महादेवी वर्मा की प्रणय चेतना का संयोग पक्ष अँधेरे के घेरे में है। यहाँ प्रणय है किंतु संयोग पक्ष धूमिल है। संयोग पक्ष की लगभग सारी पहलुओं पर जैसे प्रणयानुभूति, पुलक, बेचैनी, रोमांच, प्रेमाश्रु, हर्ष, स्वप्न, आलिंगन, चुम्बन आदि की परोक्ष चर्चाएँ (प्रकृति एवं कल्पना के माध्यम से) खुब की गई है। लेकिन प्रत्यक्ष वर्णन कहीं पर भी नहीं है। यदि संयोग पक्ष के बिना प्रणय संम्भव है, तब परोक्ष रूप में भी उसकी चर्चा ही क्यों है ? पुनश्च जो प्रिय 'स्मृति बन कर मानस में, खटका करते हैं निशिदिन', ऐसे प्रेमी से कवयित्री सवाल करती है कि 'कौन तुम मेरे हृदय में ?'। जिससे परिचय नहीं है उसकी स्मृति मन में कैसे आ सकती है ? फिर प्रियतम से उनका मिलन कब होगा वह नहीं जानती है और असंतोष व्यक्त करती है कि उसने प्रलय के साथ प्रेम –सम्पर्क जोडा है। उनकी प्रणयानुभूति के अनुसार सबसे पहले प्रणय निवेदन उनके प्रियतम की तरफ से हुआ था और बाद में उनके प्रति महादेवी जी का आकर्षण पनपने लगा। इस संदर्भ में ज्यादातर आलोचक मतव्यक्त करते हैं कि उनका प्रणय ईश्वर से था। धार्मिक दृष्टि से देखे तो वे हिंदू धर्म को माननेवाली थीं। हिंदू धर्म के शास्त्र, पुराणों तथा इतिहास की आलोचना करें तो मिलेगा ईश्वर को पाने के लिये गोपी–भावना और भक्ति जरूरी है। ईश्वर से प्रेम करनेवाली प्रेयसी हमेशा प्रणय निवेदन सबसे पहले खुद करती है। पार्वती जी, सीता जी,राधाजी, मीरा जी इन सब के मन में सबसे पहलेअपने प्रेमी के प्रति प्रेम का संचार हुआ था। कहीं पर ईश्वर की तरफ से प्रणय–निवेदन पहले होने की नजर नहीं मिलती है। लेकिन यहाँ गँगा जी उल्टी बह रही है। एक इंसान यदि ईश्वर से प्रेम करे, यह तो धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से ग्राह्य है। किस डर से उनके नाम को छुपाया जा रहा है ? छायावाद का अन्यतम स्तम्भ माने जानेवाली महादेवी, जिन्होंने अपने वाद को प्रतिष्ठित करने के लिए अपने सारे काव्य की भूमिकाओं में लम्बे–लम्बे स्पष्टिकरण दिये हैं; अपनी प्रणय चेतना के संयोग पक्ष में 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' तो नहीं कर रही हैं ? फिर 'छिपाये से फिरते क्यों आज, किसी मधुमय पीडा का न्यास', अथवा 'मैं कण–कण में डाल रही अलि आँसू के मिस प्यार किसी का' जैसे वक्तव्य उनकी कथनी और करनी में अंतर तो नहीं बना रही है ?)

मूल शब्द :– महादेवी, काव्य, प्रणय चेतना, संयोग पक्ष, हिन्दी।

प्रस्तावना :– प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री तथा 'छायावाद' की प्रतिबद्धताओं को प्रतिष्ठित करने में महत्वपुर्ण योगदान देनेवाली महादेवी वर्मा का जन्म 24 मार्च 1907 को फर्रुखावाद, उत्तरप्रदेश में हुआ था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी महादेवी को सबसे अधिक ख्याति अपनी कवि–प्रतिभा के लिए मिली। उनकी निम्नलिखित साहित्यिक कृतियाँ हैं– नीहार', 'रश्मि', 'नीरजा', 'सांध्यगीत', 'दीपशिखा', 'यामा', 'सप्तपर्णा', 'बँगदर्शन', 'हिमालय', 'संधिनी', 'आधुनिक कवि', 'मेरी प्रिय कविताएँ', 'अतीत के चलचित्र', 'स्मृति की रेखाएँ', 'श्रृंखला की कडियाँ', 'साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध', 'पथ के साथी', 'क्षणदा' 'मेरा परिवार', 'संम्भाषण', 'मेरे प्रिय संम्भाषण', 'संकल्पिता', 'मेरे प्रिय निबंध'।

अध्ययन क्षेत्र :– हिंदी साहित्य में महादेवी के काव्य की भिन्न– भिन्न पहलुओं पर संख्याधिक शोध कार्य हो चुके हैं जैसे महादेवी के काव्य में रहस्य–भावना, छायावाद, काव्य की भूमिका, सुधारवादी दृष्टिकोण, विरह वर्णन, प्रकृति चित्रण, उनके गद्य और काव्य की प्रवृत्यात्मक–विश्लेषण आदि। कवयित्री के काव्य की प्रणय चेतना के संयोग पक्ष पर कहीं–कुछ छिटपुट के उल्लेख तो मिल जाते हैं, लेकिन इस पर किसी शोधार्थी का शोधपरक लेख अब तक हमारी नजर के सामने नहीं आया है। सीमित कलेवर के दायरे में हम महादेवी की प्रणय चेतना के संयोग पक्ष के ऊपर अध्ययन प्रस्तुत करना चाहते हैं।

---

* **शोधार्थी, हिंन्दी विभाग, रेवेशॉ विश्वविद्यालय, कटक, ओडिशा** ।

'नीहार' की प्रथम कविता में अपने प्रिय के साथ साक्षात्कार का रोचक तथा भावपूर्ण प्रसंग सांकेतिक रूप से दिया गया है। प्रकृति में से दो उपादनों को कवयित्री लेती है। एक 'कली' दूसरा 'मधुमास'। यहाँ जैसे कली खुद कवयित्री हैं और मधुमास उनका प्रियतम हैं। जिस समय मधुमास कली से मधु का क्या मोल पूछता था उसी समय जीवन का संगीत सुनाने के लिये कवयित्री के पास उनका प्रिय आये थेः 'कली से कहता था मधुमास/बता दो मधु मधिरा का मोल, .../झटक जाता था पागल बात/धूलि में तुहिन कणों के हार,/सिखाने जीवन का संगीत/तभी तुम आये थे इस पार।'[1] महदेवी के प्रणय का सूर्योदय तब शुरु होता है जब उनका प्रेमी (जिनका खुलासा उन्होंने नहीं किया है) प्रणय का सुनहला प्याला उन्हें सौंप जाता है। यहाँ प्रणय– निवेदन सबसे पहले प्रियतम की तरफ से होता है। उस अज्ञात प्रियतम के प्रणय–निवेदन को स्वीकारती हुई कवयित्री उषा की लालिमा को सिंदुर बना कर अपनी माँग में पहन लेती हैं अर्थात उनको अपने पति के रूप में स्वीकार कर लेती हैः 'ढुलकते आँसू सा सुकुमार/बिखरते सपनों का अज्ञात,/चुराकर उषा का सिंदुर/मुस्कराया जब मेरा प्रात,/छिपाकर लाली में चुपचाप/सुनहला प्याला लाया कौन ?'[2] जैसे जनक जी की बाटिका में पहली बार राम जी का दर्शन कर लेने के बाद सीताजी में भावांतर पैदा हो रहे थे, प्रणय की शुरुआती दौर में उसी प्रकार की स्थिति महादेवी की हो गई है। प्रिय के दर्शनजनित भावनाओं की वजह से आँख में श्रवण की शक्ति आ गई है और कान में देखने की शक्ति। इंद्रियों की इस प्रकार शक्ति में इजाफा होना केवल प्रेम के ही कारण सम्भव हो सका है। उसके साथ–साथ शरीर में रोमांच भी पैदा हो रहे थेः 'नयन श्रवणमय श्रवण नयनमय आज हो रहे कैसी उलझन/रोम– रोम में होता री सखी एक नया उर का सा स्पन्दन।'[3] अब तक जिन भावों का प्रकाश कवयित्री ने नहीं किया था उन्हें सार्वजनिन कर देने की वासना मन में आती है–'गा गा उठते चिर मूक भाव'–यामा–पृ०– 72। यहाँ कवयित्री प्रगल्भ बन जाती हैं। यह प्रेम के संयोग–पक्ष की उद्दामता है जो कवयित्री को प्रगल्भ बन जाने को मजबूर बना देती है। प्रियतम से सम्बन्धित इतनी सारी भावनायें पनप रही हैं कि उन्हें जब तक दूसरों से नहीं बताती हैं, तब तक कवयित्री को चैन नहीं मिलता है। अपने काव्य में कोयल से केवल प्रिय का नाम सुनना महादेवी जी चाहती हैः 'प्राणपिक प्रिय–नाम रे कह'4। प्रिय, अलि, पाहुन, तुम, उनके' आदि सम्भाषणों को असंख्य बार अपने प्रियपात्र के लिए महादेवी लगाती हैं। प्रियपात्र से मिलन के लिए तडपती हैं। अपने हृदय में प्रियपात्र को महसूस करके सवाल पुछ रही हैं कि 'कौन तुम मेरे हृदय में ?'[5]। फिर प्रियपात्र को पाने की उत्कण्ठा जब चरम सीमा में पहुँच जाती है तब व्याकुलता के साथ सवाल करती हैं– 'अलि कैसे उनको पाऊँ ?'[6]।

1– बेचैनी :– जो प्रेयसी अपने प्रिय के स्नेहसिक्त नयन को हमेशा देखना चाहती है, प्रिय से पल भर का विच्छेद भला वह कैसे बरदास्त कर सकेगी ? छोटी से छोटी वाधा जो उसको प्रिय के दर्शन से वंचित करे, उसकी बेचैनी की वजह बन जाती है। आकाश के सितारें उसकी बेचैनी का कारण बन रहे हैं क्योंकि उनकी वजह से रात में आलोक फैलता है जो उसके प्रिय को पसंद नहीं है । इसलिये वह सितारों से विनती कर रही हैं कि वे पल भर के लिए बुझ जायें ताकि कवयित्री को आसानी से प्रियतम का दर्शन हो जाये– 'करुणामय को भाता है/तम के परदों में आना/हे नभ के दीपावलियो !/तुम पल भर को बुझ जाना।'[7]

2– संयोग–स्मृति :– प्रिय की अनुपस्थिति में प्रेयसी को संयोग–स्मृतियाँ तड़पाती हैं । महादेवी ने संयोग–स्मृति को 'सुप्त व्यथाओं का उन्मीलन' कहा है[8] । जो बीच–बीच में आकर कवयित्री के ध्यान को प्रियतम की तरफ आकर्षित करती हैं। कवयित्री का तर्क यह है कि उनका प्रिय खुद स्मृतियों के रूप में आते हैं और उसे तडपाते हैं। आजकल तो क्या रात क्या दिन वे स्मृतियों के रूप में कवयित्री को तडपाते रहते हैंः 'वे स्मृति बन कर मानस में/खटका करते हैं निशिदिन/उनकी इस निष्ठुरता को /जिसमें मैं भूल न पाऊँ !'[9] अतः कवयित्री का प्रियतम खुद स्मृति के रूप में आते हैं और अपनी प्रेयसी को तडपाते हैं।

3– पुलक :– प्रियतम का दीदार तो दूर की बात है, प्रिय की पद–चाप सुनकर महादेवी इतनी खुश हो जाती हैं कि उन्हें लगता है उनके प्रियतम के आने के प्रभाव से सारी पृथ्वी पर खुशियां छा जाती है। नदियों के उर में सिहरण पैदा होते हैं। कलियाँ खिल उठती हैं और उनमें मकरंद भर जाते हैं। आनंद के मारे समय मचल–मचल कर आता है। सारी अवनी पुलकित हो उठती हैः 'सिहर–सिहर उठता सरिता–उर/खुल–खुल पडते सुमन सुधा–भर/मचल–मचल आते पल फिर–फिर/सुन प्रिय की पद–चाप हो गयी/पुलकित यह अवनी।'[10]

अतः महादेवी का पुलक अपने प्रियतम से सम्बंन्धित है। किसी भी तरीके से प्रियतम के आने की सूचना से वह पुलकित हो उठती है।

4– प्रेयसी का प्रणय निवेदन :– महादेवी का प्रणय निवेदन भाषिक नहीं है, अपितु वह आंगिक है। अपने प्रियतम को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए वह अभिनव श्रृंगार की रचना करती है। इसके लिए प्रकृति के उपादानों का सहारा वह लेती है। सुंदर, मनमोहक रूप–विन्यास के साथ वह प्रियतम के सामने खडी हो जाती है ताकि प्रियतम उस पर लट्टु हो जायेः 'शशि के दर्पण में देख–देख/मैंने सुलझाये तिमिर–केश/गूँथे चुन तारक–पारिजात/अवगुण्ठन कर किरणें–अशेष/क्यों आज रिझा पाया उसको/मेरा अभिनव श्रृंगार नहीं ?'[11] यह प्रेयसी का परोक्ष प्रेम–निवेदन है। जब आंगिक प्रणय निवेदन करके निराश हो जाती है तब घनानंद की काव्य– प्रेयसी की भाँति वह अपने प्रियतम को हिदायत तक दे देती है कि : 'फिरता अलि भूल कहाँ भटका, यह प्रेम के देश की राह नहीं।'[12]

5– आँसू :– संयोगं पक्ष में भी आँसू देखे जाते हैं। लेकिन यह आँसू आनंद के होते हैं। प्रेयसी का हृदय कोमल होता है। प्रिय की हँसी–मजाक कभी– कभी उसे रुला देती है। छोटी–छोटी बात पर वह भावुक बन जाती हैः 'मैं फूलों में रोती वे/बालारुण में मुस्काते/मैं पथ में बिछ जाती हूँ/वे सौरभ में उड जाते।'[13] यहाँ प्रेयसी जानती है कि उसका प्रेमी उसके आसपास हैं और सबकुछ जान बुझ कर उसके साथ मजाक कर रहे हैं फिर भी प्रेयसी की रुलाई दर्शाती है कि ये अभिमान से निकले हुए आनंद मिश्रित आँसू हैं।

6–प्रलाप :– मन में छुपे भावों का उदविघ्नता के साथ असलग्न तथा अवास्तव परिप्रकाश ही प्रलाप है। यह कल्पना से प्रसूत होता है। मन की कमजोरी की अवस्था में ये भाव उद्दिप्त बन प्रलाप का रूप ले लेते हैं। प्रिय के अवर्त्तमान में प्रेयसी प्रलाप करती है कि यदि उसका प्रिय अब आ जाते तो उसके आद्र नयन हँस उठते, जीवन में वसंत छा जाता एवं मन के सारे विराग दूर हो जाते : 'जो तुम आ जाते एक बार ..../ हँस उठते पल में आद्र नयन/..../छा जाता जीवन में वसंत/लुट जाता चिर संचित विराग।'[14] फिर कभी पुरानी स्मृतियों को याद करके प्रलाप करती है कि 'किस पर रिझूँ किस से रूठूँ'।[15]

7–रोमांच :– प्रिय के आगमन के आभास मात्र से कवयित्री के रोंगटे खडे हो जाते हैं। हृदय पुलकित हो उठता है। आँखों में नींद नहीं आती है। कोयल की पँचम तान सुनने से मन उन्मना बन जाता है। सेज को फूलों से सजाने का मन करता है। आनंद के आधिक्य से आँखें भर आती हैं : 'पुलक–पुलक उर/ सिहर सिहर मन/आज नयन आते क्यों भर–भर।'[16] हृदय में प्रेम– भावनाएँ ढाँवा–ढोल मचा रही है तो शरीर पर उसका प्रभाव पडना सुनिश्चित है। प्रेम से शरीर पर पडनेवाले प्रभाव को रोकने की कोशिश की जाय तो वह व्यर्थ ही जाता है। प्रिय से मिलने की उत्कण्ठा से तथा उनकी स्मृतियों से आँखें सजल हो आती हैं; रोगटें खडे हो जाते हैं; साँसें रफ्तार पकड लेती हैंः 'घेरे लोचन बाँधे स्पंदन/रोमों से उलझाये बंधन।'[17] अतः किसी न किसी रूप में प्रियतम की सुधी आने से कवयित्री में रोमांच दीखता है।

8–हर्ष :– हर्ष को लेकर कवयित्री की धारणा कुछ अलग प्रकार की है। लगता है यह धारणा उन्हें बौद्ध दर्शन से मिली हो। उनका कहना है कि जिसका पतन अवस्म्भावी है वह इस दुनियाँ में क्यों हँसे ? फूल मुरझा जाता है; अतः उसे हँसना नहीं चाहिये। सितारें बुझ जाते हैं; अतः उन्हें जगमगाना नहीं चाहिये। नीहार में कवयित्री ने लिखा हैः 'वे मुस्काते फूल नहीं–/जिनको आता है मुरझाना,/वे तारों के दीप नहीं/जिनको भाता है बुझ जाना।'[18] इस धारणा से शायद महादेवी ने हर्ष की चर्चा की ही नहीं। लेकिन अपने प्रियतम की अनुपस्थिति में उनकी सोच में डूबी महादेवी बौद्ध–दर्शन से बाहर निकल आती है और बोलती है यदि प्रिय इस वक्त आ जायेंगे तब पल भर में उनकी सजीली आँखें हँसने लगेगीं : 'हँस उठते पल भर में आद्र नयन/धुल जाता ओंठों से विषाद ।'[19] अतः उनको प्रियतम की उपस्थिति से पल भर में खुशी मिलेगी जिसकी झाँकी उनकी आँखों में हँसी के रूप में निखरेगी। यह तो विरोधाभास है। मिलन के बाद विरह अवश्य आता है। थोडे ही समय के लिये क्यों न हो; अब तो महादेवी विरह में है। इसे भुगते हुए हँसी के आ जाने की चर्चा कैसे कर सकती हैं ? लगता है महादेवी के विचार कुछ है; परंतु उनकी भावनाएँ अलग प्रकार की हैं। वे कुछ छुपा रही है। उनकी हँसी प्रियतम पर अवलम्बित है ; इसमें दो राय नहीं है।

9– मोह :– अपने को अखण्ड सुहागिनी माननेवाली महादेवी में अपने प्रिय के प्रति इतनी आसक्ति है कि उनके क्षण भर का वियोग सहन नहीं कर सकती है क्योंकि वे खुद को उनसे अलग नहीं मानती हैं। भले ही

दोनों का शरीर भिन्न हो, वे दोनों मानसिक स्तर पर एक हैं। महादेवी एक विकल बुलबुल है जो अपने हृदय में प्रिय के प्रति कोमल–भावनाएँ छुपाये हुए चलती हैं और उनका इंतजार भी करती हैं : 'फूल को उर में छिपाये विकल बुलबुल हूँ/एक होकर दूर तन से छाँह वह चल हूँ/दूर तुमसे हूँ अखण्ड सुहागिनि हूँ।'[20] यहाँ कवयित्री बोलती है कि प्रिय से वे अलग नहीं हैं। मानसिक स्तर पर वे दोनों समान हैं। लगता है केवल प्रियतम से अत्यधिक मोह के कारण महादेवी जी ऐसा कह रही हैं। नहीं तो हर काव्य में प्रिय के विरह में इतना क्यों तडपतीं ? 'नीरजा' की चालिसवीं कविता में क्यों बोलती 'तुम मुझमें अपना सुख देखो, मैं तुममें अपना दुःख प्रियतम।'[21] यहाँ दोनों की मानसिकता में विरोध क्यों ? दोनों को या तो सुख, नहीं तो दु;ख देखना चाहिये था। अतः स्पष्ट है कि प्रियतम से अत्यधिक मोह के कारण महादेवी कभी– कभी उनसे अपने को अलग नहीं मानती हैं।

10– प्रेयसी की प्रणयानुभूति :– प्रेयसी महदेवी की अंसख्य प्रणयानुभूतियाँ हैं। उनके अनुसार प्रेम का पुर्वाभास सबसे पहले उसके प्रेमी से शुरू हुआ था। उसका प्रियतम महादेवी जी के अलक्षित में उसके पास आते हैं और सम्मोहन तान सुना के उसके हृदय में प्रेम का संचार करते हैं। कवयित्री का निरीह हृदय इस सम्मोहन तान के आकर्षण से फँस जाता है : 'अलक्षित आ किसने चुपचाप/सुना अपनी सम्मोहन तान/दिखाकर माया का सम्राज्य/बना डला इसको अज्ञान'।[22] 'नीरजा' में कवयित्री अनुभव करती हैं कि उनका प्रिय अलक्षित रूप में आकर उसके हृदय में आ बस गये हैं। जब उसका हृदय दुःखी बन जाता है वे उसमें मधुरता भर देते हैं ताकि दुःख को कवयित्री झेल सके। उसके प्रिय इतने सहृदय हैं कि जब कवयित्री की आँखें प्यासी बन जाती हैं तब आँसूं बन कर आँखों में घुमडते हैं और टपकते हैं भी। लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि जो प्रियतम उसके हृदय में बसने लगे हैं उसका परिचय महादेवी जी को नहीं है। इसलिये तो 'कौन तुम मेरे हृदय में ?' जानना चाहती हैः 'कौन तुम मेरे हृदय में/कौन मेरी कसक में नित/मधुरता भरता अलक्षित/कौन प्यासे लोचनों में/घुमड घिर झरता अपरिचित।'[23] चुँकि कवयित्री ने कहीं भी अपने प्रिय के परिचय का खुलास नहीं किया है, इसलिये उनका प्रिय 'रहस्य' के घेरे में रह जाते हैं। चाहे कवयित्री का प्रिय इंसान हो या ईश्वर, उनके साथ कवयित्री का प्रणय तो है, भक्ति नहीं। यह उनके काव्य के अधिकांश वर्णनों से स्पष्ट महसूस हो जाता है। उन्होंने जो लिखा है कि प्रेम की शुरुआत उसके प्रिय से सबसे पहले हुई थी, यह कभी भी सम्भव नहीं हो सकता यदि उसका प्रिय ईश्वर हो तो। भक्ति में भक्त की तडप सबसे पहले ईश्वर को पाने के लिये खुल कर सामने आती है। ईश्वर बाद में मिलते हैं। लेकिन प्रणय में किसी की तरफ से प्रेम की शुरुआत हो सकती है।

11– आलिंगन :– संयोग पक्ष का एक बलिष्ठ विभाव है आलिंगन। इससे प्रेमी हृदय का चरम–परिप्रकाश होता है। प्रेयसी होने के नाते कवयित्री भी इससे अछुती नहीं रही। पहले कहा जा चुका है कि कवयित्री का मिलन अपने प्रियतम से कभी स्वप्न से तो कभी कल्पना से होता है। इसमें कल्पना का आधिक्य है। यहाँ तक कि प्रेयसी को पता तक नहीं है कि उसका प्रेमी कौन है ? ऐसे अनजान प्रेमिक से आलिंगन केवल कल्पना से ही सम्भव हो सकता है। अतः परोक्ष रूप से प्रकृति के माध्यम से कवयित्री ने आलिंगन का चित्रण किया है। इसकी संख्या भी कम है। कवयित्री के प्रेमी चाँद की चंचल किरणों के बहाने उसके सामने मन को लुभानेवाले नृत्य पेश करते हैं और फिर किरणों के कर से उसे बाहु–बंधन से समेट लेते हैं और इस प्रकार प्रेयसी में प्रेम का उजागर करना चाहता हैः 'लोल तरंगों के तालों पर/करती बेसुध लास,/फैलाती तम के रहस्य पर/आलिंगन का पाश।'[24] प्रकृति के माध्यम से आलिंगन का चित्र देकर कवयित्री ने परोक्ष रूप से अपने प्रेयसी–हृदय के मनोभाव का परिप्रकाश किया है।

12– चुम्बन :– प्रणय की प्रचेष्टाओं में चुम्बन एक घटक है जो प्रेमियों के बीच की अत्यधिक आसक्ति को दर्शाता है। आलिंगन की तरह चुम्बन का परोक्ष चित्रण प्रकृति के माध्यम से कवयित्री ने किया है। साँझ होते ही शून्य–आकाश में अँन्धकार की कालिमा छाने लगती है। कवयित्री बोलती है कि अत्यधिक आसक्ति के कारण प्रेयसी कालिमा अपने प्रेमी शून्य–आकाश को चुम्बन देती है। इस चुम्बन का असर भी अनोखा होता है। प्रेमी के मन में प्रणयासक्ति की कोमल भावनाएँ झनझना उठती हैं जिसका परिप्रकाश असंख्य उज्वल सितारों के जल उठने से होता है। लेकिन भोर होते ही सूर्य की रोशनी से इन सितारों का नाम–निशान तक नहीं रहता है। कवयित्री सवाल करती है कि सूर्य की किरणों का इस प्रकार किसी की कोमल–भावनाओं के उदगारों को मिटा देना कहाँ तक उचित है ?– 'शून्य नभ में तम का चुम्बन/जला देता असंख्य

उडुगण/बुझा क्यों उनको जाती मूक,/भोर की उजियाले की फूँक ?'[25] यहाँ भोर की रोशनी ही सांसारिकता है जो प्रणय की कोमल भावनाओं को मिटा देती है।

13– मिलन :– प्रेमियों के लिए सबसे महार्घ मुहूर्त मिलन का समय होता है जिसको पाने की कामना उन्हें हमेशा रहती है। प्रेम का यह चरम परिप्रकाश है। ऐसे तो महादेवी ने प्रकृति के माध्यम से मिलन के बहुत सारे चित्र दिये हैं : जैसे–' क्या नहा आई विरह –निशि, मिलन मधु– दिन के उदय में' (नीरजा–पृ०– 10), 'स्निग्ध चितवन प्राणदा ले, चिर मिलन हेतु चिर विदा ले।' (दीपशिखा दृपृ०– 74) आदि । लेकिन चूँकि ऐसे मिलन में वास्तविकता नहीं है, कल्पना है, कवयित्री को अवशोष के साथ कहना पडता है कि : 'मैंने हँस प्रलय से बाँध/तरणी छोड दी मँझधार/तुमसे पर न पूछा लौट/अब होगा मिलन किस कूल ?'[26] अतः महादेवी का प्रियतम से मिलन काल्पनिक है। वास्तविक होता तो वे प्रलय से प्रणय करने की बात क्यों करती एवं 'मिलन किस कूल होगा' का सवाल क्यों आता ?

निष्कर्ष :– **1.** महादेवी ने प्रणय चेतना के संयोग पक्ष की सारी पहलुओं का परोक्ष वर्णन किया है। **2.** अपने प्रियतम का खुलासा कहीं पर भी नहीं किया है। **3.** प्रणय निवेदन सबसे पहले उसके प्रिय की तरफ से होता है। **4.** उसका प्रिय कभी आँसू बन कर उससे दूर चले जाने की कोशिश कर रहे हैं तो कभी स्मृति बन कर उसके मन को पीडा पहुँचाते हैं। **5.** वह नहीं जानती है कि उसके प्रिय के साथ उसका मिलन कब होगा ? **6.** 'मिलन का नाम मत ले मैं विरह में चिर हूँ' (सन्धिनी– पृ०– 92) बताने वाली महादेवी, प्रिय से मिलन न हो पाने को लेकर असन्तोष व्यक्त करते हुए क्यों बोलती है कि मैंने प्रलय के साथ सम्बंध जोडा है (दीप शिख–पृ०– 91। संयोग पक्ष के संदर्भ में लगता है महादेवी की कथनी और करनी में अंतर है। वे कुछ छुपाने की कोशिश करती हैं।

संदर्भ–सूची :–

1. यामा–महादेवी वर्मा– लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, सं. 2012, पृ0– 1–2।
2. नीहार–महादेवी वर्मा– पृ0– 18।
3. यामा–पृ०–183।
4. यामा–पृ0–77।
5. यामा–पृ0–59।
6. यामा–पृ0–45।
7. नीहर–(यामा) महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद,–पृ०–13।
8. रश्मि –(यामा) महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2012–पृ०–34 ।
9. रश्मि–पृ०– 46।
10. नीरजा –(यामा) महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2014–पृ०– 03।
11. सांध्यगीत– महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2011–पृ०–26।
12. सन्धिनी–महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2012–पृ०–49।
13. सन्धिनी– पृ०–32।
14. सन्धिनी–पृ०–36।
15. यामा–पृ०–73।
16. नीरजा–पृ०–5।
17. दीपशिखा–महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2013–पृ०–87।
18. यामा (नीहार)– पृ०–06।
19. यामा (नीहार)– पृ०–24।
20. संधिनी–पृ०–67।
21. यामा (नीरजा) पृ०–73।
22. यामा (नीहार)–पृ०–17।
23. नीरजा–महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2014–9।
24. आत्मिका–महदेवी वर्मा– राजपाल एण्ड संन्ज, सं० 2015, पृ०– 14।
25. संधिनी–महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2012–पृ०–40।
26. दीपशिखा–महादेवी वर्मा–लोकभारती प्रकाशन– इलाहाबाद, 2013–पृ०–91।

भारत में इच्छामृत्यु का विश्लेषणात्मक अध्ययन

वैभव भण्डारी*

इच्छा–मृत्यु अर्थात यूथनेशिया (Euthanasia) मूलतः ग्रीक (यूनानी) शब्द है। जिसका अर्थ Eu = अच्छी, Thanatos= मृत्यु होता है। यूथेनेसिया, इच्छा–मृत्यु या मर्सी किलिंग (दया मृत्यु) पर दुनियाभर में बहस जारी है। इस मुद्दे से कानूनी के अलावा मेडिकल और सामाजिक पहलू भी जुड़े हुए हैं। यह पेचीदा और संवेदनशील मुद्दा माना जाता है। दुनियाभर में इच्छा–मृत्यु की इजाजत देने की मांग बढ़ी है। मेडिकल साइंस में इच्छा–मृत्यु यानी किसी की मदद से आत्महत्या और सहज मृत्यु या बिना कष्ट के मृत्यु प्राप्त करना, इसके व्यापक अर्थ हैं। क्लिनिकल दशाओं के मुताबिक इसे परिभाषित किया जाता है।

इच्छा मृत्यु सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकार से जुड़ा है। इस पर दुनियाभर में आज भी बहस चल रही है। इसे मान्यता देना चाहिए अथवा नहीं। इसका सामाजिक और मेडिकल पक्ष दोनों ही महत्वपूर्ण है। बीमार व्यक्तियों के लिए इच्छा–मृत्यु बिना कष्ट के मरने के अधिकार की मांग उठती रही है। संसार के कुछ देशों में मरीज की मंजूरी के बाद ऐसी दवाइयां दी जाती हैं, जिससे मरीज की मौत हो जाए, परंतु भारत में इसे मान्यता नहीं है। मरीज की मृत्यु के लिए इलाज बंद कर देना या जीवनरक्षक प्रणाली को हटाना, संसार के अधिकतर देशों में कानूनी रूप से मान्य है। 'एक्टिव यूथेनेशिया' और 'पैसिव यूथेनेशिया' इन दोनों ही शब्दों का प्रयोग 'इच्छामृत्यु' को इंगित करने हेतु किया जाता है।

- एक्टिव यूथेनेसिया : 'एक्टिव यूथेनेशिया' वह स्थिति है, जब इच्छामृत्यु मांगने वाले किसी व्यक्ति को इस कृत्य में सहायता प्रदान की जाती है, जैसे– जहरीला इंजेक्शन लगाना आदि।
- पैसिव यूथेनेसिया : वहीं 'पैसिव यूथेनेशिया' वह स्थिति है, जब इच्छामृत्यु के कृत्य में किसी प्रकार की कोई सहायता प्रदान नहीं की जाती।

एक वाक्य में कहें तो एक्टिव यूथेनेशिया वह है, जिसमें मरीज की मृत्यु के लिये सीधे तरीके से कुछ किया जाए, जैसे जहर का इंजेक्शन लगा कर आदि। जबकि पैसिव यूथेनेशिया वह है, जहाँ गंभीर रूप से बीमार हो या कई सालों से कोमा में हो और उसके बचने की संभावना बहुत ही कम हो उसका लाइफ सपोर्ट, जैसे वेंटिलेटर या फीडिंग ट्यूब हटा लिया जाए और उसे जानबूझकर मरने के लिए छोड़ दिया जाए। 'असिस्टेड सुसाइड' आत्महत्या के लिए मदद : पुर्व में हुई सहमति के आधार पर डॉक्टर मरीज को ऐसी दवाइयां देता है, जिन्हें खाकर आत्महत्या की जा सकती है। यह तरीका नीदरलैंड, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और अमेरिका के ओरेगन राज्य में वैद्य है।

वैश्विक स्तर पर इच्छामृत्यु

यूथेनेसिया आज विश्व में चर्चित विषय है। यह मृत्यु के अधिकार पर केंद्रित है। यूथेनेसिया समर्थक इसके लिए सम्मानजनक मौत की दलील देकर ऐसे व्यक्ति को मृत्यु का अधिकार देने के पक्ष में हैं, जो पीड़ाजनक असाध्य रोगों से पीड़ित है अथवा नाममात्र को जिंदा है।

अमेरिका में एक महिला टेरी शियाबो को वर्ष 1990 में दिल का दौरा पड़ा। उनका दिमाग सुन्न हो गया था और मौत आने तक सुन्न ही पड़ा गया। इस महिला की जीवन–मृत्यु को लेकर सात साल तक कानूनी लड़ाई चली। एक ओर उसके पति चाहते थे कि बीमार पत्नी कष्टपूर्ण जीवन से मुक्त हो और आराम से मृत्यु का वरण करे। वहीं दूसरी ओर, उसके पिता बेटी को जीवित रखना चाहते थे। पर पति के तर्क को अदालत ने सही माना। इसके बाद टेरी की नाक से लगाई गई आहार नली को हटा दिया गया।

विश्व में सर्वप्रथम वर्ष 1996 में ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी राज्य ने इच्छा मृत्यु का अधिकार प्रदान किया गया, किन्तु अगले ही वर्ष इस पर पुन रोक लगा दी गई । वर्ष 2014 में बेल्जियम ने अपने यहाँ असाध्य बीमारियों

*** शोधार्थी, 67, आदर्श नगर, पाली–मारवाड, राजस्थान।**

से ग्रस्त बच्चों तक के लिए इच्छा मृत्यु को वैध घोषित कर दिया, जिससे इच्छा मृत्यु चर्चित विषय बन गया।

- स्विट्जरलैंड में 'असिस्टेड सुसाइड' वैध है. लेकिन यूथेनेशिया नहीं. 'असिस्टेड सुसाइड' के लिए शर्त यह है कि इसके पीछे का इरादा ठीक होना चाहिए।
- नीदरलैंड्स में यूथेनेशिया और 'असिस्टेड सुसाइड' दोनों वैध हैं. इस देश में तो 12 साल का लड़का भी इच्छा मृत्यु की मांग कर सकता है. बस माता–पिता की इजाजत हो।
- न्यूजीलैंड में भी इच्छा मृत्यु को वैध करने के लिए कानून पारित कर दिया गया है, जो नवंबर 2021 से प्रभाव में आएगा।
- इसके अलावा बेल्जियम, लक्जमबर्ग, कनाडा, कोलंबिया, ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य और अमेरिका के कुछ राज्यों (जैसे वाशिंगटन, कैलिफोर्निया, हवाई आदि) में भी इच्छामृत्यु को मंजूरी प्राप्त है।

भारत में इच्छामृत्यु

भारत में प्रायः इच्छामृत्यु को लेकर काफी भ्रातियां है। इच्छामृत्यु का विरोध करने वालों का कहना है कि जीवन ईश्वर की देन है, इसलिये इसे वापस लेने का हक भी सिर्फ उसे है। इसे कानूनी मान्यता प्रदान करने पर इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ जाएंगे। इच्छामृत्यु के समर्थन करने वालों का कहना है कि व्यक्ति के शरीर पर केवल उसका अधिकार है। यदि बीमारी के कारण व्यक्ति का दर्द सहनशक्ति की सीमा से ऊपर जा चुका है, तो उस व्यक्ति को इच्छामृत्यु के जरिये दर्द से मुक्ति पाने का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिये।

भारत में पुर्व के कुछ मामलें काफी महत्वपूर्ण है, जैसे हैदराबाद के 25 वर्षीय व्यंकटेश नाम के व्यक्ति ने इच्छा जताई कि वह मृत्यु के पहले अपने सारे अंगदान करना चाहता है, पर उसे इसकी अनुमति नहीं मिली। ऐसे ही केरल हाईकोर्ट द्वारा 2001 में वीके पिल्लै जो असाध्य रोग से पीड़ित थे, उनको भी इच्छा–मृत्यु की अनुमति नहीं मिली। इसी प्रकार की कुछ अपीलें भारत के राष्ट्रपति के पास भी आईं कि दया–मृत्यु की इजाजत दी जाए, पर अपील नामंजूर कर दी गई। तत्कालीन प्रावधानों के अनुसार दया–मृत्यु और इच्छा–मृत्यु दोनों ही असवैधानिक थी।

इच्छामृत्यु के पक्ष में तक –

अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा के साथ जीने का अधिकार :

- संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार देता है, लेकिन इसकी व्याख्या करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बताया है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है।
- यदि कोई निसक्त व्यक्ति जिसके जीवन में पीड़ा ही पीड़ा हो और वह अपने प्रत्येक कार्य के लिये औरों पर निर्भर हो तो ऐसे में उसके गरिमा के साथ जीने के अधिकार का प्रत्यक्ष उल्लंघन होता है।

धारा 309 में सुधार की व्यापक गुंजाइस :

- आईपीसी की धारा 309 के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वालों को दंड देने का प्रावधान किया गया है और इच्छामृत्यु को आत्महत्या का प्रयास माना जाता है। परन्तु वर्ष 2017 में पारित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम की धारा 115 (1) के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 309 में सम्मिलित किसी भी प्रावधान के बावजूद कोई भी व्यक्ति जो आत्महत्या करने का प्रयास करेगा, उसके संबंध में तब तक, यह माना जाएगा कि वह गंभीर तनाव में जब तक कि यह अन्यथा साबित न हो, और साथ ही उसके विरुद्ध मुकदमा नहीं चलाया जाएगा और न ही उसे दंडित किया जाएगा।
- आत्महत्या एक अपराध है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिये। कोई स्वयं को मारने का प्रयास करता है, लेकिन यदि वह जीवित रह जाए तो उसे जेल की बजाय काउंसलिंग के लिये भेजना चाहिये।

सांस्कृतिक पिछड़ेपन का लक्षण :

- हाल ही महाराष्ट्र के एक दंपति नारायण लावते (88) और इरावती लावते (78) का कहना है कि वे अपने बुढ़ापे में समाज पर बोझ नहीं बनना चाहते हैं।
- यह दंपति भारत में इच्छामृत्यु के प्रति घृणा को सांस्कृतिक पिछड़ेपन का एक लक्षण मानता है। उनका कहना है कि उनकी इच्छामृत्यु की मांग तर्क से प्रेरित है न कि आध्यात्मिकता से।
- लावते दंपतियों ने विभिन्न मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखने के बाद, राम जेठमलानी जैसे कानूनी विशेषज्ञों और संसद सदस्यों से भी गुहार लगाईं है, लेकिन इस संबंध में उन्हें कोई राहत नहीं मिली है।
- तब उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को लिखा है कि वे दया मौत की अपनी याचिका पर अनुकूल प्रतिक्रिया चाहते हैं।

अरुणा शानबाग मामला :

- अरुणा शानबाग बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2011) मामले में पहली बार इच्छामृत्यु का मुद्दा सार्वजनिक चर्चा में आया।
- इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा की इच्छामृत्यु की याचिका स्वीकारते हुए मेडिकल पैनल गठित करने का आदेश दिया था। हालाँकि, बाद में न्यायालय ने अपना फैसला बदल दिया था।
- लेकिन, इस फैसले ने असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को इच्छामृत्यु देने की बहस को आगे बढ़ाने का कार्य किया।

इच्छामृत्यु के विपक्ष में तर्क –

भारत इसके लिये तैयार नहीं है :

- दुनिया के कई देशों में (लक्जमबर्ग, नीदरलैंड और बेल्जियम आदि) इच्छामृत्यु की अनुमति है, लेकिन भारत इसके लिये अभी तैयार नहीं है।
- इन देशों में प्रत्येक मांगने वाले को इच्छामृत्यु नहीं दी जा सकती, इसके लिये कुछ कायदे–कानून बनाए गए हैं। जाहिर है प्रत्येक समाज में यह एक जटिल मुद्दा है।

मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ लोगों के लिये उचित नहीं :

- अरुणा शानबाग मामले में हमें ध्यान रखना होगा कि शानबाग खुद कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं थी।
- वैसे मामलों में जहाँ कि किसी बीमार के ठीक होने की उम्मीद नहीं है और वह असाध्य पीड़ा से गुजर रहा हो तो इच्छामृत्यु को लेकर बहस की भी जा सकती है।
- लेकिन इसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्तियों के जीवन को समाप्त करने के एक तरीके के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

दुरुपयोग की संभावनाएँ :

- इच्छामृत्यु की अनुमति देना या इसे वैध बनाना इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को बल देगा।

न्यायिक दृष्टिकोण

इच्छामृत्यु पर ज्यादा चर्चा अरुणा शानबाग के मामले में देखने को मिली। वे कई दशकों से कोमा में थीं। अरुणा के कुछ संबंधियों ने उनको इच्छामृत्यु दिए जाने की मांग की थी, जिससे कि उनको तमाम तकलीफों से मुक्ति मिल सके। लेकिन उन्हें यूथेनेशिया की इजाजत मिल नहीं पाई थी।

भारतीय विधि आयोग (लॉ कमीशन) ने अभी कुछ वर्षो पहले ही संसद को अपनी 241वी रिपोर्ट में दया–मृत्यु को कानूनी अमली जामा पहनाने की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य है पीड़ादायक, असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को सम्मानजनक मौत मिले। आयोग उस समय से इस बात से इंकार नहीं किया कि इस मुद्दे पर लंबी बहस होनी चाहिए।

परन्तु 9 मार्च 2018 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में 5 जजों के पैनल ने पैसिव यूथेनेशिया को कानूनी रूप से वैध कर दिया। इसके साथ ही फैसले में कोर्ट ने गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए अग्रिम निर्देश (**लिविंग विल)** की इजाजत दे दी । इसको आप कुछ हद तक

वसीयत की तरह ही समझ सकते है। इसमें एक रोगी व्यक्ति यह बताता है कि अगर वह भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाए तो वह किस प्रकार से अपना इलाज कराना चाहता है। इस दस्तावेज का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि अगर बीमारी बहुत गंभीर हो जाए और मरीज अपने फैसले खुद लेने में सक्षम न रहे तो इस दस्तावेज में लिखी हुई चीजों के हिसाब से उसकी जिंदगी को लेकर फैसला किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि लिविंग विल हमेशा उसी स्थित में लिखी जानी चाहिए जब वह व्यक्ति पूरी तरह से सचेत हो और बिना किसी दबाव के हो।

समीक्षा

सर्वेक्षण में 85 व्यक्तियों ने भाग लिया। सर्वेक्षण में अधिवक्ता, सरकारी कार्मिक, शिक्षक, ग्रहणी सहित अन्य वर्ग के विशेषज्ञों ने भाग लिया। सवैक्षण में भारत में इच्छामृत्यु के परिपेक्ष्य से जुडे प्रावधानों एवं जागरुकता को लेकर प्रश्न पुछे गये। इस प्रकार सर्वेक्षण में प्रत्येक प्रतिभागी से 4 प्रश्न पुछे गये। यह सर्वेक्षण ऑनलाइन किया गया। प्रश्नो को चुनाव इस आधार पर किया गया था जिससे यह समझा जा सके की प्रतिभागी इच्छामृत्यु के विषय में कितनी जानकारी रखते है, वही उनका व्यक्तिगत रवैया क्या है।

संकलित तथ्य

- सर्वेक्षण में 70 पुरुष, वही 15 महिला प्रतिभागी थे।
- सर्वेक्षण में राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगंढ के निवासी ने भाग लिया।
- सर्वेक्षण में 16 विधार्थी, 14 सरकारी कार्मिक, 12 व्यवसायी, 11 निजी कार्मिक, 05 अक्षमता के कारण घर पर, 08 प्रोफसनल, 3 बेरोजगार, 6 स्व नियोजित, 10 अन्य कार्य करते है।
- भारत में वर्ष 2018 पैसिव यूथेनेसिया के रुप में इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता मिली। सर्वेक्षण मे 32 प्रतिभागियों ने सही उत्तर दिया, वही 44 प्रतिभागियों ने गलत उत्तर दिया। जबकि 09 प्रतिभागियों ने सम्भावना व्यक्त की।
- भारत में इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता मिलना जनहित में है, इसके सम्बन्ध में सर्वेक्षण मे 55 प्रतिभागियों ने हॉ में उत्तर दिया, वही 16 प्रतिभागियों ने नही में उत्तर दिया। जबकि 14 प्रतिभागियों ने सम्भावना व्यक्त की।
- भारत में मरणासन्न की स्थिति में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रहने वाले मरीज को इच्छामृत्यु देना उचित होगा या नही, इसके सम्बन्ध में सर्वेक्षण मे 66 प्रतिभागियों ने हॉ में उत्तर दिया, वही 10 प्रतिभागियों ने नही उत्तर दिया। जबकि 09 प्रतिभागियों ने सम्भावना व्यक्त की।
- भारत में भी अन्य देशो की तरह लिविंग विल जैसे प्रावधान के प्रति जागरूकता लानी चाइये या नही, इसके सम्बन्ध में सर्वेक्षण मे 72 प्रतिभागियों ने हॉ में उत्तर दिया, वही 06 प्रतिभागियों ने नही उत्तर दिया। जबकि 07 प्रतिभागियों ने सम्भावना व्यक्त की।

इस प्रकार ज्ञात तथ्यों से निम्न निष्कर्ष निकलता है :

- भारत में पैसिव यूथेनेसिया के रुप में इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता मिलने उपरान्त भी आमजन को इसके बारे में जानकारी नही होना, लिविगं विल जैसे अधिकार सें वचित करता है। 51. 8 प्रतिशत प्रतिभागी को इसकी कानूनी मान्यता के बारे मे जानकारी नही है।
- भारत में से 64.7 प्रतिशत प्रतिभागी भारत में इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते है। वही 18.8 प्रतिशत प्रतिभागी इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता को लेकर नकारात्मक दृष्टिकोण रखते है।
- भारत में ऐसे मरीज जिनके बचने की सम्भावना बहुत कम है, उन्हे लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटा कर मृत्यु देने हेतु के सम्बन्ध में 77.6 प्रतिशत प्रतिभागियों ने इच्छामृत्यु के पैसिव यूथेनेसिया स्वरुप को स्वीकार किया। वही 11.8 प्रतिशत प्रतिभागी लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटा कर मृत्यु देने हेतु के सम्बन्ध नकारात्मक दृष्टिकोण रखते है।

- भारत में लिविंग विल जैसे प्रावधान के प्रति जागरूकता लाकर भविष्य आधारित परिस्थितियों का पुर्वाग्रह करके जीवन रंक्षक उपकरणों के कारण लम्बे समय तक मिलने वाली वेदना से मुक्ति के लिए 84.7 प्रतिशत प्रतिभागी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते है। वही 06 प्रतिशत प्रतिभागी इच्छामृत्यु को कानूनी रूप से मान्यता को लेकर नकारात्मक दृष्टिकोण रखते है।

निष्कर्ष

दुर्लभ बीमारियों का क्षेत्र काफी जटिल व व्यापक है और दुर्लभ बीमारियों से बचाव, उपचार और प्रबंधन में कई चुनौतियां हैं। विभिन्न कारकों के कारण दुर्लभ बीमारियों का जल्द पता लगाना एक बड़ी चुनौती है, जिसमें प्राथमिक देखभाल चिकित्सकों, पर्याप्त जांच की कमी और उपचार सुविधाओं आदि शामिल हैं। ज्यादातर दुर्लभ बीमारियों के लिए अनुसंधान एवं विकास में मूलभूत चुनौतियां भी हैं, क्योंकि भारतीय संदर्भ में बीमारी से संबंधित विकारों से जुड़ी शारीरिक प्रक्रियाओं और प्राकृतिक इतिहास के बारे में कम ही जानकारी उपलब्ध है। दुर्लभ बीमारियों पर अनुसंधान भी खासा मुश्किल है, क्योंकि मरीजों का समूह छोटा है और इसके चलते अक्सर अपर्याप्त चिकित्सकीय अनुभव मिलते हैं।

भारत में इच्छा मृत्यु के सम्बन्ध में पक्ष एवं विपक्ष दोनो के प्रभावी तर्क है। भारतीय संस्कृति में जीवन रक्षा करने की परंपरा रही है। जीवन से पलायन को गलत माना गया है। परन्तु वर्तमान में दिन–प्रतिदिन नई दुर्लभ बीमारियां सामने आ रही है। जिनका वर्तमान में कोई भी पुख्ता उपचार नही है। जिनके कारण मरीजों काफी पीडा एवं तकलीफों का सामना करना पडता है। वही भारत में चिकित्सा के क्षैत्र में इतना अधिक विकास भी नही हुआ है, आज भी प्रायः ग्रामीण क्षैत्रों में, ब्लॉक–तहसील स्तर पर सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक भी नही उपलब्ध है। वही जीवन रक्षक उपकरणों की संख्या सीमित होने के साथ ही, उनके चिकित्सक भी पर्याप्त नही है। जिसके कारण बडे–बडे शहरों तक ही यह सुविधा सीमित है। परिणाम स्वरुप यह काफी खर्चीला उपचार है। जिसमें मरीज की जीवन बचने की कोई गारंटी नही होती है, साथ ही इसकी कोई निश्चित समयावधि भी नही होती है, जिसके कारण इसे सप्ताह, माह, वर्ष भी लग सकते है। ऐसे कई उदाहरण भारत में भी देखने को मिलते है, जिसमें मरीज वर्षो तक जीवन रक्षक उपकरण के सहारे जीवन जीता है, परन्तु वह सिर्फ जिंदा लाश की तरह होता है। सिर्फ उसकी सांसे चलती है, बाकि सभी गतिविधियां प्रभावित हो जाती है।

लावते दंपति और एनजीओ 'कॉमन कॉज' से संबंधित मामले में भले ही बहस लिविंग विल पर केंद्रित है, लेकिन यह आवश्यक जान पड़ता है कि असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को सम्मानजनक मौत मिले। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पैसिव यूथेनेशिया के सम्बन्ध में दिये निर्णय से इसके दुरपयोग की सम्भावनायें नही के बराबर है, क्योकि न्यायालय द्वारा विस्तृत रुप से इसके बारे निर्देश दिये गये है। वही आज भी किसी भी प्रकार की स्थिति में होने पर भी मरीजों को मारने के लिए दवाइयां देना पूरी तरह से गैर–कानूनी है और अपराध है। हालाँकि, इससे संबंधित तमाम नैतिक एवं वैधानिक आयामों पर अध्ययन के बाद संसाधनों की सीमित उपलब्धता, महंगी चिकित्सा व्यवस्था को देखते को हुए वर्तमान की परिस्थितियों के आधार पर आगे कदम बढ़ाना उचित होगा।

सदर्भ–सूची :–

1. भारतीय सविधान : डॉ. एन.वी.परांजपे, प्रकाशक सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स।
2. भारतीय दण्ड सहिता : डॉ. जय नारायण पाण्डेय, प्रकाशक सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी।
3. Hi.wikipedia.org/wiki/इच्छा–मृत्यु
4. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-editorials/should-euthanasia-be-allowed
5. भारतीय विधि आयोग, रिर्पाट 241।
6. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017।

योग-दर्शन में ईश्वर की अवधारणा एवं समाधि-लाभ

पूनम गुप्ता*
डॉ. बी. आर. शर्मा**

सारसंग्रहः ईश्वर एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है भगवान। यह एक व्यक्तिकृत (सगुण या विशेषता) देवता के साथ विरोधाभासी है। विष्णु या शिव जैसे विशिष्ट देवता के बजाय ईश्वर शब्द का प्रयोग करने से योग सूत्र गैर–सांप्रदायिक है।[1] अन्य समस्त दार्शनिक अवधारणाओ में ईश्वर अंतिम लक्ष्य है तथा समाधि और योग उसकी प्राप्ति के उपाय अथवा उपकरण हैं। महर्षि पतंजलि इस अर्थ में बहुत विशेष प्रयोजन से अपना मंतव्य स्पष्ट करते हैं, योग सूत्र में ईश्वर को समाधि की प्राप्ति के एक उपाय के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ईश्वर को चित्त शुद्धि, योग मार्ग की बाधाओं से मुक्ति के रूप में भी प्रयुक्त किया गया है।[2] योगी अनुशासन के आचरण को आत्मसात करने के एक तत्व के रूप में भी ईश्वर के सन्दर्भ में सूत्र लिखे गए हैं। योग में भगवान की अवधारणा क्या है? यह हमें अपने कार्यो की जिम्मेदारी लेना सिखाता है और धर्मवादियों की तुलना में ईश्वर की पूरी तरह से अलग समझ प्रदान करता है। योग का लक्ष्य हमारे व्यक्तित्वों की बाध्यकारी शक्तियों के साथ–साथ प्रकृति की शक्तियों से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना है, यह ईश्वर को पूर्ण चेतना के उस क्षेत्र में रखता है जो स्वयं के अलावा किसी अन्य द्वारा शासित नहीं होता है। योग ईश्वर को एक विशेष पुरूष के रूप में परिभाषित करता है, एक सर्वोच्च आत्मा जो कभी भी कष्टो, कष्टों के वाहन, कर्म और कर्म के फल से प्रभावित नहीं होगी।[3] अन्य सभी आत्माएं किसी न किसी समय भूत वर्तमान या भविष्य में कर्म और अज्ञानता, अहंकार, मोह घृणा और मृत्यु के भय के परिचर कष्टों के अधीन हो जाती हैं। योग के अनुसार यह सर्वोच्च आत्मा उन सभी शिक्षकों को एकमात्र आध्यात्मिक गुरू हैं जो कभी पैदा हुए थे, क्योंकि ईश्वर उत्पत्ति और अंत से परे है। पूर्ण स्वतंत्रता इच्छा की अप्रतिबंधित शक्ति रचनात्मकता और अनंत काल के अलावा, ईश्वर में ''सर्वज्ञान का असीम बीज'' भी निहित है।

प्रस्तावनाः संप्रज्ञात समाधि प्राप्त करने की एक विधि के रूप में 1/23–29 में ईश्वर के प्रति समर्पण का अभ्यास है। ईश्वरप्रणिधानाद्वा ।। 1/23 ईश्वर प्रणिधान से भी चित्त की शुद्धि एवं समाधि की प्राप्ति होती हैं। संप्रज्ञात समाधि के लिये मन में किसी वस्तु या विचार पर इस अवस्था तक ध्यान केंद्रित किया जाता है कि मन शांत हो जाए। योग दर्शन के इस भाग में ईश्वर को एक विशेष पुरूष के रूप में वर्णित किया गया हैं।[4] क्लेशकर्मविपाकशयैरपरामृष्टः पुरूषविशेष ईश्वरः ।। (योगसूत्र 1/24)

एक आत्मा या चेतना जो कर्म, क्लेश, विपाक, कर्माशय अथवा किसी मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति से अछूती है। ये क्लेश, या कर्म संस्कारों के भंडार, और उससे जुडी क्रियाए परिणाम उत्पन्न करती है।[5] तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम् ।। 1/25 ईश्वर के पास अनुपम सर्वज्ञता का बीज है। सर्वज्ञता का अर्थ बहुत व्यापक है। यह भौतिक और अध्यात्मिक दोनों संदर्भो को अपने में समाहित कर लेता है। आत्मा अथवा परमात्मा सत, चित, आनंद स्वरूप हैं। आत्मा ज्ञान का मूल केंद्र है। आत्म तत्व का ज्ञान ही वास्तविक सर्वज्ञता है। ईश्वर में सर्वज्ञता निरतिशय अर्थात असीम अवस्था में निहित है।[6] पूर्वेषाम् अपि गुरूः कालेनानवच्छेदात्। तस्य वाचकः प्रणवः 1/26, 27। वह काल से असीमित पूर्व में हुए समस्त गुरूओं का भी गुरू है, और उसका नाम ऊँ है। योग दर्शन में महर्षि पतंजलि ने 9 प्रकार के योग अन्तराय अथवा योग मार्ग की बाधाओं की चर्चा की है। योगान्तराय अथवा योगविघ्न (चित्त विक्षेपक) अथवा योग बाधक और उनके 5 साथी। चित्त विक्षेपों को ही योग अन्तराय कहते हैं जो चित्त को विक्षिप्त करके उसकी एकाग्रता को नष्ट कर देते हैं।

योगस्य अन्तः मध्ये आयान्ति ते अन्तरायाः अर्थात जो योग के मध्य में आते हैं, वे योगान्तराय हैं। विघ्नों से व्यथित होकर योगसाधक साधना को बीच में ही छोड भाग खडे होते हैं। चित्त के विपक्षेक नौ अन्तराय हैं। इस प्रकार चित्तविक्षेप के प्रति ये 9 अन्तराय ही कारण है।

* असिस्टेंट, प्रोफेसर एम0एस0बी0 विश्वविद्यालय बारीपदा मयूरभंज ओडिसा द्वारा
** प्रोफेसर, संकध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष Health & Wellness श्री श्री यूनिवर्सिटी कटक ओडिसा भारत–754006

व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभान्तिर्दानलालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः ।। (1/30)व्याधि, स्त्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्तिदर्शन, अलब्धभूमिकत्व् और अनवस्थितत्व –ये 9 अन्तराय ही चित्त को विक्षिप्त करते हैं। इन विक्षेपों के होने का कारण प्रमाणादि चित्तवृत्तियाँ हैं।

1. व्याधि– धातुवैषम्य, रसवैषम्य तथा करणवैषम्य को व्याधि कहते हैं। वात, पित्त और कफ ये तीन धातुएं हैं। इनमें से एक भी कुपित होकर न्यून या अधिक हो जाये तो यह धातुवैषम्य कहलाता है। धातुओं की समता में शरीर स्वस्थ रहता है तथा विषमता में रूग्ण हो जाता है। आहार का अच्छी तरह परिपाक न होना रसवैषम्य कहलाताहै। यह शरीर में व्याधि बनाता है। ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों की शक्ति का मंद हो जाना करणवैषम्य है। योगसाधना के लिये सशक्त और दृढ इन्द्रियों की आवश्यकता होती हैं। धातु, रस तथा करण इन तीनों की विषमता को व्याधि कहते हैं। रोगी शरीर से समाधि का अभ्यास संभव नहीं। अतः व्याधि समाधि के लिये अन्तराय हैं।

2. स्त्यान– चित्त की अकर्मणता को स्तयान कहते हैं। अर्थात इच्छा होने पर भी किसी कार्य को (योगसाधन के अनुष्ठान की) सामथ्र्य न होना। पुत्रों की आसक्ति, विषयभोग की लालसाएं तथा जीविकापार्जन के व्यापार में चित्त को उलझाये रखने से चित्त अकर्मण्यता का अनुभव करता है। अकर्मण्यता समाधित में अन्तराय है।

3. संशय– यह भी हो सकता है और वह भी हो सकता है। इस प्रकार का ज्ञान संशय है। मैं योगसाधन कर सकूंगा कि नहीं कर सकूंगा, करने पर भी योग सिद्ध होगा या नही इन दो कोटियों का विषय करने वाला ज्ञान संशय है। संशय की अवस्था में साधक का चित्त असंतुलित रहता है और वह साधना नहीं कर सकता है।

4. प्रमाद– समाधि के साधनों में उत्साहपूर्वक प्रवृत्ति न होना प्रमाद कहलाता है। समाधिका अभ्यास प्रारम्भ कर देने पर उसमें वैसा ही ही उत्साह और दृढ़ता निरन्तर बनी रहनी चाहिए जैसा उत्साह प्रारम्भ में था। प्रायः युवावस्था का मद धन और प्रभुत्व का दर्प तथा शारीरिक सामर्थ्य का मद साधक के उत्साह को शिथिल कर देता है। अतः प्रमाद समाधि में अन्तराय हैं।

5. आलस्य– चित्त अथवा शरीर के भारी होने के कारण ध्यान न लगना। शरीर का भारीपन कफ आदि के प्रकोप से और चित्त का भारीपन तमोगुण की अधिकता से होता है। शरीर और चित्त के भारी होने से समाधि के साधनों में प्रवृत्ति नहीं होती, इसी का नाम आलस्य है।

6. अविरति– विषयों मे तृष्णा बनी रहना अर्थात विषयेन्द्रिय संयोग से चित्त की विषयों में तृष्णा होने से वैराग्य का अभाव अविरति है। तृष्णा वैराग्य का शत्रु है। समाधि के लिये वैराग्य प्रमुखतम साधन है। अतः वैराग्य का अभाव योग का अन्तराय है।

7. भान्तिदर्शन– मिथ्याज्ञान को भ्रान्तिदर्शन कहते हैं। जब साधक योग के साधनों को असाधन और असाधनों को साधन समझने लगता है तो यह भ्रान्तिदर्शन योग का विघ्न बन जाता है।

8. अलब्धभूमिकत्व– समाधि की किसी भी भूमि की प्राप्ति न होना भी योग में विघ्न है। किसी प्रतिबन्धक–वश समाधि–भूमि को न पाना अर्थात समाधि में न पहुंचना।

9. अनवस्थित्व– समाधि–भूमि को पाकर भी उसमें चित्त का न ठहरना अर्थात ध्येय का साक्षात करने से ही समाधि का छूट जाना। उपर्युक्त 9 विघ्न एकाग्रता से हटाने वाले हैं और चित्त की वृत्तियों के साथ होते हैं, उनके अभाव में नहीं होते। इस कारण चित्त के विक्षेप योग के मल, योग के अन्तराय और योग के प्रतिपक्षी कहलाते हैं। इन चित्तविक्षेपों के 5 साथी भी हैं, जो इन अन्तरायों के हेने पर स्वतः हो जाते हैं। दुखदौर्मनस्याअंगमेजयत्वश्वासप्रश्वासा विक्षेपसहभुवः। यो सू 1/31। अर्थात्

1. दुख– आध्यात्मिक, आदिभौतिक और आधिदैविक।
2. दौर्मनस्य– इच्छा की पूर्ति न होने पर मन में क्षोभ होना।
3. अंगमेजयत्व– शरीर के अंगों का कांपना।
4. श्वास– बिना इच्छा के बाहर की वायु का नासिका द्वारा अंदर जाना।
5. प्रश्वास– बिना इच्छा के भीतर के वायु का नासिका छिद्रों द्वारा बाहर निकलना। ये विक्षेपों के साथ होने वाले उपविक्षेप अथवा उपविघ्न हैं।[7]

ईश्वर की भक्ति का अभ्यास करने की विधि इसके अर्थ के चिंतन से समस्त प्रकार के विघ्न समाप्त हो जाते हैं, एवं शीघ्रतम समाधि की प्राप्ति होती हैं। इस तरह से अभ्यास के परिणाम आंतरिक चेतना की प्राप्ति और बीमारी, संदेह और गलत विचारों जैसे गड़बडी से मुक्ति के रूप में दिये जाते हें। तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः। 2/1

योग सूत्रों में दूसरी बार ईश्वर क्रियायोग के तीसरे अंग के रूप में प्रकट होता है, जो अध्याय दो के आरंभ में ही वर्णित किया गया है। ईश्वरप्रणिधान को तपस और स्वाध्याय के बाद सूचीबद्ध किया गया हैं। क्रियायोग को समाधि की ओर ले जाने और क्लेशों को कमजोर करने के लिये अभ्यास किया जाता है। क्लेश मानवीय क्रिया एवं दुखों के स्रोत हैं जो मानव मानस में गहराई तक समाए हुए हैंः अज्ञान, अहंकार, इच्छा, द्वेष और जीवेष्णा। क्रियायोग के परिणाम पहले अध्याय में ईश्वरप्रणिधान के परिणामों से थोडे अलग लेकिन समानांतर हैं। समाधि एक गहन ध्यान की स्थिति है, जो एक दर्पण के रूप में कार्य करती है जिसके माध्यम से आंतरिक चेतना को अनुभव किया जा सकता है।[8] ईश्वरप्रणिधान का तीसरा और अंतिम संदर्भ नियमों (आंतरिक पालन) में से एक के रूप में है जो अष्टांगयोग प्रणाली में आठ का दूसरा अंग है,। शौचसंतोषतपः स्वाध्ययायेश्वप्रणिधानानि नियमा। (योगसूत्र 2:32) पांच नियम स्वच्छता और संतोष से शुरू होते हैं और फिर क्रियायोग के तीन अंगों को दोहराते हैः तपस, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान। ईश्वरप्रणिधान का परिणाम समाधि की पूर्णता है। समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्।। 45।। (योगसूत्र–2.47) योग सूत्रों के अनुसार ईश्वर को ध्यान की वस्तु के रूप में प्रयोग करने से ध्यानी धीरे–धीरे मन को शुद्ध करता है। महर्षि पतंजलि की शब्दावली में बुद्धि (बुद्धि यो विवेकपूर्ण जागरूकता) ने हमारे शरीर, हृदय, मन और दुनिया (प्रकृति) के साथ एक मिथ्या तादाम्य बना दिया है। हम स्वयं को शरीर और अपने विचार मानते हैं। हम अपने सच्चे स्व को शुद्ध चेतना के रूप में नही देखते हैं। इसका उद्देश्य हमारी बुद्धि को शुद्ध करना या अधिक सात्विक बनाना हैं जब तक कि हम यह अनुभव ने करें कि हमारा वास्तविक अस्तित्व पुरूष, शुद्ध चेतना हैं। वृत्तिसारूप्यम् इतरत्र ।। 1.4 ।।

दूसरे समय में अर्थात् वृत्तियों के निरोध से भिन्न अवस्था में द्रष्टा का वृत्ति के सदृश स्वरूप होता है।[9] योग सूत्र में वर्णित ईश्वर की यह विशेष धारणा, तीन आंतरिक विशेषताओं पर प्रकाश डाल सभी कर्मो और कष्टों से पूर्ण मुक्ति और श्रेष्ठता;ादि आध्यात्मिक गुरू की भूमिका सभी जीवित प्राणियों के शाशव मार्गदर्शक; और सर्वज्ञता, हर चीज का पूर्ण ज्ञान। ये तीन विशेषताएं स्पष्ट रूप से इंगित करती हैं कि योगियों की रूचि कहाँ है। योगी अज्ञान, अंहकार, मोह, और दुखो के कारण– क्रोध, घृणा, ईर्ष्या, लालच इच्छा जैसे कर्म और कष्टों के बंधन से मुक्ति पाने का प्रयास करते हैं– जो इन कष्टों से उत्पन्न होते हैं। योगियों को अनुभव होता है कि एक बार जब हम भ्रम, आसक्ति इच्छा आदि के इस स्पष्ट रूप से अंतहीन चक्र में फंस जाते हैं, तो हमारी दृष्टि धुंधली हो जाती है और स्वयं को अलग करना कठिन होता है। केवल वही जो पहली बार में कभी उलझा नहीं था हमें स्वयं को मुक्त करने में मदद कर सकता है। इसी तरह, केवल वही जो पहले से ही मुक्त है, कर्म की लंबी श्रृंखला और कर्म के फल से मुक्ति पाने में हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। योगियें के अनुसार, सर्वोच्च पुरूष बहुत विशेष भगवान सामान्य आत्माओं की तरह बंधे नहीं हैं। साधारण आत्माएं वे हैं जो अपूर्णता, स्वतंत्रता की कमी और पूर्ण ज्ञान की कमी का अनुभव करती हैं, और इस प्रकार ईश्वर में लीन होने की एक अंतर्निहित इच्छा होती है।

तो क्या योग हमें पूरी तरह से ईश्वर पर निर्भर रहना सिखाता है? यदि हां, तो हम अपने कार्यो के लिये कैसे जिम्मेदार हो सकते है? योग हमें ईश्वर पर निर्भर होना या ईश्वर को पलायन के रूप में उपयोग करना नहीं सिखाता है। बल्कि, यह हमें ऊपर से उपहार के रूप मे प्राप्त सभी संसाधनों को सर्वोत्तम उपयोग करना सिखाता है ताकि हमारी मानवीय क्षमता को पूर्ण रूप से प्रकट किया जा सके। योगियों के अनुसार, केवल भगवान ही सच्चे आदि गुरू हैं। हम अपने भीतर के इस आदि गुरू से हमारी सांसारिक आवश्यकताओं का ध्यान रखने की इच्छा नहीं कर सकते हैं, लेकिन आंतरिक प्रेरणा, आंतरिक मार्गदर्शन, प्रेरणा, उत्साह, साहस और दृढ़ संकल्प के रूप में, ईश्वर– आंतरिक शिक्षक– हमें सोचने, बोलने और कार्य करने में मदद करता है। एक तरीका जो हमें अपने कर्म बंधनों से मुक्ति पाने में सक्षम बनाता है।[10]

उपसंहार :– योग किसी भी तरह से हमें ईश्वर पर निर्भर नहीं बनाता है। इसके विपरीत, एक योगी कहेगा कि ईश्वर हमें संसार की मोहक शक्तियों से मुक्ति दिलाने में मदद करता है। एक बार जब कोई व्यक्ति

सर्वज्ञानी ईश्वर की मुक्ति शक्ति को जान लेता है, जो हम में से प्रत्येक के भीतर शाश्वत रूप से निवास करता है, तो यह अनुभूति स्वभाविक रूप से प्रेम और विश्वास के रूप में प्रकट होती है। यह स्वयं से स्वयं को भगवान के प्रति समर्पण करना संभव बनाता है। समर्पण का यह स्वाभाविक प्रकटीकरण असाहयता का कार्य नहीं है, बल्कि हमारे और उस सर्वज्ञ ईश्वरीय सत्ता के बीच स्पष्ट समझ है जो हमें निरंतर मार्ग पर ले जाती है। हमें स्वयं को परमेश्वर के प्रति समर्पण करने के लिये प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है; बल्कि उस आंतरिक मार्गदर्शक के प्रति कृतज्ञता की सहज लहर आत्म–समर्पण का मानसिक वातावरण बनाती है। फिर हमें स्वयं के साथ काम करना जारी रखना चाहिए कि हम जो कुछ भी करते हैं वह सच्चे शिक्षक–भगवान के मार्गदर्शन के कारण होता है। यह जान लेने पर कि गहन प्रयास से भी हम अपने पिछले कर्मो की सतह को शायद ही खरोंच भी सकते हैं, बिना किसी संघर्ष या झिझक के हम स्वतः ही ईश्वर की प्रति समर्पण कर देते हैं और स्वतंत्रता प्राप्त कर लेते है। योगियों के अनुभव के अनुसार, यदि हमारे हृदय शुद्ध हैं और हमारे मन एकाग्र हैं, तो हम ईश्वर की एक सहज समझ प्राप्त कर सकते हैं, जो हमारी बौद्धिक समझ की तुलना में असीम रूप से स्पष्ट और अधिक व्यापक है। यही कारण है कि वे उन तकनीकों पर इतना बल देते हैं जो शुद्धि और एकत्व की ओर ले जाती हैं। यही कारण है कि जब पतंजलि ईश्वर की चर्चा करते हैं, तो वे इस विस्तृत परिधि में ऐसा करते हैं कि कैसे ईश्वर हमें उन तत्वों से मुक्ति दिलाने में मदद कर सकते हैं जो हमारे दिमाग को परेशान करते हैं और हमारे दिलों को प्रदूषित करते हैं। पतंजलि ईश्वर में निहित अनंत शक्तियों और विशेषताओं में से केवल सर्वज्ञता, सभी कर्मो से शाश्वत स्वतंत्रता और इस तथ्य का उल्लेख करते हैं कि ईश्वर आदि आध्यात्मिक शिक्षक हैं। योगियों के अनुसार, ईश्वर परम सत्य के रूप में मौजूद है और इस अस्तित्व के कारण ही बाकी सब कुछ स्थित हो सकता है। लेकिन ईश्वरीय चेतना की समग्रता को शब्दों में समिति नहीं किया जा सकता है।

References :-

1. तीर्थ, ओ. (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol.31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश भारत गीताप्रेस गोरखपुर (पृष्ठ सं0 146–148)।
2. गोयनका, ह. (2017) योग दर्शन (vol 48) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, भारतः गीताप्रेस गोरखपुर, (पृष्ठ सं0 42)।
3. तीर्थ, ओ. (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol.31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश भारत गीताप्रेस गोरखपुर (पृष्ठ सं0 146–148)।
4. शंकर, श. श. (2020, मार्च 10) योग के बारे में (Yoga). Retrieved from https:// www.artofliving.org/: https:// www. artofliving.org/in-hi/yoga/ patanjali- yogasutra/knowledge- sheet-33.
5. Ramanis. (2013, July 26) Yoga can be without God, But. Retrieved March 15, 2021, from https:// ramanisblog.in/: https://ramanisblog.in /2013/07/26/ yoga can be without god but sutra 1-24.
6. Sarawati, S.S (1976) four chapters on freedom (vol. frist) Munger, Bihar, Bharat: yoga publication trust-811201 (Page No. 82).
7. Burgin, (2007 July 06) Antarayas: The 13 Obstacles Yoga. Retrieved April 05, 2021 from https:/www.yogabasics.com:.
8. आचार्य, प. श. (2011) सांख्य एवं योगदर्शन (Vol.1) मथुरा उत्तर प्रदेश भारतः युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट–281003 (पृष्ठ सं0 192–201)।
9. Govindan, M (2001). Kriya yoga sutras of Patanjali (vol. 2) Banglore, Karnataka, Bharat: Babaji's Kriyayaoga order of Acharyas Trust – 560055 (Page No. 12) .
10. Ferretti, A. (2012, March 01). Yoga as a religion? Retrived April 15, 2021 from https:// www. yogajournal.com: https// www. yogajournal.com/ yoga 101/beyond-belief/

कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में प्रवासी संकट
एक विश्लेषण

डॉ. ऋतेष भारद्वाज *
डॉ. पिंकी पुनिया**

सार :– कोविड–19 ने भारत के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती पेश की है। कोविड–19 महामारी के प्रकोप के चलते हैं देशभर के बड़े–बड़े शहरों से हजारों संख्या में प्रवासी मजदूर अपने–अपने गांव की तरफ पलायन कर गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 मार्च 2020 को देशभर में 21 दिनों के लिए लॉकडाउन की घोषणा की थी और इस दौरान प्रवासी मजदूर भुखमरी के डर से अपने परिवारों के साथ गांव की तरफ कई हजार किलोमीटर पैदल चलते रहे जिसमें इनके साथ बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं और दिव्यांग भी शामिल थे। अपने घरों को लौटते हुए इन्हें दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ा जिसमें कई प्रवासी मजदूरों की मृत्यु हो गई। महामारी के सबसे महत्वपूर्ण और दृश्यगत परिणामों में से एक प्रवासी संकट की समस्या रही है। अनियोजित और अचानक किए गए लॉकडाउन के कारण प्रवासी श्रमिकों को अपने जीवन और आजीविका के संदर्भ में महामारी का सबसे बुरा प्रभाव झेलना पड़ा है। करोना वायरस महामारी के दौरान प्रवासी संकट की वजह से प्रवासी श्रमिकों और करोना वायरस के बीच हमें कई बहुपक्षीय व बहुस्तरीय संबंधों का पता चलता है। इस लेख के माध्यम से कोविड–19 महामारी के दौरान भारतीय प्रवासी संकट का विश्लेषण विशेष रुप से प्रवासी श्रमिकों की गतिशीलता, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन के साथ–साथ सरकार द्वारा इनके हित में उठाए गए नीतिगत राहत उपायों के साथ ही न्यायपालिका द्वारा इनके संदर्भ में दिए गए निर्देशों का वर्णन और विश्लेषण भी किया गया है।

मुख्य शब्द/सूचक शब्द :– कोविड–19, महामारी, सामूहिक निरोधक क्षमता, अनौपचारिक क्षेत्र, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सुरक्षा, जन स्वास्थ्य प्रबंधन।

कोविड–19 महामारी इतिहास का सबसे बड़ा और भयंकर संकट रहा है क्योंकि यह त्रिस्तरीय संकट– स्वास्थ्य, मानवता और आर्थिक संकट– के रूप में हमारे समक्ष आया। अब तक इस महामारी ने राज्यों की सीमाओं को पार करते हुए कई महाद्वीपों में लाखों लोगों के जीवन को काल का ग्रास बना लिया है। यदि इस वर्तमान संकट को अतीत में घटित हो चुके संकटों के संदर्भ में देखा जाए – उदाहरण के तौर पर जैसा कि वर्ष 1930 की आर्थिक महामंदी– तो इस संकट ने मांग और आपूर्ति दोनों के समक्ष कई नए प्रकार के व्यवधान उत्पन्न कर दिए हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर कोविड–19 के प्रभाव को बहुत ही दृढ़ता से महसूस किया गया है। इसी संदर्भ में विभिन्न विद्वानों का भी कहना है कि इस महामारी नें श्रम बाजार की मांग में गिरावट लाने के साथ–साथ आपूर्ति श्रृंखला और श्रम बाजार को भी संकुचित कर दिया है। इस प्रकार के व्यवधान ने उत्पादन में श्रम को प्रभावित करने वाली श्रृंखला के निचले हिस्से में एक लहर पैदा कर दी है और जिसके परिणामस्वरूप गहरे झटके और ज्वलंत स्थिति उत्पन्न कर दी है।[1]

कोविड–19 पर राज्य की प्रतिक्रिया :– कोविड–19 महामारी वैश्विक स्तर पर एक बुरे स्वप्न का निर्माण किया, वैश्विक स्तर पर अनेक राष्ट्र–राज्यों ने कुछ कानूनी प्रतिक्रियाओं के माध्यम से इस वायरस के खिलाफ युद्ध शुरू करने, इसके प्रसार और प्रभाव को स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोकने के लिए जन स्वास्थ्य प्रबंधन (Public Health Management) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। ब्रिटेन और सिंगापुर के विपरीत, भारत में कोविड–19 कानून लागू नहीं किया और इस करोना वायरस महामारी से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 (Disaster Management Act 2005) और औपनिवेशिक महामारी आपदा अधिनियम 1897 (Colonial Epidemic Disaster Act 1897) का सहारा लिया। इस वायरस के प्रसार और प्रभाव को रोकने के लिए भारत सरकार ने 25 मार्च, 2020 को सर्वप्रथम (4 घंटे के नोटिस के आधार पर) देशव्यापी लॉकडाउन की तत्काल घोषणा कर दी और जोकि लगभग दो महीने तक जारी रही। यह विश्व में लागू किया गया सबसे बड़ा और सबसे कठोर लॉकडाउन था। इस दौरान बहुत से व्यवसाय बंद हो गए, वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई, रेल और अंतर–राज्य बस सेवा रोक दी गई, कई बार लॉकडाउन की समय सीमा को बढ़ाया गया और बहुत से अनुबंध निलंबित कर दिए

*** एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग,श्याम लाल कॉलेज (संध्या), दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**** एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।**

गए जिसके चलते देश के संगठित और विशेष रुप से असंगठित क्षेत्र को अभूतपूर्व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। असंगठित क्षेत्र में पूर्णरूप से रुकावट पैदा हो गई और विशेषरूप से उन लोगों को कोई सहायता नहीं दी गई जो इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जबकि इस लॉकडाउन का मुख्य उद्देश्य कोविड–19 के प्रसार को रोकना था।[2]

इस महामारी से निपटने के लिए राज्य की प्रतिक्रियाओं में अनेक आंतरिक दरारे देखी जा सकते हैं और प्रवासी मजदूरों के संदर्भ में यह दरारे और भी गहरी देखी जा सकती है। कोविड–19 के संकट से निपटने में नीतिगत समस्या और विवादों की सीमा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस वायरस के प्रसार को समय रहते नहीं रोका गया। 'यह विचार की खतरा बाहर से है', इस आधार पर इस महामारी से सामना करने की रणनीति बनाई गई। इस रणनीति के संदर्भ में इस दृष्टिकोण में निहित उस विरोधाभास का पता चलता है जिसने भारत में 'प्रवासी संकट' (Migrant Crises) और 'सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट' (Public Health Crises) के निर्माण में योगदान दिया।

सबसे सख्त लॉकडाउन :– हर्ष मंडर और अमितांशु वर्मा के अनुसार, 'भारत ने दुनिया की सबसे छोटे राहत पैकेज के साथ सबसे कठोर लॉकडाउन को देखा'।[3] इस लॉकडाउन से आप्रवासी श्रमिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अर्थशास्त्री और विकास अध्ययन के प्रोफेसर बारबरा हैरिस वाइट ने लॉकडाउन को श्रमिकों के अस्तित्व के प्रति नीति निष्क्रियता के माध्यम से 'अनौपचारिक श्रम पर एक युद्ध की घोषणा' (Declaration of War on Informal Labour) के रूप में दर्शाया है। इसमें लोगों का भारी संख्या में शहरों से अपने ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ पलायन देखा जा सकता है, जिसमें अदृश्य (गरीब, श्रमिक, मजदूर और हाशिए पर स्थित कामगार वर्ग) भी दृश्यवान हो गया। भारत सरकार के आंकड़े उस वास्तविक स्थिति का विवरण नहीं देते जिसमें प्रवासी मजदूरों का बहुत बड़ी संख्या में पलायन या विस्थापन हुआ था।

प्रवासन कोई नई घटना नहीं है, यदि नए प्रवासन और पुरानी प्रवासन के मध्य अंतर देखा जाए तो यह कहा जा सकता है की एक तरफ, यह प्रवासन दयनीय रसद के साथ किया गया प्रवासन था। तो वहीं दूसरी तरफ, इस संकट की घड़ी में परिवार सहित सुरक्षित घर लौटने की अनिवार्यता भी थी। शहरों के संसाधन इस बार इन प्रवासियों की कोई मदद नहीं कर पाए जिसने एक प्रकार से शहरों की जर्जर और असमान वितरणात्मक व्यवस्था को उजागर किया– विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, मजदूरी और कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में– और अर्थव्यवस्था में विपरीत प्रवसन (Reverse Migration) को बढ़ावा दिया। यह प्रवसन भारतीय इतिहास में आज तक के सबसे बड़े प्रवसन के रूप में सामने आया। अमिताभ कुंडू और मोहनन[4] के अनुमान अनुसार, इस प्रवसन ने 12 लाख लोगों को अस्थिर किया और 22 लाख लोग अपने–अपने घरों को मजबूर होकर लौट गए। अन्य स्रोतों के अनुसार, इस महामारी के दौरान लगभग 20 लाख लोग या 15 से 20 प्रतिशत के लगभग कुल प्रवासी विस्थापित हुए हैं। अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत 93 प्रतिशत प्रवासियों को रोजगार का नुकसान हुआ है। भारत के औद्योगिक आंकड़ों के अनुसार, भारत के 470 लाख श्रमिकों में से लगभग 80 प्रतिशत असंगठित क्षेत्रों में आज कार्यरत है जिसमें मुख्य रुप से रिक्शा चलाना, सब्जी बेचना, भवन या मॉल निर्माण में कार्यरत मजदूर, गृह कार्य में हाथ बटाने वाले घरेलू नौकर इत्यादि। असंगठित क्षेत्रों में कार्य कर रहे श्रमिकों ने अर्थव्यवस्था के पहिए को चालू रखने में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस महामारी के विषाणु को रोकने के लिए देशव्यापी स्तर पर हुए लॉकडाउन ने भूख, बेघर और अप्रत्याशित दुखो से घिरी हुई एक दयनीय स्थिति की और प्रवासी श्रम को फिर से धकेल दिया है। अप्रैल 2020 के मध्य में प्रवासी कामगार एक्शन नेटवर्क (Migrant Workers Action Network) के द्वारा कराए गए सर्वेक्षण (1,11,159 प्रवासी मजदूरों के नमूनों के सर्वेक्षण के आधार पर) के अनुसार इस दौरान 90 प्रतिशत लोगों को उनकी उचित मजदूरी तक नहीं दी गई, 96 प्रतिशत लोगों को सरकारी विभागों से राशन तक प्राप्त नहीं हुआ और 70 प्रतिशत लोगों को पका हुआ भोजन भी इस लॉकडाउन के दौरान प्राप्त नहीं हो सका।[5]

हाल ही (सितंबर 2020) में रोजगार की अनिश्चितता को देखते हुए केंद्र सरकार ने माना है कि देश के शहरी इलाकों में 10–7 फीसदी और ग्रामीण इलाकों में 29–3 फीसदी लोगों के पास स्थाई रोजगार नहीं है। यह लोग अस्थाई प्रकृति के कामकाज से जुड़े हुए हैं और बड़े संस्थानों में भी अस्थाई तौर पर रख लिया जाता है। इन प्रवासी मजदूरों और कामगार वर्ग की आर्थिक सुरक्षा के लिए समय–समय पर न्यूनतम पारिश्रमिक राशि तय की जाती है और हर 6 महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर इनका पुनर्मूल्यांकन भी किया जाता है।[6] केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा था कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अस्थाई प्रकृति के कामकाज में लगे लोगों के लिए

न्यूनतम पारिश्रमिक राशि निर्धारित की जाती है। 1 अप्रैल 2020 को तय की गई राशि के अनुसार अकुशल श्रमिकों के लिए ए वर्ग के शहरों में कृषि क्षेत्र में कामकाज के लिए ₹333 प्रतिदिन, बी वर्ग के शहरों में ₹303 प्रतिदिन और सी वर्ग के शहरों में ₹300 प्रतिदिन का पारिश्रमिक निर्धारित किया गया है। निर्माण क्षेत्र में काम कर रहे अकुशल श्रमिकों के लिए ए वर्ग के शहरों में ₹523, बी वर्ग के शहरों में ₹437 और सी वर्ग के क्षेत्रों में ₹350 प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित की गई है। वहीं दूसरी तरफ दक्ष कामगारों के लिए कृषि क्षेत्र में ए वर्ग के क्षेत्रों में ₹438, बी वर्ग के लिए ₹407 और सी वर्ग के लिए ₹364 निर्धारित किए गए हैं। देश के उच्च शहरी इलाके जैसे दिल्ली, मुंबई, नागपुर, पुणे इत्यादि को ए वर्ग में, मध्यम स्तरीय शहरीकरण वाले स्थान जैसे प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली और राजकोट को बी वर्ग की श्रेणी में रखा गया है और देश के शेष इलाकों को सी वर्ग में रखा जाता है।[7]

सामाजिक सुरक्षा तंत्र का अभाव :– ामाजिक सुरक्षा तंत्र से अनौपचारिक श्रमिकों का बहिष्कार उनकी कमजोरियों और परेशानियों को और बढ़ाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के एक अनुमान के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों तक पहुंच के मामले में भारत की आबादी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सबसे कमजोर है। भारत में प्रवासी श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे से ज्यादा लाभान्वित नहीं है क्योंकि ग्रामीण शहरी प्रवासियों में से अधिकांश मुख्य रूप से आकस्मिक वेतन पर या अनौपचारिक क्षेत्र में स्व–कार्यरत है। भारत में विभिन्न राज्यों के बीच सामाजिक सुरक्षा समन्वय की कमी दिखाई देती है हालांकि कभी–कभी स्रोत और गंतव्य तो दिखाई देते हैं परन्तु अधिकांशतः श्रम बाजार में प्रवासन की प्रकृति अदृश्य ही होती है।[8] कोई भी व्यक्ति तीन स्तरों पर श्रमिक प्रवासियों के संकट का अवलोकन कर सकता है जैसे गंतव्य (Destination), पारगमन (Transit) और स्रोतों (Source) के आधार पर। श्रम प्रवासियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए उपरोक्त तीनों क्षेत्रों में उचित नीतिगत प्रक्रियाओं की आवश्यकता है, सरकार ने श्रम प्रवासियों के लिए मुफ्त आवास, मजदूरी का भुगतान और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए कानूनी अधिकारों का उपयोग इनके हित में सुनिश्चित नहीं किया। इसी प्रकार उनके लिए सुचारू और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने हेतु कोई नीति नहीं अपनाई गई। श्रमिकों का अनिवार्य पंजीकरण नहीं किया गया ताकि आपदा के समय में उनको आवश्यक मदद पहुंचाई जा सके।[9] हाल ही में केंद्र सरकार ने 9 अप्रैल 2020 को घोषणा की कि 20 लाख पंजीकृत श्रमिकों को लाक्डाउन के दौरान 3000 करोड़ रुपए वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त सरकार प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त खाद्यान्न और किसानों को रियायती ऋण देने की भी घोषणा की।[10] तत्कालीन वित्त मंत्री ने की घोषणा की कि आठ करोड़ प्रवासियों को 2 महीने के लिए 5 किलोग्राम अनाज और 1 किलोग्राम दाल मुफ्त मिलेगी (नवंबर 2020 तक)। हालांकि, सरकार द्वारा प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं को हल करने के लिए सरकार द्वारा टुकड़ों में नियोजित उपागम (Piecemeal Approach) का पता चलता है। बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक प्रवासियों की श्रेणी में आते हैं और कई प्रवासी श्रमिकों की तरह वह भी पंजीकृत नहीं है और इस तरह सरकार द्वारा दी जाने वाली नकद हस्तांतरण योजना से वह वंचित रहे। हाल ही में सरकार द्वारा राशन कार्ड पाने वाले 8 लाख लोगों के लिए 3 महीने तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की गई, लेकिन प्रवासी श्रमिकों के पास उनके राशन कार्ड उनके गृह राज्यों में रखे हुए थे और जब इस महामारी के दौरान उनको अपने कार्य स्थलों में भोजन की आवश्यकता थी तब वह इस से वंचित रह गए। इस प्रकार, नकद वितरण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (Public Distribution System) तक पहुंच का लाभ लेने के लिए फंसे हुए प्रवासी श्रमिकों को अपने कार्यस्थल से बाहर निकल कर सड़कों पर आना पड़ा ताकि इस महामारी के दौरान वह अपने–अपने घरों को लौट सके।

वर्तमान श्रम कानूनों के मौजूदा टुकडे जैसे अनुबंध श्रम विनियमन और उन्मूलन अधिनियम 1970 (Contract Labour Regulation and Abolition Act 1970), अंतर–राज्य प्रवासी श्रमिक अधिनियम 1979 (Inter&State Migrant Worker Act 1979), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 (The National Disaster Management Act 2005), श्रम संहिता 2019 (The Labour Code 2019) केवल कागजी शेर साबित हुए हैं और वर्तमान संकट का सामना करने में इनकी कोई प्रसंगिकता नहीं है। प्रवासियों को शहरी केंद्रों से बाहर फेंक दिया गया और यह प्रवासी श्रम के संबंध में भारतीय राज्य के निष्क्रिय भूमिका को उजागर करता है।[11] कुछ राज्यों ने जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात ने मौजूदा श्रम कानूनों को निलंबित कर दिया और नियोक्ता को अपने संबंधित व्यवसाय को मुक्त रूप से चलाने की अनुमति दे दी गई। अब मजदूरों को अब 12 घंटे कार्य करने के लिए मजबूर किया जाएगा और सप्ताह में 6 दिन फैक्ट्री अधिनियम 1948 के तहत प्रावधानों का पालन करते हुए, अब अतिरिक्त घंटों के लिए सामान्य दर की दुगनी दर से अतिरिक्त भुगतान करने के लिए कहा गया है। इसे आगे बढ़ते हुए, कमजोर और असुरक्षित मजदूरों को श्रम अधिकार संरक्षण से अलग किया गया जिसे शाह और लार्शे ने 'अति शोषण' (Super Exploitation) के रूप में अंकित किया है।[12] अभी हाल ही में (मई 2021) सर्वोच्च

न्यायालय ने देश के अलग–अलग हिस्सों में फंसे सभी प्रवासी मजदूरों को सूखा राशन (Dry Diet) देने का आदेश दिया है। जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एम आर शाह की पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि, 'प्रवासी मजदूर, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में क्यों न फंसे हो, इन सब को आत्मनिर्भर योजना या केंद्र या राज्यों की किसी अन्य योजना के तहत सुखा राशन उपलब्ध करवाया जाए और इसके लिए इन्हें राशन कार्ड भी दिखाना अनिवार्य नहीं होगा।'[13] सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे उन स्थानों पर सामुदायिक रसोई (Community Kitchen) की शुरुआत करें जहां मजदूर फंसे हुए हैं।

प्रवासी श्रमिक और स्वास्थ्य प्रबंधन संकट :– लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिक महामारी और स्वास्थ्य प्रबंधन संबंधी संकट से सबसे ज्यादा पीड़ित रहे। मनोविज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य पर कोविड–19 का प्रभाव विविध और जटिल रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रवासी गतिशीलता को सही ढंग से नहीं संभालनां, पुलिस की आक्रामकता, अधिकारियों के हाथों दुर्व्यवहार, परिवहन में देरी और प्रवासियों को बलि का बकरा बनाए जाने के कारण प्रवासी श्रमिकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ उनका विश्वास भी कम हुआ है। देखा जाए तो कोविड–19 महामारी एक महान तुल्यकारक/समतामूलक भी रही है और इसने प्रत्येक व्यक्ति पर चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग, लिंग, आयु, क्षमता, धर्म और क्षेत्र का ही क्यों ना हो सबको बराबर प्रभावित किया है। हालांकि, प्रवासी मजदूरों को बीमारी का वाहक माना गया और प्रवासी शरीर को निष्कासन की नई चुनौती का सामना करने के साथ–साथ कलंकित सामाजिक बहिष्कार रूपी निगरानी तंत्र को भी उन पर लागू किया गया। इस उतार–चढ़ाव के समय में, मानवता और मानवीय संवेदनशीलता का भय के दायरे के साथ समझौता किया जा रहा है और यह भय इस बात से विदित होता है कि सरकारी अधिकारियों द्वारा इन पर सामूहिक रसायनिक छिडकाव तक किया गया।

निष्कर्ष :– कोरोनावायरस संकट ने प्रवासी श्रमिकों पर बहुपक्षीय रूप से प्रतिकूल प्रभाव डाला है। प्रवासी संकट ने भारत में महामारी की नैतिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं को भी उजागर किया है, विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों के संदर्भ में। इसने नव–उदारवादी अर्थव्यवस्था में श्रम के क्षेत्र और सामाजिक न्याय के मुद्दों को भी उठाया है। निकट भविष्य में प्रवासन के मुद्दे के बेहतर प्रबंधन के लिए और महामारी से निपटने के लिए एक वैकल्पिक समावेशी और प्रवासी श्रम केंद्रित नीतियों को पुनर्जीवित और पुनर्गठित किया जाना आज बहुत आवश्यक है।

संदर्भ (Refrences)

1. Bales, Kevlin, (2020), 'COVID-19: Ensure Labour Laws benefit both Workers and Economy', *Financial Express*, August 3.https://www.financialexpress.com/opinion/covid-19-ensure-labour-laws-benefit-both-workers-and-economy/2042741/Accessedon: 20 September, 2020.
2. Chaudhary, Monika, P. R. Sodani, and Shankar Das, (2020), 'Effect of COVID-19 on Economy in India: Some Reflections for Policy and Programme', *Journal of Health Management*, Vol.22, No.2, pp.169-180.
3. https://journals.sagepub.com/doi/pdf/10.1177/0972063420935541Accessed on: 10 September, 2020.
4. D'souza, Kim, (2020), 'India's Kept Improvising During Coronavirus: Age of Pandemic Needs a New Public Health Law', *The Print*, 12 July,2020. https://theprint.in/opinion/india-kept-improvising-during-coronavirus-age-of-pandemics-needs-a-new-public-health-law/459122/ Accessed on: 14 July, 2020.
5. Economic Survey of India, (2017), Ministry of Finance, Government of India https://www.indiabudget.gov.in/budget2017-2018/survey.asp
6. Jha, Manish K and Ajeet Kumar Pankaj, (2020), (2020a), *Borders of An Epidemic: COVID-19 and Migrant Workers*, Kolkata: Calcutta Research Group, 2020.
7. Kapoor, Radhicka, (2020), 'The Unequal Effects of the Covid-19 Crisis on LabourMarket', *The India Forum*, August 7. https://www.theindiaforum.in/article/unequal-effects-covid-19- crisis labour-market Accessed on: 10 August, 2020.
8. Lal, Neeta, (2020), 'The Pandemic Revealed India's Invisible Workforce', *The Diplomat*, June 5. https://thediplomat.com/2020/06/the-pandemic-revealed-indias-invisible-workforce/ Accessed on: 10 June, 2020.
9. Rajan, S. Irudaya, P. Sivakumar and Aditya Srinivasan, (2020), The COVID-19 Pandemic and Internal Labour Migration in India: A 'Crisis Mobility', *The Indian Journal of Economics*, November, https://doi.org/10.1007/s41027-020-00293-8 Accessed on: 5 December, 2020.
10. Sen, Sunanda, (2020), 'Rethinking Migration and the Informal Indian Economy in the Time of a Pandemic', *The Wire*, June1. https://thewire.in/economy/rethinkingmigration-and-the-informal-indian-economy-in-the-time-of-a-pandemic Accessed on: 10 June, 2020.
11. Shah, Alpa and Jens Lerche, (2020), 'The Five Truths about the Migrant Workers' Crisis', *Hindustan Times*, July, 13.
12. https://www.hindustantimes.com/analysis/the-five-truths-about-the-migrant-workers-crisis-opinion/storyawTQUm2gnJx72UWbdPa5OM.html Accessed on: 20 July, 2020.
13. Sharma, Yogima Seth, (2020b), 'Unemployment Rate Falls to pre-Lockdown Level: CMIE', *The Economic Times*, June 24.https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/unemployment-rate-falls-to-pre-lockdown-level-cmie/articleshow/76528571.cms Accessed on: 27 June, 2020.

इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता का स्वर

डॉ. शत्रुघ्न कुमार मिश्र*

कविता भारतीय साहित्य की दुनिया में सर्वाधिक प्राचीन विधा है। हमें साहित्य का प्राचीनतम रूप कविता के रूप में प्राप्त होता है। हिन्दी कविता अपने प्रारंभिक दौर से आजतक अविरल प्रवाहित हो रही है। आदिकाल से लेकर रीतिकाल तक लगभग 1000 वर्ष तक साहित्य की आवाज कविता ही रही। रीतिकाल के पश्चात् गद्य का जन्म हुआ और गद्य के विकास के समानान्तर कविता का विकास हुआ। उन्नीसवीं सदी की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि खड़ी बोली का प्रसार है। हिन्दी की बोलियों का संयुक्त एकाकार खड़ी बोली के रूप में इसी दौर में हुआ और पद्य ओर गद्य दोनों माध्यमों की भाषा खड़ी बोली बनी। खड़ी बोली का प्रयोग वस्तुतः गद्य लेखन के लिए प्रयोग किया जाता रहा, किन्तु बीसवीं सदी तक आते–आते कविता की भाषा पूर्णतः खड़ी हिन्दी हो गयी। बीसवीं सदी में काव्य के लिए ब्रजभाषा के प्रयोग का आग्रह बहुतायत कवियों का जाता रहा। आज की हिन्दी कविता के रूप का संस्कार हमें छायावादयुगीन कविता से मिला है। छायावाद युग से लेकर आजतक की हिन्दी कविता में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए, किन्तु कविता की भाषा खड़ी हिन्दी ही रही।

छायावाद युग के प्रारम्भ होने के साथ ही हिन्दी कविता में छन्दमुक्त कविता का दौर आया। छन्दमुक्त कविता का प्रारम्भ निराला ने किया, इसके कारण वह आलोचना का शिकार भी हुए। 'जूही की कली' जिसे छन्दमुक्त कविता की प्रारंभिक कविता माना जाता है, इस कविता ने तत्कालीन कवियों को प्रभावित किया। छायावाद युग से अब तक छन्दमुक्त कविता ही काव्य का मुख्य आधार व रुप है।

काव्यशास्त्रीय आधारों का कुछ असर छायावादयुगीन कविता पर तो पाया जाता है, किन्तु प्रगतिवाद का दौर आते ही कविता में यथार्थ का स्वर प्रमुखता से जगह बनाता है। प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, साठोत्तरी कविता के बाद हिन्दी साहित्य के इतिहास में काल–विभाजन का कोई ठोस आधार नहीं बना, कहने का तात्पर्य है कि इस युग की कविता को समकालीन कविता ही कहा जाता है। सन् 1960 ई0 से अब तक की हिन्दी कविता में कोई काव्य–आंदोलन परिलक्षित करने का कार्य आलोचकों ने नहीं किया है। समकालीन कविता का रूप भले ही अलग–अलग हो किन्तु नामकरण अभी उसकी समस्या है। अतः इस समय की कविता को 'समकालीन कविता' ही कहा जाता है।

समकालीन कविताएँ छोटी और बड़ी दोनों प्रकार की लिखी जा रही हैं। इन कविताओं का फलक बहुत ही व्यापक है। कविता की दुनिया इस समय भी प्रासंगिक बनी हुई है। इस युग में रचनाकारों की दो पीढ़ियाँ हैं। एक पीढ़ी वह है जो नागार्जुन और त्रिलोचन की परवर्ती है और उनके साथ–साथ या बाद से कविता लेखन की दुनिया में सक्रिय है। एक पीढ़ी एकदम नयी पीढ़ी है जो इक्कीसवीं सदी के रचनाकारों की पीढ़ी है। इन दोनों पीढ़ियों का सामंजस्य कविता की दुनिया को महत्त्वपूर्ण और जनप्रासंगिक बनाती है। पुरानी पीढ़ी के प्रमुख हस्ताक्षर में राजेश जोशी, अरूण कमल, विनोद कुमार शुक्ल, अष्टभुजा शुक्ल, आलोक धन्वा, असद जैदी, मदन कश्यप, विष्णु खरे जैसे महत्त्वपूर्ण कवि हैं तो नयी पीढ़ी में राकेश रंजन, अनुज लुगुन, अरूणाभ सौरभ, सुधांशु फिरदौश, अविनाश मिश्र जैसे युवतम स्वर भी कविता में सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। समकालीन कविता में महिला लेखिकाओं की भी सार्थक उपस्थिति है, अपने जीवनानुभवों और काव्य शिल्प से समकालीन कविता के फलक को महिला लेखिकाओं ने विस्तृत किया है। आगे इन्हीं महत्वपूर्ण कवियों के माध्यम से ही समकालीन कविता के रूप, सौन्दर्य व विशेषताओं पर बात की जाएगी।

समकालीन कविता में गँवई रूप भी मौजूद है। एक ओर कविता एकदम 'नयी हिन्दी' का रूप ग्रहण कर रही है वहीं दूसरी ओर कुछ कवि गँवई जीवन के अनुभव को कविता में पिरोते हैं। किसानों की समस्या, गाँव की पुरातन सभ्यता और सामाजिक संस्कृति के सशक्त कवि के रूप में अष्टभुजा शुक्ल हमारे सामने आते हैं। अष्टभुजा मूलतः भारतीय मन के कवि हैं। उनकी भाषा पाठक को अपनी पुरातन संस्कृति की ओर ले जाती है। अष्टभुजा शुक्ल की कविता 'चैत के बादल' ऐसी ही एक कविता है, जिसमें गँवई जीवन उपस्थित होता है। चैत माह अप्रैल माह के लगभग का समय होता है, अगर इस ऋतु में वर्षा होती है तो यह फसल को काफी

*** मकान नं. 437, कतवारू का पुरा, अनगढ़ रोड़, मिर्जापुर।**

नुकसान पहुँचाती है। इसी विषय पर यह कविता अत्यंत पठनीय हो जाती है– **''मुँह अन्हारे/सन्न मारे/गाँव में माया पसारे/कहाँ से उपरा गए/भडुए, अधी ये चैत के बादल''**[1]

चैत की वर्षा किसानों के काम न आकर उन्हें नुकसान ही पहुँचाती है। वर्षा ऋतु का जहाँ कवि सौन्दर्यात्मक वर्णन करते हैं, वहीं अष्टभुजा इसे किसान जीवन की समस्या के रूप में देखते हैं– ''**जब बयाना हो गई घर की मसूर/जब फसल पक कर हुई तैयार/तब फूँकने खलिहान/आए हैं''**[2]

इक्कीसवीं सदी की कविता में विनोद कुमार शुक्ल बुजुर्ग पीढ़ी के बेजोड़ कवि हैं। उनकी कविताएँ जंगल, जमीन व मनुष्यता की कविताएँ हैं। भाषा का अनूठापन भी उनकी कविताओं में प्रमुखता से दिखायी देता है। विनोद कुमार शुक्ल की कविताएँ छत्तीसगढ़ के जंगलों और बिहड़ों के अनुभव को भी हमारे सामने लाती हैं। आदिवासी जीवन के सौन्दर्य की झलक और स्थानीय बोध उनकी कविताओं में सजीव हो उठता है। विनोद कुमार शुक्ल अपनी धरा के भूगोल को बखूबी समझते हैं और उन्हें कविता का विषय बनाते हैं। जंगल के वनवासी लोग और उनकी लड़कियाँ बाजार जाने से कैसे घबराती हैं, इसकी बानगी उनकी कविता 'जंगल के दिन भर के सन्नाटे में' देखी जा सकती है– **''एक अकेली आदिवासी लड़की को/घने जंगल जाते हुए डर नहीं लगता/बाघ–शेर से डर नहीं लगता/पर महुवा लेकर गीदम के बाजार जाने/ डर लगता है।/बाजार का दिन है/महुवा की टोकनी सिर पर बोहे/या काँवर पर/इधर उधर जंगल से/ पहाड़ी के ऊपर से उतर कर/सीधे–साधे वनवासी लोग/पेड़ के नीचे इकट्ठे होते हैं/और इकट्ठे बाजार जाते हैं।''**[3]

पहाड़ प्रकृति और परिवेश कवि विनोद कुमार शुक्ल की कविता में इस तरह जीवतंता से उपस्थित होते हैं कि कवि उन्हें जीवन के हिस्सों में शामिल करना चाहता है– **''अन्तिम समय तक के लिए/उनका एक गृहस्थ आश्रम/एकान्त के घने वन से छुपे/जीवन की अथाह गहरी नदी के किनारे।/इसी नदी के जल में डुबकी लगाकर/दोनों स्नान करते/कलश में वह/यही जीवन जल भरती/और यही जल वे ताँवे के लोटे में लेकर लौटते।''**[4]

समकालीन कविता के युवा स्वर में अरूणाभ सौरभ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कवि हैं। बिहार प्रान्त की जमीन से ताल्लुक रखने वाले अरूणाभ की कविता में बिहार का लोकजीवन व संस्कृति प्रवाहित होता है। आज सम्पूर्ण दुनिया को 'विश्वग्राम' की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। ऐसे में हमारे अपने ही देश में स्थानीयता की समस्याएँ विद्यमान हैं। वर्ष 2019 में भारत में जब कश्मीरी युवकों पर भारत के विभिन्न भागों में हमले हो रहे थे, ऐसे में देश में बहुत पहले से बिहार के निवासियों पर हुए सामाजिक व शारीरिक हमलों की याद अरूणाभ की कविता 'वो स्साला बिहारी' में देखी जा सकती है– **''आवाज में निरन्तरता है–/ओय बिहारी/तेरी माँ की/तेज–तेज फावड़ा चला/निट्ठले/यूपी–बिहार के चूतिए/तेरी भैण की/तेरी माँ की..।''**[5]

अरूणाभ के साथ ही आदिवासी समाज से ताल्लुक रखने वाले झारखण्ड प्रान्त के बेहद संवदेनशील कवि अनुज लुगुन हमारे सामने आते हैं। आदिवासी जीवन के संघर्ष व उनके जीवन का सौन्दर्यात्मक बोध उनकी कविताओं में मौजूद है। आदिवासी अपने जंगल, जमीन से बेदखल किए जा रहे हैं। पूंजीवाद की विकरालता ने उनके जीवन को दूभर कर दिया है– ''**लड़ रहे हैं ये/नक्शे में घटते अपने घनत्व के खिलाफ / जनगणना में घटती संख्या के खिलाफ/गुफाओं की तरह टूटती/अपनी ही जिजीविषा के खिलाफ'/..../'लड़ रहे हैं आदिवासी/अघोषित उलगुलान में/कट रहे हैं वृक्ष/माफियाओं की कुल्हाड़ी से और/बढ़ रहे है कंक्रीटों के जंगल''**[6]

आदिवासी समाज को दुनिया जिन नजरों से देखती है, वह हिकारत का भाव लिए हुए है। राजनीति और प्रकृति के दोहन ने आदिवासी सभ्यता को नष्ट करने में अपनी जबरदस्त भूमिका निभायी है। आदिवासी समाज के सच को अनुज लुगुन की कविता 'आदिवासी' में देखा जा सकता है–''**वे जो सुविधाभोगी हैं/या मौका परस्त हैं/या जिन्हें आरक्षण चाहिए/कहते हैं हम आदिवासी हैं,/वे जो वोट चाहते हैं/कहते हैं तुम आदिवासी हो,/वे जो धर्म प्रचारक हैं/कहते हैं/तुम आदिवासी जंगली हो।/वे जिनकी मानसिकता यह है/कि हम ही आदि निवासी हैं/कहते हैं तुम वनवासी हो।''**[7]

समकालीन कविता में राकेश रंजन अपने ढंग के इकलौते कवि नजर आते हैं। उनकी कविताओं में भोजपुरी जनपद के शब्द व वाक्य प्रयोग कविता के प्राणतत्व बन जाते है। राकेश रंजन की कविताई की भाषा व लहजा एक आम आदमी की भाषा है, जो वह दैनन्दिन जीवन में प्रयोग करता है। वाक्य के मुहावरों का सुन्दर प्रयोग वह कविता में करते हैं। राकेश की कविता 'गुरु कौ बचन' ऐसी है ठेठ लहजे की कविता है– **''आ बचवा,**

चल चिलम लगा दे।/रात भई, जी अकुलाता है/कैसा तो होता जाता है/ऊ ससुरा रमधरवा सरवा/अबतक रामचरित गाता है/रमधरवा जल्दी सो जाए/ऐसा कोई इलम लगा दे!"[8]

हमारा समाज आज जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर बंटा हुआ है। मनुष्य सर्वाधिक क्रूर व अविश्सनीय ऐसे समय में होता जा रहा है। धर्म के नाम पर शक भरी नजर मनुष्य के स्वाभाविक जीवन को अन्दर से प्रभावित करती है। राकेश रंजन की कविता 'यह पहला मौका नहीं था' ऐसी ही एक कविता है, जहाँ एक कम उम्र का मुस्लिम बालक मंदिर पर अगरबत्ती बेचता है। कवि के उसके नाम लेने पर वह सकपका जाता है, कहीं मंदिर पर गैर धर्म का होने के कारण उसको सजा न दी जाए। ऐसा भययुक्त समाज आम इस दौर में बन रहा है, जिसमें मनुष्यता की हार हो रही है। कवि इसे मनुष्यता की पराजय के रूप में देखता है– **"बेटाजान/क्या हिन्दू क्या मुसलमान/प्यार से बड़ा और मेहनत से अलग/कौन सा दीन कौन सा ईमान/मैंने देखा, वह बिल्कुल आश्वस्त नहीं था/उसकी आँखों में भरा था खौफ।'...../ 'यह पहला मौका नहीं था, मित्रों/यह पहली पराजय नहीं थी।"**[9]

समकालीन कविता में असद जैदी कविता के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं। कविता और कहन की साफगोई उनकी कविताओं में नजर आती है। भारतीय इतिहास और सामाजिक संस्कृति की कविताएँ भी असद जैदी ने लिखी हैं। सामाजिक संस्कृति का ताना–बाना भी वह बुनते रहते हैं। एक बेचैनी भी उनकी कविताओं में नजर आती है। इस बेचैनी को '1857 : सामान की तलाश' कविता में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हम जिस इतिहास से निकलकर 150 वर्षों का सफर 1857 की क्रांति का तय कर चुके हैं, उस क्रांति को हमारा समाज कितना समझ पाता है। कवि की बेचैनी तब साफ समझी जा सकती है, जब हिन्दी साहित्य के राष्ट्रीय धारा के कवियों ने भी इस क्रांति को कविता में जगह देने पर कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखायी है–**"जिस सन् सत्तावन के लिए सिवा वितृष्णा या मौन के कुछ नहीं था/मूलशंकरों, शिवप्रसादों, नरेन्द्रनाथों, ईश्वरचन्द्रों, सैयद अहमदों,/प्रतापनारायणों, मैथिलीशरणों और रामचन्द्रों के मन में/और हिन्दी के भद्र साहित्य में जिसकी पहली याद/सत्तर अस्सी साल के बाद सुभद्रा ही को आई।"**[10]

1857 की क्रांति और आजादी के इतने वर्षों के बाद समाज की दशा क्या है? उसको यह कविता बखूबी पेश करती है। सरकार व सत्ता से बैठे लोगों से कवि पूछता है–

"क्या अब दुनिया में कहीं भी नहीं है अन्याय
या तुम्हें ही नहीं सूझता उसका कोई उपाय।"[11]

समकालीन हिन्दी कविता का फलक बहुत ही व्यापक और समृद्ध है। समकालीन कविता चूँकि 'समकालीन' नाम से ही अभिहित की जाती रही है, और इन कविताओं की प्रवृत्ति भी एक जैसी नहीं है। कविता के इस युग का नामकरण आगे आने वाली पीढ़ी करेगी ही लेकिन आज की कविता स्मृतिमोह से हमें दूर ले जाती है। कविताएँ हमारे जीवन का सत्य होती हैं, इस सत्य को समकालीन कवि अपने भावों में व्यक्त करने में सक्षम हैं।

संदर्भ–सूची :–

1. चैत के बादल, अष्टभुजा शुक्ल, रामकृष्ण प्रकाशन, विदिशा, प्र0सं0–1990, पृ0–66
2. वही, पृ0–67
3. जंगल के दिन भर के सन्नाटे में, पचास कविताएँ (चयन), विनोद कुमार शुक्ल, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्र0सं0–2011, पृ0–17
4. अन्तिम समय तक के लिए, पचास कविताएँ (चयन), विनोद कुमार शुक्ल, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्र0सं0–2011, पृ0–31
5. वो स्साला बिहारी, दिन बनने के क्रम में, अरुणाभ सौरभ, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, प्र0सं0–2014, पृ0–63
6. अघोषित उलगुलान, अनुज लुगुन, kavitakosh.org
7. आदिवासी, अनुज लुगुन, kavitakosh.org
8. गुरू कौ वचन, अभी अभी जनमा है कवि, राकेश रंजन, प्रकाशन संस्थान, नयी दिल्ली, प्र0सं0–2007, पृ0–29
9. यह पहला मौका नहीं था, दिव्य कैदखाने में, राकेश रंजन, राधाकृष्ण प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्र0सं0–2017, पृ0–28
10. 1857: सामान की तलाश, सरे–शाम (असद जैदी के तीन कविता संग्रह) आधार प्रकाशन, हरियाणा, प्र0सं0–2014, पृ0–162
11. वही, पृ0–163

वीरेन्द्र मिश्र के गीतों में संवेदनात्मक-अवधारणा

मोहन बैरागी*

मूलतः वेदना या संवेदना का अर्थ ज्ञान या ज्ञानेन्द्रियों का अनुभव है। मनोविज्ञान में इसका सही अर्थ ग्रहण किया जाता है। उसके अनुसार संवेदना उत्तेजना के संबंध में देह–रचना की सर्वप्रथम सचेतन प्रतिक्रिया है, जिससे हमें वातारवरण की ज्ञानोपलब्धि होती है। उदाहरण– हरी वस्तु, हरे रंग को देखने की संवेदना की उत्तेजना मात्र है। उत्तेजना का हमारे मन पर मस्तिष्क तथा नाड़ी तंतुओं द्वारा प्रभाव पड़ने पर ही हमें उसकी संवेदना होती है। संवेदना हमारे मन की चेतना की वह कूटस्थ अवस्था है, जिसमें हमें विश्व की वस्तु विशेष का बोध न होकर उसके गुणों का बोध होता है।[1] संवेदना की अवधारणा बहुआयामी है। 'चेतनता' अन्तःप्रेरित प्रत्यय, सुखानुभूति या दुखानुभव, वेदना, संवेदना, बोध। विश्वास या प्रत्यय, धारणा प्रतीति, दूसरों की विपत्तियों का अनुभव करने की सत्वरता, तत्परता, शीघ्र अनुभवन करने की शक्ति, सद्विचार, सद्भावना,सत्कामना।[2] जैसे अर्थ संवेदना शब्द की व्यापकता और विविधता प्रमाणित करते है।

संवेदना शब्द विविध विषयों और विविध संदर्भो में प्रयुक्त होता रहा है। डॉ. राम शंकर शुक्ल रसाल ने संवेदना को ''सुख दुखादि की अनुभूति की प्रतीति, संवेदना किसी की विपदा या दुःख की दशा में समान रूप से साथ देना या तदनुरूप करना''[3] के रूप में माना है। संवेदना मानव–मन की गहराईयों से उठने वाली भाव–तरंगों के रूप में प्रस्फूटित होकर शरीर के प्रत्येक अंग को प्रभावित करती है। कभी यह मुखरित हो जाती है और कभी मुखरित होने का प्रयास करने पर भी विवशतावश मौन रह जाती है। यह अंतर व्यक्ति की चारित्रिक क्षमता के कारण उत्पन्न होता है। एक घायल व्यक्ति को सड़क पर देखकर एक व्यक्ति संवेदना के वशीभूत होकर उसे अस्पताल पंहूचाने का पूरा उपक्रम करता है जबकि दूसरा उसे दुखकर कूछ करने की इच्छा होने पर भी कुछ नहीं करता। संवेदना का क्षेत्र हर्ष और विषाद दोनों को अपनी सीमाओं में लिए रहता है। भारत या एशियाई देशों में ये दोनो तत्व साथ–साथ प्रवाहित होते देखे जाते है। शंभुनाथ सिंह के अनुसार 'नृत्य–गान और रंगारंग जीवन एशियाई देशों के लोगों की निजी पहचान है। परंतु काव्य के क्षेत्र में या कला के क्षेत्र में संवेदना का जो रूप उभरता है उसमें करूण पक्ष की भूमिका तुलनात्मक दृष्टि से इक्कीस ही रहती है। ''वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा 'गान' '', ये यह उद्घाटित होता है। संवेदना जब दुखात्मक कारणों से जागृत होती है और उसका रूपायन काव्य में होता है तो वह रचना माधुर्य से ओतप्रोत हो जाती है। नृत्यगान और रंगारंग जीवन के भीतर झॉककर देखें तो वहॉ भी संवेदना के करूण प्रसंगों की भरमान दिखाई देगी।

संवेदना की शक्ति ही व्यक्ति विशेष को कवि या चित्रकार अथवा कलाकार बनाने का कार्य निष्पादित करती है। इस दृष्टि से संवेदना मानव–मन की झंकारों को कलाकृति से अवतरित करने की भूमिका का निर्वाह करती है। संवेदनाहीन व्यक्ति कलाकार नहीं हो सकता। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों में संवेदना के तत्व दुर्बल होते है। रमानाथ अवस्थी मानते हैं– 'मुझे प्रायः लगता है, कविता किसी से अलग नहीं हैं क्योंकि वह सबको किसी न किसी रूप में बहलाती है। जिस कविता में यह प्रतीति हो, मै उसी कविता को काल–जयी मानता हूँ। ऊँची कविता कृष्ण की बॉसूरी जैसी है जिसमें हमारा दर्द और दिल बजता है।''4 स्पष्ट है कि दर्द और दिल का बजना संवेदना का बजना है। संवेदना के इस कारूणिक पक्ष में इतनी शक्ति होती है कि वह अंगुलिमाल जैसे डाकू को भी पिघला देती है।

संवेदना जागृत होना या न होना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर नहीं होता। दूर्गंधपूर्ण गंदगी देखकर व्यक्ति स्वयं को असहज अनुभव करता है। यह अनुभूति उसकी इच्छा पर निर्भर नहीं है। पुष्पित उद्यान को देखकर होने वाली प्रसन्नता को कोई व्यक्ति मुखरित होने से तो रोक सकता है परन्तु उसकी अनुभूति उसकी इच्छा की दसी नहीं। यदि वह व्यक्ति चिंताग्रस्त व शोकग्रस्त है तो हो सकता है वह उस पुष्पित

*** शोधार्थी, डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय, इंदौर, म.प्र.।**

उद्यान से उत्पन्न होने वाली प्रसन्नता का अनुभव न करें परंतु इस स्थिति में भी प्रसन्नता की अनुभूति से वंचित रहना उसकी इच्छा की क्रियात्मकता के रूप में रहता है। हिंदी साहित्यकारो के अनुसार 'प्रौढ़ व्यक्तियों में... संवेदना प्रायः अंसभव हो जाती है। यद्यपि साधारणतः अंग्रेजी में इसे 'सिम्पैथी' या फैलो फीलिंग' कह सकते हैं किंतु मनोविज्ञान में 'सेन्सेशन' के रूप में ही इसका विशिष्ट प्रयोग होता है। यह हमारी इच्छा पर निर्भर नहीं है।'' संवेदना के तीन भेद बताए गए हैं–

अ. विशिष्ट संवेदना, ब. अन्तरावयव संवेदना, स. स्नायविक संवेदना।

अ. विशिष्ट संवेदना :– विशिष्ट संवेदना वह होती है जो विशिष्ट ज्ञानेन्द्रिय तथा बाहरी उत्तेजना द्वारा अनुभव की जाती है। यह संवेदना इंद्रियों द्वारा अनुभव की जाती है अतः इसे ज्ञानेन्द्रिय संवेदना भी कहा जाता है। इसकी जागृति के लिए बाहरी अवयव का होना आवश्यक है। अवयवों की विविधता तथा तदनुसार ज्ञानेन्द्रियों की विविधता के कारण विशिष्ट संवेदना, दृश्य–संवेदना तथा श्रव्य संवेदना जैसे भेद ज्ञानेन्द्रिय भेदों के आधार पर किए जाते है। संवेदना के इन भेदों की एक विशेषता यह होती है कि ऐसी एक संवेदना को दूसरी से पृथक् किया जा सकता है। उदाहरण के लिए श्रवण–संवेदना एक दूसरी से स्पष्ट रूप से पृथक होती है।

ब. अन्तरावयव संवेदना :– प्राणी की आंतरिक अवस्था से जब कोई संवेदना जागृत होती है तो उसे अन्तरावयव संवेदना की श्रेणी में माना जाता है। श्वास प्रणाली, रक्त संचार प्रणाली या पाचन क्रिया की प्रणाली आदि के अवयवों से उत्पन्न संवेदनाएँ, अन्तरावयव संवेदनाएँ होती हैं। किसी अंग में जलन हो, चोट लगी हो या व्यक्ति को भूख लगी हो तो ये अनुभूतियॉ अन्तरावयव संवेदना का ही रूप होंगी। चन्द्रसेन 'विराट' की दो पंक्तियॉ हैं – ''हिल–डुल रहा है देखो, शायद वो जी उठा।/बाहर निकल रहा है, तसवीर तोड़कर।।''/उपरोक्त द्विपदी में व्यक्त संवेदना बिंब की दृष्टि से अन्तरावयव संवेदना है।

स. स्नायविक संवेदना :– स्नायविक संवेदना मांसपेशियों तथा ग्रंथियों के संचलन में उत्पन्न होती है। नर्वस ब्रेक डाउन होने पर इस प्रकार की संवेदनाएँ शिथिल हो जाती है। स्नायुतंत्र एवं पेशियों का स्वस्थ रहना इस श्रेणी की संवेदनाओं का अस्तित्व के लिए आवश्यक होता है। विश्वकल्याण के भाव और प्राणिमात्र के लिए सेवाभाव जगाना भी संवेदना है। संवेदना का यह रूप नैतिक और सात्विक मूल्यों की धुरी है। इसलिए संवेदना का क्षेत्र अत्यंत व्यापक होता है तथा इसे सीमित संदर्भ में बॉधकर इसकी पूर्णता को नहीं पहचान सकते। कविता कालजयी बनती है जब वह संवेदना के मुल्यात्मक पक्ष को जीवन्त करने में सक्षम होती है। मानवीय अनुभूतियों, जीवनानुभवों और विचारों की गीतात्मक अभिव्यक्ति ही वास्तविक कविता है दूसरे श्रेष्ठ कविता वह है जो समाज तक संप्रेषित होकर उद्धरणीय बन जाए, लोकोक्ति बन जाए। निष्कर्ष यह निकलता है कि संवेदना काव्य की प्रेरक ही नहीं उसकी कसौटी भी है। संवेदना कविता का प्राण है। 'जीवन की जिस गुनगुनाहट की अन्य विधाएँ मानवीय संवेदन से भरे–पूरे राग में नहीं गा पाती, उसे कविता गाती है। वेदना से भरापूरा होना काव्य की जीवन्तता के लिए आवश्यक है। इससे संवेदना के स्वरूप के उस पक्ष का बोध होता है जो मानव–जीवन को हलचलों में माला के सूत्र की तरह समया रहता है। मानव–मन संवेदना का स्त्रोत है तथा इसकी योग्यता एवं क्षमता अलग–अलग स्तरों पर हाती है जिसके कारण एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की तुलना में अधिक या कम संवेदनशील दिखाई देता है। इस स्थिति–भिन्नता के कारण ही मानवीय आचरणों में भिन्नता होती है। जिन लोगों में संवेदना के तत्व प्रबल होते है वे जीवन–संग्राम में साहसिक कार्य कर पाते है। कवि भी सामान्य से अधिक संवेदनशील होते है तथा सवंदना उन्हें काव्यकला के सहयोग से कृतित्व के लिए प्रेरित करती है। इस प्रकार भूमिका की दृष्टि से संवेदना सशक्त आधार है।

संवेदना का स्वरूप बहुआयामी होता है। समाज में जब परिस्थितियॉ क्रांतिकारी रूप से परिवर्तित होती है तो समाज की संवेदनाओं में भी एक नई लहर आती है जिसके प्रभाव से काव्य–विधाओं में भी नये आयाम जुड़ने लगते है। वर्तमान की सामाजिक परिस्थितियॉ बदली हुई हैं। परिणामस्वरूप आज नवगीत ने 'युग की संवेदना को गीत–जीवी बना दिया है और कृषि तथा सामंतीय गीत को आधुनिकता प्रदान की है। डॉ. विनोद गोदरे का यह कथन हिंदी साहित्य के इतिहास के काल विभाजन से भी सत्य प्रमाणित होता है। वीरगाथाकाल और भक्तिकाल के साहित्य में जो भारी अंतर है वह इन दोनों कालों में व्याप्त सामाजिक

संवेदनाओं के अंतर का ही परिणाम है। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में कारगिल में जो भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ उससे भारत की राष्ट्रीय चेतना व्यापक स्तर पर अभिव्यक्त हुई तथा उसने कुछ समय के लिए जाति, धर्म, भाषा आदि के पारंपरिक विवादों को पृष्ठभूमि में धकेल दिया। पत्र–पत्रिकाओं में एकता की यह संवेदना काव्य के रूप में भी प्रकाशित होती रही। राष्ट्रीय भावनाओं पर आधारित संवेदना ने इतना तीव्र और व्यापक रूप धारण कर लिया कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने भी इस अवसर पर अपने देश को याद किया। इंग्लैण्ड से प्रेषित उषा सक्सेना की कविता को तो शीर्षक ही देश की याद है– 'देश की याद,/प्रवास में/मुद्दतें गुज़र गई/देश की मिट्टी/याद की थपकियाँ देती रही.....।'[5]

तात्पर्य यह कि संवेदनाएँ परिस्थिति सापेक्ष भी होती हैं। संवेदना का विष्लेषण करते हुए डॉ. राकेश गुप्त एवं डॉ. ऋषि कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 'भाव' शब्द का प्रयोग चेतना के प्रत्येक स्तर पर आने वाली अनुभूति के लिए किया जा सकता है। चेतना के ये स्तर मुख्यतः तीन हैं– ऐंद्रिक, सांवेगिक और बौद्धिक।[6] बौद्धिक स्तर की चेतना तुलनात्मक दृष्टि से कम संवेदनात्मक होती हैं इन तीनों स्तरों की चेतना ही कलाकृति का नेतृत्व करती है। रामस्वरूप चतुर्वेदी का कथन हैं– 'भाषा भावों की अनुवर्तिनी है, यह मान्यता तो वैज्ञानिक नहीं लगती।[7] इस नेतृत्व का विरोध करता है परंतु इस विरोध को आँख बंद कर स्वीकार नहीं किया जा सकता। 'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में हैं दूध और आँखों में पानी''। 'अबला' शब्द चयन समाहित संवेदना की सटीकता प्रतिबिंबित करने के लिए किया गया है। जो स्पष्ट करता है कि इसके चयन के पीछे संवेदना का ही बल है। संवेदना को अभिव्यक्ति देने के लिए कई समानार्थी शब्दों में से एक का चुना जाना रचना में संवेदना के महत्व को प्रमाणित करता है।

गुलाबराय ने गीत की व्याख्या में संवेदना और संगीत दोनों का महत्व स्वीकार किया है। 'संगीत यदि उसका शरीर है तो निजी भावातिरेक और आत्मनिवेदन उसकी आत्मा है।'[8] निजी भावातिरेक और आत्मनिवेदन संवेदना का प्रतिबिम्ब होता है। तथा इमें अतिरेक का होना भी संवेदना की तरंगों का सूचक है। संवेदना के स्वरूप की व्यापकता तथा इसकी शक्ति को दृष्टिगत रखकर ही शंकर देव अवतरे कहते हैं– 'साहित्य में संवेदना का एकछत्र राज्य है। इसकी सवारी के बिना साहित्य महापुरूष एक पैर भी नहीं चलते।.... भावात्मक प्रक्रिया के सामप्त हो जाने पर भी यह टहलती रहती है। इसका व्यावहारिक सबूत यह है कि भावों से छुट्टी पाकर भी हम उनकी चर्वणा का बहुत कुछ अनुभव जिसके बल पर प्रस्तुत कर देते है वह अनुभूति की अन्तरात्मा का संवेदना के अतिरिक्त और क्या है?'[9] शंकर देव अवतरे का यह कथन संवेदना के बहुआयामी रूप, उसकी व्याप्ति की गहराई, साहित्य में उसके वर्चस्व, उसके संप्रेषण की सार्थकता की कसौटी होने तथा उसके काव्य की आत्मा होने के अभिलक्षणों को प्रमाणित करता है।

साहित्य और संवेदनाः– संवेदना साहित्य की प्राणवायु है। यह ऐसी धुरी है जिस पर साहत्य चक्र विविध गतियों और शैलियों में घूमता रहता है। ''संवेदनशीलता और रागात्मकता– ये दो तत्त्व काव्य को सार्थकता प्रदान करते है।[10] साहित्य शब्द का प्रयोग की दृष्टि से काव्य की अपेक्षा अधिक व्यापक है तथा इसमें किसी औषधि के अनुपालन, गुण आदि के उल्लेख को भी उस औषधि का साहित्य कह दिया जाता है। परंतु साहित्य शब्द जब कला के रूप में प्रयुक्त होता है तो वह काव्य का समान धर्मी होता है। संवेदना और रागात्मकता काव्य की आत्मा है। धनंजय वर्मा के अनुसार 'गीत की सर्जन भूमि रागात्मक क्षणों की सम्पृक्ति है, लेकिन तटस्थ आसक्ति उसका निकष है।'[11] संवेदना का सर्वाधिक प्रभावी अवतरण करूणा में होता है इसीलिए भवभूति ने 'करूण' रस को ही एकमात्र रस मान लिया – ''एको रसः करूण एवं निमित्त भेदात/भिन्नः पृथक पृथगिवाश्रयते विवित्तान्।।/आवर्त्तबुद बुदेतरग्ड़मयान विकारान्/अम्मों यथ सलिलमेव हि तत्समस्तम्।।''[12]

उपर्युक्त मान्यता साहित्य में संवेदना की महत्ता का भी प्रतिपादन करती है। इस संदर्भ में विचारणीय है कि करूणा तभी साहित्यिक रूप धारण करती है जब सके पात्र से व्यक्तिगत संबंध नहीं होता। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इस तथ्य को विष्लेषित करते हुए कहा कि 'यदि करूणा किसी व्यक्ति की विशेषता पर अवलंबित होगी– कि पीड़ित व्यक्ति हमारा कुटुम्बी, मित्र आदि है– तो उस करूणा के द्वारा प्रवर्तित तीक्ष्ण या उग्र भावों में उतनी सुंदरता न होगी। पर बीज रूप में स्थिति करूणा यदि इस ढब की होगी कि इतने पुरवासी, इतने देशवासी या इतने मनुष्य पीड़ा पा रहे हैं तो उसके द्वारा प्रवर्तित तीक्ष्ण या

उग्र भावों का सौंदर्य उत्तरोत्तर अधिक होगा। रस को काव्य की आत्मा कहा गया है जो संवेदना का ही सहोदर है। संचारी भाव भी संवेदना की लहरों के रूप में उभरने वाले तत्व हैं और आश्रय की षारीरिक चेष्टायें, जिन्हें अनुभाव कहा जाता है, भी संवेदना की प्रतिक्रिया के रूप में व्यक्त होती है। अतः संवेदना और साहित्य का रिश्ता एक अटूट रिश्ता है। संवेदना विहीन साहित्य की कल्पना करना हवा में लाठी मारने के समान है।

कवि की संवेदना वैयक्तिक धरातल की नहीं होती। यदि शिल्प की दृष्टि से कवि 'मैं' का प्रयोग करते हुए गीत लिखता है तो उसके 'मैं' का तात्पर्य उसकी परिस्थिति में जीवन बिताने वाला सम्पूर्ण जनसमूह होता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से गरीबी हटाने की घोषणाऐं सरकारों द्वारा की जाती रही हैं परंतु गरीबी देश में अभी नहीं हटी है। गरीबी की संवेदना को कवि अपनी गरीबी के रूप में भी रूपायित कर सकता है। यथा– ''मैं ऋण लेकर गजरा लाया/आँगन में आकर मुस्काया।/उसने आँखें गीली कर लीं/उस दिन मेरे अभिनन्दन में।। /लटका दी भूख किवाड़ों पर /दी फेंक प्यास वीराने में।/पैंताने में सपने रौंदे/आँसू पटके सिरहाने में।। /मैंने देखा भारत का रस/उस दिन उस आड़ी का चितवन में।।''13

(चन्द्र पाल शर्मा 'शिलेश')

'मैंने देखा भारत का रस' कहकर कवि ने वैयक्तिक धरातल को पूरी तरह सामाजिक धरातल में बदल दिया है। स्वेदना सामाजिक परिवर्तन से विचलित नहीं होती। हजारों वर्ष पहले भी किसी की मृत्यु पर रोया जाता था और आज भी रोया जाता है। भारतेन्दु प्रकाश सिंहल के अनुसार– 'त्रेता युग से आज तक हजारों साल बीत गए, पर मनुष्य तब भी सुख चाहता था और दुःख से भागता था, सो, आज का मनुष्य भी सुख ही सुख चाहता है, पर मनुष्य को जो भूख और प्यास हजारों साल पहले सताती थी, वही भूख और प्यास आज भी सताती है।.... निःसंदेह हर आने वाली पीढ़ी अधिक बुद्धिमान है, अधिक चैतन्य है, फिर भी अन्याय देखकर मनुष्य में प्रतिशोध की भावना हजारों वर्ष पूर्व भी उठती थी, आज भी उठती है। संवेदनाएँ उसी तरह अविचलित या अपरिवर्तत रहती हैं जैसे भूख या प्यास।

नेमिचन्द्र जैन ने कहा है कि 'यह एकदम अनिवार्य है कि साहित्यकार उन समस्त निराशावादी, पराजयवादी और युद्ध की प्रेरणा देने वाली विचारधाराओं से संघर्ष करे जो मनुष्य के इस नवनिर्माण के संकल्प को दुर्बल करती है, उसे कमज़ोर बनाती है।' साहित्यकार का दायित्व संवेदनाओं को आँख बंद करके भड़काना नहीं, उसके गुण–दोषो को मानवहित की कसौटी पर कसकर पाठक के समक्ष प्रस्तुत करना है। व्यक्ति विषेष की प्रशंसा यदि स्वार्थ के लिए की जाती है तो वह प्रशंसक किसी भी विधा का उपयोग क्यों न करें, उसकी अभिव्यक्ति पर साहित्य का लेबल नहीं लगाया जा सकता। 'कीन्हे प्राकृत जन गुनगाना, सिर धुनि गिरा लागि पछितावा' में तुलसीदास ने इसी तथ्य को इंगित किया है।

साहित्य में संवेदना शब्द और अर्थ दोनों के साहचर्य से उभरती है इसलिए कवि शब्द के कोशीय अर्थ छोड़कर उनके सांस्कृतिक अर्थ को महत्व देता है। इसके लिए वह वर्तनी तक को बदल देता है। कभी–कभी की भी परवाह नहीं करता। परन्तु संवेदना को वह अपना इष्ट मानता है और उसी के आधार उभार के लिए वह विविध उपादानों का उपयोग करता है। संगीत में संवेदना अर्थहीन शब्द से भी उत्पन्न कर दी जाती है। यह प्रकार्य संगीत में मात्र ध्वनि से भी निष्पादित हो जाता है। शंकर देव अवतरे के शब्दों में 'साहित्य में शब्द और अर्थ दोनों की एकता अनिवार्य है जबकि संगीत केवल शब्द पर ही खड़ा रह सकता है। संगीत में यह धनात्मक संवेदना अर्थ–निरपेक्ष शब्दों में भी स्वरूपतः अवसित हो सकती है जबकि साहित्य में अर्थ सापेक्ष होकर ही स्वरूपतः पूर्ण होगी। संगीत संवेदना को झंकृत करने का सशक्त उपादान है और यह उपलब्धि साहित्य का भी लक्ष्य होती है।

सामान्य भाषा में संवेदना का केवल गणितीय उल्लेख हो सकता है, उसके भाव या कला का रंग तो काव्य–भाषा ही भरती है। जिसमें रचनाकार शब्दों की रूढ़ात्मकता को तोड़कर उनमें नया जीवन भरता है। वस्तुतः 'जैसे ही यह अनुभव होता है कि किसी शब्द के साथ कोई विशिष्ट अर्थ बहुत अधिक सम्बद्ध हो गया हैं, कवि बलपूर्वक उसे अलग कर लेना चाहता है। अर्थ की स्थूलता को तोड़क रवह उसकी अमूर्त ओर उन्मुक्त प्रकृति को पुनः स्थापित करता है। साहित्य संवेदना की अमूर्तता को मूर्तिमान करने का प्रयास करता

है। इसलिए संवेदना की अमूर्त प्रकृति के समरूप उसे अपनी अभिव्यक्ति में शब्दों का स्थूलत्व मिटाकर उनमें अमूर्त छवि की स्थापना करनी होती है।

सुर और तुलसी के पदों में संवेदना की प्रबलता स्पष्ट और जीवन्त रूप से दिखाई देती है। इन पदों में गेयता की व्याप्ति का बहुत कुछ श्रेय संवेदना की तीव्रता को दिया जा सकता है। संवेदना की तीव्रता कलाकार को भी मुग्ध कर देती है। संस्कृत और हिन्दी के अन्य काव्य में भी गेयता का गुण कदाचित पश्चिमी भाषाओं के साहित्यिक काव्य की अपेक्षा कहीं अधिक है। 'सुर और तुलसी के अतिरिक्त संगीत और का ऐसा समन्वय अत्यंत दुर्लभ है। गेयता संवेदना के साथ ही उभरती है।

संवेदना के शब्दकोषीय विवरणों से यह स्पष्ट हो चुका है कि इसका उद्‌गम स्थल मानव–मन है। मन अनुभूतियों का भी केन्द्र–स्थल है। इसीलिए कवियों ने 'मन' को संबोधित कर अनेक रचनाएँ लिखी है। यथा– 'रे मन आज परीक्षा तेरी/थ्वनती करती हूँ मैं तुझसे बात न बिगड़े मेरी।' आधुनिक कवियों ने भी मन को विविध संदर्भो में रूपायित किया है। कृष्ण कल्पित की पंक्तियाँ उदाहरणार्थ देखें– 'मैं सोचता हूँ कैसे/पत्थर का मन पसीजा।/मैं रो रहा था तेरी/साड़ी का छोर भीजा।'

एक प्रसंग में अब्राहम लिंकन का उदाहरण आता है जिसमें लिंकन का कहना था कि सूअर को दलदल में फँसा देखकर मुझे दुःख हुआ, इसलिए मैंने सूअर को अपना दुःख दूर करने के लिए निकाला, सूअर का दुःख दूर करने के लिए नहीं। इन प्रसंगों से इस तथ्य की पूष्टि होती है कि संवेदना जीवन–मूल्यों का बीज है तथा इसका अंकुरण और पल्लवन मानव को महामानव बना देता है। साहित्य में अनेक विधाएं होती हैं और सभी में संवेदनाओं को आधार रूप में अपनाया जाता है। शिल्प के विविध उपादान तो उस संवेदना को सुन्दर रूप देने के उपकरण हैं। संवेदना का जो रूप गीति विधा में अवतरित होता है वह अन्य विधाओं में नहीं होता। अतः यहाँ गीति काव्य में संवेदना के स्वरूप को समझ लेना आवश्यक है।

संदर्भ सूची :–

1. हिंदी साहित्य कोश, भाग–1, सं.– डॉ. धीरेन्द्र वर्मा आदि तृतीय संस्करण।
2. वृहत् अंग्रेजी–हिंदी कोश, प्रथम खंड, सं.– डॉ. हरदेव बाहरी, पृ. 400।
3. भाषा शब्द कोश, डॉ. रामशंकर शुक्ल, 'रसाल', पृ. 1780।
4. नवगीत दशक–3, सं. शंभूनाथ सिंह, भूमिका, पृ. 1।
5. अंजुरि–अर्द्धवार्षिकी, सं. बैनीकृष्ण शर्मा, नई दिल्ली, जून, 1999 अंक, पृ. 13।
6. गीति सप्तक, सं. डॉ. राकेश गुप्त तथा डॉ. ऋषि कुमार चतुर्वेदी, पृ. 11।
7. भाषा और संवेदना, रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ. 100।
8. काव्य के रूप, गुलाबराय, पृ. 114।
9. साहित्य, शंकर देव अवतरे, पृ. 58।
10. खुशबुओं के दंश, योगेन्द्र दत्त शर्मा, पृ. 19।
11. आस्वाद के धरातल, धनंजय वर्मा, पृ. 175।
12. उत्तर रामचरित 3/47।
13. गुलशन, त्रेमासिक, सं. अनिल 'अनवर', अप्रेल–जून 1997, पृ. 19।
14. नीरज रचनावली, खण्ड–2, पृ. 137।
15. गीत और गीत–3, सं. मुधकर गौड़

लोकजीवन की भावसंगति दुनिया को उकेरता 'छ्करबाज़ नाच' (लौंडा नाच)

डॉ. सुनील कुमार शॉ*

भारतीय समाज प्राचीन समय से ही कई प्रकार के बंधनों से जकड़ा हुआ था। इसी के साथ–साथ तत्कालीन समाज में स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। समाज के धनाढ्य सामंत अपने शौक एवं मनोरंजन के लिए कोठों की या नाचने वाली की ओर रुख करते थे। इस परंपरा ने तवायफ परंपरा को बढ़ाया। इसके बाद बाईजी युग का आरंभ होता है लेकिन इस तक केवल अमीरों एवं तथाकथित समाज के उच्च वर्ग की ही पहुँच होती थी। इस जमींदारों के बीच गरीब मजदूरों की पहुँच आसान नहीं थी। इन्होंने अपने मनोरंजन के लिए एक तरकीब का इजाद किया जिसका नाम है 'लौंडा नाच' या 'छ्करबाज़ नाच'। इस नाच परंपरा में पुरुष स्त्री के कपड़ों में नजर आता है। उसके धोती की जगह साड़ी, कुर्ता/कमीज की जगह चटक रंग की ब्लाउज ले लेती है। स्त्री की तरह साज कर जब वह स्टेज पर उतरता है तो कुछ पल तक तो यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि यह स्त्री है या पुरुष। उस वक्त स्त्री, पुरुष की भूमिका में इसलिए भी नजर आता है क्योंकि उस वक्त स्त्रियों के घर से निकालने की सख्त मनाही थी। फिर यह तो नाचने और नौटंकी की बात थी। धीरे धीरे यह नाच परंपरा समाज में अपना स्थान बनाता चला गया और कलांतर में रोजगार का माध्यम भी 'लौंडा नाच' परंपरा बन गया।

भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले नाटककार, लोक परंपरा के वाहक भिखारी ठाकुर का जन्म बिहार के सारण जिले के कुतुबपुर ग्राम में 18 दिसंबर 1887 ई. को एक सामान्य गरीब परिवार में हुआ था। रोजगार की तलाश में युवक भिखारी ठाकुर बंगाल के खड़गपुर, मेदिनीपुर एवं कलकत्ता तक की यात्रा करते हैं। इन क्षेत्रों में वे खुद को रमा नहीं पाते हैं। वापस बिहार आकर वे अपने पैतृक कार्य में लग जाते हैं। उन्हें यह लगता है कि वे इस काम के लिए नहीं बने हैं। बचपन से उन्हें रामलीला और नाच का शौक था। उन्होंने खुद की मण्डली बनाकर रामलीला एवं नाच आरंभ किया। अपने द्वारा लिखित भोजपुरी नाटक 'बिदेसिया' का मंचन खुद किया। इस नाटक के अतिरिक्त भिखारी ठाकुर के और भी प्रसिद्ध नाटक हैं जैसे बेटीबेचवा, बिधवा–बिलाप, ननद–भौजाई, कलियुग–प्रेम, गबर घिचोर आदि। भिखारी ठाकुर खुद भी स्त्री की भूमिका में मंच पर आते थें। 'लौंडा नाच' परंपरा में कुछ परिमार्जन कर के उन्होने इस पर नया प्रयोग किया और इसे समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच लोकप्रिय बनाया। अब तक समाज जिसे खराब समझता था उसे एक नए परंपरा के तहत आगे बढ़ाया। 'लौंडा नाच' परंपरा को आगे बढ़ाकर रोजगार से जोड़ने का श्रेय इनको ही जाता है। इन्होंने बेरोजगार युवाओं को अपनी मण्डली में स्थान दिया। उनमें से कई युवा स्त्री की सज्जा में सजकर मंच पर उतरते थें। भिखारी ठाकुर के कारण बिहार के भोजपुरी सुनने, जानने एवं बोलने वाले क्षेत्रों में नाच की इस विधा को काफी पसंद किया गया। इस शैली को इतना पसंद किया गया कि प्रत्येक सामाजिक आयोजनों जैसे– रामलीला, रासलीला, शादी, मुंडन आदि में इसका प्रदर्शन किया जाता था। इसकी लोकप्रियता का एक कारण यह भी था कि यह सर्वजन की पहुँच में आसानी से था। एक तरह से भिखारी ठाकुर ने इस परंपरा को आलोचना के जाल से मुक्त करके मंच तक लाया। इसका श्रेय भिखारी ठाकुर को ही जाता है। इनको पहचान भी इसी विधा ने दिलाई लेकिन इससे भी अधिक उनकी लेखनी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है। भिखारी ठाकुर के संदर्भ में ऋषि राज एवं प्रज्ञा ठाकुर लिखते हैं 'भिखारी ठाकुर बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वह एक लोक कलाकार के साथ कवि, गीतकार, नाटककार, नाट्य निर्देशक, लोक संगीतकार और अभिनेता थे। उनकी मातृभाषा भोजपुरी थी और उन्होंने भोजपुरी को ही अपने काव्य और नाटक की भाषा बनाया. उनकी प्रतिभा का आलम यह था कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने उनको 'अनगढ़ हीरा' कहा, तो जगदीशचंद्र माथुर ने कहा 'भरत मुनि की परंपरा का कलाकार'। (साहित्य आज तक)

बिहार की यह नृत्य परंपरा लोक की झलक प्रस्तुत करती है। बिहार के लोक नाट्य एवं लोकनृत्य की परंपरा के इतिहास में इसका विशेष स्थान है। बिहार के मिथिला क्षेत्र में इसे 'छकरबाज़ नाच' के नाम से जाना जाता है। नाच की प्रकृति में कोई अन्तर नहीं है बस नाम का अन्तर है। 'लौंडा' शब्द का अर्थ अविवाहित युवक

*** हिन्दी विभाग, नेहू, शिलांग–793022, मेघालय।**

है। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में युवकों/किशोरों को 'लौंडा' कहकर पुकारा जाता है। दूसरे शब्द 'छ्करबाज़' शब्द छोकरा और बाज से मिलकर बना है जिसका अर्थ होता है छोकरों का शौक रखने वाला। लेकिन यह अर्थ अव्यवहारिक है। 'छकरबाज़ नाच' के संदर्भ में वह युवक जो स्त्री की तरह पोशाक पहनकर नाचता हो या गीतिनाट्य में हिस्सा लेता हो उसे 'छ्करबाज़' कहा जाता है। इस नाच में कई प्रकार के पुरुष शामिल होते हैं। जिनके समक्ष रोजगार की समस्या होती है वे इस परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही साथ अपने बेरोजगारी की समस्या को दूर कर परिवार का पेट पालते हैं। आज वर्तमान समय में लौंडा नाच या छकरबाज़ नाच की परंपरा लगभग समाप्त होती जा रही है। परंपरा के वाहक अब बेरोजगारी और भुखमरी का शिकार होते जा रहे हैं। इन कलाकारों के समक्ष कई प्रकार की समस्याएं हैं जिनमें प्रमुख हैं समाज में हेय दृष्टि से देखा जाता है। लेकिन यह बात भी सत्य है कि यह लोकनृत्य परंपरा हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और ये कलाकार भी हमारे समाज का हिस्सा हैं। आरंभिक दौर में कई प्रकार के मानसिक रोग से पीड़ित लोगों के गुस्सों और गुमानों का इन्हें शिकार होना पड़ता था। बिहार के जिस क्षेत्र से इस लोकनृत्य परंपरा का उदय होता है वहाँ कई प्रकार के बाहुबलियों का बोलबाला था। इन्हें कई बार इनके द्वारा प्रताड़ित होना पड़ता था। आज इस प्रकार की समस्या नहीं है। समय और समाज धीरे–धीरे बदल रहा है। आज सब बाहुबली हैं, कोई किसी से कम नहीं है। समाज के तथाकथित दलित समुदाय को अब दबाया नहीं जा सकता है। वह दौर कुछ और था अब दौर कुछ और है। लोकतान्त्रिक पद्धति ने देश की समस्त जनता को गर्व से जीने का अधिकार प्रदान किया है। इसकी जमीनी हकीकत क्या है, इससे हम सब वाकिफ हैं। इन कलाकारों के जीवन के आंतरिक दर्द को हमें महसूस करना चाहिए। लोकनृत्य की इस शैली को बिहार, झारखंड में लौंडा नाच, छ्करबाज़ नाच आदि नामों से जाना जाता है। भारत के अन्य हिस्सों में भी लोकनृत्य की इस शैली का प्रचलन है। पूर्वोत्तर के राज्य असम में इस लोक नृत्य जिसमें पुरुष स्त्री की तरह पोशाक पहनकर अभिनय करते हैं, का प्रचलन है। इस लोकनृत्य परंपरा को यहाँ 'भाउना' कहा जाता है। 'भाउना' शब्द भाव से बना है जिसका अर्थ होता है भाव से किसी भी कथा या बात को श्रोता, दर्शक तक पहुँचाना। बहुत समय पहले इस राज्य में भी स्त्रियों को घर से बाहर निकलने पर पूर्ण प्रतिबंध था। वे घर में ही रहा करती थीं। मनोरंजन के लिए पुरुष खुद स्त्री की साज कर अभिनय किया करते थें। यह परंपरा आज भी इस क्षेत्र में प्रचलित है। एक विशेष समय में इसका आयोजन किया जाता है। इस लोकनृत्य शैली में कृष्ण की कथा को अपने हाव–भाव के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। अब आजकल इन नृत्य शैली में महिलाएँ भी हिस्सा लेने लगी हैं। महिलाएँ पुरुष रूप में सजकर पुरुष और स्त्री पात्र दोनों भूमिकाओं में अभिनय करती हैं। पुरुष भी स्त्री की तरह सजकर 'भाउना' लोकनृत्य में हिस्सा लेते हैं। कृष्ण, कंश, देवकी, यशोदा आदि के रूपों में इस प्रकार के भाव लोक नाट्य / लोकनृत्य में अभिनय किया जाता है। यह परंपरा इस राज्य में बहुत पुरानी परंपरा है। मनोरंजन के साथ ही साथ धार्मिक आयोजनों में इस प्रकार के लोक नाट्य का आयोजन किया जाता है। असम में भगवद कथा का आयोजन एक सप्ताह तक किया जाता है। उस कार्यक्रम के अंतिम दिन 'भाउना' का आयोजन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रमों में यहाँ के स्त्री दृपुरुष बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। आजकल 'भाउना' के लिए कई मण्डली है जो इस तरह के कार्यक्रमोन में प्रदर्शन करते हैं और कभी कभी तो प्रतियोगिता के रूप में भी 'भाउना' का आयोजन किया जाता है।

गुजरात एवं राजस्थान के क्षेत्रों में इस प्रकार के नृत्य शैली को 'भंवाई' कहा जाता है। भारत के इस क्षेत्र में भी आदिकाल में स्त्रियों के बाहर निकलने पर प्रतिबंध था। 'भंवाई' नृत्य में पहले पुरुष स्त्री के वेश में मजाकिया अंदाज़ में नृत्य करते थे। गुजरात एवं राजस्थान के क्षेत्रों में भावनात्मक लोकनृत्य एवं लोक नाट्य के रूप में 'भंवाई' प्रसिद्ध है। अब आजकल इस नृत्य में स्त्री एवं पुरुषों की भागीदारी बराबर है। दोनों ही इस 'भंवाई' लोक नृत्य परंपरा में हिस्सा लेते हैं। पहले केवल पुरुष ही इस लोक नृत्य में होते थें। गुजरात एवं राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में आज भी इस नृत्य की परंपरा जारी है। भारत एवं राज्य सरकार इस नृत्य के कलाकारों को समय–समय पर प्रोत्साहित करते रहते हैं। कला के मर्मज्ञ एवं जागरूक कलाप्रेमी इस परंपरा को बचा कर रखने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान लगातार दे रहे हैं। किसी भी समाज की पहचान वहाँ की सांस्कृतिक परंपरा एवं विरासत के माध्यम से देखी जा सकती है। आंचलिक साहित्य में भी इस लोक नाट्य / लोकनृत्य शैली का वर्णन मिलता है। बिहार की पृष्ठभूमि पर लिखने वाले साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी 'तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम' में भी इस छकरबाज़ नाच का जिक्र किया गया है। नायक गाड़ीवान हीरामन छ्करबाज़ नाच देखने के कारण कई बार अपनी भाभी से कई बार डांट सुनता है 'गाड़ी की बल्ली पर उँगलियों से ताल दे कर गीत को काट दिया हिरामन ने। छोकरा–नाच के मनुवाँ नटुवा का मुँह हीराबाई–जैसा ही था। ... क़हाँ चला गया वह जमाना? हर महीने गाँव में नाचनेवाले आते थे। हिरामन ने छोकरा–नाच के चलते अपनी भाभी की न जाने कितनी बोली–ठोली सुनी थी। भाई ने घर से निकल जाने को कहा था।'(तीसरी कसम उर्फ मारे

गए गुलफाम, फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी समय) 'तीसरी कसम उर्फ मारे गए गुलफाम' कहानी पर हिन्दी में सिनेमा का भी निर्माण किया गया था। कलात्मक फिल्मों में 'तीसरी कसम' सिनेमा का अलग स्थान है। बिहार की पृष्ठभूमि पर बनी कई फिल्मों जैसे 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'दामुल' आदि में इस लोकनृत्य का प्रयोग किया गया है।

अश्लीलता एवं भौंड़ेपन का धीरे–धीरे शिकार हो जाने के कारण लौंडा नाच परंपरा बिहार के कुछ अंचलों में अपनी लोकप्रियता खोती चली गई। भिखारी ठाकुर ने कभी सोचा नहीं होगा कि उनके द्वारा नाच की इस परंपरा का हश्र आज यह हो जाएगा। इस लोकनृत्य के लोकप्रियता कम होने का कारण यह भी है कि आज पढ़े–लिखे लोग इसके जगह पर ऑर्केस्ट्रा को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। जिसके कारण यह पारंपरिक नृत्य परंपरा धीरे–धीरे ख़त्म होती जा रही है। विगत कुछ वर्षों से ऑर्केस्ट्रा एवं नाच में लड़कियों के आगमन के कारण इस प्रकार की कई नाच कंपनियां बंद हो गईं और कुछ बंद होने के कगार पर हैं। एक वह दौर था जब कई–कई कोस और किलोमीटर से लोग टॉर्च और लाठी लेकर रात में लौंडा नाच देखने के लिए चले आते थें। कुछ युवक तो घर में इसके लिए खूब पिटते थे फिर भी लौंडा नाच देखने के लिए किसी न किसी बहाने निकल पड़ते थे। लोगों में इस नृत्य और नौटंकी के लिए जुनून था। उस दौर में मनोरंजन के लिए इस साधन का खूब बोलबाला था। लोग इस पारंपरिक लोकनृत्य की सराहना भी किया करते थें। आधुनिकता और भौतिकतावाद ने मानव सभ्यता को विकसित तो किया ही साथ ही साथ बहुत से लोगों को बेरोजगार भी किया है। विकास के सकारात्मक पहलुओं के साथ विकास का यह रूप भी है जिसे भारतीय समाज व्यवस्था को स्वीकार करना चाहिए। भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध भोजपुरी नाटक 'बिदेसिया' के तर्ज पर इस लौंडा नाच में कुछ परिमार्जन करके इसे सबसे पहले मंच पर प्रस्तुत कर कला का रूप प्रदान किया। बाद में 'बिदेसिया' लौंडा नाच एक जैसा बन गया। जिसे 'बिदेसिया' शैली कहना उचित होगा। भिखारी ठाकुर स्वयं भी नारी पात्रों का अभिनय बखूबी करते थें। लौंडा नाच आज ख़त्म होने के कगार पर है। यह लोकनृत्य परंपरा हमारे समाज में पला, बढ़ा, जवान हुआ, बूढ़ा हुआ और धीरे–धीरे मर भी रहा है। नाच और अपने रोजगार से संबंधित बातों को खुद भिखारी ठाकुर चौपाइयों में लिखते हैं – निजपुर में करिके रामलीला। नाच के तब बन्हलीं सिलसिला।।/केहू सराहे, केहू दूसे। केहू जमावऽ कहे अबहूँ से।।/ तनिको गावे न आवे बजाये। काहे दो लागल लोग का भावे।।(भिखारी ठाकुर, कविताकोश)

बिदेसिया नाच/लौंडा नाच परंपरा के धीरे– धीरे ख़त्म होने का कारण 95 वर्षीय रामचंद्र मांझी अश्लीलता को मानते हैं। भिखारी ठाकुर के साथ मंच साझा करने वाले रामचंद्र मांझी इस उम्र में भी उस परंपरा को बचाने के लिए प्रतिबद्ध नजर आते हैं। उम्र के समक्ष यह व्यक्ति बेबस नजर नहीं आता है। कला को बचा लेने की और उसे सँजो कर अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखने के लिए रामचंद्र मांझी जैसे नाच कलाकार आज भी प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली के छात्र राकेश कुमार इस मरती हुई लोकनृत्य परंपरा को बचाने के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े होते हुए दिखते हैं। राकेश कुमार जैसे कलाकारों को इस परंपरा के पक्ष में खड़ा होता हुआ देखकर यह लगता है कि इस कला की धमक अब भी बची हुई है। आने वाली पीढ़ी इस लोक परंपरा से वंचित नहीं रहेगी। बिहार के दनियावाँ के छात्र ललित कुमार भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने एवं अपनी पहचान के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। संस्कृति एवं तथ्य मंत्रालय, भारत सरकार की अधीनस्थ संस्था संगीत नाटक अकादमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं के लिए वर्ष 2017 ई. के लिए लौंडा नाच कलाकार, भिखारी ठाकुर एवं बिदेसिया परंपरा के कलाकार रामचंद्र मांझी को वर्ष 2018 ई. में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड देने की घोषणा की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविद ने इस महान कलाकार को सम्मानित करके इस परंपरा से जुड़े कलाकारों को पुनर्जीवित किया है। रामचंद्र मांझी ग्यारह वर्ष की आयु से भिखारी ठाकुर के साथ नाच मण्डली में शामिल हो गए थे। एक मुलाक़ात में उन्होने खुद इस बात का जिक्र किया है। इन जैसे कलाकार राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस नृत्य परंपरा को पहुँचा रहे हैं। इस कला को शीर्ष स्तर तक ले जाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। देश के कुछ हिस्सों में आज भी इस नृत्य परंपरा के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संगीत नाटक अकादमी सहित, भिखारी ठाकुर कि स्मृति पर आधारित कई संस्थाएं बिहार, दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सों में भिखारी ठाकुर की स्मृति में कई कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इन कार्यक्रमों से उन सभी कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। आज वर्तमान समय में सरकार को और भी इस लोकनृत्य और हमारी संस्कृति के हिस्से, इस परंपरा को बचाने की दिशा में ध्यान देने की और भी आवश्यकता है। देश की कई सामाजिक संस्थाएं इस ख़त्म होती जन संस्कृति को बचाने और सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। समाज में अपनी पहचान के लिए संघर्षरत अनाम, गुमनाम लौंडा नाच, छकरबाज़ नाच कलाकारों के लिए रामचंद्र मांझी, राकेश कुमार, ललित कुमार आदि आशा की एक किरण हैं। इन सबपर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गर्व करना चाहिए।

'हलाला' नारी-स्वतंत्रता के लिए एक चुनौती

जानी तुषार चंदुलाल*

शोध सारांश :– आज के आधुनिक युग में किस प्रकार से धार्मिक परम्पाराओं को आधार बनाकर नारियों का शोषण हो रहा है। इस बात को इस शोध आलेख के माध्यम से उजागर करने का प्रयास किया गया है। इन धार्मिक परम्पाराओं ने किस प्रकार आज नारियों के गले को दबोचा है उसे भी उजागर किया गया है। चाहे वह किसी भी धर्म या वर्ग से ताल्लुकात क्यों न रखती हो। हलाला जैसी धार्मिक परम्परा ने आज मुस्लिम समाज की नारियों की नकेल कस के रखी है। आज का मुस्लिम पुरुष सत्ताधीश समाज हलाला एवं तलाक जैसी धार्मिक रुढियों की आड़ में मुस्लिम स्त्रियाँ पर पूर्ण रूप से अपना वर्चस्व स्थापित करने में कामयाब हुआ है। जिसके चलते मुस्लिम नारियाँ आज भी जीते जी नर्क भोग रही है। इन रुढियों के खिलाफ चाहे वह कितनी भी बुलंद आवाज करके उसका विरोध प्रदर्शित कर ले लेकिन आखिरकार उन्हें पुरुषों की सत्ता के आगे शरणागति स्वीकार करनी ही पड़ती है।

बीज शब्द :– हलाला, पितृसत्तात्मक, प्राचीन, अहमियत।

परिकल्पना :– 'यत्र नार्यस्तु पुज्यनते रमन्ते तत्र देवता :' ये सूक्ति प्राचीन काल से हम सुनते आये हैं। जिसके आधार पर हमें यह सीख दी जाती है की नारियों का हमेशा सम्मान करना पुरुसत्तात्मक समाज का कर्तव्य है। लेकिन अगर इसके आगे सोचे तो एसी ही धार्मिक उक्तियों ने नारीयों का शोषण करके रखा है क्योंकि नारीयों को जब–जब देव तुल्य मना गया है तब–तब उसके सामाजिक व्यवहार पर पुरुष सताधिश समाज ने बंधन डाल दिया है। एसे ही बंधनों के जरिए पुरुषों ने नारियों को अपने पैरों तले हमेशा रौंदने की कोशिश की है। जिसमें वे ज्यादातर सफल हुए हैं।

भूमिका:– प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक नारियों ने हर प्रकार के दर्जे को जिया है और उसे महसूस भी किया है। पुराने समय में नारियों को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती थी। पुरुष उसे अपनी अर्धांगिनी मानता और परिवार में ऊँचा दर्जा देता। उसके विचारों की क़द्र की जाती थी। लेकिन समय का चक्र कुछ इस प्रकार पलटा की समाज की हर स्थितियों में परिवर्तन शुरू हुआ। इस परिवर्तन की लहर में नारियों की सामजिक स्थितियों में भी बदलाव आना शुरू हुआ। जो नारी परिवार का अहम सदस्य मानी जाती थी उसे अब पुरुषों ने अपने पैरों की जूती मान लिया था। जिसकी मुख्य वजह मुगलिया सल्तनत में नारियों पर लादे गए सामाजिक बंधन थे। इन सामाजिक बंधनों के चलते नारियों का सामाजिक स्तर इतना निचे चला गया की उसे अब पर्दे के भीतर रहने की सलाह दी गई। उसे न तो शृंगार करने का हक था और ना ही पुरुषों के सामने खुला मुँह रखकर घूमने फिरने का। उसके जीवन के विभिन्न पायदानों पर पुरुषों ने हर प्रकार से बंधन डाल दिए थे जिसकी वजह से वह बचपन से ही परावलंबी बनती चली गई। इसी चीज का फ़ायदा उठाकर पुरुषों ने पूर्ण रूप से उसकी स्वतंत्रता को छीन लिया।

जिन घरों में पुत्री जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती थी उन्ही घरों में पुत्री के जन्म को बोझ माना जाने लगा। कई समाजों ने तो उस पर इतने जुल्म ढोए की कई बार लड़की के जन्म के साथ ही उसे मार दिया जाने लगा। नारी की परावलंबिता ने पुरुषों को काफी ताकतवर बना दिया। जिसकी वजह से पुरुष जब चाहे जैसा चाहे नारी का शोषण कर सकता था। माता–पिता अपने सिर से बोज को हल्का करने हेतु अपनी बेटियों को किसी भी पुरुष के पल्ले बाँध देते थे। नारियाँ भी माता–पिता की खुशी के लिए हर ग़म को सहते हुए अपनी गृहस्थी को हॅसते हॅसते गुजार देती थी। एक प्रकार से नारियाँ पुरुष के हाथों की कठपुतली बन चुकी थी। जिसे पुरुष जब चाहे जैसा चाहे नचाता था। पारिवार एवं सामाज में कई बार धार्मिक अनुष्ठानों में भी नारियों को दूर रखा जाता था। एसे सामाजिक और पारिवारिक व्यवहार से नारियाँ पुरुषों के बिना अपने आपको असुरक्षित समझने लगी। जिसका फ़ायदा पुरुष सताधिश समाज ने पूर्ण रूप से उठाकर नारी जीवन के बद से बत्तर बना दिया। नारियों ने भी अपने जीवन पर पुरुषों के अधिपत्य को

* **शोधार्थी, हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविध्यालय, पाटण, गुजरात।**

स्वीकार कर लिया था। कई बार पुरुषों ने अपने सामाजिक स्तर को ऊँचा उठाने हेतु नारियों पर धार्मिक बंधन भी लाद दिए। जिस वजह से नारियाँ का स्तर ओर ज्यादा नीचे गिरता गया।

हालाँकि धीरे–धीरे समाज के भीतर शिक्षा का उदय हुआ। साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं का भी उदय हुआ जिसने नारी जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए। शिक्षा ने नारी जीवन के भीतर एक नई प्रेरणा जगाई। दूसरी ओर पुरुषों ने भी फिर से नारी जीवन की महत्ता को समझा। जिस नारी को अब तक पुरुषों ने अपने नजर में कैद कर के रखा था वह अब खुले मन से घुमने के लिए सक्षम बन चुकी थी। नारियों के बदलते जीवन को हर समय के साहित्यकारों ने अपने साहित्य के भीतर पिरोया। नारी जीवन की उन्नति के लिए साहित्यकारों ने नारी के विभिन्न स्तरों को समाज के सामने रखा जिस वजह से नारी ने अपने आपको पुरुष के समकक्ष खडा कर दिया।

शिक्षा, विभिन्न साहित्यकारों के प्रयासों एवं विभिन्न संस्थानों के प्रयासों की वजह से नारी के जीवन में अवश्य बदलाव नजर आया। जो नारी पुरुष के इशारों पे चलती थी उसने अब खुद पैरों पर चलना सिख लिया था। नारियां समाज के हर क्षेत्र के भीतर अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए लड़ाई लडती नजर आने लेगी थी। आज के आधुनिक युग में नारियाँ हर जगह अपनी मौजूदगी का ऐहसास कराती हुई नजर आती है। आधुनिक समय में नारियों का पुनर्जन्म अवश्य हुआ। लेकिन इसके बावजूद भी नारियाँ पूर्ण रूप से पुरुषों की गुलामी में से मुक्त नहीं हो पाई है। यह आधुनिक बदलते समाज की एक कड़वी सच्चाई है। आज भी कई पायदानों पर पुरुषों ने अपना आधिपत्य इस प्रकार स्थापित किया हुआ है की उसमें सेंध लगाना नारियों के बस की बात नहीं है। चाहे वह कितनी भी कोशिश कर ले उसे ऐसे पायदानों पर पुरुष का साथ अवश्य चाहिए होता है। जब वह साथ नारी नहीं प्राप्त करती तब कई बार वह गलत रास्तों का चुनाव कर लेती है और अपने जीवन को बरबाद कर लेती है। पुरुषों के इस प्रकार के आधिपत्य की वजह से ही समाज में वेश्या प्रथा जैसे अपराधों ने जोर पकड़ा है। कई समाज ऐसे भी है जो नारी शिक्षा को आज भी एक अपराध समझते है। जिस वजह से ऐसे समाजों में नारियाँ आज भी पुरुषों के आधीन रहती दिखाई पड़ती है। कई बार ऐसे समाजों में धार्मिक ठेकेदार सर्वेसर्वा बनकर नारियों के जीवन का फैसला करते नजर आते है। ऐसे समाज के धार्मिक ठेकेदार ज्यादातर पुरुष ही होते हैं जो हर हाल में अपने पुरुष अहं को बनाए रखने के लिए नारियों का शोषण करने में पीछे नहीं हटते । लेकिन कई बार ऐसे समाज की नारियों पर पुरुषों के जरिए ज्यादा अत्याचार होने लगते हैं तब वे भी अपनी आवाज को बुलंद करके पुरुष सत्ताधीश सकाज का डट कर विरोध करती है।

आधुनिक युग के सबल साहित्यकारों ने एसी ही नारियों का चित्रण अपने साहित्य के भीतर किया है। जिसमें आधुनिक युग के उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल भी शामिल है। जिन्होंने अपने उपन्यास 'हलाला' में जहाँ एक और मुस्लिम समाज के भीतर प्रचलित हलाला और तलाक जैसे धार्मिक मुद्दों को उठाकर पुरुष के वर्चस्व को दिखया है वहीं दूसरी और एसी प्रथाओं के सामने अपना विरोध दर्ज कराती महिलाओं की सशक्त मानसिकता का दर्शन भी करवाया है। प्रस्तुत उपन्यास में दो परिवारों की कहानी है। जो पाँच सर्गों में विभाजित है। उपन्यास के शीर्षक से ही पता चलता है की यह मुस्लिम धर्म में प्रचलित धार्मिक एवं सामाजिक कुप्रथाओं को केंद्र में रखकर लिखा गया उपन्यास है। उपन्यास के पूर्वार्ध में डमरू के परिवार की कथा है। डमरू के माध्यम से उपन्यासकार ने पुरुष शोषण को उजागर करने का प्रयास किया है। डमरू एक संयुक्त परिवार का हिस्सा है जिसमें आमना, फातिमा और नसीबन नामक उसकी तीन भाभियाँ, भाइयों के साथ रहती है। नसीबन जो उसके बड़े भाई की बीवी है वह डमरू को अपने बेटे की तरह मानती है साथ ही उसे काफी प्रेम करती है। दूसरी और फातिमा और आमना हमेशा उसका शोषण करती नजर आती है। उपन्यास के प्रारम्भ में ही डमरू को उसकी छोटी भावज उसका उपहास करती हुई कहती है कि "जब देखो, ई नौसा चारू पहर या सीसा के आगे धरो पावे है। ई तो खुदा ने थोड़ो सो मूलक न बणायो...बणायो होतो तो पतो ना कैसी धरती ऐ फाडतो !"[1] डमरू एक सीधा सादा व्यक्ति है। जो परिवार के हर सदस्य के बहुत प्रेम करता है। इसीलिए उसकी छोटी भावज आमना उसे कई बार भला बुरा कहती है लेकिन कभी वह पलट कर उसे जवाब नहीं देता। हालाँकि ऐसे व्यावहार से वह ऊब कर हज पर जाने की सोचता है। परन्तु, पारिवारिक सदस्यों के समझाने पर वह आखिरकार जमात पर जाने का तय करता है।

पारिवारिक प्रेम की वजह से ही जब वह जमात से वापस आकर अपनी छोटी भाभी आमना को नोहरे में काम करते हुए देखता है तब वह उससे कहता है कि "भावज , तू हीं कहा कररी है ?... चल हट , हाथ धोके अपने घर जा ..ये काम भला घर की बहू–बेटी न का ना हवे है। वैसे भी ई डमरू जिन्दो है , मरो ना है।"[2] उपन्यास की कहानी धीरे–धीरे आगे बढ़ती हुई टटलू सेठ के परिवार की ओर रुख करती है। जिसके परिवार का मसला यह है की उसके बेटे नियाज ने अपनी बीवी नजराना जो तीन बच्चों की माँ होने के बावजूद उसे तलाक दे देता है। टटलू सेठ के परिवार की यह खबर धीरे–धीरे पुरे गाँव में फ़ैल जाती है। हालाँकि तलाक क्यों हुआ है इसका पता किसीको नहीं है लेकिन डमरू की भावज फातिमा इसके बारे में बताती हुई कहती है कि " वैसे ये सारा बीज या ... टटलू का बोया हुआ है। वाही की ही बेटा बहू पे गलत नजर ...जब बहू काबू में न आयी तो अफवाह उड़ा दी के वाको चाल चलन ठीक ना है।"[3] आज समाज चाहे कितना भी आधूनिक क्यों न बन चुका हो लेकिन आज भी स्त्रीयों का शोषण घर के बाहर तो होता ही है, घर की चार दीवारियों के भीतर ही अपने भी पारिवारिक सदस्यों के जरिए होता है। यह आधुनिक बदलते समाज के कडवी सच्चाई है।

आगे चलकर नजराना के पति और उसके ससूर को अपनी गलती का अहसास होता है और वे नजराना को घर वापस लाना चाहते है। लेकिन दूसरी तरफ नजराना इन दोनों के समाने यह शर्त रखती है कि अगर वे दोनों भरी पंचायत के सामने उसके सामने माफी मांगेगे तभी वह वापस अपने ससुराल जाएगी। नियाज और उसका पिता उसकी इस बात को मान लेते है। लेकिन इसके लिए जब पंचायत बिठाई जाती है और पुरे मामले को बताकर जब नजराना को वापस ले जाने की बात होती है तभी पंचायत में बैठा रसखान प्रश्न पंचायत और अन्य लोगों से कहता है कि " गलत ..अन्यायी वैसे तो तम अपने आप–ए–बताओ हो मुसलमान , पर लखण तिहारा अभी भी हिन्दुन जैसा है।..भई वा, तम भला मुसलमान हुआ जो इतना भी पतों ना है के तल्लाक दिए पीछे अगर कोई फिर सू वाही घर में आणो चाहवे , तो वाकू हलाला जरूरी है।"[4]

हलाला की बात सूनकर नियाज के पैरों तले जैसे जमीन खिसकने लगी। उसका सारा परिवार परेशान हो गया। उसकी माँ कल्लो ने तो रसखान और हलाला की रस्म को लेकर काफी खरी खोटी सुनाने लगी। लेकिन इसके बावजूद नजराना का हलाला करने का तय होता है। नजराना के हलाला को लेकर नियाज का परिवार परेशान हो जाता है क्योंकि एक तरफ पति–पत्नी की रजामंदी होने के बावजूद भी उन्हें हलाला जैसी रस्मों से गुजरना पडेगा और दूसरी तरफ नजराना का हलाला अब किसके साथ कराया जाए। अपनी बहू नजराना के हलाला के लिए नियाज के माता–पिता ने पूरा गाँव छान मरा आखिरकार उनकी नजर नसीबन के देवर डमरू पर जाती है और नजराना का विवाह डमरू के साथ करवाने की वे सोचते हैं। लेकिन डमरू पहले तो इस शादी के लिए राजी नहीं होता लेकिन कल्लो की बिनती सुनकर नसीबन उसका हौंसला बांधती है और डमरू को शादी के लिए राजी कर लेती है। शादी के बाद हलाला की रस्म को पूरा करने हेतु फिर से पंचायत बैठती है। इस बार मौलवी साहब को भी बुलाया जाता है। मौलवी साहब को नजराना, नियाज और डमरू के रिश्ते से अवगत कराया जाता है।

जैसे ही भरी पंचायत में डमरु दो बार जब तलाक तलाक का उच्चारण करता है तभी मौलवी साहब ने उसे बीच में रोकते हुए कहा कि , "हजरात हलाला के बारे में नबी सल्लाहे वलैह अस्सलम ने फ़रमाया है कि हलाला के लिए सिर्फ दूसरा निकाह काफी नहीं है, बल्कि उसे उस वक्त तक औरत पहले शौहर के लिए हलाल नहीं हो सकती जब तक कि वह दूसरे शहर के साथ हमबिस्तर न हो ले।"[5] डमरु को जैसे ही हमबिस्तर के बारे में पूछा गया तब वह कुछ नहीं बोलता,उसकी यही खामोशी सब कुछ बयाँ कर देती है और तलाक वहीं रुक जाता है।

हमबिस्तर की बात सुनकर सब से पहले नियाज की माँ कल्लो मौलवी पर भड़क उठती है। उसके बाद वह डमरू और नजराना के रिश्ते के बारे में भी काफी खरी खोटी सुनाती हुई पंचायत से उठकर चली जाती है। दूसरी और नजराना भी धार्मिक रस्मों के सामने अपने आपको निःसहाय महसूस करती है। डमरू जिसे तो हमबिस्तर का अर्थ भी नहीं मालूम वह भी परेशान होता है। इस प्रकार हलाला जैसी रस्मों की वजह से डमरू, नजराना और नियाज तीनों अपने आपको समुंदर के गहरे गर्त में डूबे हुए महसूस करते है। जिसमें से बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल बन जाता है।

डमरू की बड़ी भावज नसीबन आखिरकार नजराना को डमरू और नजराना के रिश्ते के बारे में सच्चे रूप से अवगत कराती है और उसे डमरू के साथ हमबिस्तर होने के लिए समझाती है। दूसरी तरफ डमरू को जब हमबिस्तर होने का सही अर्थ लपरलेंडी के जरिए पता चलता है तब वह यह गुनाह करने के लिए मना कर देता है। अंत में नजराना और डमरू दोनों इस चुंगुल से बचने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। डमरू नजराना से कह देता है की अब की बार जब उसे हलाला के बारे में पूछा जाएगा तो वह झूठ कह देगा की मौलवी ने बताया है उस प्रकार से हलाला हो चुका है। दूसरे दिन जब पंचायत बैठती है और डमरू जैसे ही तीसरी बार तलाक कहने जाता है तब नजराना उसे बिच में ही रोक कर कहती है कि "दादा, जैसे या मौलवी साब ने हलाला करना की कही है, वैसे तो कुछ हुओ ही न... ई डमरू तो झूठ बोलरो है !"[6] इसके बाद जब नजराना मौलवी साब को अपनी इच्छा को लेकर सवाल करती है तब मौलवी नजराना से कहता है कि "बेवकूफ औरत यह समझ लो कि मियाँ बीवी का आपस में एसा वास्ता है कि उन्हें ताउम्र एक दूसरे के साथ बसर करना है। अगर दोनों का दिल मिला हुआ रहा, तो उससे बढ़कर कोइन नेमत नहीं , और अगर खुदा न करे दिलों में फर्क आ गया, तो उससे बढ़कर कोई मुसीबत नहीं। इसलिए जहाँ तक हो सके, मियाँ का दिल हाथ में लिए रहो और उसके आँख के इशारे पर चला करो। अगर ऐसा किया होता तो आज यह दिन देखना नहीं पड़ता।"[7] उसकी यह बात सुनकर किसी को कुछ समझ में नहीं आता कि आखिरकार नजराना चाहती क्या है ? एक–एक करके सभी लोग पंचायत से उठ खड़े होते हैं आखिर में नजराना पंचायत में बैठे–बैठे दादा टुंडल से कहती है कि, "बुरा ना मानो तो एक बात पूछूं दादा हम कोई लत्ता कपड़ा है के जब जी कर पहर लेओ और जब जी करें उन्ने उतार के फेंक दिओ?"[8]

निष्कर्ष :– अंत में नजराना अपना फैसला सुना देती है कि वह अब डमरू के साथ ही अपना जीवन व्यतीत करेगी। इसके बारे में वह नसीबन से कहती है कि "मैंने अपना फैसला या मारे बदल लियो हो, के खुदा न खास्ता तेरो देवर वा मौलवी के मुताबिक़ मेरे संग जिनाह कर बैठतो ..और तल्लाक के पीछे मैं नियाज संग उल्टी चली जाती, तो मैं जीते जी जिन्दगीभर या आदमी सू तो आँख मिला पाती ही ना, बल्कि मैं वा नियाज की नजर में गुनेहगार और बणि रहती ..बात–बात में अपनी वा सास और दौर–जिठनी का बोल सुणती, वे अलग। अब कम सू कम मैं या गुनाह सू तो बचगी।"[9] नजराना को जब नसीबन उसके बच्चो के बारे में सवाल करती है तब वह अपनी औलाद को अपनी कमजोरी नहीं बनाना चाहती एसा समझाती हुई अपनी सशक्त मानसिकता का दर्शन पाठक को करवाती है।

प्रस्तुत उपन्यास मेवात की पृष्ठभूमि पर रचा गया है। साथ ही जो धर्म आज पुरुष और स्त्री दोनों को समान दर्जा देने की बात करता है वही तलाक और हलाला जैसी रस्मों के वक्त पुरुषों का पक्ष लेता नजर आता है। लेकिन उपन्यास में नजराना का डमरू के साथ रहने का फैसला धार्मिकता का चोला ओढ़कर बैठे पुरुषों के गाल पर मारा करारा तमाचा है जिसकी गूंज भले ही सूनाई न देती हो लेकिन उसे महसूस अवश्य की जाती है।

उपन्यास में जिस भाषा का प्रयोग किया गया है वह मेवाती बोली है। इस लिए उसके भीतर जो गाली गलोच देखी जाती है, उससे पाठक विचलित नहीं होता। उपन्यासकार ने उपन्यास में मेवात की रोचकता बनी रहे इस हिसाब से इसका प्रयोग किया हो ऐसा प्रतीत होता है।

सन्दर्भ–सूची :–

1. भगवानदास मोरवाल, हलाला, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१६, पृ.८।
2. वही, पृ.५७।
3. वही, पृ.७७।
4. वही, पृ.६३।
5. वही, पृ.१३०।
6. वही, पृ.१७१।
7. वही, पृ.१७४।
8. वही, पृ.१८२।
9. वही, पृ.१८२।

महिला शिक्षा : पर्यावरणीय संचेतना

मानसी पाण्डेय *

प्रकृति और जीवन का सहअस्तित्व सृष्टि के आरम्भ से ही अन्योन्याश्रित सम्बन्ध के रूप में सतत गतिमान है। अस्तित्व के आरम्भ से ही मानवता को प्रकृति ने तराशा और सहेजा है। प्रकृति रही तभी यह संसार रहा और तभी हम सब जीवित प्राणी सुरक्षित और संरक्षित रहे। प्रकृति ही प्राणियों का आधार है। प्रकृति और प्राणी के अभाव में सृष्टि और जीवन अकल्पनीय है। प्रकृति में विद्यमान कोई भी ऐसा तत्व नहीं है जिसने मानव जीवन को संरक्षित न किया हो सृष्टि रचयिता ने मनुष्य से पूर्व प्रकृति की रचना की जिससे मानवजीवन सुरक्षित रह सके। इसी भाव को संस्कृत भाषा के महान कवि कालिदास ने अभिज्ञान शाकुन्तलम् के मंगलाचरण में इस प्रकार व्यक्त किया है– प्रत्यक्षाभिः प्रपन्न स्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः'' अर्थात् उन्होंने जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी, आकाश आदि प्रकृति के तत्वों को ईश्वर का प्रत्यक्ष स्वरूप मानकर अभिनन्दित किया है। अन्य शब्दों में सृष्टि में विद्यमान समस्त पदार्थ एवं जीव अन्योन्याश्रित सम्बन्ध के रूप में एक दूसरे से बंधे हुये है। यह एक व्यापक प्राकृतिक व्यवस्था है, जिसमें एक का अस्तित्व दूसरे पर निर्भर है। इनका पारस्परिक सामन्जस्य पर्यावरण का निर्माण करता है। इनमें किसी एक के भी असंतुलित होने पर सारी व्यवस्था बिगड़ जाती है। अतः सृष्टि में विद्यमान सभी पदार्थों का सबल होना आवश्यक है। किसी में भी दुर्बलता आने पर उसका विनाश होने लगता है। यदि पृथ्वी को क्षति पहुँचती है तो वायु प्रभावित होती है और यदि वायु की क्षति होती है तो सूर्य को नुकसान होता है। पर्यावरण का निर्माण करने एवं उनमें संतुलन स्थापित करने में तीनों लोको की शक्तियां अन्योन्याश्रित रूप से सम्बद्ध है और चराचर जगत के लिये संतुलन चक्र का निर्माण करती है। ऋग्वेद में उल्लिखित है–

हरयो धूमकेतवो वातजूता उपद्यपि यतन्ते पृथगन्याः अर्थात् प्रकृति द्वारा रचित सूर्य, अग्नि, विद्युत चन्द्र आदि सर्वजगत अपने–अपने कार्य में अलग–अलग संलग्न है। सूर्य की रोशनी से पौधे खिलते है, पानी वाष्प बनकर उड़ता है पुनः बरसता है तथा पृथ्वी को सींचता है। प्रकृति का यह स्वयं संचालित सामन्जस्य निरन्तर गतिमान है जन्म से मृत्यु तक उपयोगी पदार्थ हमें प्रकृति ही उपलब्ध कराती है। पृथ्वी पर जीवन का आरम्भ हरे पौधों से हुआ है पेड़ो की पत्तियां पर्यावरण में विद्यमान जहरीली गैसों और धूल को नष्ट करके पर्यावरण को जीवधारियों के अनुकूल बनाती है। शुद्ध वायु, आहार प्रदान करती है तथा बाढ़ नियन्त्रण भूसंरक्षण आदि रोकने में वृक्ष और वनस्पतियां महती भूमिका का निर्वहन करती है। पर्यावरण जीवनोपयोगी संसाधन ही नहीं उपलब्ध कराता बल्कि उसका जन्मदाता, पोषक एवं रक्षक भी है। अतः सम्पूर्ण भारतीय जीवन दर्शन प्रकृति पर आश्रित है। मानव शरीर ही प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है– क्षिति जल पावक गगन समीरा। पंच रचित यह अधम शरीरा।।

समस्त भारतीय चिन्तन प्रकृति रक्षण की वकालत करता है। वैदिक विचारधारा में प्रकृति के अनुरूप कार्यों को कल्याणकारी व शांति प्रदान करने वाला माना गया है स्वार्थ रहित निष्काम कर्म करना ही भारतीय जीवन का उद्देश्य है और ये कर्म यज्ञ होते हैं। हमारे यहॉ यज्ञ में 'इदं न मम' अर्थात् मेरा नहीं ईश्वर का और स्वाहा की भावना सदा ईश्वर में बनी रहे तथा ''तेन व्यक्तेन भुञजीथा'' अर्थात् प्रकृति से प्राप्त समस्त पदार्थो का त्यागपूर्वक उपभोग करो, जिससे प्रकृति में संतुलन बना रहे। वैदिक साहित्य में अनेकत्र धावापृथिवी अर्थात् जिसमें सूर्य, अन्तरिक्ष और पृथ्वी लोक समाहित है को प्रदूषण मुक्त रखने का निर्देश दिया गया है– ''धौश्च नः पृथिवी च प्रचेतसः रक्षताम्। मा दुर्विदत्रा र्निऋतिनि ईरात। यदि इनको प्रदूषित किया जाता है तो विनाश विपत्ति और संकट उत्पन्न होते हैं। धावापृथिवी के साथ हमारा बराबर का सम्बन्ध है यदि हम इनकी सुरक्षा करेंगे तभी हम सुरक्षित रह सकेगें'– अवतां त्वा द्यावापृथिवी अव त्वं धावापृथिवी

अथर्ववेद में पृथ्वी के खोदे गये भाग को पुनः भरने के लिय आदेशित किया गया है। अर्थात यदि हम पृथ्वी से रत्न, कोयला, गैस, पेट्रोल आदि पदार्थों को खनन द्वारा निकालते है तो खाली हुये भाग को

***बी–30/ए.+पी., प्रशांत नगर, नगवा, लंका, वाराणसी–221005।**

फिर से मिट्टी डाल कर भर दें। ऐसा न करने पर भूमि का संतुलन बिगड़ता है और भूकम्प आने व जल स्रोतों के नष्ट हो जाने की सम्भावना बढ़ जाती है– यत्ते भूमे विश्वनामि, क्षिप्रं तदपि रोहतु। / मा ते मर्म विमृग्वरि, मा ते हृदयमर्पितम्।

जल की शुद्धता को ध्यान में रखते हुये नदियों एवं जलाशयों में थूकने मलमूत्र करने, कूड़ा डालने तथा गंदा जल डालने को महापाप माना गया है तथा ऐसा करने वाला नरकगामी होता है और उस पर ब्रह्म हत्या का पाप लगता है। वृक्षों वनस्पतियों में दैवीय शक्तियों का आरोपण प्रदूषण नष्ट करके मानव जाति को जीवनी शक्ति देने वाली कहा गया है– वीरूधो वैश्वदेवीः उग्रा पुरूषजीवनीः उग्रा या विषदूषणीः ..... ओषधीः

वृक्ष वनस्पतियाँ कार्बन डाइ आक्साइड रूपी विष को ग्रहण करते है और आक्सीजन रूपी अमृत (प्राणवायु) को छोड़ते है अतः इन्हें शिवरूप माना गया है– औषधयो वै पशुपतिः। वृक्षों की उपयोगिता को देखते हुये मत्स्य पुराण में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर माना गया है। पीपल का वृक्ष रोगों को दूर करने वाला कहा गया है। यह सर्वाधिक कार्बन डाई आक्साइड अवशोषित करता है तथा सबसे अधिक आक्सीजन छोड़ता है अतः इसका भारतीय समाज में सर्वाधिक महत्व है इसमें देवताओं का निवास माना गया है और इसकी पूजा की जाती है अश्वत्थो देवसदनः। तुलसी के पौधे को अधिक मात्रा में आक्सीजन छोड़ने के कारण पूज्य माना जाता है। इसकी पत्तियां तथा बीज रोगनाशक तथा प्रदूषण रोकने वाले है। वृक्ष छाया प्रदान करके पृथ्वी को शीतलता प्रदान करते है फल देते है तथा वर्षा करने वाले बादलों को आकृष्ट करते है तथा पृथ्वी को दृढ़ बनाते है। वनस्पतिः देवमिन्द्रम् अवर्धयत्। पृथिवीम् अदृंहीत्। अतः हरे वृक्षों को काटना हिंसा माना गया है तथा इसके लिये दण्ड का विधान किया गया है।

पर्यावरणीय सुरक्षा व शुद्धता की दृष्टि से यज्ञों का भी बहुत महत्व है। यह वायुमण्डल को पवित्रता, प्रदान करने वाले तथा विविध रोगों का नाश, शारीरिक, मानसिक उन्नति के कारण है। जिसके कारण वायुमण्डल में आक्सीजन और कार्बनडाइआक्साइड का संतुलन बना रहता है। इसी प्रकार के सुख प्राप्त होते है। यज्ञ से पृथ्वी अन्तरिक्ष और द्युलोक से सभी प्रदार के दोष या प्रदूषण दूर होते है। सौर ऊर्जा भी पर्यावरणीय प्रदूषण को नष्ट करने का एक सशक्त साधन है। उदय होता हुआ सूर्य सभी प्रकार के दृश्य और अदृश्य प्रदूषणकारी कीटाणुओं को नष्ट करता है–

उत् पुरस्तात् सूर्य एति विश्वदृष्टो अदृष्टहा।
दृष्टान् च हनन् अदृश्टान च, सर्वान च प्रमृणन् क्रिमीन।

इस्लामिक साहित्य में भी पर्यावरण चेतना के प्रति संजीदगी व्यक्त की गई है। पर्यावरण संरक्षण, जल संचय, वृक्षारोपण, प्रदूषण पर नियन्त्रण का संदेश कुरान शरीफ में अनेकत्र वर्णित है। जमीन पर रेंगने वाली चींटी की अकारण हत्या करने को पाप की श्रेणी में रखा गया है। अगर कोई बच्चा भी किसी पशु–पक्षी को परेशान करता है या उसे दुःख देता है तो उसके लिये अल्लाह से माफी मांगने और दूसरे बच्चों को ऐसा न करने से रोकने का विधान किया गया है। हजरत मुहम्मद साहब का वक्तव्य है 'तुम इस प्रथिवी के सभी जीव–जन्तुओं पर दया करो, परमात्मा तुम पर दया करेगा।'' इस्लाम जीव जन्तुओं के प्रति क्रूर व्यवहार का विरोध करता है। किसी भी जीव को जिन्दा आग में जलाने, मनोरंजन के लिये हत्या करने, उन पर जरूरत से अधिक बोझ डालने, दूध पिलाने वाली मादा की हत्या करने, पक्षियों के अण्डे या घोंसले तोड़ने या किसी जीव को तड़पाकर मारने को धर्म विरोधी कार्य बताया है। इस प्रकार इस्लाम मनुष्यों के साथ–साथ समस्त जीव जन्तुओं की रक्षा का भी पाठ पढ़ता है तथा मानवता का संदेश देता है।

बौद्ध साहित्य में भी पर्यावरणीय संचेतना स्पष्ट परिलक्षित होती है। पाली ग्रन्थों से ज्ञात होता है, वृक्ष पूजा व्यापक स्तर पर होती थी। वृक्षों को देवता, अप्सरा, नाग, प्रेतात्मा आदि का निवास मानकर लोग संतान, यश, धन आदि प्राप्त करने की आकांक्षा से वृक्षों की पूजा करते थे। पशुओं का भी संरक्षण किया जाता था। बौद्ध ग्रन्थों में वृषभ को श्रद्धा की दृष्टि से देखा जाता था। २५०० ई०पू० सम्राट अशोक ने वन्यजीव संरक्षण के लिये अभिलेखों पर राजाज्ञायें खुदवायी। जिनमें अनेक पशुओं के शिकार वर्जित होने के साथ गार्भिनी सुअरी, बकरी को न मारना, त्योहारो के दिन पशुओं को बधिया न करना, जीवित प्राणी सहित भूसी को न जलाना, वनो में आग न लगाना जीवों को मारकर न खाना आदि शामिल था। जैन धर्म के पंचमहाव्रतों में उल्लिखित अहिंसा का सिद्धान्त पर्यावरण संरक्षण के सिद्धान्त पर ही आधारित है। जैन विचारधारा में मन वचन कर्म तथा तीनों प्रकार से होने वाली हिंसा का निषेध किया गया है।

पन्द्रहवीं शताब्दी में गुजरात (अहमदाबाद) का सुल्तान महमूद बेगड़ा अपने हाथों से वृक्ष लगाता था तथा खाद व पानी देता था। अपने ५२ वर्ष के शासनकाल में उसने ६०,००० वृक्ष लगाये। गुजरात के फिरदौस और शकाबान बाग उसके प्रकृति प्रेम का परिचय देते हैं। वर्षाकाल में वह बैंड बाजों के साथ १५ दिनों तक वन महोत्सव मनाता था। इस महोत्सव में मार्ग के दोनों ओर तथा खाली मैदानों में आम, चन्दन, इमली, अशोक, पीपल नीम आदि के पौधे लगाये जाते थे। पौध रोपण के दौरान वह प्रजा से कोई कर नहीं वसूल करता था साथ ही वह प्रजा को वस्त्र और भोजन उपहार स्वरूप प्रदान करता था। सावन पूर्णिमा को महोत्सव के समापन पर कुवांरी युवतियों के बीच वृक्षारोपण प्रतियोगिता करवायी जाती थी जिसमें निर्धारित समय में सर्वाधिक पौधे लगाने वाले युवती को शाही सम्मान प्रदान किया जाता था। इस प्रकार प्राचीनकाल से ही भारतीय जनमानस पर्यावरण सहअस्तित्व के प्रति सचेत रहा है। पेड़–पौधो जलाशयों में देवत्व को प्रतिष्ठापित करके अपनी वैज्ञानिक धारणा का परिचय दिया तथा उसे धर्म से जोड़कर सुरक्षा प्रदानकी। पर्यावरण के प्रति उनका सम्बन्ध उपयोग वादी नहीं अपितु सहयोगवादी रहा है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति महिलायें आदिकाल से लेकर अद्यतन सचेष्ट हैं। पेड़–पौधों, खेतों, जलाशयों, जीव जन्तुओं की विभिन्न व्रत–त्योहारो पर पूजा करना, उनकी पर्यावरणीय संचेतना का परिचायक है। पक्षियों को दाना खिलाना, पानी रखना या पहली रोटी गाय को तथा अन्तिम रोटी कुत्ते को देने के कारण जीवों की सुरक्षा करना ही है। मकर संक्रान्ति व छठ पर्व सौर ऊर्जा को प्रदूषित न करने के उद्देश्य से मनाये जाते है। गंगा दशहरा व किसी मनौती के पूरा होने पर गंगा पुजैया का अनुष्ठान करने में जलाशयों को संरक्षित करने का भाव है। लोहड़ी–होली के अवसर पर वृहद स्तर पर अग्निदहन तापमान परिवर्तन के वाहक है। शीतला अष्ठमी, तुलसी विवाह में महिलाये वनस्पतियों की पूजा करती है। देवठऊनी एकादशी और अक्षय नवमी की तिथि को आंवले के नीचे भोजन बनाना व ग्रहण करने के पीछे भी यही भाव है कि प्रकृति के रक्षण एवं पोषण में ही मानव का रक्षण व पोषण है। यद्यपि अधिकांश महिलायें इस प्रकार के अनुष्ठानों के वैज्ञानिक पक्ष से अनभिज्ञ होती है फिर भी उनमें धार्मिक व सामाजिक भावना तथा इनके सदुपयोग की दृष्टि से इन वृक्षों वनस्पतियां व जल स्रोतो के प्रति आत्मीयता व सम्मान बना हुआ है। बदलते समय के साथ महिलाओं में पर्याप्त जागरूकता आयी है और वह पर्यावरण को सुरक्षित करने में गुरूतर दायित्व का निर्वहन कर रही है। राजस्थान के खेजड़ली गांव की अमरती देवी ने खेजड़ी वृक्षों की रक्षा के लिये 'चिपको अभियान' चलाया तथा ३६३ विश्नोइयों सहित अपना बलिदान दिया। उत्तराखण्ड के रेणी गांव की महिलायें पेड़ों को बचाने के लिये उनसे चिपकी रही। मेधा पाटेकर ने नर्मदा बचाओ आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश के लाहुल स्पीति क्षेत्र की ग्रामीण महिलायें हिम तेंदुये के संरक्षण में महती भूमिका निभा रही है। हिमाचल में नेचर कंजर्वेशन फाउण्डेशन नामक संस्था भी इसको संरक्षित करने का प्रयास कर रही है। यह हिमाचल के ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है और भेड़–बकरियों को अपना भोजन बनाता है। ऐसी अवस्था में हिम तेंदुआ ग्रामीणों का दुश्मन बन गया। क्योंकि ग्रामीणों के पशुओं को यह अपना शिकार बनाता है और यह पशु ही उनकी जीविका का साधन है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को इसकी सुरक्षा का भार देकर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया है क्योंकि तेंदुये के व्यवहार की जानकारी महिलाओं को पुरूषों से अधिक है। स्पीति घाटी के चिचम, किबर, गेते, कीह, कौमिक लांगचा व पीन बैली के शगनम व मुद्द गांव की महिलायें हिम तेंदुए को बचाने में लगी हुई है।

महिलायें चाहें कामकाजी हो या घरेलू यदि वह संकल्प ले लें कि वह पर्यावरण के प्रति अपना कर्तव्य निभायेंगी और अपने परिवार को भी समझायेगी, तो हमारा आज और आने वाला कल निश्चित ही बेहतर स्थिति में होगा, क्योंकि उनमें नैतिक मूल्यों के साथ–साथ वचनबद्धता की भावना भी होती है। अतः महिलायें पर्यावरण को सुरक्षित रखने में बहुमूल्य योगदान दे सकती है। घर के लिये जरूरी सामान को अधिकतर वही खरीदती है, अतः वह वही सामान खरीदे जिसे बनाने या प्रयोग करने में प्रकृति को कोई नुकसान न हो या कम हो। सामान की पैकिंग में एल्यूमिनियम या प्लास्टिक का प्रयोग न किया गया हो और सामान रखने के लिये थैला ले लाये। डिस्पोजल सामान का इस्तेमाल स्वयं न करें तथा परिवार को भी प्रेरित करें जैसे डिस्पोजल रेजर के स्थान पर मशीन रेजर, पेपर नैपकिन की जगह कपड़े के बने नैपकिन, रोटी या खाद्य पदार्थ लपेटने के लिये एल्यूमिनियम फायल की जगह कपड़े का नैपकिन प्रयोग कर सकती है। लिक्विड सोठ, चाय, काफी, तेल आदि के नये पैक के स्थान पर रीफिल पैक खरीद सकती है। इससे पैसे भी बचेंगे और कचरा भी कम होगा। घर का कूड़ा कचरा खुले स्थानों में न फेंके। फल व सब्जियों के

छिलकों को अन्य कूड़े से अलग करके और उसे किसी गड्ढे में डालती रहे और उसकी कम्पोस्ट खाद बनाकर पौधों में डालें । फल व सब्जी किसी बर्तन में धोकर बचे हुये पानी को पौधो में डाले और गन्दे पानी का सदुपयोग करें। वाशरूम तथा किचन से निकलने वाला पानी किसी नदी या तालाब में पहुचता है और साफ पानी को प्रदूषित करता है अतः रासायनिक डिटर्जेन्ट्स का प्रयोग न करके पौधो से बनाये गये डिटर्जेन्ट से कपड़े धोयें। बिजली के अधिक उपकरणों के प्रयोग से तापमान में वृद्धि होती है अतः जितनी जरूरत हो उतनी ही बिजली जलायें, बल्व के स्थान पर एल०ई०डी० लाइट जलाये। घर के सभी सदस्य एक साथ ही बैठकर टी०वी० देखे। ए.सी. कूलर युक्त कमरे में सोने की जगह खुली हवा में सोयें जिसमें एसी से निकलने वाली गैस से वातावरण भी प्रदूषित नहीं होगा और शुद्ध आक्सीजन भी मिलेगी। फ्रिज की जगह घड़े का पानी पीने से बहुत सी बीमारियों से भी बचा जा सकता है और वातावरण भी शुद्ध रखा जा सकता है।

शहरी क्षेत्रों में जहाँ कृषि योग्य भूमि की कमी है वहाँ महिलायें घर की छतों पर गमलों, लकड़ी की पेटियों, लोहे के ड्रमों में मिट्टी भरकर फल व सब्जियां उगा रही है तथा रासायनिक खादों व कीटनाशकों के स्थान पर गोबर की खाद का प्रयोग कर रही है। जालन्धर शहर में संभ्रान्त वर्ग की महिलाओं ने जैविक खेती को अपनी जिन्दगी का हिस्सा बना लिया है। माडल टाउन निवासी सामाजिक कार्यकर्ता लिपिका कोचर तथा 'खेती विरासत मिशन' इस कार्य को आगे बढ़ाने में लगे हुये है। मिशन से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ महिलाओं को टेरेस गार्डन बनाने में मदद कर रहे है। हेम खोसला, रीति जैन आदि महिलायें टेरेस गार्डन बनाकर न सिर्फ आर्गेनिक सब्जियां उगा रही है बल्कि नींबू, अनार, चीकू जैसे फल भी उगाने आरम्भ कर दिये है। वह स्वयं भी अपने घर में इनका उपयोग कर रही हैं तथा अतिरिक्त मात्रा में उत्पन्न होने वाली सब्जियों को एकलव्य स्कूल में सण्डे मार्केट में स्वयं बेचती भी हैं।

बदलती जीवन शैली में घर का वातावरण शुद्ध रखने के लिये घर के अन्दर भी गार्डन बनाने का चलन बढ़ रहा है। घर के अन्दर पौधे लगाने से घर का वातावरण भी शुद्ध रहता है तथा घर भी देखने में सुन्दर लगता है। इस गार्डन को सीढ़ियों के नीचे पड़ी खाली जगह में बनाया जा सकता है। इसे पेबल गार्डन कहते है इसमें मिट्टी की जगह छोटे–छोटे विभिन्न आकार और रंगो वाले पत्थरों का इस्तेमाल किया जाता है। ५–६ इंच मोटी परत में पत्थरों को विछाकर इसमें छोटे–छोटे पौधे, फूल और डेकोरेटिव प्लांट लगाये जा सकते हैं। इसमें पौधे सीधे लगाने के बजाय गमलो में लगाकर इन पत्थरों पर सजाये जा सकते है और यह कार्य महिलायें बखूबी कर सकती हैं। सहअस्तित्व यानी प्रकृति को उनके वास्तविक स्वरूप में सुरक्षित रखते हुये मानव जाति का विकास आज के समय की आवश्यकता है। क्योंकि प्रकृति और मनुष्य दोनो का अस्तित्व एक दूसरे पर निर्भर हैं इसलिये प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण न हो, ऐसे संकल्प और ऐसी व्यवस्था की जरूरत है। इस रूप में मानव और प्रकृति के सहअस्तित्व को अक्षुण्ण बनाये रखने में महिलाओं का अमूल्य योगदान है।

संदर्भ–समची :–

1. किष्किन्धाकाण्ड रामचरित मानस।
2. ऋग्वेद– १०.३६.२।
3. यजुर्वेद– २.६।
4. अथर्ववेद– १२.१.३५।
5. पदृम पुराण क्रियायोग ८.८ से १०।
6. अथर्ववेद ८.७.१०।
7. शतपथ ब्राह्मण ६.१.३.१२।
8. अथर्ववेद ५.४.३।
9. यजुर्वेद– २८.२०।
10. मनुस्मृति ११.६३ से ६६
11. यजुर्वेद ६.२१.१८ से २६.२२.३३।
12. ऋग्वेद– १.१६१.८ अथर्ववेद ५.२३.६; ६.५.२.१।
13. सुरा– ३०, आयत– ४१।
14. चुल्लबग्ग, ६.६.५ ।
15. पंचुपोसथ जातक– ४६०।
16. अशोक के लेख में वर्णित राजाज्ञा ।
17. दैनिक जागरण ५.१.१७।
18. दैनिक जागरण २०.११.१७

तुलसी का समाज-दर्शन

डॉ. अर्चना पाण्डेय *

तुलसीदास हिन्दी–साहित्य के पूर्व मध्यकालीन रचनाकारों में सर्वाधिक चर्चित और सर्वाधिक विवादित कवि हैं। रामभक्ति–धारा के अग्रगण्य कवियों में तुलसी का प्रमुख स्थान है। तुलसी के समय का समाज एवं तुलसी द्वारा परिकल्पित समाज उनके साहित्य में स्पष्टतः विवेचित हुआ है। अतः तुलसी के समाज–दर्शन विषयक मान्यताओं के प्रकाशन से पूर्व समाज–दर्शन पदबंध की व्याख्या उचित होगी। 'समाज–दर्शन' पदबंध दो शब्दों से मिलकर बना है– 'समाज' और 'दर्शन'। 'समाज' शब्द संस्कृत के 'सम्' एवं 'अज' शब्दों से मिलकर बना है। 'सम' का अर्थ होता है इक्टट्ठा और एकसाथ तथा 'अज' का अर्थ होता है एक साथ रहने वाला 'समूह'। तात्पर्य यह कि समाज का अर्थ होता है– समुदाय, समूह का एक साथ रहना आदि। द्वितीयतः 'दर्शन' शब्द संस्कृत की 'दृश्' धातु से निर्मित है, जिसका अर्थ होता है 'दृश्यते यथार्थ तत्त्वयनेन'। कहने का तात्पर्य यह कि दृष्टि या यथार्थ–दृष्टि और यथार्थ तत्त्व की अनुभूति।

अतः दोनो शब्दों के नियोजन से निर्मित 'समाज दर्शन का तात्पर्य यह कि समाज या समुदाय को देखने की दृष्टि या दृष्टिकोण'। तुलसी के संदर्भ में उक्त 'पदबंध' का अर्थ निकलता है, कि उन्होंने अपने समय के समाज को किस दृष्टि से देखा और अपने साहित्य में 'कैसे' समाज का वर्णन किया है। तुलसी की प्रामाणिक बारह कृतियों में समाज विषयक उनकी मान्यताएं विशेषतः 'रामचरित मानस' एवं 'कवितावली' में ही मिलती हैं, किन्तु इन दोनो में 'रामचरित मानस' प्रमुख है। विवेच्य कृतियों में समाज के अनेक स्तर वर्णित हैं– जिसमें परिवार, राष्ट्र, जातिगत, समुदायगत, वर्गगत, लिंगगत, वयगत आदि में समाज का रूप प्राप्त होता है। उनका समाज इतना व्यापक है, कि उसमें मनुष्य, पशु, प्रकृति तथा ग्रामीण, नागर एवं काननचारी समुदाय प्रश्रय पाते हैं। इन परस्पर एक दूसरे पर अवलंबित समाज की रीतियाँ–नीतियाँ, आचार–व्यवहार, परस्पर संबंध, मानव समाज का तथा मानवेतर समाज का संबंध भी रूपायित होता है।

तुलसी के यहाँ समाज के अनेक घटक–तत्त्व विद्यमान हैं, किन्तु विवेच्य आलेख का विषय मूलतः तीन समाजों के चित्रण तक ही सीमित किया जा रहा है, क्योंकि संपूर्णतः में तुलसी के साहित्य में समाज का दर्शन अत्यंत व्यापक एवं विशद् हैं। तुलसी कृत 'रामचरित मानस' में त्रि–आयामी 'राम का समाज' जो कि उदात्त मानवीय एवं आदर्शवादी जीवन मूल्यों पर आधारित है। द्वितीयतः 'रावण का समाज' जो यथार्थवादी खण्डित जीवन मूल्यों पर आधारित है। तृतीयतः 'बालि का समाज' जो यथार्थवादी खण्डित जीवन मूल्यों से अग्रसारित होकर आदर्शवादी जीवन मूल्यों की स्थापना की ओर संचालित है। आर्थात् संक्रमणकारी जीवन मूल्याधारित समाज है।

इन तीनों ही समाजों को तुलसी ने अपने समाज–दर्शन के अन्तर्गत किस दृष्टि– से संपादित किया है, उसे केवल परिवार के 'एक' संबंध 'भ्रात्रि–संबंध' के पारस्परिकता के आधार पर मूल्यांकित करना उचित होगा अर्थात् समग्रता में विवेचित न कर आंशिक रूप से निष्पादन अपेक्षित है। प्रथमतः 'राम का समाज'– मानवीय–समाज का प्रतीक है, जो उच्चस्तरीय मूल्यों एवं त्यागवादी संस्कृति को रूपायित करता है। यहाँ राम, भरत और लक्ष्मण के परस्पर संबंध का दिग्दर्शन अपेक्षित है। कैकेयी जब राम को वन जाने की आज्ञा देती हैं, तब राम का भरत के प्रति जो अनुरक्ति/सद्भाव है, उसे प्रकट करते हुए तुलसी कहते हैं–

भरत प्रानप्रिय पावहिं राजू। विधि सव विधि मोहि सनमुख आजू।।
जौ न जाउँ बन ऐसेहु काजा। प्रथम गनिअ मोहि मूढ़ समाजा।।[1]

और आगे ही जब भरत को राम के वनगमन के विषय में ज्ञात होता है तब भरत अपनी माता को भी व्यंग्योक्ति कहने से नहीं चूकते हैं ; यथा–

लखन राम सिय कहुँ बनु दीन्हा। पठइ अमरपुर पति हित कीन्हा।
लीन्ह बिधव पर अपजसु आजू। दीन्हेअ प्रजहि सोकु संतापू।।
मोहि दीन्ह सुखु सुजसु सुराजू। कीन्ह कैकयी सब कर काजू।।[2]

*** सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, खिदिरपुर कॉलेज, कोलकाता।**

आगे भरत के चरित्र की विशेषता तथा राम के प्रति उनके भ्रातृत्व–प्रेम का वर्णन करते हुए तुलसी ने लिखा है– "चलत पयादें खात फल पिता दीन्ह तजि राजु।/ जात मनावत रघुबरहि भरत सरिस को आजु।।/भायप भगति भरत आचरनू। कहत सुनत दुख दूषन हरनू।।"[3] भरत के चरित्र की उदात्तता से तुलसी मानव समाज के उच्चतर मानवीय मूल्यों की स्थापना करते हुए उसका विकास इस रूप में किया है कि भरत अयोध्या लौटकर नंदी ग्राम में जमीन में गड्ढा खोदकर बनवासी का जीवन व्यतीत करते हैं– "नंदिगाँव करि परन कुटीरा। कीन्ह निवासु धरम धुर धीरा।।/ जटाजूट सिर मुनिपट धारी। महि खनि कुस साथरी संवारी।।"[4]

तुलसी राम एवं भरत के परस्पर अनुरक्ति के प्रकाशन के साथ ही उक्त तथ्य का द्योतन 'लक्षमण–मूर्छा–प्रसंग' में भी करतें हैं। पिता की आज्ञा को सर्वोपरि स्वीकार कर "सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी।।" कहने वाले राम लक्ष्मण को मूर्छित देखकर कहते हैं– "जौं जनतेंउ बन बंधु बिछोहू। पिता बचन मनतेंउ नहिं ओहू"।। इतना ही नहीं, सीता–हरण के पश्चात् जड़ और चेतन का पार्थक्य विस्मृत कर "हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी। तुम्ह देखी सीता मृगनैनी"।।– कहकर विरह विदग्ध हो जाते हैं; वही राम लक्ष्मण को भू–शायी देखकर बिलखते हुए कहते हैं– "सुत बित नारि भवन परिवारा। द्वितीयतः रावण का समाज है– जो बर्चस्वशाली, आसुर–संस्कृति और साम्राज्यवादी मनोवृत्ति का प्रतीक है और खण्डित यथार्थवादी जीवन मूल्यों पर आधारित है, इसका प्रमाण "रावण और विभीषण" दोनों भाईयों के परस्पर संबंध में द्रष्टव्य होता है। जब विभीषण अपने भाई के हित के लिए सीता को लौटाने के लिए रावण को समझाता है, तब रावण स्वार्थान्ध होकर विभीषण पर शत्रुवत् प्रहार करता है; इसे तुलसी ने इस प्रकार उकेरा है–

"बुध पुरान श्रुति संमत बानी। कही विभीषण नीति बखानी।।
सुनत दसानन उठा रिसाई। खल तोहि निकट मृत्यु अब आई।।
जियसि सदा सठ मोर जिआवा। रिपु कर पच्छ मूढ़ तोहि भावा।।
असि कहि कीन्हेसि चरन प्रहारा। अनुज गहे पद बारहिं बारा।।"[5]

तृतीयतः बालि का समाज है– जो कानन चारी, असभ्य अनार्य जाति का समाज है और संस्कृति विहीन सामान्य स्तर का अर्द्धविकसित जीवन मूल्यों से मानवीय मूल्यों की स्थापना की ओर अग्रसर है। इसका प्रमाण भी हमें तुलसी साहित्य में प्राप्त होता है। सुग्रीव के प्रति बालि के व्यवहार में हमें यह मिलता है, सुग्रीव कहता है–

"मंत्रिन्ह पुर देखा बिनुसाईं। दीन्हेउ मोहि राज बरिआईं।।
बालि ताहि मारि गृह आवा। देखि मोहि जियं भेद बढावा।।
रिपु सम मोहि मारेसि अतिभारी। हरि लीन्हेसि सर्वसु अरू नारी।।
ताकें भय रघुबीर कृपाला। सकल भवन में फिरेऊँ बिहाला।।
इहाँ साप बस आवत नाहीं। तदपि सभीत रहऊँ मन माही।।"[6]

किन्तु बालि अंत में अपनी गलती स्वीकार करता है और राम से कहता है– "सुनहु राम स्वामी सन चल न चातुरी मोरि।/ प्रभु अजहूँ मैं पापी अंतकाल गति तोरि।।"[7]

उपरिलिखित वर्णित तीनों समाज ही 'राजन्य–समाज' हैं, जिनमें तीनों के मध्य केवल एक संबंध भ्रात्रि–संबंध को ही विवेचित किया गया है। इसके अतिरिक्त तुलसी ने अन्य सामाजिक संबंधों को भी अत्यंत गंभीरता पूर्वक दर्शाया है, किन्तु उसका विश्लेषण इस आलेख में काम्य नहीं है। मूलतः सम्बन्ध दो प्रकार के होते हैं– वैयक्तिक और सामाजिक। उक्त आलेख में अनेक वैयक्तिक संबंधों में से 'एक' के निरूपण के माध्यम से तुलसी के 'समाज दृदर्शन' विषयक मंतव्य को प्रकट किया जा चुका है अब द्वितियतः सामाजिक सम्बन्ध के अंतर्गत 'राजा और प्रजा' के सम्बन्ध का निरूपण अपेक्षित है। राम के समाज में राजा–प्रजा के पारस्परिक समबन्ध का वर्णन 'रामचरितमानस' के अयोध्याकाण्ड और उत्तरकाण्ड में तुलसी ने किया है। राम के वन गमन के समय प्रजा दुःख कातर होकर उनके साथ चलने लगती है –

"चलत रामु लखि अवध अनाथा। बिकल लोग सब लागे साथा।।
कृपासिन्धु बहु बिधि समुझावहिं। फिरहिं प्रेम बस पुनि फिरि आवहिं"।।[8]

उत्तरकाण्ड में राजा का प्रजा प्रति समतामूलक दृष्टि देखने योग्य है–

"पनिघट परम मनोहर नाना। तहां न पुरुष करहिं अस्नाना।।
राजघाट सब बिधि सुन्दर बार। मज्जहिं तहां बरन चारिउ नर"।।[9]

तात्पर्य यह कि सरयू नदी के तट पर अनेक घाट थे जिसमें पानी पीने का घाट अलग था, वहाँ कोई स्नान नहीं करता था, किन्तु जो राजपुरुषों के स्नान का घाट था वहाँ चारों वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) के लोग स्नान करते थे। यहाँ एक प्रश्न सहज ही उत्पन्न होता है कि आधुनिक युग के यथार्थवादी रचनाकार प्रेमचंद ने 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में सवर्णों के कुँए से शूद्रों द्वारा पेयजल न ले पाने की कथा कही है और

तुलसी ने तो रामराज्य में 'स्नान' का चित्रण किया है, पांच सौ वर्ष पूर्व ? क्या तुलसी वर्णाश्रम के पोषक थे ? तुलसी ने दरिद्रता अर्थात गरीबी को सबसे बड़ा दुःख स्वीकार किया है– 'नहिं दरिद्र सम दुःख जग माहीं'।[10] किन्तु, उनके द्वारा वर्णित रामराज्य में– 'नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना।[11] था। द्वितीयतः रावण के समाज में 'राजा और प्रजा' के मध्य सम्बंधों को उन्होंने कैसे दर्शाया है, पर दृष्टिपात समीचीन होगा। जिस समय हनुमानजी लंका जला देते हैं, उस समय रावण की प्रजा का उसके प्रति क्या दृष्टिकोण है– का निरूपण तुलसी ने 'कवितावली' में किया है–

"लपट कराल ज्वालजालमाल दहूँ दिसि/धूम अकुलाने, पहिचाने कौन काहि रे।
पानी को ललात, बिललात, जरे गात जात/परे पाइमाल जात 'भ्रात! तूं निबाहि रे।।
प्रिया तूं पराहि, नाथ! नाथ! तूं पराहि बाप!/बाप! तूं पराहि, पूत! पूत! तूं पराहि रे'।।
'तुलसी' बिलोकि लोग ब्याकुल बेहाल कहैं/लेहि दससीस अब बीस चख चाहि रे"।।[12]

'सब लोग ब्याकुल और परेशान होकर कह रहें हैं– अरे दशशीश रावण ! अब बीसों आँखों से अपनी करतूत देख ले'। आगे 'लंका–दहन–प्रसंग' में ही स्त्रियाँ गाली देते हुए कह रहीं हैं– "तुलसी निहारि अरि नारि दे–दे गारि कहैं। 'बावरें सुरारि बैरु कीन्हों रामरायसों"।।[13] फलतः यह कहना अत्युक्ति नहीं होगी कि चरम भौतिकता में आकंठ डूबे राजा के राज्य में प्रजा किस प्रकार उसकी महत्वाकांक्षा की पूर्ति हेतु 'बली' चढ़ जाती है, तुलसी की उपरिलिखित पंक्तियाँ साक्ष्य स्वरूप हैं। त्रि–तीयतः 'बालि का समाज' जो कि अर्द्ध–विकसित समाज है– में तुलसी ने राजा–प्रजा के पारस्परिक सम्बन्ध को उस रूप में निरूपित नहीं किया है, क्योंकि वहाँ 'बौद्धिक–विवेक' विकसित ही नहीं हुआ है, वहाँ प्रजा राजाज्ञा की अनुगामिनी है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है, कि तुलसी ने अपने समाज दर्शन के अन्तर्गत 'राम के समाज' को ही महत्वपूर्ण एवं समानता मूलक स्वीकार किया है और पात्रों का जो मनोवैज्ञानिक चित्रण किया है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। इसका प्रमाण उत्तरकाण्ड में प्राप्त होता है, जिसमें उक्त मत का प्रमाण प्राप्त होता है, यहाँ राम अपनी प्रजा के प्रति जो बात कहते हैं वह उक्त धारणा की पुष्टि करती है–

"सुनहु सकल पुरजन मम बानी। कहऊँ न कछु ममता उरआनी।।
नहिं अनीति नहिं कछु प्रभुताई। सुनहु करहु जो तुम्हहि सोहाई।।
.....
जौं अनीति कछु भाषौं भाई। तौं मोहि बरजहु भय बिसराई।।"[14]

यह राम का जनतंत्र है। वर्तमान समय में परिवार और सत्ता समाज के दो महत्वपूर्ण घटक तत्त्व हैं। पारिवारिक विघटन से 'संस्कार' ख़त्म हो रहे हैं और संसदीय राजतंत्रीय–प्रणाली से सामाजिक–संरचना में परिवर्तन हो रहा है, जिससे भोग–लिप्सा, अबाध तृष्णा और संकीर्ण स्वार्थ की लौह–श्रंखला दृढ़ होती जा रही है। ऐसे समय में तुलसी–वर्णित 'उच्च–मानवीय–मूल्यों' से युक्त राम के समाज की महती आवश्यकता है, जो स्पष्टतः सही अर्थों में 'जनतंत्र' है।

संदर्भ–सूची :–

1. रामचरितमानस– ; गीताप्रेस ; गोरखपुर;२०७१, 2/42/1, पृष्ठ–256
2. वही, 2/180/3–4 पृष्ठ –327।
3. वही, 2/222–223/1 पृष्ठ –342।
4. वही, 2/323/2–3 पृष्ठ –400।
5. वही, 5/41/1–2 पृष्ठ –484।
6. वही, 4/6/5–6 पृष्ठ –445।
7. वही, 4/9 पृष्ठ –447।
8. वही, 2/83/2 पृष्ठ–277।
9. वही, 7/29/2–3, पृष्ठ –604।
10. वही, 7/121/7 , पृष्ठ –664।
11. वही, 7/21/3, पृष्ठ –600।
12. कवितावली , पद –16 ; गीताप्रेस , गोरखपुर ;२०६६ ,पृष्ठ –38।
13. वही, पद –24, पृष्ठ –42।
14. रामचरितमानस–7/43/1–2 ; गीताप्रेस ;गोरखपुर ; २०७१, पृष्ठ–612।

मृदुला गर्ग के आठवें दशक की कहानियों में भारतीय-नारी

मनोज कुमार सिंह*

आठवें दशक की सिद्धहस्त कहानी लेखिकाओं में मृदुला गर्ग अपने मौलिक चिंतन, विषय वैविध्य और बेबाकपन के कारण अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित करती हैं। विशेषकर नारी अस्मिता के प्रश्न एवं उसकी आन्तरिक भाव संवेदना के स्तर मृदुला जी के विचार काफी सशक्त, प्रभावी एवं विचारणीय हैं। सन् 60 के बाद से कथा साहित्य के क्षेत्र में महिला कथा–लेखिकाओं का योगदान सराहनीय रहा है। नारी जीवन के विभिन्न संदर्भों को उषा प्रियंवदा, दीप्ति खंडेलवाल, मन्नू भंडारी, राजी सेठ, मंजुल भगत, मेहरून्निसा परवेज, नासिरा शर्मा, प्रभा खेतान, शशि प्रभा शास्त्री जैसी सशक्त कथा लेखिकाओं ने जीवन बोध तथा भाव संवेदना के स्तर पर यथार्थरूप में प्रकट किया। इसी परम्परा की अगली कड़ी में स्त्री स्वातंत्र्य एवं उसके अधिकार के प्रश्न को मृदुला गर्ग सजगता से उठाती हैं। मृदुला गर्ग के कहानी संसार की स्त्री अपने अस्तित्व के प्रति सजग हैं। उसके अन्तर्मन में उठने वाले भाव को वह सहज स्वाभाविक रूप से जीवन की आवश्यकता समझती है। सामाजिकता के नाम पर घुटते रहना उसे स्वीकार नहीं है। आधुनिक परिदृश्य के अनुरूप साहित्य सृजन की आवश्यकता पर विचार करते हुए कहती हैं– ''मैं समझती हूँ कि जब लेखक सांस्कृतिक मूल्य व्यवस्था को पुनः परिभाषित करने की प्रेरणा से कहानी के कथ्य, शिल्प व भाषा को प्रयोग करता है, तो हम कह सकते हैं कि उसमें एक नए बोध को स्वर देने का प्रयास कर रहा है।''[1]

नई कहानी आंदोलन के बाद के समय की सशक्त कहानी लेखिका मृदुला गर्ग के लेखन की शुरूआत 1972 में लिखी उनकी पहली कहानी 'रूकावट' (सारिका पत्रिका) से होती है। अपने समय की नब्ज को पकड़ते उनके उपन्यास 'वंशज', 'चितकोबरा' की सर्जक मृदुला गर्ग के आठवें दशक की प्रमुख कहानी– संग्रहों में 'कितनी कैदे' (1975), 'टुकड़ा–टुकड़ा आदमी' (1977), डैफोडिल जल रहे हैं' (1978) 'ग्लेशियर से' (1980), 'उर्फ सेग', 'शहर के नाम' और 'समागम' प्रमुख हैं। ये सभी कहानी–संग्रह अलग–अलग पृष्ठभूमि से संबंधित होकर भी भारतीय नारी के जीवन में आधुनिकता के परिणामस्वरूप आए बदलाव, अस्तित्वबोध मूल्यों को विविध संदर्भों में अभिव्यक्त करती है। स्वयं मृदुला जी का यह कहना कि ''हिन्दी कहानी में सबसे ज्यादा वैविध्य मेरी पीढ़ी से आया।'' (मृदुला गर्ग का कुमारी राजु, एस बागलकाट को दिया गया साक्षात्कार– 25.10.2000 दिल्ली स्थित निवास) वास्तव में मृदुला गर्ग जी की कहानियों में युग–यथार्थ के संदर्भ में व्यक्ति जीवन के विविध प्रसंगों एवम् स्थितियों का यथार्थ अंकन हुआ है। स्त्री–जीवन के टूटते संदर्भ, सेक्स संबंधी स्थितियों, पारिवारिक संबंधों में आए मूल्य विघटन के विविध संदर्भ प्रस्तुत हुए हैं। नारीवाद या फेमिनिज्म उनकी दृष्टि में जकड़बंदी से मुक्ति का उपाय है। सड़ी–गली मान्यताओं, कुसंस्कारों से मुक्त होकर स्त्री को स्त्री के रूप में देखना ही स्त्रीवाद का असली रूप है। वह कहती हैं– ''नारीवाद की परिभाषा बस इतनी है कि नारी को अधिकार है यह तय करने का कि वह क्या करना चाहती है? क्या नहीं? कोई मुखौटा नहीं कि स्त्रियों पर चस्पा दिया जाए।''[2] मृदुला जी की 'कहानियाँ वर्तमान की चुनौतियों का सामना करती है। इनकी कहानियों के पात्र परंपरागत अंधविश्वास, रूढ़ियों, विकृत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थितियों के प्रति प्रश्न अंकित करते हैं। इनकी नारी पात्र स्त्री के परंपरागत 'इमेज' को तोड़ती हुई मुक्त रूप में प्रस्तुत होती है।

'कितनी कैदे' कहानी–संग्रह की कहानी, 'अगर यो होता' भारतीय पृष्ठभूमि में एक नारी के विवाहेतर संबंध का मनोवैज्ञानिक चित्रण प्रस्तुत करती है। कथा नायिका 'मधुर' का विदेशी पुरुष 'जिम' से प्रेम उसके हृदय की विवशता है। प्रेम की संवेदनशीलता मधुर के हृदय में गहरे समाती है। जिम मधुर की पारिवारिक स्थिति एवं उसके मातृत्व पक्ष से अवगत हैं। मधुर अपने पति, प्रेमी तथा बच्चे के बीच गहरे अन्तर्द्वन्द्व से गुजरती हैं। अन्त में उसे जिम के साथ संबंध अर्थहीन प्रतीत होते हैं और वह अपनी दुनिया में लौट आती है। आज स्त्री भावुकतावश कोई निर्णय नहीं लेती, वरन् भविष्य की अपेक्षा वर्तमान के संदर्भ में सोचती है। प्रेम उसके लिए जीवन नहीं जीवन की आवश्यकता है। 'कितनी कैदे' की मीना एक आधुनिक नारी है। ड्रग्स

---

* **शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, (म0प्र0)।**

और डेट उसके जीवन की सामान्य स्थितियाँ है। नशे की हालत में वह सामूहिक बलात्कार की शिकार होती है। सब कुछ खोकर उसे एक ही चीज मिलता है– घुटन। मृदुला जी की नारी पात्र स्त्री के परम्परागत छवि को स्वीकार करते हुए भी वर्तमान से आँखे नहीं फेरती। वह यथास्थिति को पूरी तटस्थता और साहसिकता से स्वीकार करती है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में स्त्री एक कामवासना की पूर्ति का साधन है। उसे सहज, स्वाभाविक रूप से स्वीकार न कर घर–परिवार की मर्यादा, पवित्रता–अपवित्रता, नैतिकता–अनैतिकता जैसी तमाम घेरों में आबद्ध कर देखा जाता है।

'दुनिया का कायदा' बदलती जीवन की परिस्थितियों के बीच भारतीय नारी की तल्ख प्रतिक्रिया को अभिव्यक्त करती है। दो खंडों में विभाजित कहानी 'रक्षा' के व्यक्तिगत एवं सामाजिक विरोध के स्वर को व्यक्त करती है। परिवार में बहू की मरणासन्न स्थिति तथा परिवार के लोगों द्वारा दहेज के लालच में अधेड़ पति के पुनर्विवाह का उत्साह उसे भीतर तक आहत करता है। उसकी आपत्ति को ''यह तो दुनिया का कायदा है'' कह कर खारिज कर देना असंवेदनशीलता की चरम स्थिति को दर्शाता है। पति सुनिल द्वारा प्रोमोशन का लाभ पाने के लिए अपने बॉस मेहता के साथ रक्षा को नाचने के लिए विवश करना उसकी अवसरवादी प्रवृत्ति को व्यक्त करता है। रक्षा किसी अवांछनीय लाभ की खातिर दुनिया का कायदा से समझौता नहीं करती। समाज का एक स्त्री के प्रति दोयम रवैये को देखकर क्रोधित हो उठती है– ''औरत आदमी के बगैर रह सकती है, आदमी औरत के बगैर नहीं रह सकता।'' (दुनिया का कायदा– मृदुला गर्ग, पृ0 122) रक्षा के यह शब्द स्वयं मृदुला जी के विचार हैं। कायदा बनाने वाले समाज की दृष्टि स्त्री के प्रति पक्षपातपूर्ण क्यों होती है? यह एक ज्वलंत प्रश्न है।

मृदुला जी की 'हरी–बिन्दी कहानी एक स्त्री के खो चुके अस्तित्व के तलाश की कहानी है। दाम्पत्य जीवन की जिम्मेदारियों तले एक स्त्री स्वयं में गुम हो जाती है। पति की अनुपस्थिति में वह जिन्दगी के कुछ क्षणों को स्वयं की तरह से जीते हुए मन भर खुशियों को समेट लेना चाहती है। आधुनिक महानगरीय संदर्भ में लिखी गयी यह कहानी एक स्त्री के अस्तित्व की निरर्थकता, एकरसता, दिशाहीनता का यथार्थ अंकन करती है। अपने 'स्व' को तलाशती स्त्री के संदर्भ में स्वयं लेखिका लिखती है– ''हरी बिन्दी अपने साथ कुछ क्षण गुजार पाने की ललक की कहानी है।''[3]

दाम्पत्य संबंध एवं तद्जनित उत्पन्न स्थिति के प्रति मृदुला जी की कहानियाँ बेबाकी से अपना पक्ष प्रस्तुत करती हैं। स्त्री कहीं मर्यादा, लोक–लज्जा, के नाम पर अस्तित्वहीनता का शिकार होती है तो कहीं व्यक्तित्व के विघटन की शिकार है। प्रेम की रिक्तता की पूर्ति किसी अन्य के होने की पूर्णता पर निर्भर है और यह उसकी दृष्टि में पूरी तरह 'जस्टीफाई' भी है। मृदुला जी की दृष्टि में वासना या सेक्स की न वर्जना है और न अर्चना, बल्कि वह एक स्वाभाविक वृत्ति है। 'पुनश्च' में रमेश दवे जी का प्रकाशित लेख इस संदर्भ में उल्लेखनीय है– ''मृदुला ने देह का कोई दार्शनिकीकरण या आध्यात्मिकरण नहीं किया है, बल्कि उसे उसकी भौतिकता में, रूप में, राग में और संपूर्ण चेतना में अभिव्यक्त होने दिया है। यही निस्संकोच देहराग मृदुला जी की कथा का रस है।''[4]

मृदुला जी नारी की उस परम्परागत छवि को अस्वीकारती हैं, जो उसके स्वयं के अस्तित्व पर ही प्रश्न अंकित करता है। उनकी कहानियों की नारी पात्र संबंधों के नाम पर उपेक्षा, घुटन एवं मानसिक पीड़ा की शिकार हैं। 'दो एक फूल' की शांतम्मा, 'उसकी कराह' की सुधा, 'यह मैं हूँ' की सरल कालरा 'लिली ऑफ दी वैली' की निशि सभी स्त्रियाँ अपने पति की उपेक्षा की शिकार हैं। परम्परा, मर्यादा, लोक लज्जा के नाम पर अपने स्वयं के अस्तित्व संकट की शिकार है। मृदुला गर्ग नारी को परम्परागत सोच की जकड़ी वृत्ति से मुक्ति दिलाकर आत्मनिर्भर रूप में देखना चाहती हैं। इसी कारण उनकी अधिकांश कहानियों की नारी पात्र परंपरागत मानसिकता से मुक्त होकर उन्मुक्तता की तलाश में अपने व्यक्तित्व को परिभाषित करना चाहती है। वह पुरुष की दृष्टि से अपनी परिभाषा नहीं चाहती, वरन् अपने स्वतंत्र व्यकितत्व की सार्थकता को महत्वपूर्ण मानती हैं। योगेश गुप्त उनकी कहानियों के संदर्भ में लिखते हैं– ''मृदुला गर्ग अपने साहित्य में वैयक्तिक से सामाजिक और सामाजिक से वैज्ञानिक, वैज्ञानिक से दार्शनिक की यात्रा करती दिखाई देती हैं। थीम की कटेगरी के प्रति उनका कोई पूर्वाग्रह नहीं हैं और न कोई आग्रह। घटनाओं और चरित्रों को सहज भाव से व्यक्त करती हैं और न यह मानती है कि थीम जितना नया होगा कला उतनी ही निखरेगी। प्रयोगधर्मा कथाकार होने के नाते उनकी संभावनाओं की शायद ही कोई सीमा निर्धारित की जा

सकती है। अच्छी बात यह है कि कथ्य के स्तर पर वह शत–प्रतिशत फासिस्ट है और साहित्य में लम्बी खोज की यात्रा की पहली शर्त शायद यही है।''[5]

वास्तव में मृदुला गर्ग की कहानियों में नारी स्वातंत्र्य के स्वर काफी बलवती है। उन्होंने नारी के सीमित तथा घुटन भरे दायरे को तोड़ा भी है। स्त्री–जीवन के विविध संदर्भ को व्यक्त करती इनकी कहानियाँ में नारी पात्रों की विविधता, नयापन एवं जिंदादिली के साथ ही आत्मविश्वास का पूर्ण स्वर भी है। इनकी कहानियों की नारी कभी अपना सर्वस्व दे कर भी परिवार को बचाती है, तो कभी मन की रिक्तता के खालीपन से भर जाती है। मृदुला जी भारतीय आदर्श और मूल्यों को स्वीकारती अवश्य है, किन्तु यदि वह आदर्श और मूल्य नारी अस्मिता के लिए बाधक अथवा बोझिल होते हैं तो उसे छोड़ना ज्यादा न्याय संगत समझती हैं। भारतीय नारी का यह आधुनिक रूप है। दाम्पत्य जीवन की हर कसौटी पर खरा उतरना मानो उसकी अनिवार्यता है। 'तुक' कहानी की मीरा वैवाहिक जीवन की हर स्थिति से समझौता करने वाली स्त्री है। वह घुट–घुट कर हर स्थिति को झेलती है। भिन्न स्वभाव, जीवन–शैली तथा संस्कारों के कारण मीरा और नरेश के वैवाहिक जीवन में तनाव की स्थिति बनी रहती है। नरेश का दंभी स्वभाव मीरा को समझौतावादी बना देता है। मीरा सोचती है– ''पति का होना उनके लिए एक स्थिति है। पति की खुशी–ना खुशी आकर्षण – विकर्षण, रूचि–उदासीनता जैसे मेरे लिए जिन्दगी और मौत का सवाल है।[5] मीरा का चरित्र एक औसत भारतीय स्त्री का चरित्र है।

आज नारी मूल्यों की निर्णायक स्वयं हैं। वह पुरुष परिधि से बाहर निकल कर निज जीवन के आयामों को स्वयं निर्धारित कर रही है। समाज में नई चेतना व नई स्फूर्ति अभिव्यक्त कर रही है तथा जीवन एवं समाज से संघर्ष करते हुए अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित कर रही है। 'खरीददार' कहानी की नीना पढ़ी–लिखी सहायक कमिश्नर है। विवाह के बाजार में अपने को बेचना उसे स्वीकार नहीं। वह कहती है– ''नहीं! यह बिक्री का माल नहीं है। मैं खरीददार बनूंगी।'' नीना के यह शब्द बदलते भारतीय नारी के शब्द हैं। 'वितृष्णा' कहानी की शालिनी आधुनिक नारी के बदलते तेवर का प्रतिनिधित्व करती है। एक पत्नी के रूप में स्त्री को अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी ही पड़ेगी। भौतिक सुख की अपेक्षा उसका सम्मान और स्वाभिमान सर्वोपरि है। इससे अलग वह कुछ नहीं चाहती। शालिनी और दिनेश की वैवाहिक जड़ता का हृदयस्पर्शी वर्णन कहानी में व्यक्त हुआ है।

'डैफोडिल जल रहे हैं' कहानी–संग्रह की कहानी 'मेरा' भारतीय नारी के आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्णय की दृढ़ता की कहानी है। भौतिकता के अतिशय प्रभाव ने वैयक्तिक संबंधों की रागात्मकता समाप्त कर दी है। जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय भौतिक सुख की सापेक्षता में लिए जा रहे हैं। इन निर्णयों में स्त्री की भागीदारी कहीं नहीं है। मीता पति महेन्द्र के बच्चे की माँ बनने वाली है। महेन्द्र महत्वाकांक्षी पुरूष है। उसके लिए बच्चा उच्च स्तरीय जीवन जीने के मार्ग में अवरोधक है। अतः अमानवीयता का परिचय देते हुए वह मीता का गर्भपात करवाना चाहता है। मीता के लिए यह पाप है। वह सोचती है– ''महेन्द्र तुम्हारे तर्क कैसे हो गए हैं? इतने दो टूक, इतने अकाट्य? प्यार कोई तर्क है? तुम्हारा दिल क्या तर्क से धड़कता है? भावना है ही नहीं? ऐसा है तब तुम जीवित ही नहीं हो। तुम्हारा बच्चे पर क्या अधिकार? वह मेरा है, सिर्फ मेरा''[7] इसी प्रकार 'मीरा नाची' कहानी की बिन्नी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते हुए अंत तक हारती नहीं है। वह कहती है– ''मेरा अपना कोई अस्तित्व नहीं, चुनाव नहीं, निर्णय नहीं।'' वहीं कहानी की मीरा स्वयं से प्रेम करती है।' बदलती परिस्थिति में आज स्वयं को पसंद करना पड़ेगा, अन्यथा वह समाज से उपेक्षित एवं तिरस्कृत होती रहेगी। एक स्त्री की महत्ता उसकी स्वाधीनता उसके अस्तित्व का सामाजिक स्तर पर स्थापना का बीज इसी विचार में समाहित है। 'अदृश्य', 'बाँस–फूल' 'चकरघिन्नी', 'खाली', 'खरीददार' जैसी कहानियों की स्त्री पात्रों में अपने अस्तित्वगत चेतना को सुरक्षित रखने की चाहत प्रबलता से दिखाई देती है। सदियों से उपेक्षित स्त्री जब तक स्वयं के अस्तित्व के प्रति सजग नहीं होगी, उसकी सार्थकता समाज के स्तर पर स्थापित नहीं होगी।

मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में समाज के शोषित, पीड़ित, दीन–हीन श्रमिक वर्ग, किसान जीवन को नयी दृष्टि से व्यक्त किया है। उनकी कहानियों के पात्र आठवें दशक के वैविध्य भरे परिस्थितियों की उपज है, जो कई स्तरों पर संघर्ष करते हैं। उनका संघर्ष वैयक्तिक स्तर के साथ ही सामाजिक स्तर पर अधिक है। 'तीन किलो की छोरी' सामाजिक कुरीतियों एवं विसंगतियों की पृष्ठभूमि में शारदा बेन जो कि

एक अस्पृश्य स्त्री है, समाज सेवा करने में ही सुख की अनुभूति करती है। कहानी के शब्द चित्र सामाजिक यथार्थ को स्पष्टतः व्यक्त करते हैं।

मृदुला गर्ग की कहानियों में प्रेम के विविध रूप व्यक्तिगत एवं सामाजिक संदर्भों मे स्पष्टता से व्यक्त हुए हैं। प्रेम की रागात्मकता संबंधों को उर्जस्वित करती है और उसकी कमी शुष्कता, कटुता एवं विच्छेद को जन्म देती है। प्रेम की तरलता से यदि संबंध प्लावित न हो तो वह संबंध बोझ मात्र है। 'रेशम' कहानी इसी वस्तुस्थिति का यथार्थ अंकन करती है। हेमवती का वैवाहिक जीवन एक सामाजिक संबंध मात्र था, अतः वैधव्य की पीड़ा उसके हृदय को स्पर्श नहीं करती। उसकी दृष्टि में जो आत्मीय संबंध कभी जुड़े नहीं, उसके टूट जाने का क्या गम है। अतः पति के स्वर्गस्थ होने पर शुकून की साँस लेती है। वह सोचती है– ''बच्चों ने सोचा होगा, माँ अपने सुहाग की चिंता में फक पड़ गयी है। बेचारे, पहली पीढ़ी के बारे में कैसे भ्रम पालते हैं'' पति के देहावसान के बाद उसकी यादों का पल्ला पकड़े जीवन को काट देने की सोच को हेमवती एक सिरे से खारिज कर देती हैं।

आज समाज में भौतिकता की चरम परिणति ने संबंधों में अवमूल्यन, अकेलापन की स्थिति को व्यापकता से जन्म दिया है। अकेलापन की स्थिति समय और स्थान के अनुसार भिन्न है। अतिविकसित राष्ट्रों का अकेलापन वैभव विलासिता और अतिशय भौतिक समृद्धि का परिणाम है। वहीं भारतवर्ष में उपजे अकेलेपन के मूल में अभाव और आत्मकेन्द्रीयता की स्थिति प्रधान है। मानवीय संबंधों में आत्मीयता की जगह उपभोग ने ले लिया है। 'छत पर दस्तक' कहानी में चित्रित बुजुर्ग का अकेलापन और भारत के एक संयुक्त परिवार में रहने वाली नलिनी का अकेलापन अलग–अलग स्थितियों का परिणाम है।

निष्कर्षतः मृदुला जी व्यक्ति और समाज के प्रति प्रतिबद्ध कहानी लेखिका हैं। वह विकृतियों से मुक्त भारतीय समाज का निर्माण चाहती हैं। जीवन के उन्मुक्त मार्ग में दूषित वैचारिक वृत्तियों को समाप्त कर जीवन मूल्यों से समृद्ध समाज का सृजन ही उनकी रचनाओं का उद्देश्य है। आयातीत संस्कृति के परिणामस्वरूप सेक्स की उन्मुक्तता, विवाहेतर संबंध, दाम्पत्य जीवन का घुटन, अवैध संबंधों की बहुतायता जैसे विषयों के चित्रण के मूल में समाज में व्याप्त कमियों को कुरेद कर एक स्वस्थ संतुलित समाज की स्थापना का ही प्रयास है। उनकी कहानियों में नारी स्वातंत्र्य के स्वर सीमित दायरे में नहीं वरन विविधता के साथ आत्मविश्वास, संघर्षशीलता एवं जिजीविषा की प्रखरता के रूप में अभिव्यक्त हुए हैं। 17.07.03 को एक शोध छात्रा के पत्र के उत्तर में लिखे शब्द मृदुला जी के पात्रों की जीवन–दृष्टि को अभिव्यक्त करते हैं– ''मेरी अलग–अलग रचनाओं में अलग–अलग पात्र है। हर पात्र का अपना दृष्टिकोण है। आँख मूंदकर किसी की पूरी की पूरी विचार श्रृंखला को स्वीकार नहीं किया जा सकता।'' मृदुला जी का चिंतन किसी एक विचारधारा के प्रति एकांगी नहीं है। वह भारतीय मूल्यों तथा आदर्शों के अनुरूप भारतीय नारी के छवि को प्रस्तुत करती हैं, किन्तु जहाँ ये आदर्श और मूल्य नारी स्वातंत्र्य एवं उसकी अस्मिता के मार्ग में बाधक बनते हैं उसे अस्वीकार करना ही उनकी दृष्टि में ज्यादा समीचीन प्रतीत होता है।

संदर्भ–सूची :–

1. मृदुला गर्ग– चुकते नहीं सवाल (साहित्य : क्या, क्यों, कैसे) सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष–2018, पृ0 09।
2. मृदुला गर्ग– मेरे साक्षात्कार, किताबघर प्रकाशन– दिल्ली, प्रकाशन वर्ष–2012, पृ0 93।
3. डॉ0 मधु संधु– साठोत्तरी महिला कहानीकार, सन्मार्ग प्रकाशन–दिल्ली, वर्ष 1984, पृ0 90।
4. रमेश दवे का लेख– 'मृदुला गर्ग का उपन्यास– शिल्प–कथा में व्यथा, वासना और विद्रोह का विचार–कल्प' से पुनश्च–जून 2004।
5. मृदुला गर्ग– ग्लेशियर से (तुक कहानी) राजकमल प्रकाशन–नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1986, पृ0 50–51।
6. मृदुला गर्ग– कितनी कैदे, इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, कृष्णा नगर–दिल्ली–51, प्रथम संस्करण, 1975।
7. मृदुला गर्ग– डैफोडिल जल रहे हैं (book.google.com).
8. मृदुला गर्ग– हरी बिंदी, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, तीसरा संस्करण–2008

रीतियुगीन मुस्लिम कवियों की शृंगार-भावना

डॉ. अनुपम गुप्ता*

सारांश :– रीतिकालीन कविताओं का सृजन सामन्ती वातावरण में हुआ था अतः तद्युगीन कवियों की श्रृंगारी कविता दरबारी संस्कृति की देन है। रीतिकाल का साहित्य विपुल और विविधवर्णी है। इस काल के साहित्य में प्रेम और श्रृंगार की अद्भुत छँटा दिखाई देती है। जिसमें मुस्लिम साहित्यकारों ने भी तत्कालीन प्रचलन के अनुसार नायिका भेद, नख–शिख वर्णन तथा लक्षण ग्रंथ लिखकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुबारक, आलम, रसलीन, पेमी ऐसे ही रचनाकार हैं। वस्तुतः रीतियुगीन हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने और उसके सुदृढ़ विकास में मुस्लिम कवियों का महती योगदान है।

प्रस्तावना :– हिन्दी साहित्य में रीतिकाल की समय सीमा सम्वत् 1700 से सम्वत् 1900 (सन् 1643–1843 ई0) तक स्वीकार की गई है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इस युग में रीति–ग्रन्थों की प्रचुरता देखकर ही इसका नामकरण 'रीतिकाल' के रूप में किया था। इस काल में काव्यगत प्रवृत्ति की अनेक धाराएँ परिलक्षित होती है किंतु कवियों का वर्ण्य विषय मुख्य रूप से प्रेम और श्रृंगार ही रहा। श्रृंगार की इसी प्रधानता को लक्ष्य करते हुए रीतिकालीन कविता के मर्मज्ञ आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने इसे 'श्रृंगार काल' के नाम से अभिहित किया।

रीतिकालीन कवि सौन्दर्य–विधान एवं रूप–कल्पना करने में पूर्ण समर्थ थे। गुण, अवस्था, जाति, वय आदि के आधार पर नायिकाओं का चित्रण रीतियुगीन कवियों की श्रृंगार–भावना का द्योतन करता है। अपने आश्रयदाताओं से प्रशंसा प्राप्त करना कवियों के कविकर्म का लक्ष्य था। वास्तव में ''राज दरबारों में अनूठी उक्ति कहना ही पण्डितों तथा काव्य मर्मज्ञों से प्रशंसा प्राप्त करने का एकमात्र साधन माना जाता था। इसके अतिरिक्त श्रृंगारिक कविता ही आश्रयदाताओं का मनोरंजन करने में समर्थ मानी जाती थी।''[1] विलासी शासक कलाप्रेमी थे। अतः उनके दरबारों में कलाकारों और कवियों को आश्रय प्राप्त था। उनके कला का आलम्बन नारी के अंग–प्रत्यंगों का सौन्दर्यांकन तथा नख–शिख चित्रण एवं वर्णन रहा। इस तरह रीति युगीन कवियों की श्रृंगारिक कविता दरबारी संस्कृति की झलक बन जाती है।

''रीतिकाव्य' का आशय उन कविताओं से है जिसमें साहित्य शास्त्र की बँधी–बँधाई परम्पराओं का अनुसरण अर्थात् रस, अलंकार, छन्द, शब्द–शक्ति आदि से सम्बन्धित लक्षण एवं उदाहरण प्रस्तुत हो। इस सन्दर्भ में डॉ0 ईश्वरदत्त शील का कथन है– ''हिन्दी में मध्यकालीन आचार्यों और कवियों ने रीति शब्द का व्यापक अर्थ में प्रयोग कर इसके अन्तर्गत रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, आदि सभी रचना पद्धतियों को अपने अन्दर समेट लिया है।''[2]

आनन्द की भावना जीवन विकास की मूल प्रवृत्ति है तथा श्रृंगार का आनन्द से अनिवार्य सम्बन्ध है अतः श्रृंगार–भावना का विकास भी जीवन विकास के साथ होता आया है। 'श्रृंगार' शब्द के मूल अर्थ को स्पष्ट करते हुए डॉ0 त्रिभुवन सिंह का कथन है– ''श्रृंगार शब्द यौगिक है और 'श्रृंग' तथा 'आर' दो शब्दों के सुयोग से बना है कि जिसका अर्थ कामवृत्ति की प्राप्ति से है।''[3]

'श्रृंगार रस' का स्थायी भाव 'रति' अर्थात् प्रेम है। श्रृंगार के उभय पक्षों संयोग और वियोग का जितना विशद, वैविध्यपूर्ण और सूक्ष्म चित्रण रीतियुगीन कवियों में मिलता है वह अन्यत्र दुर्लभ है।

श्रृंगार–भावना के अन्तर्गत नायिका–भेद, नख–शिख वर्णन, सौन्दर्य के प्रसाधन, आलम्बन की चेष्टाएँ और हाव, मिलन के अनेक स्थल एवं माध्यम, षटऋतु–वर्णन (उद्दीपन के लिए) तथा वियोग की अवस्थाओं एवं दशाओं आदि का वर्णन सब कुछ आता है।

*** प्रवक्ता (हिन्दी विभाग), आर्य महिला पी0जी0 कॉलेज, वाराणसी।**

रीतिकालीन कविता की मुख्य प्रवृत्ति प्रेम और श्रृंगार है। श्रृंगार के आश्रय–आलम्बन, नामक–नायिका हैं। अतः इनकी अनेक जातियों, रूपों, स्थितियों और स्वभावों की चर्चा की गई। हालाँकि कवियों का मन नायिका वर्णन में ज्यादा रमा। फलतः गुण, कर्म, वयक्रम, शील, अंग–रचना आदि आधारों पर विविधवर्णी नायिकाओं के लक्षण एवं उदाहरण प्रस्तुत किए गये। इस प्रकार नायिका–भेद और नख–शिख वर्णन की परम्परा रीतियुगीन कविता की मुख्य विशेषता बन जाती है। इस परम्परा को पोषित करने वाले अनेक मुस्लिम रचनाकारों की रचनाएँ भी हमारे समक्ष उद्‌घाटित होती हैं जो तत्कालीन प्रचलित रीति का अनुसरण करती दिखाई देती हैं। प्रायः इन कवियों और इनके द्वारा रचित ग्रंथों की गणना गौण रूप में ही की जाती है। प्रस्तुत शोध–पत्र में रीतियुगीन ऐसे ही मुस्लिम कवि और उनके काव्य में वर्णित श्रृंगार–भावना को लक्ष्य करने का प्रयास किया गया है। संक्षेप में इन कवियों का क्रमवार वर्णन निम्नलिखित रूप में किया जा रहा है। इस कड़ी में सबसे पहले मुबारक कवि का नाम आता है।

मुबारक :– इनका पूरा नाम सैयद मुबारक अली बिलग्रामी है। मुबारक के दो श्रृंगारी ग्रंथ 'अलक शतक' और 'तिलक शतक' उल्लेखनीय रूप से चर्चित रहे हैं। इन दोनों ग्रंथों में नायिका का नख–शिख वर्णन तथा श्रृंगार–चित्रण अत्यंत मनोहारी है उदाहरण देखा जा सकता है–

परी मुबारक तिय बदन अलक ओप अति होय।
मनो चंद की गोप में, रही निशा सी होय।।
चिबुक कूप मन परन्यो छवि जल तृषा विचारी।
कढ़ति मुबारक ताहि तीय अलक डोरि सी डारि।।
चिबुक कूप रसरी अलक, तिल सु चरस दृग बैल।
बारी बैंस सिंगार की, सींचत मनमथ छैल।।[4]

आलम–

मध्यकालीन साहित्य में आलम नाम के दो रचनाकार हुए हैं। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने एक को अकबर के समकालीन माना है जिनकी रचना 'माधवानल काम कंदला' ठहराया है। दूसरे आलम औरंगजेब के पुत्र मुअज्जब के आश्रित थे तथा जिनकी रचना 'आलमकेलि' प्रसिद्ध है। यहाँ तात्पर्य दूसरे आलम से है। आलम और शेख रंगरेजिन की प्रेम कथा तो हिन्दी साहित्य में खूब कही–सुनी जाती है। आलम के काव्य में श्रृंगार रस की प्रधानता है। वियोग पक्ष की पंक्तियाँ हृदय को छू जाती हैं। इस सम्बन्ध में यह सवैया बहुत प्रसिद्ध है–

जा थल कीन्हें बिहार अनेकन ता थल कांकरी बैठि चुन्यौ करैं।
जा रसना सौं करी बहु बात सुता रसना सौं चरित्र गुन्यौ करैं।
'आलम' चैन से कुंजन में करी केलि वहाँ अब सीस धुन्यौ करैं
नैनन में जो सदा रहते तिनकी अब कान कहानी सुन्यौ करैं।।[5]

शाह बरकतुल्लाह 'प्रेमी'– इनके द्वारा रचित ग्रंथ 'पेम प्रकाश' जो ब्रजभाषा तथा फारसी–हिन्दी मिश्रित भाषा में है अत्यंत उल्लेखनीय रचना है। इसमें कवि के साथ बिरह की मार्मिक व्यंजना भी प्रस्तुत की है–

उत सावन इत नैन है, उत गरजत इत आह।
उतहि कूक इत हूक है, सकौ तो लेहु निबाह।।
हौं चाहो पिय पक्करौ, बिरहा पकरेधाय।
बीर बछूटी जिमि सदा, सिमिट सिमिट रह जाय।।[6]

मधनायक :– सैयद निजामुद्‌दीन जो हिन्दी में मधनायक के नाम से कविता करते थे, उनके ग्रंथ 'मधनायक श्रृंगार' का वर्ण्य विषय ही नायिका भेद निरूपण है। एक उदाहरण दर्शनीय है–

कोउ कहै चन्द के मृगंक अंक देखियत, कोउ कहै छाया छित भूतल प्रकास की।
कोउ कहै अन्धकार पीयो है सो पेखियत, कोउ कहै कालिमा कलंक उन्यास की।।
कहै मधनायक सत हर लीन्हो करतार, ताहि की सवारी भामा कान्ह के बिलास की।
ता दिन से छाती छेदिपरी है छपाकर की, बार–बार देखियत नीलिमा अकास की।।[7]

रसलीन–

''व्यवस्थित विवेचन और कवित्व का समान रूप से निर्वाह करते हुए रीति निरूपण करने वाले इस युग के इने–गिने आचार्यों में सैयद गुलाम नबी 'रसलीन' का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।''[8] इनके द्वारा रचित 'रस प्रबोध' और 'अंग दर्पण' अत्यंत प्रसिद्ध ग्रंथ है। 'अंगदर्पण' के निम्नलिखित दोहे को बहुत दिनों तक बिहारी का दोहा माना जाता रहा जिससे इनकी श्रेष्ठता स्वयं सिद्ध हो जाती है–

अमिय, हलाहल, मदभरे, सेत, स्याम रतनार।
जियत, मरत, झुकि–झुकि परत, जेहि चितवत एक बार।।9

अर्थात् नायिका की श्वेत, श्याम और रतनारी आँखे अमृत विष और मद से परिपूर्ण हैं अतः जो इन्हें एक बार देख लेता है वह एक साथ जीता है, मरता है और मस्त हो जाता है।

याकूब खाँ– याकूब खाँ के 'रस भूषण' नामक काव्य ग्रंथ में उनकी श्रृंगार–भावना के दर्शन होते है। नायिका–भेद का एक उदाहरण देखिए–

पूरन उपमा जानि, चार पदारथ होंहि जिंहि।
ताहि नायिका मानि रूपवन्ति सुन्दर सुछवि।।
है कर कोमल कंज से, ससि सी दुति मुख एन।
कुंदन रंग पिक वचन से मधुर जो वैन।।[10]

मुहम्मद आरिफ जान– जान कवि के रूप में प्रसिद्ध मुहम्मद आरिफ जान के तीन ग्रन्थ 'रस मूरत', अंग शोभा तथा मदन मूरत' में भी नायिका भेद तथा नख–शिख वर्णन किया गया है।

अहमदुल्लाह– अहमदुल्लाह का उपनाम दक्षन था। ''संवत् 1773 में इन्होंने अपने मित्र मुहम्मद फाजिल अली के लिए 'दक्षन विलास' नामक एक काव्य ग्रंथ लिखा। इसमें नवरस तथा नायिका भेद उत्तम रीति से लिखा गया है।''[11] नायिका का रूप वर्णन इस कवित्त में देखिए–

औरे जाति और भॉति औरे रूप औरे कांति, औरे राग औरे तांति औरे दुति अंग की।।
औरे रंग भीजे नैन और प्रेम पागे बैन, औरे चाव औरे चैन औरे चोप संग की।।
औरे चाल डगमग औरे बाल सग बग, औरे 'दक्ष' जगमग भूषन के भग की।।
औरे रंग औरे ढंग औरे छवि की तरंग, औरई उमंग गति औरई अनंग की।।[12]

मीर अब्दुल जलील– मीर अब्दुल जलील द्वारा रचित 'शिख–नख' तथा 'प्रेमकथा' हिन्दी काव्य कृतियाँ मानी जाती हैं। बरवै भाषा की सहजता और नायिका की मनोदशा का स्वभावगत चित्रण देखिए–

भले गइन पनघटवा पनिया लेन, जल भरी गगरिया भरि गये नैन।।
कसकन कासो कहिए कसक न कोय, कस–कस होत करेजवा कस–कस होय।।[13]

मीर ईसा मीरन– इन्हें औरंगजेब ने हिम्मत खाँ की उपाधि से सम्मानित किया था। इनके द्वारा रचित 'नख–शिख' नामक ग्रंथ से उनके काव्य–प्रतिभा का पता चलता है। एक उदाहरण दृष्टव्य है–

पौढ़ी छुती पालिका पर निसिग्यान सौं ध्यान पिया मन लाए।
लागि गयी पलकैं पल सों पल लागत ही पल में पिय आये।।
ज्यों ही उठी उनके मिलि हौं सु जाग परी पिय पास न पाए।
मीरन और तो सोई के खोवत हौं सखि प्रीतम जागि गॅवाए।।[14]

रीतिकाल की समय सीमा में उपर्युक्त कवियों के अतिरिक्त ऐसे अनेक कवियों की चर्चा होती है जिन्होंने श्रृंगार–रस के फुटकल पद रचे हैं किंतु उसका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

प्रेमाख्यानक काव्य परम्परा के मुस्लिम कवियों को भी हम इस श्रेणी में रख कर देख सकते हैं क्योंकि उनका तो सारा काव्य ही प्रेम पर आश्रित है। प्रेम और श्रृंगार ही उनके काव्य का मूल है। देखा जाय तो हिन्दी में प्रेमाख्यानक काव्यधारा में मुस्लिम कवियों की ही बहुलता रही। रीतिकाल में भी काशिम शाह की 'हंस जवाहिर', नूर मुहम्मद की 'इन्द्रावती' शेख निसार की 'युसुफ–जुलेखा' आदि ग्रंथ देखने को मिलते हैं जिसमें श्रृंगार का सरस वर्णन किया गया है।

निष्कर्ष :– उपर्युक्त मुस्लिम कवियों और उनके काव्य का अवलोकन करने के उपरान्त हम यह निष्कर्षतः कह सकते हैं कि रीतियुगीन कविता में प्रेम और श्रृंगार की जो अजश्र धारा दिखलाई पड़ती है उसमें मुस्लिम कवियों की रचनाओं का भी खासा योगदान है। नायिका भेद, नख–शिख वर्णन तथा श्रृंगार के संयोग–वियोग पक्षों का सुन्दर चित्र इन कवियों की रचनाओं में बहुलतः देखने को मिलता है। रीतिकाव्य धारा में जहाँ, मतिराम, चिन्तामणि, देव, भिखारीदास, बिहारी, पद्माकर, घनानन्द, बोधा, ठाकुर जैसे कवियों के लक्षण ग्रंथ और मुक्त स्वच्छन्द रचनाओं की भूमिका प्रबल है वहीं उसी के समानान्तर मुस्लिम कवियों की सरस काव्यधारा भी रससिक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। इनका यह अवदान तो हमें मानना ही होगा। इन मुस्लिम कवियों की भाषा सम्बन्धी उदार दृष्टिकोण की जितनी सराहना की जाए कम है। अरबी–फारसी के जानकार होते हुए भी बिना किसी मजहबी–संकीर्णता के वो लोकभाषा और लोक–आख्यानों का आधार लेकर काव्य रचना करते हैं। इस प्रकार वे सिद्ध करते हैं कि साहित्य की कोई भाषागत् संकीर्णता नहीं होती। भारत में रहते हुए वे भारतीय संस्कृति के अगाध प्रेमी थे। यही कारण है कि इनकी रचनाओं की सुन्दरता अद्वितीय है। आज देश में जाति, धर्म और भाषा को लेकर जो अलगाववादी मानसिकता पनप रही है, ऐसे में इन मुस्लिम कवियों की जाति, धर्म और भाषा सम्बन्धी उदार सोच और सद्भावना भाव को हृदय से नमन करते हुए–

कबीर इश्क का कर नाता, दुई को दूर कर दिल से।
जो चलना राह नाजुक है, हमन सिर बोझ भारी है।।

सन्दर्भ–

1. साहित्यिक निबन्ध ले0– राजनाथ शर्मा, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, पृ0–80।
2. हिन्दी साहित्य का मध्यकाल, डॉ0 ईश्वर दत्त शील, गरिमा प्रकाशन, कानपुर, द्वितीय संस्करण– 2013, पृ0–377।
3. हिन्दी साहित्य एक परिचय, डॉ0 त्रिभुवन सिंह, हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी, तृतीय संस्करण–1982, पृ0–156।
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ0 भगवान तिवारी, भारतीय विद्या संस्थान, वाराणसी, पृ0–245।
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास, सं0 डॉ0 नगेन्द्र, मयूर पेपर बैक, पृ0–337।
6. मुसलमान कवियों की हिन्दी साधना, डॉ0 ओ0पी0 मिश्र, चंद्रलोक प्रकाशन, कानपुर : 2017, पृ0–67।
7. Yugvimarsh.blogspot.com (प्रो0 शैलेश जैदी का लेख– हिन्दी साहित्य को मुस्लिम साहित्यकारों का योगदान)
8. हिन्दी साहित्य का इतिहास, सं0 डॉ0 नगेन्द्र, मयूर पेपर बैक, पृ0–303।
9. हिन्दी साहित्य एक परिचय, डॉ0 त्रिभुवन सिंह, हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी, तृतीय संस्करण–1982, पृ0–180।
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ0 भगवान तिवारी, भारतीय विद्या संस्थान, वाराणसी, पृ0–293।
11. हिन्दी के मुसलमान कवि– सं0–गंगा प्रसाद सिंह विशारद, दुर्गा प्रसाद खत्री, लहरी बुकडिपो, काशी द्वारा प्रकाशित–1926, पृ0–196।
12. वही, पृ0–198।
13. Yugvimarsh.blogspot.com (प्रो0 शैलेश जैदी का लेख– हिन्दी साहित्य को मुस्लिम साहित्यकारों का योगदान)
14. Yugvimarsh.blogspot.com (प्रो0 शैलेश जैदी का लेख– हिन्दी साहित्य को मुस्लिम साहित्यकारों का योगदान)

ꕥ

हिन्दी उपन्यासों में थर्ड-जेंडर की सामाजिक चुनौतियाँ

अंकिता देवी*

साहित्य समाज की चेतना को जगाने का कार्य करता है। समाज के उन पक्षों को उजागर करता है, जिससे समाज अनभिज्ञ होता है या ज्ञात होते हुए भी अनभिज्ञ बना रहता है। क्योंकि उसे स्वीकार नहीं कर पाता, जिसके चलते उसे समाज के द्वारा अवहेलना झेलनी पड़ती है। हमारा समाज ऐसा है जो स्वयं की देह से पैदा बच्चे का परित्याग इसलिए कर देता है, कि वह न तो स्त्री है और न ही पुरुष। मानसिक रूप से स्त्री है तो शारीरिक रूप, बनावट से पुरुष दिखता है वह भी अविकसित अंगों के साथ। इसी तरह देह स्त्री की तरह तो मन पुरुष की तरह, पुरुषों की तरह चाल–ढाल, पुरुष है तो स्त्री की तरह हाव–भाव। अर्थात् अविकसित जननांग, अस्पष्ट शारीरिक बनावट जैसे– पुरुषों की तरह चेहरे पर दाढ़ी–मूंछ आना साथ ही स्त्रियों की तरह उरोजों का उभार आना ये दोनों स्थितियाँ मानसिक और शारीरिक रूप से तालमेल नहीं खातीं। यही गड्मगड स्थिति इनके पीड़ा का कारण बन जाती है।

हमारा सभ्य पित्रात्मक समाज अपने ही वीर्य से उत्पन्न बच्चे को अस्वीकार कर देता है, यदि सम्पूर्ण शरीर है तो वह प्यार–दुलार, शिक्षा, समाज का भागीदार है और अगर वह सम्पूर्ण शरीर होते हुए उसके जननांग अविकसित है तो वह प्यार–दुलार तो दूर की बात घर में रहने, खाने, जीने का अधिकार खो देता है। ये कहे कि उससे जबर्दस्ती छीन लिया जाता है और दर–दर ठोकर खाने के लिए छोड़ दिया जाता है।

यह दोष जो उस पर मढ़ कर नरक भरी जिंदगी दे दी जाती है वह दोष उसका नहीं उसे पैदा करने वाले पुरुष (पिता) के स्पर्म में होता है। जिसे समाज स्वयं को बचाकर पैर का कांटा निकाल देता है। 'मैं हिजडा मैं लक्ष्मी' में कहा गया है कि "लिंग शरीर रचना का एक हिस्सा है, इसलिए लिंगभाव एक मानसिक प्रक्रिया है इसे ध्यान में रखते हुए लिंग के एहसास और उसके सन्दर्भ का सम्भ्रम जान लेना उचित होगा। लक्ष्मी जैसे हिजड़ों में पुरुषों की लैंगिकता है, तो लिंग भावना स्त्री की है। यह सच सामने आता है। गर्भ धारण के बाद के छह हफ्ते स्त्री के गुणसूत्र XX और पुरुषों के XY होते हैं। उसके बाद Y के Sry जीन कार्यरत हो कर टेस्टोस्टेरॉन सम्प्रेरक पुरुष लिंग तैयार करने का काम करता है। इनकी कार्य–पद्धति के दोषपूर्ण होने और कभी–कभी गुणसूत्रों की गड़बड़ी से लिंग–निश्चित का भ्रम सामने आता है।"[1] जब बच्चा माँ के गर्भ में पल रहा होता है तो कुछ कारणों से क्रोमोसोम की आकृतियों में बदलाव हो जाता हैं जिस वजह से ऐसे बच्चे का जन्म होता है।

इस प्रकार विज्ञान भी सिद्ध करता है कि शारीरिक समस्याओं के कारण ऐसा होता है। तो ऐसे में उस बच्चे या माँ का कोई दोष नहीं होता। फिर भी समाज की घटिया सोच ने अपने ही बच्चों को फेंकते–फेंकते अमावीयता का ढेर खड़ा कर दिया है। जहाँ अशिक्षा का अंधेरा है, रौशनी का नामोनिशान नहीं, मुख्य धारा से जुड़ने की बात ही अलग है नाच, गा कर ताली पीट कर पेट भर कर जानवरों की जिंदगी जी रहे है। सदियों से ये अस्वीकार्यता बनी है, जिसके कारण आज भी अभिशप्त जीवन जीने के लिए मजबूर है।

यहाँ तक कि जिन घरों में इस प्रकार के बच्चे अस्वीकार्य होते हुए भी स्वीकार कर लिए जाते है, वहाँ ये समाज रूपी नाग फन निकाल लेता है। प्रतिदिन उस परिवार को डसता है, कभी हिजड़े का बाप कह कर, कभी हिजड़े की माँ कह कर, कभी हिजड़े का भाई कह कर। यहाँ तक कि शिक्षा संस्थान जो पढ़े–लिखे लोगो का मंदिर कहा जाता है, वहाँ पर इनके साथ भेदभाव का व्यवहार किया जाता है। परिवार बच्चे को इसके चलते शिक्षा नहीं दिला पाता। अन्ततः समाज इतना प्रताड़ित करता है कि एक दिन उसे उसी नरक के द्वार पर छोड़ आता है जहाँ जाने कितने नरक–यातना भोग रहे होते हैं। चर्चित लेखक प्रदीप सौरभ अपने बहुचर्चित उपन्यास 'तीसरी ताली' में जीवन्त पात्र आनन्दी आण्टी और उनकी पुत्री निकिता के

*** (पी–एच०डी० शोध छात्रा), हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, उ0प्र0 (221002)**

बारे में लिखते है कि– "लेकिन छठी कक्षा में दाखिले की बारी आयी तो उनके सामने धर्म संकट खड़ा हो गया। आखिर वे निकिता को लड़कों के स्कूल में दाखिला दिलाएं या फिर लड़कियों के स्कूल में? आखिर काफी उथल–पुथल के बाद उन्होंने उसे लड़कियों के स्कूल में डालने की कोशिश की। मगर वहाँ उन्हें निराशा हाथ लगी। ऐसा ही लड़को के स्कूल में भी हुआ। उन्हें दोनों जगह एक ही जवाब मिला कि जेण्डर स्पष्ट न होने के कारण हम दाखिला नहीं दे सकते हैं... यह स्कूल सामान्य बच्चों के लिए है, बीच वाले बच्चों को दाखिला देने से स्कूल का माहौल खराब हो जाता है।"[2] इस सत्य पर आधारित उपन्यास के नजरिए से देखा जाए तो समाज कितना घृणित है कि एक जननांग अस्पष्ट बच्चे के दाखिले से स्कूल का माहौल खराब हो जायेगा।

इस तरह समाज, परिवार, मित्र, रिश्तेदार सभी उस बच्चे को हेय दृष्टि से देखने लगते हैं। स्वयं परिवार उससे कटने लगता है यहाँ तक कि माता–पिता एक सिर–दर्द की तरह उसे घर में रखे हुए होते है। एक वक्त ऐसा आता है कि या तो बच्चा प्रताड़ित होकर स्वयं घर छोड़ देता है या समाज की दुहाई देते हुए उसे ऐसे समाज के डेरों पर छोड़ आते हैं। एक किशोरावस्था की ओर अग्रसर किशोर/किशोरी तमाम हार्मोन्स के बदलने से पहले से मन की उथल–पुथल से परेशान होते हैं उस पर घर से हमेशा के लिए निकाल दिया जाता है। जहाँ पर कोई अपना नहीं होता। न माँ न बाप न भाई न परिवार साथ ही ऐसा समाज जहाँ सिर्फ तालियों से स्वागत, तालियों से तिरस्कार, बात–बात पर गाली सुनने को मिलती है। वह इतना घबरा जाता है कुछ समय के लिए शून्य में स्वयं को और अपने भविष्य को तलाश रहा होता है।

अन्ततः उसी को स्वीकार करते हुए उन्हीं में रिश्ते खोज लेते है कोई मौसी तो कोई दीदी कोई मित्र बनकर खुद के रिश्तों की तलाश पूरी करते हैं। इसी संदर्भ में 'तीसरी ताली' में नीलम, निकिता के खोये संबंधों में लेखक कहता है कि "असल में हिजड़ों को अगर खुशी मिलती है तो किसी से रिश्त बनाने में। अतीत के उनके सभी रिश्ते टूट जाते हैं, शायद इसलिए। नीलम निकिता को अपनी बेटी की तरह पाल रही थी, पर निकिता अन्दर ही अन्दर छटपटाती रहती।"[3] जिस उम्र में इन्हें डेरे पर भेजा जाता है उस उम्र में एक किशोर/किशोरी अपने भविष्य को देख रहा होता है। तरह–तरह के सपने संजोता है। वहाँ नरक में पहुँच कर जीवन में अंधेरा छा जाता है सिर्फ नाच गाना ही जीवन जीने का आधार होता है। इसी समस्या को 'तीसरी ताली' में निकिता के माध्यम से लेखक ने उठायी है। "उसे अपना भविष्य अंधकारमय दिखता था। वह सोचती थी कि मै चाहे जितना पढ़–लिख जाऊँ, बड़ी होकर पेट पालने के लिए नाच–गाना ही करना पड़ेगा। नाचने में निकिता की जरा भी रुचि नहीं थी।"[4] इस समुदाय के लोगों को जब डेरे पर छोड़ा जाता है वहाँ उन्हें तीसरी दुनिया लगती हैं क्योंकि एक मानव जाति की तरह कुछ भी सामान्य नहीं होता। न ही वो निर्गुण उपासक होते है न ही सगुण वो मुर्गे वाली देवी को पूजते हैं। छोटी–छोटी बात बिना ताली बजाये बोलते ही नहीं। इनकी कुछ भाषायें भी अलग होती है जो न किसी भाषा में आती है न बोली में, न ही इन्हें मनुष्य माना जाता है न ही पशु न जंगली आदिमानव। बस इन्हें पैदा करके कचरे के ढ़ेर में फेंक दिया जाता है जिंदगी को सड़ने के लिए। ऐसे में कुछ तो उस जिंदगी को स्वीकार कर लेते है तो कुछ इससे उबरने का उपाय ढूढ़ते है तो कुछ अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं। हिन्दी साहित्य के अग्रणी उपन्यासकार प्रदीप सौरभ 'तीसरी ताली' में बताते हैं कि "अपने को किसी से कम न समझने वाली निकिता के अन्दर अपने आधे–अधूरे होने का हीन भाव घर करने लगा।"[5]

हिन्दी उपन्यास समसामयिक विमर्श को उठाता रहा जिसमें थर्डजेंडर इसमें भी ट्रांसजेंडर की समस्या उसकी चुनौतियाँ, संघर्ष को उकेर रहा। ट्रांसजेडर की सबसे प्रथम समस्या उनका लिंग अस्पष्ट होने से उनके साथ शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना सर्वाधिक होती है। जिस छोटी उम्र में बच्चे खेलते–कूदते, मस्त रहते हैं उस उम्र में उनके साथ ब्लात शारीरिक संबंध बनाये जाते हैं। उनके साथ ये एक बार नहीं आये दिन हमउम्र साथी या चाचा, मामा, रिश्तेदार सभी टूट पड़ते है। वो मानसिक, शारीरिक प्रताड़ना, ब्लातकार से पूरी तरह बिखर चुका होता है न परिवार में कोई उसकी सुनता और समाज तो पहले ही बहरा है सिर्फ भेड़ियों की तरह नोचता है। लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी अपनी पुस्तक 'मै हिजड़ा मैं लक्ष्मी' में बताती है कि "जब मै सात साल का था, तब पहली बार मेरा यौन–शोषण हुआ।"[6] ये मानव समाज इतना कलुषित मानसिकता का है बस स्त्री जैसा कुछ भी दिख जाए उसे भोग करने के लिए तड़प उठता है। आगे लक्ष्मी उस यातना का जिक्र करती हुई कहती है। "उसके बाद उस शादी के घर में इस तरह की घटनाएं बार–बार घटीं। और

सिर्फ वही लड़का नहीं, और भी कई लड़के मेरा फायदा उठाते रहे। बहुत तकलीफ हो रही थी.... शारीरिक और मानसिक थी।"[7]

इस हवशीपन का शिकार ऐसे ही बच्चे की व्यथा को जया जादवानी अपने उपन्यास 'देह कुठरिया' में उठाती है। "वे हँस रहे हैं.... उनकी हँसी में कितनी क्रूरता थी? भीड़ क्रूर होती है। भीड़ वहशी जानवर होती है। सबने पकड़कर उसे खूब मारा... उसके कपड़े फाड़ दिये... उसे नंगा कर दिया और उसके जिस्म से खेलते रहे... खेलते रहे...।"[8] ऐसी ही घटना का जीती–जागती उदाहरण मानोवी बंद्योपाध्याय संघर्षो के पहाड़ से टकराती हुई बतौर कॉलेज प्रिसिपल पर आसीन हुई। जब मानोवी पाँचवी कक्षा में थी पहली बार ब्लातकार किया गया वो इक्कीस साल के अपने ही चचेरे भाई द्वारा। "मुझे तब तक इस बात का एहसास नहीं हुआ, जब तक वह एक दिन मुझे अकेला पाकर उस बड़े से घर के वीरान भूतल के खाली कमरे में नहीं ले गया। उसने वहीं मेरे साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। जब तक मेरे साथ गुदा मैथुन नहीं किया, तब तक मुझे कुछ पता नहीं था कि क्या होने वाला था। शायद मुझे उसका सहलाना और दुलारना अच्छा लगा होगा,.. फिर उसने अचानक मेरी गुदा में प्रवेश किया और धक्के मारने लगा। मैं मारे दर्द के चिल्ला पड़ी, उसने मेरी चीख दबाने के लिए मेरे मुँह पर अपना हाथ रख दिया।"[9]

हिन्दी साहित्य ऐसे समाज की समस्या को उजागर करने मे एक लम्बा वक्त जाया किया। इसका कारण समाज की अस्वीकार्यता, प्रशासन द्वारा अधिकार न दिया जाना, प्रकाशक द्वारा न छापा जाना भी सभवतः कारण रहा होगा। लेकिन इसके बावजूद 'यमदीप' की लेखिका नीरजा माधव ने 2002 में इस कोढ़ बन चुके रोग पर अपनी लेखनी चलाई। यह उपन्यास उस समय उतना चर्चा में नहीं आया कारण एक सामाजिक, मानसिक दबाव ने घेरा रहा होगा। किन्तु एक वक्त यह आया कि लगभग भारत के समस्त वि0वि0 में हिन्दी साहित्य का कम से कम एक शोधार्थी इस विषय पर शोधरत है हालांकि कहां तक न्याय कर पाता है ये अलग बात है। लेकिन कहीं न कहीं शोध ने इस पर साहित्य को अपना विषय बनाने के लिए एक राह दी है। इसी जरिए ही सही तमाम समस्यायें संघर्ष, अशिक्षा, मानसिक, शारीरिक शोषण अनेक बातें हमारे समक्ष निकल कर आ रही। जिस तरह मानव समाज को यही ज्ञात था कि किन्नर समुदाय ताली पीट कर रूपया कमाते है, गाली देते है आदि बातें इन सभी के पीछे इनके छुपे दर्द का अध्ययन साहित्य ने समाज को एक नए तरीके से सोचने के लिए मजबूर किया। इस सामाजिक अस्वीकार्यता को झेलते हुए निर्मला भुराड़िया जब किन्नरों के बारे में खोज–पड़ताल कर रही थी उस समय नजदीकी लोगों को पता चला उस पर उनकी प्रतिक्रिया बताते हुए कहती है कि "कुछ नजदीकी मित्रों पर भी यह बात खुली कि मैं किन्नरों पर कुछ काम कर रही हूँ। मुझे यह सलाह दी गयी, हालांकि सदाशयता के साथ ही कि मुझे उनके पक्ष में नही बोलना चाहिए क्योंकि हिजड़े बहुत बदतमीज होते हैं। ऐसी बातों पर मैंने कभी मित्रों से बहस नहीं की, सिर्फ एक मुस्कुराहट दी या सिर हिलाया, मगर मन में निश्चय दृढ़ था, कोई कुछ भी कहे, मुझे तो पूरी बात को मानवता के कोण से देखना है।"[10]

मुख्य धारा से तिरस्कृत, घृणित, बहिष्कार सहने को अभिशप्त थर्डजेंडर को मानव की यौन स्थिति को आधार बनाकर हिजड़ा, किन्नर, छक्का, मामू, उभयलिंगी आदि भद्दे नामों से पुकारा जाता है। इनका असली नाम तक को मिटा कर इनको ताली पीटना, नाच–गाना, बधाई तक सीमित कर दिया जाता है। समाज अपनी पितृसतात्मक सोच को बदल नहीं पाता इसी के चलते इनकी यौनिकता पर प्रश्न चिन्ह लगा देता है। लिंग तथा सामाजिक पहचान विधि मान्यता के आधार पर हमेशा से वाद–विवाद का ज्वलंत मुद्दा रहा है। लिंग विभेद की बात की जाए तो तृतीय लिंग (थर्डजेंडर) एक विवादित तथा संवेदनशील मुद्दा है जिसे समाज समझना ही नहीं चाहता। इसी बात पर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी अपने 'आटोबायोग्राफी' में मलेशिया की कार्तिनी स्लामा की बात याद करते हुए दोहराती है– "अपनी लैंगिकता को अपने हिसाब से अभिव्यक्त करने और अपने व्यक्तित्व का निर्माण करने का अधिकार हर किसी को होना चाहिए।"[11] लिंग भेद की समस्या सिर्फ भारतीय समाज में ही नहीं लगभग देशों में जिसकी वजह इन्हें अपना पेट पालने के लिए देह का व्यापार भी न चाहते हुए भी करना पड़ता है। लक्ष्मी अपने आटोबायोग्राफी में एक ट्रांसजेंडर कार्तिनी जो मलेशिया की है, वहाँ के बारे में बताते हुए कहती है कि "मलेशिया में ट्रांसजेंडर्स में मुसलमान और गैर–मुसलमानों की संख्या लगभग 50–50 प्रतिशत है। इन सभी को नौकरी मिलने में मुश्किलें आती हैं, और

फिर जीने के लिए शरीर बेचने के अलावा उनके पास दूसरा चारा नहीं होता।"[12] यह समाजिक घृणित कार्य तृतीय लिंगी समाज को शिक्षा, रोजगार न दिये जाने की वजह से उत्पन्न है।

साहित्य ने अधिक न कहे तो भी वो कोई भी विधा हो उपन्यास, कहानी, साक्षात्कार, पत्रिका आदि ने ट्रांसजेंडर समाज के मुद्दो, उनकी परेशानियों को सामने लाने का प्रयास किया है। हमारा समाज कभी इनसे पूछने नहीं जाता कि उनकी पीड़ा क्या है? इस समाज को सिर्फ उनसे घृणा करना आता है और रात के अंधेरे शरीर को भोग लेना। इसके अलावा ये नहीं पूछा जाता कि जिस समाज में रह रहे हो किन–किन संघर्षो से जूझना पड़ता है? जिसे हिजड़ो का डेरा कहा जाता है, इसमें भी एक कुशासन देखने को मिलता है। सभी में वरिष्ठ किन्नर गुरू माई की गद्दी पर विराजमान रहता है, उसी के आदेशों का पालन किया जाता है। नाच–गाना, बधाई, देह व्यापार आदि न भी करने का मन हो फिर भी उसे सीखना पड़ता है और करना भी। इसी बात पर 'सरस्वती' पत्रिका के अंश 'किन्नरों का सामूहिक साक्षात्कार' में 'मोहम्मद हुसैन डायर' के पूछने पर कि रोजगार, स्वास्थ्य आदि पर आपका समाज सामने नही आएगा तो समस्याओं का समाधान कैसे होगा? इस पर 'सलोनी' (ट्रांसजेंडर) कहती है कि "समाज की विकृत सोच के कारण किन्नर बचपन से ही शिक्षा से उपेक्षित हो जाते हैं। हमारी हार्दिक इच्छा होने के बावजूद हम ज्यादा पढ़ नहीं पाते। क्या सरकार ने हमारे लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए कोई व्यवस्था की है? इतनी पीढ़ियों के बाद भी हमारी स्थिति अछूतों के समान हैं। खाली नाम थर्डजेंडर दे देने से कुछ नही होता हैं। अक्सर कहते है कि नाचने–गाने के अलावा भी किन्नर समाज का जीवन है, पर वह जीवन क्या है, यह कोई नहीं बताता हैं। किन्नर समाज के नियम–कानून और यहाँ का परिवेश हमें दुःखी भी करता है। कई बार यहाँ से निकलने की बहूत इच्छा होती है, पर सवाल वही कि हम यहां से निकलने के बाद जाएंगे कहाँ? रहेंगे कहाँ? इसीलिए मन मारकर चाहे खुशी हो या दुःखी, हम इस परिवेश में रहने को मजबूर है।"[13]

इस प्रकार निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि थर्डजेंडर की स्वीकार्यता का संघर्ष जारी है। वे स्वयं भी कर रहे साथ ही साहित्य अपनी थोड़ी ही सही पर इस दशक में इन्हें स्थान दिलाने, समाज को जगाने का कार्य कर रही। इसमें निर्मला भुराड़िया का गुलाममंडी, नीरजा माधव का 'यमदीप, चित्रा मुद्गल का 'पोस्ट बॉक्स न0 203 नालासोपारा' मानोवी बंद्योपाध्याय का आटोबायोग्राफी 'पुरुष तन मे फंसा मेरा नारी मन', लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी का आटो बायोग्राफी 'मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी', आदि ने इनके जीवन संघर्ष को परत–दर–परत खोलने का कार्य कर रहे। साहित्य समाज की सबसे निकृष्तम विषय को उठा कर एक नई दिशा देने का कार्य करता है जिससे समाज में बदलाव की बयार स्वतः बहने लगती है।

संदर्भ–सूची :–

1. मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी!, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी (पुस्तक अंश 'मैं लक्ष्मी के बहाने'– डॉ प्रदीप प० पाटकर), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण– 2018, पृ०–18
2. तीसरी ताली, प्रदीप सौरभ, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2011 पृ०–42
3. वही, पृ०–43
4. वही, पृ०–43–44
5. वही, पृ०–44
6. मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी! लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2018, पृ०–27
7. वही, पृ०–28
8. देह कुठरिया, जया जादवानी, सेतु प्रकाशन, दिल्ली–110092, प्रथम संस्करणः 2021, पृ०–113
9. पुरुष तन में फँसा मेरा नारी मन, मानोवी बंद्योपाध्याय (झिमली मुखर्जी पांडे), प्रथम संस्करण : 2018, हिन्दी अनुवाद–राजपाल एण्ड सन्ज़, पृ०–16
10. सामयिक सरस्वती– शब्दों का उत्सव, अप्रैल–सितम्बर 2018, अंक 13–14, थर्डजेंडर विशेषांक पत्रिकाISSN 2454-2911,पृ०–18
11. मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण : 2018, पृ०–101
12. वही, पृ०–102
13. सामयिक सरस्वती– शब्दों का उत्सव, अप्रैल–सितम्बर 2018, अंक 13–14, थर्डजेंडर विशेषांक पत्रिका ISSN 2454-2911,पृ०–23

दलित साहित्य : आशय, अवधारणा और मुक्ति

किरण असवाल *

सारांश :– हिन्दी साहित्य के इतिहास में दलित साहित्य की लेखन की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। दलित साहित्य एक ऐसा साहित्य है जो मुख्य रूप से विचारणीय है। इसके अंतर्गत कुछ विद्वानों ने इसे परिभाषित कर दलित की दुःख–वेदना और उनके जीवन–संघर्ष को सशक्त अभिव्यक्ति देने का प्रशंसनीय कार्य किया है। यह एक ऐसी परिघटना है जो पूर्वमध्यकाल के उपरांत आधुनिक काल के साहित्य तथा उसके कठोर मानदंडों को परिवर्तित कर मानवीय मूल्य, जातीय समरसता व राष्ट्रीय संवेदना का बोध कराता है। आजादी के इतने वर्षों पश्चात भी भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में धार्मिक परम्पराओं के अन्तर्गत जातीय व्यवस्था को जिस सहृदयता के साथ महिमा मण्डित कर दलितों के सिर माथे जबरन मनमाने ढ़ंग से मढ़ दिया गया वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। क्योंकि इसके परिणामस्वरूप तिरस्कार, दुराचार अपमान व शोषण जैसी बद्धमूल धारणाएं विकसित हुई जिसने आगे चलकर प्रचण्ड रूप धारण कर जातिगत भेदभावहीनता के दुष्प्रभाव से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को जन्म दिया। दलितों को वर्णाश्रम जैसी सामाजिक व्यवस्था में जकड़कर भारतीय समाज के कुछ तथाकथित धर्म के ठेकेदारों ने उन्हें केवल शारीरिक रूप से ही नहीं अपितु मानसिक रूप से भी दासता की श्रृंखलाओं में जकड़े रहने के लिए आजीवन बाध्य कर दिया। दलित की सूक्ष्म अतिसूक्ष्मतर समस्याओं, अवधारणाओं व मानसिक तनाव जो अप्रत्यक्ष है जिस पर मानवीय दृष्टि केवल बाहरी परिवेश तक ही परिलक्षित होती है आतंरिक परिवेश तक नहीं। जो पक्ष समाज से अस्पर्शनीय ही रह गया जिसमें दलित की अनुभूतियों को पर्याप्त स्थान प्राप्त नहीं हुआ है वह सभी तथ्य दलित साहित्य के अन्तर्गत द्रष्टव्य होते हैं। दलित साहित्य का वास्तव में जो अर्थ है वह दलितों की अनादि–काल से चली आ रही परम्परागत छवि एवं झूठी व अतार्किक मान्यताओं को तोड़कर पुनः आत्मविश्वास, दृढ़ता और बन्धुता की भावना से परिपूर्ण एक नई छवि की सृष्टि करना है। इनके अन्तर्मन तथा बहिर्मन का भली–भांति से अवलोकन कर उनके मन में उठने वाले समस्त भावों से अवगत होना ही वास्तव में दलित को व्याख्यायित करने की दिशा में उठाया गया प्रभावपूर्ण प्रयास है। दलित साहित्यः आशय, अवधारणा और मुक्ति के अतिरिक्त हमारे समाज में व्याप्त व्यवस्थाओं की पारंपरिक तथा रूढिगत नीतियां, कुरुतियां व सवर्ण वर्चस्ववाद को दलित सदियों से भोगता आया है। इन समस्त विशिष्ट तथ्यों पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर एक नवीन संदेश देना प्रस्तुत शोध–पत्र के माध्यम से प्रयास रहेगा।

मूल शब्द :– दलित, आजादी, आंदोलन, उत्पीड़न, शोषण, दुरावस्था, बाध्य, उपेक्षित, वर्ण व्यवस्था।

भारतीय समाज में दलित से आशय एक ऐसी विशेष जाति की मूल संरचना से लिया जाता है जो अस्पृश्य और उपेक्षित है। जिसका वर्षों तक निरन्तर शोषण किया गया हो, मर्दित तथा घृणित निम्न वर्ग आदि। ओम प्रकाश वाल्मीकि ने दलित शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है– "भारतीय समाज में जिसे अस्पृश्य माना गया वह व्यक्ति ही दलित है। दुर्गम पहाड़ों, वनों के बीच जीवन यापन करने के लिए बाध्य जनजातियाँ और आदिवासी, जरायमपेशा घोषित जातिया सभी इस दायरे में आती हैं। सभी वर्गों की स्त्रियाँ दलित हैं। बहुत कम श्रम–मूल्य पर चौबीसों घंटे काम करने वाले श्रमिक, बंधुआ मजदूर दलित की श्रेणी में आते हैं।"[1]

इसी प्रकार डॉ० श्यौराज सिंह बेचैन का मत है कि– "दलित वह है जिसे भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति का दर्जा दिया है।"[2] इन समस्त तथ्यों पर विचार विश्लेषण के उपरांत ज्ञात होता है कि दलित शब्द मुख्य रूप से उन पीड़ित व शोषित वर्ग विशेष के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसे भारतीय समाज की वर्ण–व्यवस्था ने शुद्र, अपवित्र, हरिजन तथा नीच जाति से अभिहित कर अधोगति के मार्ग पर अग्रेषित किया है। दलित भारतीय सभ्यता में ही नहीं वरन् पाश्चात्य संस्कृति में भी सामाजिक सरोकारों के

*** शोधार्थी, हिन्दी विभाग, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार।**

परिप्रेक्ष्य में दृष्टिगोचर होता है। इसके अन्तर्गत जातिवाद, रूढ़ियों से जुड़ी दर्दनाक विसंगतियां, मानव के कष्टों व संवेदनाओं को अभिव्यक्ति प्रदान की जाती है। इस सन्दर्भ में डॉ० एंनीबीसेन्ट द्वारा 'डिप्रैस्ड' शब्द का प्रयोग दरिद्र तथा पीड़ितों के लिए किया गया है। इस वर्ण–व्यवस्था ने समस्त मानव–जाति को धर्म एवं संस्कृति की आड़ में भिन्न–भिन्न वर्गों व समुदायों में विभक्त करने का अनौचित्य पूर्ण कार्य किया। आजादी के इतने वर्षों पश्चात् भी दलितों की स्थिति हमारे वर्तमान समय में विचारणीय है। समाज का अभिन्न अंग होने के उपरांत भी वे भारतीय संस्कृति व सभ्यता की मुख्य धाराओं से वियुक्त हैं। वर्ण–आभिजात्य की प्रवृत्ति इतनी भयावह है कि इसने भारतीय समाज में अस्पृश्यता, तिरस्कृत व्यवहार एवं दलितों के प्रति असम्मानित जीवन की कहानी को अभिव्यक्त किया है।

भारतीय संविधान ने भले ही दलितों को मौलिक अधिकार के रूप में समानता का अधिकार प्रदान किया है, परन्तु फिर भी वह सवर्णों के साथ उठ–बैठ तथा भोजन ग्रहण नहीं कर सकता। यहाँ तक कि वह अन्य जाति में स्वेच्छा से शादी जैसे पवित्र समारोह करने के अधिकार से भी वंचित है। क्योंकि उसके ऐसा करने मात्र से उच्च वर्ग की परम्पराएं, रीति–रिवाज और संस्कार कलुषित हो जाएंगे। इस सम्बन्ध में हरिनारायण ठाकुर जी कहते हैं कि– "यहाँ जाति और वर्ण–व्यवस्था इतनी मजबूत है कि आज भी शादी–विवाह एवं अन्य महत्त्वपूर्ण सामाजिक अनुष्ठानों पर जातीय नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है। विवाह–सम्बन्ध तो अपनी जाति और वर्णों के बीच ही सम्पन्न होते हैं। इसके बाहर जाना सामाजिक अपराध है। ऐसे अनेक सामाजिक–सांस्कृतिक कार्य हैं, जिसे जाति से बाहर नहीं किया जा सकता। समाज में ऊपर से लेकर नीचे तक श्रेष्ठता और पवित्रता का एक श्रेणीक्रम है। सामाजिक श्रेष्ठता में सबसे ऊँचे पायदान पर ब्राह्मण और सबसे निचले स्तर पर शूद्र और दलित हैं। इस कारा को तोड़ पाना आज भी एक मुश्किल और कठिन काम है।"[3]

विचार करने योग्य बात यह है कि दलितों के लिए इस प्रकार के जाति–हीनता की भावना से ग्रस्त व्यवहार वास्तव में आया कहाँ से? जबकि भारतीय संविधान सभी धर्मों को समान रूप संरक्षण प्रदान करते हुए हम सभी को स्पष्ट रूप से यह निर्देश देता है कि सभी धर्मों को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाए। किन्तु हमारे समक्ष महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह उपस्थित होता है कि क्या हमारे समाज के समस्त नागरिक संविधान द्वारा प्रदत्त नियमों का पालन निष्ठापूर्वक करते हैं, यदि करते हैं तो नित्य प्रति किसी विशेष वर्ग का दलन उसके प्रति घृणात्मक व्यवहार व शोषण–दमन जैसी अनेकों शर्मसार करने वाली घटनाएं कहाँ से जन्म ले लेती हैं? इस तथ्य की पुष्टि हमें हरिनारायण ठाकुर के द्वारा लिखित 'दलित साहित्य का समाजशास्त्र' नामक कृति से होती है। "देश की आजादी के पूर्व से अब तक जातीय समस्या के सुधार की दिशा में जो प्रयास हुए, उसका इतना ही परिणाम निकला है कि शूद्र और अन्त्यजों के साथ छुआछूत प्रायः समाप्त हो गयी है। किन्तु मन की छुआछूत अब भी बाकी है। वर्ग और वर्ण के द्वन्द्व की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वर्ग में ऊपर–नीचे जाने की गतिशीलता है, जबकि वर्ण और गति स्थिर और गतिहीन है। गतिहीनता के इसी गर्त में शूद्र और दलितों की सामाजिक नियति–प्रकृति निहित है।"[4]

साहित्य समाज का दर्पण है। प्रत्येक साहित्य समय के साथ गतिशील है, क्योंकि इसमें परिवर्तन के साथ ही साहित्य का विकास भी दृष्टिगोचर होता है। इसके परिप्रेक्ष्य में प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का कथन दृष्टव्त है– "प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित तब यह निश्चित है कि चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ–साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है .... जनता की चित्तवृत्ति बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, सांप्रदायिक तथा धार्मिक परिस्थिति के अनुसार होती है।"[5] साहित्य अपने आप में विस्तृत वनस्थली है, जिसमें किसी वर्ग विशेष को महत्त्व न देकर अखिल मानवता तथा जन–सामान्य को स्थान दिया जाता है। इसके माध्यम से ही हम मानव मूल्यों को समाजशास्त्रीय ढ़ंग से समझने का प्रयास करते हैं। स्वतन्त्रता प्राप्ति के उपरांत दलितों ने अपने अधिकार के लिए अपने–आप को स्वर्णों के साथ मुख्यधारा से जोड़ने का साहसपूर्ण कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप उनके दुःख, संघर्ष, अलगाववाद और शोषण की दास्तां की जो मार्मिक कहानी उभरकर आई उसी भावों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को 'दलित साहित्य' से अभिहित किया गया है।

दलित साहित्य वासतव में विचारणीय विषय है। अधिकांश विद्वानों ने दलित साहित्य को अपने–अपने अनुसार व्याख्यायित करते हुए परिभाषित किया है। इस सम्बन्ध में दलित चितंक कंवल भारती की धारणा है कि "दलित साहित्य से अभिप्राय उस साहित्य से है। जिसमें दलितों ने स्वयं अपनी पीड़ा को रूपायित किया है। अपने जीवन–संघर्ष में दलितों ने जिस यर्थाथ को भोगा है, दलित साहित्य की उसी अभिव्यक्ति का साहित्य है। यह कला के लिए कला नहीं, बल्कि जीवन और जीवनर की जिजीविषा का साहित्य है इसलिए कहना न होगा कि वास्तव में दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलीत साहित्य की कोटि में आता है।"[6] अम्बेडकर दर्शन दलित साहित्य का प्रारम्भिक बिन्दु है, जिसमें मानव–मुक्ति और दलितों संवेदनाओं के साथ–साथ उनकी समता व स्वतन्त्रता की अभिव्यक्ति को पर्याप्त स्थान मिला है। दलित–साहित्यकारों में से कुछ बुद्धिजीवियों ने 'दलित' शब्द पर आपत्ति उठाई है, उनके मतानुसार यह शब्द हीनता का बोधक है। इससे वर्ण व्यवस्था को आश्रय मिलता है और दलितोद्धार का प्रश्न भी सहज रूप से हमारे सम्मुख आ खड़ा उठता है। हिन्दी साहित्य में दलित धारा का इतिहास विस्तृत एवं प्राचीन रहा है। प्रारम्भ से ही वर्ण व्यवस्था जैसी सामाजिक विद्रूपताओं का पुरजोर विरोध करने वाली परम्परा है। इसका प्रादुर्भाव सर्वप्रथम संत साहित्य में हुआ जो कि सिद्धों तथा नाथों से प्रभावित थी। इन संतों में कबीर, नामदेव, रविदास, दादू, गुरु नानक इत्यादि प्रमुख रहे हैं। इन्होंने जन्माधारित वर्णवाद, कर्मकाण्ड, पाखण्डवाद जैसी सामाजिक कुरीतियों की कड़े स्वरों में निंदा की है। यह सत्य है कि मध्ययुगीन निर्गुण साधु संतों ने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से अपनी ओजपूर्ण वाणियों द्वारा सामाजिक परिवर्तन का बिगुल बजाया। परंतु दुर्भाग्यवश मध्यकाल के उपरांत भक्ति–भावना, आश्रयदाओं की प्रशंसा और नारी के प्रति कामुक दृष्टिकोण की चकाचौंध के पक्ष उनका स्वर दब–सा गया। समय परिवर्तनशील है, और इसी परिवर्तनशीलता के कारण आधुनिक युग आते–आते दलित साहित्य की सुगबुगाहट पुनः प्रारम्भ हुई। जो आंदोलन समय के साथ दब–सा गया था वह एक बार दोबारा जीवित हो उठा। इस युग के अन्तर्गत गैर–दलित साहित्यकार मुंशी प्रेमचन्द, दिनकर, नागार्जुन, निराला, अज्ञेय के अतिरिक्त दलित लेखक डॉ० अम्बेडकर, ओमप्रकाश वाल्मीकि, जयप्रकाश कर्दम, श्यौराज सिंह बैचेन, तुलसीराम, असंगघोष, मोहनदास नैमिशराय आदि ने अपने साहित्य को माध्यम बनाकर दलितों की विरह–व्यथा को उत्कृष्ट अभिव्यक्ति प्रदान करने का सर्वोच्च कार्य किया।

"दलित साहित्य की प्रारम्भिक अभिव्यक्ति मुंशी प्रेमचंद और सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला' के साहित्य में मानी जा सकती है। 'ठाकुर का कुआँ', 'शुद्रा', 'दूध का दाम', मन्दिर' आदि कहानियों के अलावा गोदान, रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन आदि उपन्यासों मे भी दलित जीवन की चर्चा हुई है। निराला की अधिकांश कविताओं में प्रतिकात्मक जाति विरोध है। किन्तु 'चतुरी चमार' जैसे उपन्यास के माध्यम से निराला ने दलित जीवन में झाँकने का प्रयास किया है। हीराडोम की कविता अछूत की शिकायत (सरस्वती में प्रकाशित 1914 ई०) दलित काव्य के क्षेत्र में मील का पत्थर है।"[7] दलित उपन्यास कहानी की भांति काव्य में भी दलितों पर हुए असंख्य शोषण तथा उनसे जन्मे आक्रोश को ओज स्वर में व्यक्त किया। मोहन दास नैमिशराय दलितों के प्रति पक्ष–पात रहित मानवीय व्यवहार की बात करते हैं। उनकी 'शब्द' नामक कविता में पूर्वाग्रह से ग्रसित वर्ण–व्यवस्था तथा उससे जन्मी विसंगतियों पर कठोर प्रहार किया गया है। उनका मत है कि धर्म–ग्रन्थ समस्त मानव जाति को जोड़ने का कार्य करता है न कि मानव से मानव के बीच गहरी खाई उत्पन्न करने का अनिष्ट कार्य। ये अपनी कविता में मनुस्मृति की आलोचना करते हुए लिखते हैं–

"शब्द ही तो थे
जो मनुस्मृति में लिखे गए
राम राज चला गया
पर शम्बूक की चीख अभी बाकी है
जैसे दलितों की पीठ पर
चोट के निशान
शब्द सिसकते नहीं बोलते हैं
चोट कहते हैं

जैसे दलित से हरिजन
और हरिजन से दलित।"[8]

नैमीशराय जी ने अपनी कविता के माध्यम से मनुवादी व्यवस्था का बहिष्कार करते हुए दलित–उत्थान की मांग करते हैं।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि दलित साहित्य का बीजारोपण भले ही प्रारम्भिक दौर में बौद्ध–साधकों, संतों व नाथों द्वारा हुआ परन्तु उसे पल्लवित करने का महान कार्य महात्मा फुले और अम्बेडकर जैसे समाज सुधारकों ने किया। इन्होंने समाज में व्याप्त वर्णवादी समस्या का समाधान खोजने तथा उनको दूर करने का प्रयास किया है। दलित चिंतक के रूप में देखा जाए तो इन्होंने समाज को नवीन रूप देने का सराहनीय कार्य निष्ठापूर्वक किया। जिस जाति–व्यवस्था ने सदियों से दलितों के हृदय में हीनता की भावना को आश्रय दिया था दलित साहित्यकारों ने इन दोषरूपी विषतुल्य परम्परा को स्वरचित कहानी, उपन्यास, आत्मकथा एवं कविता के माध्यम अर्थपूर्ण चुनौती दी है।

दलित साहित्य शोषित वर्गों की संघर्षमय दासता को अभिव्यक्ति प्रदान करने के साथ वंशवादी कुलीनता जैसे गम्भीर मुद्दे को अपनी सशक्त लेखन की क्षमता से उल्लेखित करता है। निःसन्देह कहा जा सकता है कि दलित साहित्य को प्रभावशाली ग्रंथ रूप में प्रयोग कर सामाजिक संरचना में परिवर्तन लाया जा सकता है।

मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य भारतीय समाज में व्याप्त उपेक्षित निम्न वर्ग की अनेकानेक समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से आप सभी के समक्ष उजागर करता है। जिससे कि अंत्यज अस्पृश्यता के आचरण तथा जातिगत विशेषाधिकार जैसी कुप्रथा समाप्त हो सके।

संदर्भ सूची :–

1. ओम प्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, पहला संस्करण 2001, राधा कृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 14
2. वही, पृष्ठ 13 पर उदृधत
3. हरिनारायण ठाकुर, दलित साहित्य का समाजशास्त्र, पहला संस्करण 2009, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 45–46
4. वही, पृष्ठ 46
5. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रथम संस्करण, नागरी प्रचारिणी सभा
6. ओम प्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, पहला संस्करण 2001, राधा कृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ 14–15 से उद्धृत।
7. हरिनारायण ठाकुर, दलित साहित्य का समाजशास्त्र, प्रथम संस्करण : 2009, भारतीय ज्ञानीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 411
8. हरिनारायण ठाकुर, दलित साहित्य का समाजशास्त्र, प्रथम संस्करण : 2009, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 411

रमेशचन्द्र शाह के उपन्यासों में धार्मिक एवं ऐतिहासिक वर्णन की प्रासंगिकता

कृपा शंकर*

भारत की परिस्थतियाँ, समस्याएँ, सभ्यता और संस्कृति पश्चिमी देशों से भिन्न है। इसलिए पश्चिमी विचारधारा यहाँ कभी पुष्पित पल्लवित नहीं हो सकती। भारतीय मनीषा के विचार अत्यन्त उदात्त थे। जीवन दर्शन का कोई ऐसा नहीं है, जिस पर यहाँ विचार न प्रकट किया गया हो। इसी प्रकार शासन व्यवस्था एवं राजदर्शन का विस्तृत विवेचन यहाँ किया गया है। शास्त्रों के अनुसार राजनीति भगवान् विष्णु की पालिनी शक्ति है। आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता इसके दण्ड विधान हैं। कामन्दक नीति, शुक्रनीति, बृहस्पतिनीति इसके नीति ग्रन्थ है। महाभारत के शान्तिपर्व में भीष्म ने सम्पूर्ण राजदर्शन का बड़ा ही विशद् एवं शास्त्रपरक विवेचन किया है। जहाँ सृष्टि एवं उसके पश्चात् राज्य की उत्पत्ति एवं पुनः धर्मराज्य की स्थापना तथा धर्मराज्य के गुणों एवं अच्छाइयों का विस्तृत वर्णन है।

भारतवर्ष में धर्म और राजनीति एक दूसरे से कभी पृथक नहीं थे। राजनीति सदैव धर्म से प्रभावित रही है। साधु सन्त महात्मा इसके उपदेष्टा थे। आदि कवि वाल्मीकि ने धर्मयुद्ध राजनीति का चित्रण किया है। प्राचीन भारत में धर्मयुद्ध राजनीति का प्रधान कारण था धर्मशास्त्र का उद्देश्य। जहाँ राज्य की उत्पत्ति का एक सम्यक् प्रकार से करता रहे, जगत में धर्म संकरता, वर्ण संकरता उत्पन्न न हो पाए, बस यही राज्य का एक मात्र कर्तव्य बताया गया है। इसलिए प्राचीन राजशास्त्र धर्म को अधीन माना गया है। प्राचीन भारत में राजशास्त्र के अन्तर्गत उसकी समस्त क्रिया धर्म से प्रभावित थी। इस दृष्टि से प्राचीन राजशास्त्र धर्मानुप्राणित है।

धर्म बहुत व्यापक शब्द है। "अमरकोष के अनुसार धर्म शब्द के अनेक अर्थ हैं, यथा सुकृत या पुण्य, वैदिक विधि–यागादि, यमराज, न्याय, स्वभाव, आचार, सोमरस को पीने वाला।"[1] अन्य कोषों में धर्म के अर्थ मिलते हैं– शास्त्रोक्त कर्म के अनुष्ठान से उत्पन्न होने वाले भावी फल का साधन स्वरूप शुभ अदृष्ट था पुष्यापुण्य– रूप भाय, श्रौत और स्माते धर्म, विहित क्रिया से सिध्द होने वाला गुण या कर्म अन्य अदृष्ट, आत्म, देह, को धारण करने से जीवात्मा, आचार या सदाचार, वस्त्र का गुण, स्वभाव, उपमा, योग आदी अहिंसा, न्याय, उपनिषद् धर्मराज या यमराज, सोमाध्यायी सत्संग, धनुष, ज्यौतिष मत में लग्न सें नवम् स्थान या भाग्य भवन, दान आदि। किन्तु धर्म शब्द् का धातुगत अर्थ तो 'धारण करना' ही होता है। निरूक्त में धर्म शब्द का अर्थ 'नियम' बताया गया है। इन दोनों के मेल से 'धर्म' शब्द का यही वास्तविक अर्थ होता है कि जिस नियम ने इस लोक या संसार को धारण कर रखा है वही धर्म है। (धर्मेण धार्यत लोकः)

1. वेद कहते हैं, कि धर्म से सुख मिलता हैं। लोक में भी प्रचलित है कि धन सें धर्म होता हैं, तथा धर्मों से सुख मिलता है।
2. यह सुख दो प्रकार का बताया गया हैं। एक तो इहलौकिक और दूसरा पारलौकिक। इसलिए जिससे इन दोनों प्रकार के सुखों की प्राप्ति हो, वह धर्म हैं। सभी लोग सुख के लिए ही प्रयत्न करते हैं। उसका साधन धर्म हैं। धर्मण धार्यते लोकः।। चाणक्य नीतिसूत्र –धानाध्दर्म ततः सुखम्।। इसलिए वैश्विक दर्शन के प्रणीता महर्षि कणाद ने धर्म की परिभाषा इस प्रकार की है 'जिससे इस लोक में उन्नति और परलोक म ें कल्याण या मोक्ष की प्राप्ति हो, वह धर्म है।'
3. इस धर्म का मूल वेद है।
4. अर्थात् समस्त वेद ऋकू, यजुः, साम, और अथर्ववेद धर्म का मूल हैं। इस धर्म से ही सूर्य में तपन है धर्म से ही वायु बहती है। सब क ुछ धर्म में ही प्रतिष्ठित हैं।
5. इस धर्म श्रीमद्भागवत के अनुसार 'वेद में कहा हुआ धर्म है और उससें विपरीत अधर्म हैं।

* शोध छात्र–हिन्दी विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)

6. वेद में जिसकी प्रेरणा की गयी हैं, वह पदार्थ धर्म हैं। मतलब वेद निरूपित कर्म करना धर्म हैं। उसमें निषेध किए हुए कर्म का न करना भी धर्म का एक अन्य लक्षण हैं। जों वेद में कहा गया है, वह धर्म हैं। यतोडभ्युदय निःश्रेयसूसिध्दिः सधर्मः।। शबर भाष्य

वेदोडखिलों धर्म मूलमू ।। मनुस्मृति
धर्मेण घार्यते पृथ्वी धर्मण तपतें रविः।
धर्मेण वहति वायुः सवेधर्म प्रतिष्ठितमू।।महाभारत।।
वेद प्रणिहितो ऽ धर्माहयधर्मस्तद्रिपयेयः ।। श्रीमद्भागक्त

पारस्परिक सन्निकर्ष और सम्बन्ध का इच्छुक है। वैयक्तिक जीवन धारण की वृत्ति जिस प्रकार उसमें निसर्गिक है। उसी प्रकार सामूहिक पूगमय और व्रातमय जीवन यापन की भावना भी उसमें स्वभावतः नियत और सहज है इतिहास, समाजशास्त्र, तथा अर्थशास्त्र से प्राप्त ज्ञान के आधार पर ही वैसा राजनीति शास्त्र प्रणीत हो सकता है। जो राज्य की परिपूर्णता और परिपक्वता का दर्शन उपस्थित कर सके सभी जगत् में धर्म के सम्बन्ध में नाना प्रकार के विचार और वितर्क पले आ रहे हैं।

हमारा विचार और वितर्क पले आ रहे हैं। हमारा विचार है कि 'हम क्या हैं'? संसार क्या है? और हमारे इस संसार से क्या सम्बन्ध हैं? इन्हीं तीन जिज्ञासाओं या प्रश्नों ने दर्शनिकों (चैपसवेवचीमते) को जन्म दिया है। धर्म आत्मा की भूख का भोजन है। बिना भोजन के काम चल नहीं सकता यही कारण हैं कि किसी न किसी धर्म की और सदा कारण जनता की प्रवृत्ति होती चली आयी है। धर्म के न मानने वाले लोगों को लोगों ने कभी भी आदर की दृष्टि से नहीं देखा है। वेदादि शास्त्रों में दो प्रकार हैं। प्रवृत्ति नित्ति के धर्मों का उपदेश किया गया है। धर्म, उनमें एक है। प्रवत्ति धर्म, और दूसरा है निवृत्ति धर्म। निवृत्ति धर्म ज्ञान मार्ग केलिए कहा गया है।

प्रवृत्ति धर्म को जीवन और दुनिया की बातों के विषय में कहा गया हैं। जो संसार दुनिया में है, उनकी ठीक तौर पर हरेक काम करने के तरीका प्रवृत्ति धर्म बताता है। धर्म और राजनीति के अन्तः सम्बन्धों को इन्हीं के अन्तर्गत देखा जाता है। तात्पर्य है कि प्रवृत्ति वासना इच्छा आशा, अभिलाषा कलुषित जीव के लिए आवश्यक हैं और इसी वासना से धर्म मुक्ति दिलाता है। भारतीय विचारधारा में असलीयता सत्ता की श्रेणी से अगली श्रेणी में धर्म की भावना का ही अत्यन्त महत्व है। यही कारण है कि पुरूषार्थ चतुष्टय में धर्म का स्थान सर्वोपरि है सथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इसमें प्रथम तीन पुरूषार्थ इस लोक से किन्तु, चौथा परलोक से सम्बन्धित है।

"इसके अनुसार मानव धर्मपूर्वक अर्थ और काम का सेवन करता हुआ मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि अर्जुन! प्राणियों में धर्मानुकूल 'काम' भी मैं ही हूँ, इसलिए धर्म मानव जीवन का सार हैं।"[2]

धर्म की उत्पत्ति सत्य से होती है। दया और दान से वह बढ ता है, क्षमा में वह निवास करता है और क्रोध से उसका नाश होता है। मनुस्मृति में धर्म का लक्षण बताते हुए कहा गया है कि वेद स्मृति, या धर्मशास्त्र, सदाचार या सत्पुरूषों का आचारण और अपनी आत्मा की प्रसन्नता यह चार प्रकार धर्म के लक्षण हैं। श्रुति और स्मृति में जो कहा गया है, वह धर्म कहलाता है। श्रुति और स्मृति में कहे हुए धर्म को करता हुआ मनुष्य इस लोक में यश पाता है और मरकर परलोक में उत्तम सुख या मोक्ष को प्राप्त होता हैं। श्रुति और स्मृति में वर्णित सदाचार ही परम् धर्म है।

इसलिए अपनी आत्मा को जानने वाला (आत्मज्ञानी) द्रिवज सदा सदाचार से युक्त रहे। धर्म शब्द के पूर्व 'स्व' जोड़ने से 'स्वधर्म' शब्द बनता हैं, जिसका अर्थ अपना धर्म (वर्णाश्रम धर्म) होता है। इसी के पहले 'पर' जोड़ने से 'परधर्म' शब्द बनता है। जिसका तात्पर्य अपने (वर्णाश्रम) धर्म को छोड़कर दूसरे के (वर्णाश्रम) धर्म से है। उसी के पहले 'वि' उपसर्ग लगाने से 'विधर्म' शब्द बनता है। जिसका अर्थ 'विगतः धर्मेण विधर्मः होता है अर्थात् अपने धर्म से गिर जाय अथवा धर्मान्तरित हो जाय वह विधर्म है। अतः अपने धर्म को छोड़कर अन्य धर्म को स्वीकार करने वाला विधर्मी कहा जाता है। उसी के पहले 'कु' उपसर्ग लगाने से 'कुधर्म' शब्द बनता है। उसका अर्थ 'कुत्सितः धर्मः कुधर्मः अर्थात् जो धर्म निन्दा के योग्य हो, वह कुधर्म है। कुधर्म पापाचरण या बुरे आचारण को कहते हैं। 'कुधर्म 'शब्द का एक अर्थ और भी होता है। वह यह कि जो धर्म

अन्य धर्म में बाधा पहुँचाए वह कुधर्म कहलाता है। धर्म के पहले 'न' जोड़ने से 'न धर्मः अधर्मः' अधर्म शब्द बनता है। उसका अर्थ जो धर्म से बिल्कुल विपरीत हो, वह अधर्म कहलाता है। इस अधर्म के पाँच भेद हैं। विधर्म, परधर्म, धर्माभास, उपधर्म, और छलधर्म। इनमें से 'विधर्म' और 'परधर्म' की विवेचना ऊपर की जा चुकी है। अपने ही कान से किसी काम को धर्म कहकर करना 'धर्माभास' है प्रचलित अर्थ को छोड़कर दूसरें प्रकार का अर्थ करके जिस धर्म की व्याख्या की जाय वह छलधर्म है। गीता में स्वधर्म पालन पर बल दिया गया हैं।

गीता में कहा गया है कि धर्म से रोग नष्ट होते हैं। धर्म से ग्रहों की पीड़ा मिटती है। धर्म से शत्रुनाश होता हैं। इसलिए जहाँ धर्म होता है। वहीं जय होती है। महाभारत में कहा गया हैं की जहाँ धर्म है, वहीं कृष्ण हैं, जहाँ कृष्ण हैं वहीं जय हैं। धर्म उन कर्तव्यों का समूह हैं जिनका निरन्तर पालन करने से व्यक्ति और समाज की उत्तरोत्तर वृध्दि होती रहती है। धर्म के मुख्य तत्व परोपकार और भक्ति हैं जो दूसरे का हित करता है वह सच्चा धार्मिक है। संसार में पदार्थ का स्वरूप कर्मात्मक है। पदार्थ के स्वरूपों की निष्पत्ति कर्म से है। कर्म ही पदार्थों के स्वरूपों को धारण कर रहा है, बनाए हुए है। जो धारण करता है, स्वरूप निष्पन्न करता है अथवा जिससे स्वरूप पहचानने में आता है उसका नाम धर्म है। कर्म ही धारण करता है, कर्म ही निष्पन्न करता है, कर्म पदार्थ मात्र धर्म है। धर्म वहीं पदार्थ है जिस पदार्थ में एक कर्म पर दूसरे कर्म की चुनाई हुई है। जिस पदार्थ में कर्म की चिति नहीं है, अर्थात् जिस पदार्थ का स्वरूप पूर्व कर्म पर उत्तर कर्म की चिति से निष्पन्न नहीं हुआ वह पदार्थ धर्म नहीं है। वह तो धर्मी है। धर्म, धर्म को नहीं पकड़ता धर्मी धर्म को पकड़ता है। धर्म पर धर्म नहीं रहता, धर्मी पर धर्म रहता है। धर्मी वही हैं, जो सब धर्मी का आश्रय है, जिसमें कोई भी धर्म टिक सकता है। धर्मी धर्म का आश्रय देकर धर्म के स्वरूप को प्रकट करता है। इसलिए धर्म जानने का विषय हैं, धर्मी नहीं।

''धर्म अर्थात मर्यादा ठवनदकंतल सपउपजंजपवद, सीमा, नियम, नियमक्षेत्र। धर्म छन्द है, मनुष्य को छन्दित करता है, स्वच्छन्द या अच्छन्द नहीं रहने देता। छन्द का अर्थ होता है सोम। किसा फल या उद्देश्य को लेकर मनुष्य के क्रियाकलाप का एक स्वरूप बनता है।''[3]

कसी भी राष्ट्र का अस्तित्व उसकी संस्कृति के कारण ही बना रह सकता है। इसी कारण शताब्दियों से ऋषियों महर्षियों ने इसके रक्षण, परिरक्षण और संरक्षण पर जोर दिया था। संस्कृति के उदयास्त से ही राष्ट्र का उदयास्त होता है। इसलिए संस्कृति मानव की जीवन शक्ति, प्रगतिशील साधनाओं की विमल–विभूति, राष्ट्रीय आदर्श की गौरवमयी मर्यादा और स्वतन्त्रता की वास्तविक प्रतिष्ठा है। इस तथ्य का चिन्तन करते हुए भारतीय परम्परा ने सदा संस्कृति–निष्ठा के मंगलमय मार्ग को अपनाया।

भारतीय परम्परा में सनातन संस्कृति की मान्यता है। यह सनातन संस्कृति इतर सभी संस्कृतियों से श्रेष्ठ है तथा अनादि और अनंत भी है। दूसरी संस्कृतियाँ सनातन संस्कृति का अंश लेकर ही जीवित है। संस्कृति शब्द को अंग्रेजी के कल्वर शब्द का पर्याय माना जाता है। लैटिन अंग्रेजी डिक्सनरी में कल्वर की उत्पत्ति 'कैल्टस' से बतायी गयी है। जिसका अर्थ होता है 'कृषि।' सम्भवतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए बाबू सम्पूर्णानन्द ने कहा था कि 'एक ही जलवायु में पले, एक ही प्रकार के गिरि, निर्झर, नदी सागर को देखने वाले, एक ही प्रकार के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक सुख–दुःख को भोगे हुए लोगों के चित्तों का झुकाव प्रायः एक सा होता है और यही उन लोगों के निर्माण में सहायक होती है।'' किन्तु अंग्रेजी का कल्वर शब्द संस्कृति का ठीक प्रकार से समानार्थी नहीं हैं। श्री चक्रवर्ती राज–गोपालाचारी ने संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि 'किसी भी जाति अथवा राष्ट्र के शिष्ट पुरुषों में विचारवाणी एवं क्रिया का जो रूप व्याप्त रहता है उसी का नाम संस्कृति है। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के अनुसार 'लौकिक, पारलौकिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, अभ्युदय के उपयुक्त देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, अहंकारादि की भूषणभूत सम्यक् चेष्टाएँ एवं हलचलें ही संस्कृति है।

भारत में अंग्रेजी शासन शोषण, साम्राज्यवाद तथा उपनिवेश्वाद पर आधारित था। सन् 1600 में व्यापार के उद्देश्य से स्थापित ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने जब सम्पूर्ण देश पर अपना एकाधिपत्य स्थापित कर लिया तो निरीह भारतीयों पर उसके शोषण का शिकंजा लगातार कसता गया। **''इसके परिणाम स्वरूप सन् 1857 का स्वतंत्रता–संग्राम हुआ, जो पारस्परिक फूट, असंगठन, विद्वेष, एक–दूसरे पर अविश्वास एवं**

असहयोग के कारण असफल रहा, परन्तु इसके परिणामों से प्रेरणा पाकर ब्रिटिश राजनेताओं ने ईस्ट इण्डिया शासन को समाप्त कर भारत को बिटिश साम्राज्य का एक अंग बना लिया।''[4]

उन्नीसवीं शताब्दी के विदेशी एवं स्वदेशी लेखकों ने भी अपनी इतिहास सम्बन्धी खोजों द्वारा भारतीयों की राष्ट्रीय–भावना को प्रबल किया। सर विलिम जोन्स, मैक्समूलर, जैकोबी, ए.वी की आदि ने भारतीय एवं संस्कृति की उन्नति के सम्बन्ध में विचार प्रस्तृत करके प्रबुध्द भारतीयों के मनोबल को परोक्ष रूप से ऊँचा उठाया। इसके अतिरिक्त कनिंघम तथा मार्शल की पुरातत्व सम्बन्धी खोजों ने यह सिध्द कर दिया कि भारत की प्राचीन सभ्यता मध्य एशिया एव ं मलाया द्वीप समूह में फैली और इससे इन देशों में रहने वाली ज ंगली जातियों का विकास हुआ। **''इतिहास सम्बन्धी खोजों से भारतीयों में केवल आत्म विश्वास ही उत्पन्न हुआ। अपितु उन्हें अपनी सभ्यता–संस्कृति और देश पर गर्व करना भी सिखाया।''[5]**

उपन्यास में नायक विनायक और उसका दोस्तों को राजनीति पर बहुत रूचि है, इसलिए वे अपने आपसे राजनीति के बारे में बात तो करते रहते हैं, **''हरीश मुच्ची तो यहाँ तक कहता है कि वह अमरीका में भी दिल्ली और बम्बई के कुछ एन.जी.ओ के साथ मिल के भारत तोड़ो अभियान चलाने में लगा हुआ है। कई सारी विदेशी एजेन्सियों से अंधाधुंध पैसा कबाड़ के।''[6]**

रमेश चन्द्रशाह स्पष्टतः समाजवादी व्यवस्था की वकालत करते हैं, और भारतीय जनता को मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वर्ग संघर्ष उनका एकमात्र राजनीतिक अस्त्र है जिसके द्वारा जनता समाजवाद की म ंजिल तक पहुँच सकते है। विनायक उपन्यास लिखकर शाह अपने उद्देश्य और संकल्प को स्पष्ट कर देते हैं। जबकि इसी दौर के बड़े लेखक या तो अतीतगामी हो जाते हैं या फिर टेढ़े–मेढे रास्ते का चयन कर जनता को भरमाते हैं। वे रहस्यमयी अध्यात्म जगत में अर्न्तमुखी होकर स्वान्तः सुखाय की अनुभूति करने लगते हैं या फिर विकृत मनोविज्ञान और सैक्स प्रधान रचनाएँ करते हैं। संकट के ऐसे विषम दौर में अकेले शाह जी जनता को समाजवादी व्यवस्था के स्वप्न दिखाते है, उस स्वप्न को साकार करने हेतु जागरूक, चेतना सम्पन्न और संघर्षशील बनाते हैं। यदि प्रेमचन्द की रचनाओं को पढ़कर ग्रामीण भारत को समझा जा सकता है तो शाह जी के साहित्य को पढ़कर शहरी मध्यवर्ग और मार्क्सवाद को समझा जा सकता है।

संदर्भ सूची :–

1. धर्माःपुण्ययम न्याय स्वभावाचार सोमपाः
2. धर्माविस्ध्दों भूतेषु कामोस्मि भरतर्षभ।1991।
3. आर. सी. मजूमदार, तैयारी जीत की, हिस्टी ऑफ फ्रीडम मूवमेन्ट ऑफ इण्डिया, भाग–2 पृ.85।
4. जोगिंदर सिंह, ब्रिटिश पैरामाउण्टसी एंड इण्डियनरिस्पान्स, आप भी सफल हो सकते हैं, पृ.442।
5. के.ए. पन्निकर–दी फाउन्डेशन ऑफ न्यू इण्डिया, हिन्दूओं का व्रत और त्योहार, पृ.70।
6. विनायक– रमेशचन्द्र शाह पृ.सं : 54

प्रेमचन्द के उपन्यासों में स्त्री-जीवन

शिप्रा श्रीवास्तव *

स्त्री शब्द अपने आप में सम्पूर्ण भी है और अपूर्ण भी। सम्पूर्णता के अर्थ में संसार के समस्त प्राणियों को माँ के रूप में मिलती है। भारतीय समाज में वो प्रत्येक प्रतीक, भाषा, देश, समस्त चीजें जिसे ये महान बनाना चाहता है, उसे मां से जोड़ दिया जाता है। जैसे– मातृभाषा, भारतमाता, न्यायालय में लगी वो आंखों पर बंधी पट्टी और हाथ में तराजू लिए स्त्री। अर्थात् समाज का प्रतीक भाषा, देश जो कुछ सब स्त्री के रूप, मातृत्व से जोड़ा जाता है लेकिन क्या यह सच है कि स्त्री को उतना ही सम्मान प्राप्त है जो मां, बहन, पत्नी के रुप में जीती जागती परिवारों को संभाल रही है।

किसी भी समाज में किसी अस्तित्व का एक पक्ष नहीं होता किन्तु ज्यादती कहां हो रही, किस वर्ग, किसी पक्ष के साथ यही साहित्य को जमीन देता है। समाज के बुरे बीज जो अंकुरित हो कर पेड़ बन गए और कमजोर पक्ष को सता रहे उसी पक्ष की पैरवी करता साथ ही पेड़ बन चुके दर्द पर साहित्य अपनी कुल्हाड़ी चलाता रहता है जिससे ये समाज के लिए नासूर न बन जाए। इसी विमर्श की कड़ी में साहित्य के सम्राट मुंशी प्रेमचन्द सिद्धहस्त है। इन्होंने स्त्रियों के प्रेम का रूप, मातृत्व का रूप और उनके कराहते दर्द को अपने साहित्य में उकेरा है। इनके स्त्री पात्र मनोवैज्ञानिक विशेषता लिए हुए है। इनका साहित्य स्त्री की मनोदशा पढ़ लेने वाला है। ऐसा प्रतीत होता है प्रेमचन्द ने जितने भी उपन्यास, कहानियों की रचना की सभी के पात्रों के साथ मिल–बैठ कर लिखी है।

प्रेमचन्द के उपन्यास में स्त्री जीवन के विविध रूप दिखलाई पड़ती जिसमें से कुछ कुप्रथाओं और रूढ़ियों से मुक्ति के लिए संघर्ष करती है तो कोई अपने अधिकारों को ढूंढती नजर आती है। गबन की नायिका जालपा जो कि आभूषण प्रिय, श्रृंगार–प्रेम एवं विलासी स्वभाव की है किन्तु वह परिस्थिति के अनुरूप अपने स्वभाव को बदल देती है। रमानाथ के प्रयाग जाने के बाद उसके स्वभाव में प्रेम, त्याग, करूणा, दया आदि भावना का उदय होता है। रमानाथ को सराफ़ के यहां से वादे पर गहना बनवाने की बात पर जालपा दृढ़ता के साथ कहती है– "नहीं, मेरे लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं। मैं वेश्या नहीं हूं कि तुम्हे नोच–खसोटकर अपना रास्ता लूं। मुझे तुम्हारे साथ जीना और मरना है। अगर मुझे सारी उम्र बेगहनों के रहना पड़े, तो भी मैं कर्ज लेने को न कहूँगी।"[1] इस प्रकार प्रेमचन्द यह दिखाते है कि जालया आभूषण प्रेमी तो थी पर वह पति को संकट में डालकर आभूषण पहनना नहीं चाहती। यह भारतीय स्त्रियों का एक विशिष्ट गुण है। इतना ही नहीं जालपा स्वाभिमानी स्त्री होने के कारण वह अपने मां द्वारा भेजे गए चंद्रहार को भी अस्वीकार कर देती है। साथ ही बुद्धि सम्पन्न गुण के कारण जालपा रमानाथ को खोजने में सफल हो पाती है। प्रेमचन्द ने जालपा को एक नए रूप मे प्रस्तुत किया है। वह मुसीबतों से पलायन न करके उससे जूझने वाली स्त्री है। जालपा के चरित्र के विषय में रामविलास शर्मा कहते है– "वह निर्मला की तरह घुल–घुलकर का प्राण देने वाली नहीं है और न ही सुमन की तरह तैश में आकर जल्दी ही किसी अनजानी राह पर कदम उठाने वाली।"[2]

स्त्रियों के तीन वर्ग प्रेमचन्द ने गबन में दिखाएं है– जालपा को मध्यवर्ग के रूप में, रतन को उच्चवर्ग के रूप में तथा जग्गो को निम्न वर्ग के रूप में प्रतिष्ठित किया है। और इन तीनों स्त्री पात्रों का व्यवहार परिस्थिति के अनुसार बदलता रहता है। प्रेमचन्द जालपा के जरिए मध्यवर्ग की समस्या को, रतन के जरिए अनमेल विवाह की समस्या को तथा जोहरा के जरिए वेश्या जीवन की समस्याओं को उजागर करते हैं।

रचनाकार को चाहिए कि पहले वह अपने आप की जाने, अपने समाज को जाने एव समाज में व्याप्त समस्याओं को समझे तब जाकर रचना करे। इस प्रकार से रचित रचनाएं पाठकों के ह्रदय में चिस्थायी

*** पी–एच०डी० (शोध छात्रा) हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, (उ०प्र०), 221002।**

रहती है। प्रेमचन्द समाज की समस्याओं को केन्द्र में रखकर रचनाएं लिखा करते थे जिसमे कारण इन रचनाओं को पढ़ने वाला पाठक उसमें अपनी छबि देखता है।

सेवासदन पहले बाजारे हुस्न से ऊर्दू में प्रेमचन्द ने लिखा था। उसके बाद हिन्दी में परिवर्तित किया। इसमें समाज में स्त्रियो के प्रति व्याप्त रूढ़ियों को इंगित किया गया है। यह नायिका प्रधान उपन्यास है। सेवासदन का सम्बन्ध काशी से है। जिसकी पहचान वर्तमान में वाराणसी के नाम से हैं। वाराणसी धर्मिक, सांस्कृतिक, संगीत कला का केन्द्र है। यह उपन्यास मुख्यतः वेश्या जीवन पर केन्द्रित है, साथ ही इसमे तत्कालीन समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, स्त्री पराधीनता, अशिक्षा आदि को भी बखूबी दर्शाया गया है। कथा की नायिका सुमन है। कृष्णचन्द्र अपनी बेटी का विवाह यह सोचकर पढ़े लिखे घर में करना चाहते थे कि ऐसे घरों में लेने–देने का कोई जिक्र नहीं होगा पर वह स्तब्ध रह जाते है जब उन्हें ज्ञात होता है कि वरों का मोल उनकी शिक्षा के अनुसार होता है। दहेज जैसी कुप्रथा अशिक्षित तक ही सीमित नहीं हैं अपितु शिक्षितों को भी जकड़ कर रखी है। आज भी दहेज की समस्या से निर्धन से लेकर धनी वर्ग पीड़ित है और इसके जिम्मेदार हम स्वयं है।

पुरुष के बढ़ते वर्चस्व के फलस्वरूप स्त्री सदैव पराधीन रही। इसका कारण स्त्रियों में अशिक्षा, गरीबी, अज्ञानता था। जिसके कारण स्त्री अपने अधिकारों से विमुख रहती थी। आज भी स्त्रियां चाहे जितना पढ़ ले पुरुष उनको उनका अधिकार देने से कतराता है। पहले स्त्रियां अपने अधिकारों की मांग करती थी तो उनको शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया जाता था। और अब पढ़े–लिखे घरों में मानसिक रूप से स्त्रियों को प्रताडित किया जा रहा है। स्त्रियों का शोषण तब भी हो रहा था और आज भी हो रहा है पर तरीका बदल गया है। प्रेमचन्द सेवासदन में स्त्री पराधीनता की समस्या को भी दिखलाए है। वह स्त्री पराधीनता का वीभत्स रूप चित्रित करते है। सुमन घर में अकेले पड़े–पड़े ऊब रही थी। उसी के घर के सामने भोली (वेश्या) रहती है। एक दिन सुमन उसके घर चली गई। गजाधर घर आया तो सुमन को न पाकर क्रोधित हो गया। सुमन के आने पर वह गुस्से से बोलता है– "पहले यह बताओ कि तुम वहां मुझसे पूछे बिना गयी क्यों? क्या तुमनें मुझे बिल्कुल मिट्टी का लोंदा ही समझ लिया है।"[3] इस तरह प्रेमचन्द दिखाते है कि किस तरह भारतीय समाज में पुरुष स्त्री के ऊपर अपना आधिपत्य जमाता है।

सुमन रूपवती थी। उसका गला भी मधुर था। गृहस्थ कार्यों में दक्ष थी। सामाजिक रीति–रिवाज से गजाधर के साथ उसका विवाह हुआ। फिर भी उसको उसकी योग्यता के अनुरूप सम्मान नहीं मिलता हैं। उनके आत्म– सम्मान को रह–रहकर ठेस पहुंचती है। वह हमेशा यही सोचती है कि आखिर इसका कारण क्या है। वही दूसरी जगह भोली जो कि वेश्या हैं रूप रंग में भी वह सांवली है। उसका कंठ भी उतना मधुर नहीं है। फिर भी उसे उच्च वर्ग के लोगों द्वारा सम्मान दिया जाता है। सुमन के मन में बार–बार यह प्रश्न उठता है और इस प्रश्न का उत्तर प्रेमचंद स्वयं सुमन के मुख से देते हैं– "वह स्वाधीन है, मेरे पैरों में बेड़ियां हैं। उसकी दुकान खुली है, इसलिए ग्राहकों की भीड़ है, मेरी दुकान बंद है, इसलिए कोई खड़ा नहीं होता। वह कुत्तों के भूकने की परवाह नहीं करती, मैं लोक–निंदा से डरती हूँ।"[4] वास्तव में यह हमारे समाज का दुर्भाग्य है कि पुरुष ऐसी स्त्री जो कि घर के दायित्वों के प्रति पूर्ण रूप सजग है को सम्मान न देकर उस स्त्री की ओर आकृष्ट हो रहा है जो अपना शरीर पैसों के लिए किसी को भी सौंप दे रही है। आखिर हमारा समाज किधर जा रहा है यह सोचने की आवश्यकता है। पुरुष की अपनी मनोवृत्ति बदलने की जरूरत है।

सुमन कुछ दिनों बाद घर छोडकर भोली वेश्या के घर पहुंच जाती है। भोली का प्रारम्भिक जीवन सुमन के जीवन से काफी कुछ मिलता है। सुमन भोली के रहन–सहन एवं बड़े–बड़े लोग कैसे भोली को इतना सम्मान देते है यह सब देखकर सुमन भोली की तरह बनने की ओर अग्रसर होती है। हम यह कह सकते हैं कि वेश्या का जन्म पुरूषों द्वारा होता है। पुरुष अगर घर की स्त्री को सम्मान, अधिकार दे तो वह कभी इस ओर नहीं कदम बढ़ायेगी। रामविलास शर्मा कहते है कि– "प्रेमचन्द ने विस्तार से दिखलाया है कि इस समाज व्यवस्था में सम्पत्ति के रक्षक सदाचार की आड़ में वेश्यावृत्ति को प्रश्रय ही नहीं देते, वेश्याओं को जन्म भी देते है।"[5] सुमन को वेश्यावृत्ति से कोई प्रेम नहीं था। वह आदर, सुख एवं स्वतंत्र जीवन जीने के लिए इस ओर अपना कदम बढाई थी। वह भले ही वेश्यावृत्ति से अपना जीवन जोड़ी परन्तु वह केवल नृत्य, गायन तक ही अपने को सीमित रखी। किसी और को अपना तन नहीं सौपती हैं।

नायिका के नाम पर प्रेमचन्द ने निर्मला उपन्यास का सृजन किया। यह लघु उपन्यास है। इसकी कथावस्तु नायिका निर्मला के इर्द–गिर्द चलती है। इसमें स्त्री का मनोविज्ञान तो है ही साथ ही तत्कालीन समाज की दहेज समस्या, अनमेल विवाह को प्रेमचन्द ने बडे ही बखूबी के साथ पाठक के समक्ष रखा है। निर्मला अनमेल विवाह से पीड़ित स्त्री है। उसकी शादी उम्रदराज वकील से होती है जिसके पहले से ही तीन बेटे हैं। वकील तोताराम और निर्मला की उम्र में लगभग पच्चीस साल का अंतर कोई सामान्य अन्तर नही है। वह उसके पिता के उम्र का था। निर्मला को अपने पति में कहीं न कहीं पिता की झलक दिखलायी देती थी। प्रेमचन्द कहते है– "लेकिन निर्मला को न जाने क्यों तोताराम के पास बैठने और हँसने बोलने में संकोच होता था। इसका कदाचित यह कारण था कि अब तक ऐसा ही एक आदमी उसका पिता था, जिसके सामने वह सिर झुकाकर देह चुराकर निकलती थी; अब उनकी अवस्था का एक आदमी उसका पति था।"[6] एक तरफ तोताराम जीवन के सारे अनुभव से पूर्ण थे। वकील होने के कारण कचहरी की पैतरेबाजी जीवन में उतरनी भी स्वाभाविक थी दूसरी तरफ निर्मला बाल सुलभ चंचलता को अभी भी त्याग नहीं पायी थी। उम्र में असमानता होने के कारण दोनों के गुण व्यक्तित्व व्यवहार में भी अन्तर स्पष्ट झलकता था। निर्मला तोताराम के समक्ष स्वयं को असहज महसूस करती है।

निर्मला पति–परायण स्त्री भी है। उसकी कर्तव्यनिष्ठा झलकती है। जब वह अपने घर जाती है कृष्णा से वह कहती है– "मैं सौगन्ध खाकर कहती हूं, जो मेरे मन में उनकी ओर से जरा भी मैल हो। मुझसे जहाँ तक हो सकता है, उनकी सेवा करती हूँ; अगर उनकी जगह कोई देवता भी होता, तो भी मैं इससे ज्यादा और कुछ न कर सकती।"[7] अनमेल विवाह के कारण यद्यपि निर्मला को कष्टपूर्ण जीवन जीना पड़ रहा था किन्तु उसके पति के प्रति कर्तव्य निष्ठा में कोई कमी नहीं होती है। प्रेमचन्द ने निर्मला के अन्दर स्त्रीत्व के वो सारे गुण समाहित किए हैं जो आदर्श रूप में प्रस्तुत की जा सके। समाज की स्त्रियां इनसे प्रेरणा ले सके। ऐसी परिस्थिति में स्वयं को कुंठा, अवसाद से मुक्त रख सके। प्रेमचन्द के स्त्री पात्र टूटने के बजाए सम्बल देते हैं।

निर्मला की मां कल्याणी और निर्मला की सहेली सुधा अन्याय का प्रतिकार करने वाली स्त्री है। अगर प्रेमचन्द के स्त्री पात्रों की तुलना की जाए तो वह बंगला के महान् साहित्यकार शरत्चन्द्र के स्त्री पात्रों से सर्वथा भिन्न है। शरत स्त्री पात्र अन्याय का विरोध नहीं करती है वह अन्दर ही अन्दर घुटती हुई नजर आती है। वही प्रेमचन्द की स्त्री पात्र चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित अपने अस्तित्व को तलाशती हुई शोषण के विरूद्ध डट कर सामने आती है। वह तत्कालीन समय में स्त्रियों को जगाने का प्रयास करती हैं। रामविलास शर्मा कहते है कि– "'निर्मला' प्रेमचन्द के कथा–साहित्य के विकास में एक मार्ग चिन्ह है। यह पहला उपन्यास है जिसमें उन्होंने किसी सेवासदन या प्रेमाश्रम का निर्माण करके पाठक को झूठी सांत्वना नहीं दी।"[8]

गोदान की धनिया और होरी एक ही परिवार के होने के बावजूद दोनों के चरित्र में स्पष्ट अंतर है। होरी का व्यक्तित्व अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को चुपचाप सहन करनें वाला है। वह कहता है– "जब दूसरे के पाँव तले अपनी गर्दन दबी हुई है, तो उन पाँवों को सहलाने में ही कुशल है।"[9] इसके विपरीत धनिया का मानना था कि– "उनका विचार था कि हमने जमींदार के खेत जोते हैं, तो वह अपना लगान ही तो लेगा। उसकी खुशामद क्यों करें, उसके तलवे क्यों सहलाएँ।"[10] इस प्रकार जहां एक तरफ होरी समझौते के माध्यम से समस्या को सुलझाने का प्रयास करता था वहीं दूसरी तफ धनिया अपने हक के लिए किसी प्रकार का समझौता को महत्व नहीं देती थी। गोदान दुखान्त है। होरी सभी परिस्थितियों को झेलते हुए अन्त में मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। परन्तु धनियां उन सभी परिस्थितियों को देखते हुए भी जीवित है। शिवकुमार मिश्र धनिया के व्यक्तित्व के सन्दर्भ में कहते है– "धनिया का यह स्वाभिमान उस भारतीय नारी का स्वाभिमान है, जो पुरुष के प्रति समर्पित होकर भी अपनी अस्मिता बनाये रहती है।"[11]

मालती को प्रेमचन्द शहरी जीवन में पढी–लिखी स्त्री के रूप में गोदान में चित्रित करते हैं। मालती इंग्लैण्ड से डॉक्टर की पढाई की है। वह स्वच्छन्द जीवन जीना चाहती है। उसे शादी जैसे बन्धन स्वीकार्य नहीं। क्यों कि उसका मानना था शादी के बाद स्त्री के जीवन का सम्पूर्ण विकास नहीं हो पाता है। प्रेमचन्द की स्त्री पात्र अपने अधिकार के प्रति संघर्ष करती है। प्रेमचन्द का कोई भी पात्र ऐसा नहीं लगता जो कठपुतली की भांति नाच रहा हो।

कुछ पात्र ऐसे है प्रेमचन्द के साहित्य में जिसमें चली आई परम्परा, रूढिवादिता, शोषण के प्रति विरोध का स्वर है ही नहीं। गूंगे भी प्रतिरोध करते हैं लेकिन यहां होरी जैसा पात्र शोषण को सहन करता हुआ मूक–बधिर की श्रेणी में नहीं दीख पड़ता। वही इसी उपन्यास की स्त्री पात्र धनिया जो गांव की मिट्टी, गोबर में सनी जिदंगी जीती है फिर भी अपने अधिकारों की बात करती है। अपने पति को जमींदार का प्रतिरोध करने के लिए उकसाती हुई नजर आती है। प्रेमचन्द की स्त्री पात्र गांव की होकर भी परिवार के साथ समाज द्वारा हो रहे अत्याचार का सामना डट कर करती है। इसी प्रकार निर्मला अपने अधेड़ पति के पुत्र के प्रति जब उस पर लांक्षन लगाया जाता है। इस पर वह हृदय की सत्यता को लेकर मुखर हो उठती है। वही सेवासदन की सुमन अपमान का घूट पीती हुई मूक बन कर भी प्रतिरोध करती है और अपने सम्मान की तलाश में घर छोड़ कर चली जाती है। अन्ततः कहा जा सकता है कि प्रेमचन्द अपने उपन्यासों में स्त्रियों को अभिव्यक्ति की आजादी दी और उसे पूर्णतयः जीवंत बनाया। साथ ही स्त्री जीवन के विविध रूपों को बड़ी ही सादगी के साथ रचाया बसाया है।

संदर्भ–सूची :–

1. गबन, प्रेमचंद, अनुभव पब्लिशिंग हाउस अल्लापुर इलाहाबाद– 211006 (उ०प्र०), प्रथम संस्करण– 2018, पृ०– 39
2. प्रेमचन्द और उनका युग, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन प्रा०लि० दरियागंज, नई दिल्ली– 110002, दसवाँ संस्करण– 2018, पृ० 63
3. सेवासदन, प्रेमचन्द, नेशनल पेपरवैक्स, दरियागंज नयी दिल्ली 110002, दूसरा संस्करण– 2012, पृ०– 18
4. वहीं, पृ० 27
5. प्रेमचन्द और उनका युग, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन प्रा०लि० दरियागंज, नई दिल्ली– 110002, दसवाँ संस्करण– 2018, पृ० 36
6. निर्मला, प्रेमचंद, के0बी0एल0 पब्लिशर वाराणसी, पृ०27
7. वहीं, पृ० 86–87
8. प्रेमचंद और उनका युग, रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन प्रा०लि० दरियागंज, नई दिल्ली– 110002, दसवाँ संस्करण– 2018, पृ० 62
9. गोदान, प्रेमचन्द, लोकभारती प्रकाशन, एम०जी०रोड, इलाहाबाद, संस्करण– 2005, पृ०5
10. वहीं, पृ० 5
11. प्रेमचन्द की विरासत और गोदान, शिवकुमार मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद– 211001, संस्करण– 2011, पृ० 86

योग-दर्शन में मन की अवधारणा

हिमांशु परिदा*

डॉ. अंजला देवी**

सारसंग्रहः मन सभी अस्तित्वों में सबसे रहस्यमय में से एक है। फ्रायड (1915) ने चेतन मन का वर्णन किया, जिसमें वे सभी मानसिक प्रक्रियाएं शामिल हैं जिनसे हम अवगत हैं, और इसे हिमशैल के सिरे के रूप में देखा जाता है।[1] उदाहरण के लिये, आपको इस समय प्यास लग सकती है और आप एक पेय लेने का निर्णय ले सकते हैं। योगदर्शन में चित का अथवा मन का वैज्ञानिकता और पूर्णता से वर्णन किया हैं। मन में एक बार फिर यह प्रश्न उठता है कि मन क्या हैं? संसार में दो प्रकार के तत्व हैं– एक बाह्य और दूसरा आभ्यन्तर, एक जड़ और दूसरा चेतना[2] आभ्यन्तर तत्व 'चित' है। प्रत्येक दर्शन में इन तत्वों की किसी न किसी रूप में सहायता आवश्यक है। साक्षात्कार करने से ही तत्वों का विशेष ज्ञान प्राप्त है। योगशास्त्र में बौद्धिक एवं अनुभवगम्य विषयों का विचार है। इनमें वस्तुतः विचार के लिये एकमात्र तत्व 'चित', अर्थात् बुदधि है, इसी के विविध स्वरूपों का योगशास्त्र में विचार है। चित शब्द की मूल धातु चित है, चित का अर्थ है ज्ञान। जो की आत्मा के तीन मौलिक गुणों सैट, चित एवं आनंद में से एक हैं। चित ज्ञान का साधन है। इस 'चित' की पांच अवस्थाएँ होती हैं, 'चित्त की भूमि' कहते हैं।[3]
ये हैं 1. क्षिप्त 2. मूढ़ 3. विक्षिप्त 4. एकाग्र तथा 5. निरूद्ध।

कुंजीशब्दः मन, प्रक्रियाएं, योगदर्शन, बाहय, अभ्यंतर चित्त।

प्रस्तावनाः आधुनिक मनोविज्ञान ने निस्संदेह मन और मन की अवस्थाओं पर बहुत अच्छा शोध एवं निदान कार्य किया है। भारतीय प्राचीन दर्शन एवं शास्त्रों में मन को उसकी सम्पूर्णता से परिलक्षित और प्रतिबिंबित किया हैं। महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में चित्त के रूप में मन को परिभाषित किया है।[4] योगसूत्र में महर्षि पतंजलि ने चित्त की वृत्तिओं और ब्यास भाष्य में चित्त की भूमियो का वर्णन किया है। चित्त की पांच वृत्तिया हैं, प्रमाण, विपर्याय, विकल्प, निद्रा और स्मृति।[5] 'चित्त' जड़ है और 'पुरूष चेतन है। अनादि अविद्या के कारण 'पुरूष' और 'प्रकृति' में परस्पर एक प्रकार का अभेद सम्बन्ध हो जाता है। इससे बुद्धि की वृत्तियों का पुरूष में आरोप होता हैं और 'मैं शान्त हूँ, दुःखी हूँ तथा मूढ़ हूँ इस प्रकार के ज्ञान पुरूष में उदित होते हैं। बुद्धि की विषयाकार वृत्तियाँ पुरूष में प्रतिबिम्बित होती हैं, वही 'पुरूष की वृत्ति' कही जाती हैं। पुरूष का प्रतिबिम्ब 'चित्त' पर पड़ता हैं। उससे 'चित्त' भी अपने को चेतन के समान समझने लगता है और चेतन की तरह कार्य करने लगता हैं, यही चित्त की वृत्ति है।[5]

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः (योगसूत्र 1.2)

चित्त की वृत्तिओं का युक्तिपूर्वक निरोध करके बंधन मुक्त करना योग्य है।[7]

तदा दृष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् (योगसूत्र 1.3)

समाधि लाभ होने पर दृष्टा अपने स्वरूप में स्थित होता है। जब भी आप प्रसन्नता, उत्साह और आनंद का अनुभव करते हैं, तो आप जाने अनजाने आत्म स्वरूप में होते हैं,[8] वृत्तिसारूप्यम् इतरत्र (योगसूत्र 1.4) अन्यथा आप मन की विभिन्न वृत्तियों के साथ रहते हैं, चेतना मन की विभिन्न वृत्तियों में ही रमण करती रहता हैं। मन की वृत्तियाँ कोन सी हैं ? वृत्तयः पञ्चतय्यः किलष्टा अक्लिष्टाः (योगसूत्र 1.5)
मन की वृत्तियाँ पांच प्रकार की है। कभी–कभी यह वृत्तियाँ कठिनाई प्रकट करती हैं और कभी–कभी करती। ये वृत्तियाँ जब धर्म, अधर्म तथा वासनाओं की उत्पत्ति की कारण होती हैं, तब वे क्लेश देती हैं और 'क्लिष्ट' कही जाती हैं। ये जब ख्याति की देने वाली होती हैं, तब वे 'अक्लिष्ट' कहलाती हैं। इन वृत्तियों से 'संस्कार' होते हैं और 'संस्कार' से 'वृत्तियाँ' होती हैं। इस प्रकार वृत्ति–संस्कार–चक्र' अहर्निश चलता रहता हैं।

*** शोधछात्र, योग विज्ञान विभाग, श्री श्री यूनिवर्सिटी, कटक, ओडिशा– 754006।**

**** असिस्टेंट प्रोफेसर, योगविज्ञान विभाग, श्री श्री यूनिवर्सिटी, कटक, ओडिशा– 754006।**

चित्त की पांच भूमियाँ 1. क्षिप्त 2. मूढ़ 3. विक्षिप्त 4. एकाग्र तथा 5. निरूद्ध हैं।

1. क्षिप्तः रजोगुण के प्रभाव से 'चित्त' बहुत चञ्चल होकर सांसारिक विषयों में इधर–उधर भटका उस व्यवस्था में चित्त को 'क्षिप्त' कहते हैं। जैसे–दैत्य, दानवों का चित्त अथवा धन के मद से उन्मत लोगों का चित्त।[9]

2. मूढ़ः तमोगुण के उद्रेक से 'चित्त' मूढ़ हो जाता हैं, जैसे– कोई निद्रा में मग्न हो तो उसके चित्त को 'मूढ़' कहते हैं। राक्षसों के, पिशाचों के तथा मादक द्रव्य खाकर उन्मत पुरूषों के 'चित्त' मूढ़ कहे जाते हैं।

3. विक्षिप्तः सत्व के आधिक्य रहने पर भी, रजस् के कारण सफलता और असफलता के बीच में, कभी इधर और कभी दूसरी तरफ चित्त की वृत्ति भटकती हैं। कहते हैं कि देवताओं का तथा प्रथम भूमि में स्थित जिज्ञासुओं का चित्त विक्षिप्त होता है।

4. एकाग्रः विशुद्धसत्व के उद्रेक से एक ही विषय में लगे हुए चित्त को एकाग्र कहते हैं। जैसे निर्वात दीप शिखा स्थिर होकर एक ही ओर रहती है, इधर–उधर नहीं जाती।

5. निरूद्धः चित्त की सभी वृत्तियों के निरूद्ध हो जाने पर भी उन वृत्तियों के संस्कार मात्र चित्त में रह जाते हैं। उन संस्कारों से युक्त चित्त निरूद्ध कहा जाता है। चित्त त्रिगुणात्मक है। तीनों गुणों के उद्रेक क्रमशः समय–समय पर चित्त में होते रहते हैं। उसके अनुसार चित्त के भी तीन रूप होते हैं। प्रख्या, प्रवृत्ति तथा स्थिति।[10]

ये वृत्तियाँ पाँच प्रकार की होती हैं– प्रमाण विपर्यय विकल्प निद्रा तथा स्मृति। इन्हीं में चित्त की अन्य सभी वृत्तियाँ अन्तर्भूत हैं।

प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः (योगसूत्र–1.6)[11]

मन की पांच तरह की वृत्तियाँ हैं–

- प्रमाण
- विपर्यय
- विकल्प
- निद्रा
- स्मृति

मन निंरतर किसी न किसी वृत्ति में उलझा रहता है। जब भी आप तर्क वितर्क से प्रमाण खोजने, किसी गलत धारणा में अथवा कपोल कल्पना या भूतकाल की स्मृति और निद्रा में भी नहीं होते तब योग होता है। जब भी आप सुन्दर प्रकृति के साथ होते हैं, अथवा क्रिया प्रामणायम के बाद प्राण ऊर्जा के उच्च स्तर को महसूस करते हैं तब मन इन पांचों वृत्तियों से मुक्त होता हैं। और आप स्वयं में स्थित होते है और यही योग्य है।

प्रमाण–मन की पहली वृत्तिमहर्षि पतंजलि कहते हैं, इस शोध पत्र में हम पहली वृत्ति प्रमाण को समझते हैं। योग में प्रत्यक्ष अनुमान और आगम ये तीन प्रमाण हैं। मन प्रमाण खोजता रहता है, मन को निरंतर स्पष्ट ठोस प्रमाण की चाह रहती है, यह मन की गतिविधि का एक तरीका है।

प्रमाण तीन तरह के हैं–

1.7 प्रत्यक्षनुमानागमाः प्रमाणानि–

- प्रत्यक्ष
- अनुमान
- आगम

प्रत्यक्ष अर्थात जो स्पष्ट है, आपके अनुभव में है। अनुमान अर्थात जो उतना जो उतना स्पष्ट नहीं है, आप उसे मान लेते है, विश्वास कर लेते है। आगम, अर्थात शास्त्र क्योंकि कहीं कुछ लिखा है इसीलिये आप उसे मान लेते है।[12]

विपर्यय

1.8 विपर्ययो मिथ्याज्ञानम् अतद्रूपप्रतिष्ठम्।

प्रमाण में मन तर्क विर्तक और जानकारियों में लगा रहता है अन्यथा मन मिथ्या ज्ञान अथवा गलत समझ में उलझ जाता है। विपर्यय किसी वस्तु के मिथ्या ज्ञान को विपर्यय कहते हैं।[13]

इस क्षण यदि आप सजगतापूर्वक परखें तो पाएंगे कि मन या तो प्रमाण में लगा होता है या फिर किसी मिथ्या ज्ञान में, वह ऐसा कुछ मान बैठता है जो वास्तविक नहीं होता है। अधिकतर समय हम अपने विचार, भावनाएं और राय दूसरों पर थोपते रहते हैं, हमें ऐसा लगता है कि वह इस तरह के हैं, मल की इसी वृत्ति को विपर्यय कहते हैं। एकदम से कभी लोगों को लगता है कि उन्हें कोई प्रेम नहीं करता कई बार बच्चों (बच्चों) को ऐसा लगता है कि उनके माता–पिता उनसे प्रेम नही करते, ऐसे में माता पिता परेशान होते हैं कि कैसे वो अपने प्रेम को प्रमाणित करें। विपर्यय आ जाए तो प्रमाण का स्थान नहीं रहता, तर्क विफल हो जाता है। मन की दूसरी वृत्ति विपर्यय में किसी भी तरह कोई तर्क काम नहीं करता, केवल गलत समझ बनी रहती है। मन के भीतर ऐसे में तर्क उठता भी है तो बार–बार पीछे चला जाता है और मिथ्या ज्ञान बना रहता है।

विकल्प

शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यों विकल्पः (yogasutra 1.9)[14]

मन की तीसरी वृत्ति विकल्प है, यह एक तरह का मतिभ्रम हैं, जैसे कोई कुछ कल्पना कर ले कि दुनिया समाप्त होने वाली है। वास्तविकता में ऐसा कुछ भी होता नहीं है बस कुछ मन के भीतर शब्द चलते हैं। ऐसे सभी व्यर्थ डर, कपोल कल्पना और निराधार शब्द जिनका कोई अर्थ नहीं है, ऐसे विचार और ऐसी वृत्ति को विकल्प कहते हैं।

विकल्प–शब्द ज्ञान से उत्पन्न होने वालाः किन्तु वस्तु शून्य अर्थात् जिस वस्तु का ज्ञान हो उस वस्तु का अत्यन्त अभाव रहे, ऐसे ज्ञान को विकल्प कहते है।[15]

निद्रा– किसी वस्तु के अभाव ज्ञान को आलम्बन करने वाली वृत्ति निद्रा है। सोकर उठने वाले पुरूष को जाग्रत् अवस्था में मैं खूब सोया, मेरा मन शान्त है, मैनें कुछ नहीं समझा इत्यादि बोध होते हैं। इसलिये निद्रा को भी वृत्ति कहते हैं।

अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा (योगसूत्र 1.10)[16]

मन यदि इन तीन वृत्तियों में से किसी एक में भी नही होता है तब मन चौथी अवस्था निद्रा, नींद में चला आता है।

स्मृति

1.11 अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः

मन की पांचवी वृत्ति स्मृति हैं, अर्थात पुराने अनुभवों को याद करना, जो बीत चुके हैं।[17]

अब देखो, जब तुम जागृत हो तो क्या तुम चारों वृत्तियों में से किसी एक में लगे हो, तो वह ध्यान नहीं हैं, योग नहीं है। क्या तुम मुझे कुछ प्रमाण ढूंढने के लिये सुन रहे हो? क्या तुम्हारे भीतर कोई वाद विवाद है? क्या तुम किसी मिथ्या ज्ञान में फंसे हो, किसी धारणा में कि सब कुछ ऐसा है? स्मृति–अनुभूत किये विषयों का ठीक–ठीक वैसा (असम्प्रमोष) ही स्मरण होना स्मृति है। ये ही वृत्तियाँ कार्य उत्पन्न कर, सूक्ष्म रूप से संस्कार के रूप में हमारे अन्तःकरण में रहती हैं। समय पाकर सादृश्य आदि के द्वारा उबुद्ध होने से ये संस्कार पुनः वृत्ति का रूप धारण करते हैं। यह चक्र सतत चलता रहता है।

इन्हीं वृत्तियों के निरोध से क्रमशः तत्वज्ञान होता है और दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति होती है। इन्हीं वृत्तियों का निरोध करना योग है।

मन की वृत्तियों का निरोध

1.12 अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः

मन की इन प्रबल वृत्तियों का निरोध हैः अभ्यास और वैराग्य।[18]

महर्षि पतंजलि के अनुसार, चित्त या व्यक्तित्व परिसर का नियमन है जो 17 घटकों से बना हैं, केवल प्राण की उपस्थिति में ही हो सकती हैं जो कि सार्वभौमिक प्रेरक शक्ति है। मन इंद्रियों द्वारा एकत्रित सूचनाओं का एक नेटवर्क है, जो स्थूल शरीर में बाहरी चीजों के साथ बातचीत के माध्यम से मौजूद होते हैं।

ज्ञान का प्रत्येक अंश मन पर एक छाप छोडता हैं, जिसे संस्कार कहा जाता है और मन इन्हीं संस्कारों से बना होता है। विचार, शारीरिक क्रियाएं और भावनाएं सभी संस्कारों का मन पर छाप छोडती हैं। अगर कोई निशान/संस्कार नहीं है तो कोई मन नहीं हैं। ये छाप उन वस्तुओं/भावनाओं के लिये पहचान पत्र के रूप

में भी काम करते हैं जिनके द्वारा वे उत्पन्न हुए थे जिससे मन उस वस्तु को जल्दी से पहचानने की इजाजत देता है जिसकी छाप पहले से मौजूद हैं। संस्कार पदार्थ के सूक्ष्मतम रूप से ज्यादा कुछ नहीं हैं जो प्रकृति तन्मात्राओं से विकसित हुए हैं जो संरचनात्मक भौतिक स्तर पर ध्वनि, स्पर्श, आकार, स्वाद और गंध की इंद्रियां हैं। परिणामस्वरूप मन मन जो संबंधित इंद्रियों के तन्मात्राओं से बने संस्कारों से बना है इंद्रियों की जागरूकता का एक सूक्ष्म अंग माना जाता है। नतीजतन, हम जो कुछ भी सुनते हैं, देखते है या सूंघते हैं उसका प्रभाव मन की संरचना पर पड़ता है।[19]

संस्कारों और उनके सम्बन्धों को बार–बार समझने के लिये मन को सूक्ष्मता से समझना आवश्यक है, एक प्रक्रिया जिसे मनन के रूप में जाना जाता है। मनन एक अटूट वैचारिक प्रक्रिया है, जो अपने स्वभाव से एक जागृत मन में निरंतर जारी रहती है, ज्ञान के रूप में संज्ञानात्मक इंद्रियाँ द्वारा प्राप्त संवेदी आदानों की स्मृति का निर्माण और भंडारण करती हैं। व्युत्थान संस्कार और निरोध संस्कार दो प्रकार के संस्कार हैं जो निर्मित होते हैं। व्युत्थान संस्कार सांसारिक सुख से जुडे अनुभवों से बनते हैं, और ये संस्कार मन को भौतिक दुनिया में लौटने और उन खुशियों को फिर से जीने के लिये प्रोत्साहित करते हैं। दूसरी ओर, निरोध संस्कार, संवेदी आदानों के छाप हैं जब कोई व्यक्ति अपने अस्तित्व के आध्यात्मिक सत्य का सामना करता है। दोनों प्रकार के संस्कार मन के भीतर तीव्रता से उदित और अस्त होते हैं, यही कारण है कि मन अधिकांश समय भौतिकवाद और आध्यात्मिकता के बीच झूलता रहता हैं।

इस प्रकार मन की योगिक अवधारणा के अनुसार मन का स्रोत प्रकृति है, इस प्रकार यह पदार्थ का उत्क्रमण होने के कारण पदार्थ का सबसे सूक्ष्म रूप है। संस्कारों का जाल, जो मन के रूप में निरंतर निर्मित और अंकित किया जा रहा हैं, एक प्रकार का भ्रामक चक्रव्यूह हैं जो वास्तविक, सार्वभौमिक स्व (पुरूष) को मन के दूसरी ओर स्थित रखता है। एक बार जब मन अथवा चित्त की गति योग के अभ्यास से स्थिर हो जाती है, तो वह स्पष्ट रूप से देख सकता है और सार्वभौमिक आत्म से जुड सकता है जो कि योग का अंतिम लक्ष्य है।

मन और आत्म के मिश्रित अनुभव को जीवात्मा[20] कहा जाता है जैसा मन है, वैसा ही व्यक्ति है। प्राण प्रकृति में निहित ऊर्जा जो मन की गतिविधियों को संस्कारों का निर्माण– संभव बनाती है; इस प्रकार प्राण वहां क्रिया में आता है जहां मन है। प्राण के कारण मन कभी सक्रिय तथा कभी निष्क्रिय हो जाता है। एक को नियंत्रित करने से दूसरे को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। चूंकि हमारा तंत्रिका तंत्र हमारे शरीर स्वास्थ्य की स्थिति को प्रभावित करती है। मानसिक स्वास्थ्य या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे शब्द इस मन–शरीर संबंध से प्राप्त हुए हैं, शरीर को वास्तव में मन का प्रक्षेपण माना जाता है।

योग चिकित्सा की सार्वभौमिक सफलता इस बात का प्रमाण है कि सकारात्मक मन संरचनाएं शरीर को ठीक करने में मदद करती हैं जबकि नकारात्मक मनोवैचारिक क्रियाएं सभी बीमारियों का कारण हैं।[21] मन को बदलकर, मानसिक स्वच्छता का अभ्यास करके, अपने चारों ओर ब्रहमांड से सकारात्मक, प्रेमपूर्ण देखभाल करने वाली और मैत्रीपूर्ण संवेदी उत्तेजनाओं को प्राप्त करने और प्राप्त करने के द्वारा अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। बाहरी दुनिया से मन को प्राप्त होने वाली संवेदी उत्तेजनाओं का प्रकार (जो इसकी संरचना को प्रभावित करेगा) मन/व्यक्ति के अहंकार इच्छाओं और दृष्टिकोण (गुण जो गुना प्रमुख है) द्वारा फिल्टर किया जाता है।

यदि पुरूष (सार्वभौमिक आत्म) और मन के बीच एक तामसिक अहंकार स्थित हैं, तो सार्वभौमिक आत्म (पुरूष) से आने वाले सभी संकेत मन में अवरूद्ध रहते हैं। इस प्रकार भले ही सही संवेदी उत्तेजनाएं आस पास मौजूद हों, अहंकार इच्छाएं और दृष्टिकोण उन्हें मन तक पहुंचने से रोकेगें। सूक्ष्म पदार्थ (तन्मात्रा) स्थूल पदार्थ (महाभूत) में संघनित होता है, मन की संरचना के अनुसार भौतिक शरीर का निर्माण करता हैं।

उपसंहार :

भारतीय चिंतन में मन, को अंतः करण चतुष्टय के रूप में भी दिखाया गया है। मन, बुद्धि चित्त एवं अहंकार। ये मन को उसकी सम्पूर्णता से परिभाषित भी करता है तथा उसकी क्रिया पद्धति को विस्तार से भी समझाता है। मन प्रकृति के आधारभूत घटकों में से एक है। मन का नियमन और निरोध जीवन के समस्त दुखों से मुक्ति दिलाता है। समाधि और आत्मस्वरूप की प्राप्ति मन की पूर्णता है।

References:-

1. Mcleod, D. S (2009, may 15). Freud and the Unconscious Mind. Retrieved February 10, 2021 from www. simplypsychology. https:// www. simlypsychology. org/ uonscious- mind. Html.
2. आचार्य, प. श. (2011) सांख्य एवं योग दर्शन (Vol. प्रथम) (म. भ. शर्मा, Ed) मथुरा उत्तर प्रदेश भारतः युग निर्माण योजना प्रेस–281003 (पृष्ठ सं0 92)
3. तीर्थ, स. ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 82)
4. ओशो, (2006) पतंजलि योगसूत्र भाग 1 (vol. प्रथम) (य. चिन्मय vol Ed.) नयी दिल्ली, दिल्ली, भारतः फ्यूजन बुक्स 110020 (पृष्ठ सं0 46)
5. तीर्थ, स0ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 135)
6- शंकर श. श. (2020, मार्च 10) मन की वृत्तियाँ– 1. Retrieved from https:// www. artofliving.org: https:// www. artofliving.org/in-hi/yoga/patanjali-yogasutra/5-modulations- of – mind part-1
7. गोयनका, श. (2012) योग दर्शन गोरखपुर उत्तर प्रदेश भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 3)
8. गोयनका, श. (2012) योग दर्शन गोरखपुर उत्तर प्रदेश भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 5)
9. Hindi, W. O. (2020, March 21). Retrieved from https:// www. worldofhindi.com: www. worldofhindi.com/essay-on-the- concept- of chitta-in-hindi/
10. आचार्य, प. श. (2011) सांख्य एवं योग दर्शन (Vol. प्रथम) (म. भ. शर्मा, Ed) मथुरा उत्तर प्रदेश भारतः युग निर्माण योजना प्रेस–281003 (पृष्ठ सं0 96)
11. तीर्थ, स. ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 86)
12. प्रकाश, व. (2020 अगस्त 30) योग दर्शन के अनुसार प्रमाण कितने प्रकार के होते हैं। Retrieved अप्रैल 10 2021 https:// www. vedarthprakash.in: https:// www. vedarthprakash.in/2020/08 maharsi%atanjali% 20yoggdarshan% 20 pramaan-Pratyaksh-Anuman- Upmaan- Shabd. html.
13. Govindan, M (2000) Kriya Yoga Sutras of Patanjali and the Siddhas (Vol. Second). Banglore, Karnataka, Bharat: Kriya yoga order of Acharyas Trust – 560055 (Page No. 9)
14. तीर्थ, स. ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 96)
15. तीर्थ, स. ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 96)
16. आर्य, ड. स. (2018 मई 6) Yoga Sutra–10 Retrieved from https:// drsomveeryoga.com/: https:// drsomveeryoga.com/ yoga – sutra-10/
17. तीर्थ, स. ओ0 (2008) पातंजलयोगप्रदीप (vol. 31) गोरखपुर उत्तर प्रदेश, भारत गीताप्रेस गोरखपुर–273005 (पृष्ठ सं0 97)
18. पाल, ड. ब. (2004) महात्मा गांधी के न्द्रीय विश्वविद्यालय, Retrieved मई 2021 15, 2021 From http:// www.mgcub.an.in/:http://www.mgcub.ac.in/pdf/material/20200519135641008 6a40579.pdf
19. Varma, C. (2011, July 24) Impressions of Mind. Retrieved May 15, 2021 from https:// www. speakingtree. in /:https:// www. speakingtre.in/blog/impressions- of- mind
20. Makwana, M (2013, April 15). What is the difference between Atma Jivatma and Paramatma? Retrieved May 20, 2021 from https:/ www. Speakingtre.in/ https: //www. speakingtree.in/blog/what is the difference between atma- jivatma and paramatma
21- Timothy Mccall, M (2008 June 20). Understanding the Mind- body connection. Retrieved 01 2021 from https:/ www. yogajournal.com/: https:// www. yogajournal.com /teach/yoga therapy- and mind body connection- part-1/

प्रेमचंद की दलित-जीवन से जुड़ी कहानियों का सांदर्भिक-विवेचन

डॉ. रमेश यादव*

साहित्य और समाज का संबंध घनिष्ठ रहा है। समाज में जो घटित होता है उसका सीधा प्रतिबिम्ब साहित्य में पड़ता है, कोई भी साहित्यकार को अपने युग की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और नैतिक गतिविधियों से प्रभावित हुए बिना रहना संभव नहीं है। एक महान लेखक युग–द्रष्टा भी होता है और युग–प्रवर्तक भी। प्रेमचंद भी एक ऐसे ही लेखक हैं जिनको विविध परिस्थितियों ने पूरी तरह से प्रभावित किया। युगीनकाल की तमाम समस्याओं को प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बखूबी उकेरा है। प्रेमचंद सामाजिक क्षेत्र में शोषण, उत्पीड़न, नैराश्य, गरीबी और विवशता देख रहे थे। एक ओर जमींदार और किसान का संघर्ष, पूंजीपतियों और सर्वहारा वर्ग का संघर्ष, महाजन और धनहीन गरीब का संघर्ष और दूसरी ओर परंपरा और आधुनिकता का संघर्ष, पाश्चात्य और भारतीयता का संघर्ष तथा अस्पृश्यता और सुधारवाद का संघर्ष भी चल रहे थे। प्रेमचंद का कथा साहित्य इससे अछूता नहीं है। प्रेमचंद की कहानियों में सुधारवादी प्रवृत्ति का अनोखा चित्रण है। उनकी कहानियों के पात्र सामाजिक विषमता से अभिशप्त, पीड़ित, शोषित होकर दयनीय जीवन जीने के लिए बाध्य है। प्रेमचंद की दलित कहानियों में ठाकुर का कुआँ, दूध का दाम, शूद्रा, सद्गति, मंदिर, मंत्र, पूस की रात, दो कब्रें, गरीब की हाय, सती, विध्वंस, अग्नि–समाधि, आगा–पीछा, कफन, सौभाग्य के कोड़े और घासवाली इत्यादि प्रमुख हैं। 'ठाकुर का कुआँ (1932) दलित जीवन की विभीषिका को प्रस्तुत करने वाली एक बेहतरीन कहानी है। प्रेमचंद ने गंगी और जोखू जैसे पात्रों के माध्यम से एक टिपिकल गांव के यथार्थ को चित्रित किया है। गंगी का विद्रोही चिंतन मन कह उठता है–''हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊंच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में तागा डाल लेते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक से एक छंटे हैं?... किस बात में हैं हमसे ऊंचे? हां, मुंह में हमसे ऊंचे हैं। हम गली–गली चिल्लाते नहीं कि हम ऊंचे हैं, हम ऊंचे हैं। कभी गांव में आ जाती हूँ तो रसभरी आंखों से देखने लगते हैं, जैसे सबकी छाती पर सांप लोटने लगता है, परंतु घमंड यह कि हम ऊंचे हैं।''[1] प्रस्तुत पंक्तियों से स्पष्ट है कि प्रेमचंद ने सवर्ण–समाज की पतनशीलता को व्यक्त किया है और दलित वर्ग की सोच एवं प्रगतिशील चिंतन को भी बताया है। प्रेमचंद बताते हैं कि यह कैसा समाज है? कि पानी को भी एक जाति के नजरिये से देखता है। ठाकुर के कुएं का पानी केवल ऊंच जाति के लोगों के लिए है। निम्न जाति के लिए नहीं। ऊंच जाति के कुएं का पानी उनके लिए अमृत है। यह अस्पृश्यता की चरम–सीमा है। प्रेमचंद ने लिखा है–''घड़े ने पानी में गोता लगाया, बहुत ही आहिस्ता। जरा भी आवाज न हुई। गंगी ने दो–चार हाथ जल्दी–जल्दी मारे। घड़ा कुएं के मुंह तक आ पहुंचा– कोई बड़ा शहजोर पहलवान भी इतनी तेजी से उसे न खींच सकता था।''[2] यह ग्राम्य जीवन एवं संस्कृति के विविध रूपों एवं पक्षों का चित्रण है। इस चित्रण में अत्यधिक सच्चाई तथा घनीभूत संवेदनाएं अभिव्यक्त हैं। कमल किशोर गोयनका ने लिखा है–''ठाकुर का कुआं में गांव में दलित समाज के साथ अत्याचार, भेदभाव एवं पानी तक से वंचित भाव का चित्रण है।''[3]

भारतीय समाज में यथार्थ का स्वरूप काफी स्तब्ध और हृदयविदीर्ण करने वाला है। जो भारत में जीवन के विविध अन्तर्विरोधों को बड़े स्तर पर उजागर करता है। प्रेमचंद के कथा–साहित्य में उन तमाम महंत, पण्डे और पुरोहितों का चित्रण मिलता है। जो कहीं–न–कहीं नवजागरण कालीन की दृष्टि से देखें तो पायेंगे कि पूरा समाज ही धर्मोपजीवियों के फंदे में फंसा हुआ है। इन महंत, पण्डे और पुजारियों का भले ही कमोबेश राजनीतिक वर्चस्व रहा हो या नहीं लेकिन मनोवैज्ञानिक वर्चस्व जोरदार है। इस नजरिए से प्रेमचंद ने दलित जीवन की दुर्दशा को अभिव्यक्त किया है। किस प्रकार सवर्ण वर्ग अपना वर्चस्व कायम करने के लिए भले ही उसका मानसिक, शारीरिक और आर्थिक शोषण करने में कोई परहेज नहीं करता लेकिन मन में उसके प्रति हेय दृष्टि पाले रहता है। 'दूध का दाम' कहानी में एक भंगी बच्चे की है कि जिसकी मां ने जमींदार के बच्चे को अपना दूध पिलाकर पाला था, मां उसे जीवन दान देती है लेकिन वही जब मर जाती

***अध्यक्ष हिंदी विभाग, महारानी काशीश्वरी कॉलेज, कोलकाता।**

है तो उसका बच्चा जमींदार के बच्चे का जूठन खाने के लिए विवश है। प्रेमचंद ने यहां दयनीय स्थिति और संवेदना का यथार्थ चित्रण करते हैं। प्रेमचंद ने लिखा है–''भूंगी अपने बच्चे को दिन–रात में एक–दो बार से ज्यादा न पिला सकती थी। उसके लिए ऊपर के दूध का प्रबंध था। भूंगी का दूध बाबूसाहब का भाग्यवान बालक पीता था। और यह सिलसिला बारहवें दिन भी न बंद हुआ। मालकिन मोटी–ताजी देवी थीं, पर जब की कुछ ऐसा संयोग कि उन्हें दूध हुआ ही नहीं,...भूंगी दाई भी थी और दूध–पिलाई भी।''[4] प्रेमचंद ने दलित समाज पर होने वाले सामंती अत्याचारों का भी सजीवता से चित्रण किया है। 'सदगति' का दुखी कितने धार्मिक उत्साह से पुत्री के शादी की साइत निकलवाने के लिए झोपड़ी में झाड़ू–बुहार कर रहा था, सीधा पीसान का बन्दोबस्त कर रहा था, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बाबाजी का बेगारी भी करता है लेकिन अब उसी बाबाजी के द्वार पर लाश बनकर गिरा है। उसकी स्त्री और बेटी दहाड़ें मार–मार कर रो रही थीं। प्रेमचंद ने लिखा है–''पंडिताइन–'चमार का रोना मनहूस है।' पंडित–'हाँ, बहुत मनहूस।' ... पंडित–''चमार था ससुरा की नहीं, साध–असाध किसी का विचार है इन सबों।''[5] इसी कड़ी में प्रेमचंद ने 'पूस की रात' कहानी में हल्कू ने कंबल खरीदने के लिए किसी तरह तीन रूप्ये एकत्रित करता है, लेकिन दरवाजे पर महाजन आ उसे भी ले लेता है। उसकी पत्नी रूपये देना नहीं चाहती थी, पर हल्कू उदास मन से कहता है कि 'क्या गाली खाऊं'? हल्कू की चिंता माल गुजारी भरने की थी। यह दलित समाज का शोषण ही तो था कि खेत में पैदावार हो या न हो, सूखा पड़े, पाला पड़े, बाढ़ आये उससे सामंती समाज को लेना–देना नहीं था, किसी भी हाल में मालगुजारी चुकाना अनिवार्य था। प्रेमचंद ने मुन्नी के माध्यम से लिखते हैं–''मैं कहती हूं, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते? मर–मर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आए। मैं रूपये न दूंगी, न दूंगी।' ...मगर यह कहने के साथ उसकी तनी हुई भौंहे ढीली पड़ गईं।''6

समाजिक–आर्थिक व्यवस्था ने दलितों की चेतना को इस तरह कुन्द कर दिया है कि मानवीय संवेदना और समाजिक नैतिक सोच उनके लिए नगण्य थीं। 'कफन' कहानी इस मामले में बेजोड़ है। कहानी के दलित पात्रों में घीसू और माधव ने अमानवीयता की सीमा को भी पार कर जाते हैं। आर्थिक विषमता एवं महाजन प्रथा ने उस समय की पारिवारिक संबंधों को भीतर से खोखला कर दिया था। अब घीसू–माधव अपने ही खून के बाप–बेटे न थे बल्कि वे दो अनजान व्यक्ति बन चुके थे। प्रेमचंद ने लिखा है–''जिस समाज में रात–दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से बहुत कुछ अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा संपन्न थे, वहां इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।''[7] प्रेमचंद की कहानियों में ग्रामीण जीवन, समाज एवं संस्कृति का बड़ा ही विस्तृत और स्पष्ट चित्रण हुआ है। चित्रण में रहन–सहन, परंपरा और रूढ़ियां भी टूटी हैं। जैसे 'मंदिर' (1927) कहानी में दलितों का मंदिर प्रवेश और कट्टर धार्मिक विरोध भी होता है। प्रेमचंद ने लिखा है–''पुजारी' मंदिर का द्वारा खुला है। मैंने खट–खट की आवाज सुनी।' सहसा सुखिया बरामदे से निकलकर चबूतरे पर आई और बोली, 'चोर नहीं है मैं हूं। ठाकुरजी की पूजा करने आई थी। अभी तो अंदर गई भी नहीं, मार हल्ला मचा दिया।' पुजारी ने कहा 'अनर्थ हो गया! सुखिया मंदिर में जाकर ठाकुरजी को भ्रष्ट कर आई।''[8] सुखिया मंदिर प्रवेश कर मंदिर ही भ्रष्ट नहीं करती बल्कि वर्षों से चले आ रहे रूढ़ि–मान्यताओं को भी चुनौती देती है और पंडिताई समाज की कलई खोल कर रख देती है। वर्तमान समय में भी प्रस्तुत कहानी की प्रासंगिकता है आज भी भारत देश के ऐसे बहुत से गांव हैं जहां दलितों को मंदिरों में जाने की मनाही है। लेखक अति घनीभूत संवेदना के धरातल पर समाज की अति सचाई को व्यक्त करता है। इस प्रकार 'घासवाली' (1929), कहानी में दलित ग्रामीण स्त्री द्वारा अपनी सतीत्व–रक्षा और उच्च जाति के प्रति विद्रोह एवं उसका शमन करने की यथेष्ट चेष्टा की गई है। मुलिया महावीर की पत्नी है। चमार परिवार के इस दम्पत्ति का एकमात्र सहारा उनका घोड़ा है जो इक्का खींचता है। मुलिया दिन भर घास छीलकर घोड़े का पालन–पोषण करती है। सवर्ण के लोग मुलिया का स्पर्श पाने के लिए घात लगाये बैठे रहते हैं। चैन सिंह उसी वर्ग का प्रतिनिधि चरित्र है। प्रेमचंद ने लिखा है–''चैन सिंह ने कई गज के फासले से ही रूककर कहा, 'डर मत, डर मत, भगवान जानता है! मैं तुझसे कुछ न बोलूंगा। जितनी घास चाहे छील ले, मेरा ही खेत है। मुलिया के हाथ सुन्न हो गये। खुरपी हाथ में जम सी गई। घास नजर ही न आती थी। जी चाहता था, जमीन फट जाए और मैं समा जाऊं। जमीन आंखों के सामने तैरने लगी।''[9] घासवाली के ढ़ांचे में चाहे जो दोष हों, इसके कथ्य में चाहे जितना वैचारिक बिखराव

हो, पर यह पाठक की रूचि को बनाए रखने में सफल कहानी है। प्रेमचंद ने अछूतोद्धार की समस्या को अपनी कहानियों में बखूबी उठाया है। जो कि भाव–पक्ष का सामाजिक धरातल ही प्रेमचंद की कहानियों का मूल धरातल है। जिसमें प्रेमचंद ने समकालीन समाज की प्रायः इकाइयों और सम्पूर्ण समस्याओं को लिया है।

प्रेमचंद अपने कथा साहित्य में ग्रामीण–जीवन में जाति या बिरादरी की महत्ता और उसके सामर्थ्य को बहुत बारीकी से हमारे समक्ष लाते हैं। किसान या गांव के लोग बिरादरी से बाहर की सोच ही नहीं सकते हैं। शादी–ब्याह, जंम–मृत्यु, भजन–मंगल सब कुछ जाति पर निर्भर है। लेकिन प्रेमचंद इसी बिरादरी या जाति को तोड़ना चाहते हैं और व्यक्ति या मनुष्य के स्तर पर ऐसी चीजों को रखना चाहते हैं। डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल ने लिखा है–''सामाजिक रीति–रिवाज में जाति, धर्म और परंपरा वह ऊंची दीवार है जहां मानवता सदियों से बंदी है। कोई अछूत के नाम पर बहिष्कृत है और कोई वेश्या या पतित के नाम से।''[10] इस तरह ग्रामीण क्षेत्र में छुआछूत, ईर्ष्या, वर्ण–व्यवस्था, जमींदारी प्रथा, पारस्परिक वैमनस्य, ईर्ष्या, द्वेष, पुलिस व्यवस्था का अत्याचार, बेगार, अनमेल विवाह, मजदूर–किसानों आदि के प्रश्न गांवों में आज भी बना हुआ है। फिर भी प्रेमचंद ग्राम–समाज के जीवन एवं संस्कृति से जुड़ी ओ तमाम समस्याओं के समाधान के वास्ते कमोबेश मार्ग भी सुझाते हैं। वे जानते हैं कि मजदूर–किसान 'नरम चारा' हैं। किन्तु सम्पूर्ण आर्थिक–व्यवस्था किसान एवं मजदूरों पर ही टिका हुआ है। इसकी रक्षा के लिए प्रेमचंद निर्धनों, काश्तकारों और मजदूर–किसानों की पूर्ण अधिकार एवं स्वतंत्रता चाहते हैं। अस्पृश्यता की समस्या आज भी हमारे भारतीय समाज के मूल में है। गांधी, जैसे प्रतिरोधी शक्तियों के कई प्रयत्नों के बावजूद भी यह समस्या समाज को, विशेषकर गांव समाज को अंदर से खोखला कर रही थी। गांधी जी जानते थे कि बिना सामाजिक एकता के स्वतंत्रता की बात पूरी तरह से निरर्थक है। प्रेमचंद भी अपने साहित्य में इसी प्रकार के विचार रखते हैं। उन्होंने तथाकथित ऊंची जाति के लोगों के दुष्कर्मों का अत्यंत यथार्थवादी नजरिये से चित्रण किया है। कभी अपने चरित्रों के जरिये से और कभी खुद अपनी ही आवाज में वे सवर्ण या आभिजात्य वर्ग के पाखण्डों का पर्दाफाश करते हैं। प्रेमचंद की स्पष्ट मान्यता है कि ऊंची जाति के लोगों का नीची जाती के लोगों पर किसी भी प्रकार का अत्याचार किसी के लिए नैतिक अधिकार हो ही नहीं सकता। डॉ. एम.सी जोशी ने लिखा है–''इसीलिए प्रेमचंद ने बार–बार कहा है कि जब तक दलित वर्ग में प्रतिरोध की शक्ति नहीं पैदा होगी तब तक सामाजिक एकता की स्थापना सम्भव नहीं होगी।''[11]

प्रेमचंद की 'शूद्रा' नामक कहानी दलित जीवन की ज्वलंत समस्या से जुड़ी कहानी है। इस कहानी में गंगा और गौरा दो नारी पात्र हैं। दोनों में मां–बेटी का रिश्ता है। पड़ोस के गांव का मंगरू गौरा को पसंद करके विवाह कर लेता है। और बाद में गौरा की जाति को लेकर पश्छताप करता है। एक बार अपने बहनोई के द्वारा इस बारे में धिक्कार किये जाने के बाद मंगरू गौरा को छोड़ देता है। प्रेमचंद ने लिखा है–''जिस पुरूष को वह देव तुल्य समझती थी, उसके प्रेम से वंचित होकर वह कैसे जीवित रह सकती थी? यही प्रेम उसके जीवन का आधार था। उसे खोकर अब वह अपना सर्वस्व खो चुकी थी।''[12] किसी के अन्तर्मन को पढ़ने की भी पात्रता होनी चाहिए, मात्र आभिजात्य वर्ग में जंम लेने से ही पात्रता नहीं आ जाती है। शूद्र गौरा के मन पर संदेह का ऐसा आघात पहुंचता है कि वह आत्महत्या करने को मजबूर हो जाती है। इसी तरह 'सौभाग्य के कोड़े' कहानी की भंगी नथुवा राय साहब के घर झाड़ू–पोछा करता है। पर एक दिन रत्ना के पलंग पर लेटने की गुस्ताखी कर बैठता है। फलतः रायसाहब उसे हंटर से मारते हैं। प्रेमचंद लिखते हैं–'हंटर मंगवाकर रायसाहब ने नथुवा को खूब पीटा। बेचारा हाथ जोड़ता था, पैरों पड़ता था, ...हंटर हाथ से फेंक कर ठोकरों से मारने लगे। रत्ना ने यह रोना सुना तो दौड़ी हुई आई और समाचार सुनकर बोली, 'दादाजी, बेचारा मर जायेगा। अब इस पर दया कीजिए।''[13] इसके बाद नथुवा वहां से भाग जाता है। और उसे जीवन में सहयोग से उन्नति का अवसर मिलता है। फिर वहीं नथुवा रायसाहब के घर का जामाता बन जाता है। प्रेमचंद ने दलित जाति को कड़ी मेहनत के द्वारा विकास करने का भी संदेश दिया है। आगे कहानी 'आगा पीछा' में प्रेमचंद ने दलित समस्या, शोषण और अस्पृश्यता को न उठाते हुए खुद चमार युवक भगतराम को समाज की वेश्या उद्धार के लिए प्रयत्नशील बताया है। जिस प्रकार हमारे लिए नीची जाति अस्पृश्य होती है, ठीक उसी तरह दलित भी अपनी जाति या बिरादरी वाले के नजरिए से भिन्न जाति को कहीं–न–कहीं निम्न ही समझता है। दलितों के पीछड़ेपन का प्रमुख कारण अज्ञानता और अंधविश्वास भी रहा है। जब भगतराम बीमार पड़ता है तो वह डॉक्टर को बुलाने के बजाय तंत्र–मंत्र पर विश्वास कर वह देवता को मनाने की कोशिश करता है। प्रेमचंद ने लिखा है–''डॉक्टर बीमारी की दवा करता है कि

हवा–बयार की? बीमारी उन्हें कोई नहीं है, कुल के बाहर ब्याह करने ही से देवता लोग रूठ गये हैं।''[14] चूंकि प्रेमचंद दलितों में जन–जागरण लाने के लिए शिक्षा को आवश्यक मानते हैं। उनके विचार में शिक्षा से ही दलित समाज में सामाजिक चेतना का उन्मेष होगा। इसी प्रकार 'विध्वंस' कहानी हमारे समाज में हो रहे दमन के विरूद्ध एक संघर्ष की कहानी है। प्रस्तुत कहानी में अधिक पात्र चमार जाति के हैं। इसमें स्वतंत्रता के पहले जमींदारों और महाजनों के उत्पीड़न या अत्याचारों को बताया गया है। यहां तक कि गुस्से से बेकाबू जमींदार भुनगी द्वरा जमा किये गये पत्तियों में आग लगावा देता है। उदास भुनगी लंकादहन को देख न सकी और वह उसी अग्निकुंड में कूदकर अपनी जान दे देती है। कहानीकार ने यहां तत्कालीन समाज का यथार्थ चित्रण किया है। जमींदारी समाज का आतंक उस समय इतना रहा है कि दलित चाहकर भी उनकी अवज्ञा नहीं कर सकता था। दलित भुनगी जमींदार की गुलामी न कर स्वतंत्र रहना चाहती थी, पर जमींदार उसे गुलाम बनाये रखना चाहता है। प्रेमचंद इस गुलामपरस्ती जीवन के सख्त विरोधी हैं, और एक प्रगतिशील समाज के विकास में इस तरह की प्रवृत्ति को सिरे से खारिज कर देने के समर्थन में हैं।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि प्रेमचंद की दलित जीवन की कहानियां भले ही पूरी तरह से दलित जीवन से संबंधित न हों, परंतु दलित संवेदना की कहानियां जरूर कही जा सकती हैं। प्रेमचंद स्वयं ग्रामीण परिवेश से थे उन्होंने गरीब दलित लोगों की दशा और दुर्दशा को बहुत निकट से देखा था। इसलिए दलितों के प्रति उनके मन में घनीभूत संवेदना थी। और वे दलित समाज की अवस्था सुधार के लिए कहीं–न–कहीं वे अपने कथा साहित्य के माध्यम से पूरजोर कोशिश कर रहे थे। उनकी कहानियों में सभी पात्र पीड़ा, उपेक्षा को झेलते हुए वास्तविक जीवन की गहरी सच्चाइयों से रू–ब–रू होते हैं। इस तरह कहा जा सकता है कि प्रेमचंद ने संवेदना के धरातल पर निरीह, पीड़ित जातियों के लिए सामर्थ्य का भाव लाते हैं तथा सामाजिक–सांस्कृतिक स्तर पर इसको सुलझाने का रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रेमचंद एक सफल कथाकार हैं।

संदर्भ–सूची :–

1. प्रेमचंद, ठाकुर का कुआँ, 'भारतीय दलित जीवन की कहानियाँ' संस्करण 2011, कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, पृ. 10।
2. वही, पृ. 11।
3. गोयनका, कमल किशोर, प्रेमचंद, संस्करण 2016, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, पृ. 60–61।
4. प्रेमचंद, 'दूध का दाम,' भारतीय दलित जीवन की कहानियाँ, संस्करण 2011, कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, पृ. 13।
5. वही, 'सद्गति', पृ. 48।
6. वही, पूस की रात, पृ. 72।
7. वही, 'कफन', पृ. 147–148।
8. वही, 'मंदिर' पृ. 55।
9. वही, घासवाली, पृ. 168।
10. लाल, लक्ष्मीनारायण (डॉ.), कहानीकार प्रेमचंद, प्रेमचंद' सत्येन्द्र (सं.), संस्करण : 1989, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., नयी दिल्ली, कुल पृ. 123–136, पृ.132।
11. जोशी, एम,सी.(डॉ.), कहानीकार प्रेमचंद : एक पुनर्मूल्यांकन, संस्करण 1999, अभिव्यक्ति प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ. 13।
12. प्रेमचंद, 'शूद्रा,' भारतीय दलित जीवन की कहानियाँ, संस्करण 2011, कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, पृ. 39।
13. वही, 'सौभाग्य के कोड़े' पृ. 155।
14. वही, 'आगा–पीछा', पृ. 142।

हानूश : एक कलाकार की मर्मांतक पीड़ा

मिथिलेश कुमार मिश्र*

भीष्म साहनी मूलतः कथाकार है और नाट्य लेखन के क्षेत्र में उनका पहला नाटक 'हानूश' एक ऐसा सशक्त प्रयास है जो भीष्म साहनी की प्रतिभा को रेखांकित करता है। इसकी पहली प्रस्तुति का ही दिल्ली में जैसा स्वागत हुआ वह हिंदी के रंगमंच के इतिहास की एक उपलब्धि है। यह नाटक ऐतिहासिक नाटक नहीं है और न ही इसका अभिप्राय घड़ियों के आविष्कार की कहानी कहना है। कथानक के दो–एक तथ्यों को छोड़कर लगभग सभी कुछ काल्पनिक है।

"'हानूश' को पहली बार दिल्ली के दर्शकों के सामने 'श्री राम सेंटर फॉर आर्ट्स एंड कल्चर द्वारा' आयोजित प्रथम राष्ट्रीय समारोह के अवसर पर १८–१६ फरवरी १६७७ की पेश किया गया। इसका निर्देशन 'अभियान' के सुयोग्य डायरेक्टर श्री राजेन्द्र नाथ द्वारा किया गया। नाटक एक मानवीय स्थिति को मध्य–युगीन परिप्रेक्ष्य में दिखाने का प्रयास मात्र है।"01

चेकोस्लोवाकिया की राजधानी प्राग में आज से लगभग पाँच सौ साल पहले ताले बनाने वाले एक सामान्य मिस्त्री के दिमाग में घड़ी बनाने का भूत सवार हुआ। घर के हालात भी ठीक न थे। परिवार में पत्नी काव्या जो सदैव से जीवन की विषम परिस्थितियों में रही फटेहाल में भी वह आत्मविश्वास और साहसपूर्ण अवयवों से जीवन को जी रही थी। पुत्री यांनका पिता की तरह स्वच्छंद और बेजोड़ गुणों से युक्त और पिता को कभी भी तुच्छता का एहसास नहीं कराया सदैव सबल रहकर उस निर्बल रहकर उस निर्बल पुरूष को साहस प्रदान किया। अनेकानेक विषम परिस्थितियों में लगातार हानूश अपनी धुन में मग्न रहा उसे सिर्फ और सिर्फ घड़ी का स्वपन ही दिखता जो कभी–कभी टिक–टिक करती और बन्द हो जाती है। कभी सफलता तो भी विफलता मिलती रहती। प्रोत्साहन के रूप में हानूश का पादरी भाई बूढ़ा लोहार, एमिल, जेकब सभी ने सहयोग किया। अकिंचन मनुष्य को बाहरी सहारा तो पग–पग पर मिला पर जो सहारा उसे मिलना चाहिए था पत्नी का वह उसे न मिल सका। इसमें उसकी पत्नी का भी दोष नही है, कौन ऐसी पत्नी होगी कि नही चाहेगी कि हमारे पति आगे बढ़े किन्तु निर्धनता कुछ भी करा सकती है। इन सब समस्याओं को झेलते–झेलते एक दिन घड़ी का प्रयोग सफल हो गया जिसे बनने में लगभग सत्रह साल लग गये। चेकोस्लोवाकिया की पहली घड़ी बनने में कामयाब हुयी, जो कि नगर पालिका के मीनार पर लगायी गयी, नगर पालिका की दीवार पर लगाने में भी काफी षड़यंत्र रचा गया।

इतनी बड़ी सफलता के बाद उस कलाकार को क्या मिला? हाँलाकि उसने तो कभी भी यह सोंचा न था कि वह जो घड़ी बनायेगा वह पुरस्कार के योग्य होगा, यह तो घड़ी बनने के बाद लोगों से उसे प्रतीत होने लगा काव्या (हानूश की पत्नी) द्वारा कही गयी एक बात सटीक बैठती है कि यहाँ पर– "सियाने यह कह गये कि जो अतीत से सबक हासिल नहीं करता वह वर्तमान में भी अन्धा और भविष्य में भी अन्धा बना रहता है। कलाकार तो तालियों की गड़गड़ाहट से खुश हो जाता है उसे तो और चीजों की इच्छा नही होती। क्या कलाकार को उसकी आँखों निकलवाने के अतिरिक्त दूसरा पुरस्कार नहीं दिया जा सकता था? क्या उसका यह सोचना गलत था कि मैं कुछ अनूठा या कुछ अलग करूँ जिससे मेरा और मेरे देश का नाम हो। यह गलत है? इस तरह का उदाहरण न केवल हानूश है बल्कि इस तरह के कई उदाहरण हैं। जिसे पाठक आज के समय में भी देख और सुन रहे हैं। इसी तरह का पुरस्कार आगरा के ताज महल को बनाने वाले शिल्पकारों को भी मिला और उन लोगों को भी पुरस्कार के रूप में अपना हाथ खोना पड़ा। हमें यह कहने में रंचमात्र का भी खेद नही हो रहा है कि यदि आप अनूठा या कुछ अच्छा कार्य करेंगे जिससे आपका और आपके देश का नाम होगा तो निश्चय ही आपको भी इसी तरह का कोई विशेष पुरस्कार जरूर मिलेगा। मैं तो कह सकता हूँ कि आज हमारा भारत विकासशील है तो इसका एक प्रमुख कारण ये भी है यदि ऐसा न होता तो शायद न जाने कितने ऐसे और ताजमहल बने होते और न जाने कितनी घड़ियाँ बनी होतीं।

---

* **शोध–छात्र, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, वड़ोदरा, गुजरात 390024।**

कहीं पर कलाकार की तो कहीं पर उसके कला का विरोध होता ही आया है। इसी तरह का एक उदाहरण जगदीश चंद्र माथुर के कोणार्क(१६५६) का भी है "जिसमें विशु एक शिल्पी ही रहना चाहता है, वह शासन के मामले में नहीं पड़ना चाहता किन्तु पुत्र धर्मपद उसका प्रतिवाद करता है और राजसत्ता के विरोध में सक्रिय होता है। कोणार्क के ध्वंस के साथ राजमद ध्वस्त हो जाता है। कला का सम्मोहन टूट जाता है।"03

हानूश में वास्तव में कलाकार के सम्पूर्ण गुण थे और हुनर किसी भी मनुष्य को हुनर मंद बनाता है। जब हम अपना सब कुछ त्यागकर किसी कार्य के पीछे लगते है तो हमें उससे बड़ी उम्मीद होती है कि मेरी मेहनत एक दिन रंग लायेगी। कर्म करना तो हमारा अधिकार है। रामचरितमानस में भी लिखा गया है : "कर्म प्रधान विश्व करि राखा" परन्तु जब सच्चाई को टटोलते हैं तो इसका परिणाम कुछ और मिलता है। इसे भारत की कुप्रथा ही कह सकते हैं कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है। उसकी (हानूश) वैवाहिक स्थिति बेहद लचर थी फिर भी वह एक सनक की तरह अपनी आपबीती भुलाकर बस अपने घड़ी बनाने में खोया रहता था। हालाँकि घड़ी तो बनी और संसार की सबसे अनूठी, बेजोड़ और अद्वितीय विलक्षण घड़ी बनी। घड़ी के तो अच्छे दिन आ गये कि वह टिक–टिक करने लगी परन्तु उस कलाकार की घड़ी उसी समय से बदल गयी। बदलाव हुआ समय ने करवट ली लोगों में उसकी एक अलग जगह बन गयी पर कैसे। वह एक दर्द भरी पीड़ा का कराह लेकर आयी जिसकी कल्पना शायद कोई न करे। कुछ समय के लिए हानूश सब ओठों पर छा गया जहाँ देखो वहाँ हानूश की ही चर्चा थी परन्तु राजसत्ता ने उसके पूरे भविष्य को अंधकारमय बना दिया। राजा ने पुरस्कार स्वरूप उसकी आँखे ही निकलवा ली ताकि वह उस जैसी या उससे अच्छी घड़ी न बना सके। आखिरकार एक कलाकार को ऐसा प्रोत्साहन जो अब अपने जिंदगी से ही डरता हुआ जीता है। वह भी कैसा जीवन जो उसके बज रही समय की घन्टी पर टिकी रहती है।

उसने सबके लिए समय बना दिया।
सबने मिलकर उसका समय ही बिगाड़ दिया।

'हानूश' के माध्यम से भीष्म साहनी ने एक ओर कलाकार की अदम्य अकुलाहट और उसकी निरीहता को उजागर किया तो दूसरी ओर धर्म और सत्ता के गठबंधन के साथ सामाजिक शक्तियों के संघर्ष को मार्मिक अभिव्यक्ति दी है। कलाकार के आमूल बनावों का अंकन हानूश की एक उपलब्धि है जो आज भी उतना ही सच है। जितना की पाँच शताब्दी पहले था।

मिलता रहा यदि इस तरह का पुरस्कार जमाने में।
तो कोई न बन पायेगा कलाकार इस महफिल को सजाने में।।

सन्दर्भ–सूची :–

1. हानूश– भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ संख्या – ०७।
2. वहीं।
3. हिन्दी गद्य विकास– आ. रामचंद्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ संख्या– ३६६।

अशोक का धम्म

डॉ. अमित दूबे*

देवानाम प्रियदर्शी राजा अशोक भारतीय इतिहास का ऐसा इकलौता शासक था जिसने अपने अभिलेखों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के सम्मुख जनकल्याण, धम्मघोष एवं जनता के नैतिक स्तर को सुधारने का आदर्श रखा। उसके शासनकाल में भारतवर्ष ने अभूतपूर्व राजनीतिक एकता एवं स्थायित्व का साक्षात्कार किया था जिस समय उसने कलिंग विजय की थी, उसके पास असीम साधन एवं शक्ति थी, यदि वह चाहता तो उस शक्ति को सिकन्दर की भांति विश्व विजय के कार्य में लगा सकता था, परन्तु उसका तथाकथित कठोर एवं निर्दयी हृदय कोमल हो मानव कल्याण के लिए द्रवित हो उठा और वह शक्ति की पराकाष्ठा पर पहुँचकर विजय के कार्यों से मुख मोड़कर, धर्म विजय के कार्य में संलग्न हो गया।

अशोक अपने द्वारा प्रचलित धर्मानुशासन हेतु प्रजा पर किसी भी प्रकार बल प्रयोग नहीं करता, अपितु एक प्रजावत्सल शासक के रूप में देश के नागरिकों को सभ्य एवं नैतिक आदर्शों के माध्यम से सुसंस्कृत करने का प्रयास करता है। प्रस्तुत अभिलेखों के माध्यम से अशोक अपने राज्य अथवा समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने हेतु ही अपने धम्म का उद्घोष करने का सफल प्रयत्न करता है। उदाहरणस्वरूप अशोक अपने प्रथम शिलालेख में अपनी व्यथा प्रकट करता हुआ, प्रस्तुत होता है–

''बहुका हि दोषा समाजसा पसति देवानं प्रिये प्रियदसि लाजा दखति।[1]

अर्थात् देवताओं का प्रियदर्शी राजा समाज में अनेक दोषों को देखता है। इसके अतिरिक्त माता–पिता की सेवा, गुरु–मित्रों, ब्राह्मणों, श्रमणों वृद्धों की सेवा, दास–भृत्यों के प्रति उचित व्यवहार हेतु बार–बार अपने शिलालेखों में निर्देश देता है। यथा– तृतीय, चतुर्थ, पाँचवें, आठवें, नवें, एकादश, त्रयोदश शिलालेख। अतः स्पष्ट है कि समाज में व्याप्त इन विसंगतियों के वह अत्यन्त व्यथित था। किन्तु अपने कन्धार के लघुशिलालेख में वह अभिषेक के दस वर्ष पूर्ण होने पर अपने धम्म के सफल होने की सूचना देता है।

अशोक भारत का प्रथम शासक था जिसके सर्वप्रथम अभिलेख हमें प्राप्त होते हैं और वह भी इतनी बड़ी संख्या में जितने कि किसी भी प्राचीन भारतीय नरेशों के नहीं मिलते हैं। यहाँ प्रश्न यह उठता है कि अशोक ने इतनी बड़ी संख्या में लेख क्यों लिखवाएँ? अगर इस पर ध्यानपूर्वक विचार किया जाए तो ज्ञात होता है कि अशोक के अधिकांश प्रमुख शिलालेख (चतुर्दश शिलालेख) उसके साम्राज्य की सीमाओं पर स्थित हैं जिसका उद्देश्य निश्चय ही अशोक के साम्राज्य का सीमा निर्धारण रहा होगा अथवा लेख उत्कीर्ण करवाने का मुख्य कारण धम्म प्रचार द्वारा शान्ति स्थापना रहा होगा। अशोक ने अपने सिद्धान्तों, विचारों एवं नैतिकता को धम्म का जामा पहनाकर अभिलेखों के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया। अभिलेखों ने अशोक को अपने धम्म की व्याख्या करने का सुयोग दिया।

अशोक के धम्म से क्या अभिप्राय था? क्या वह किसी सम्प्रदाय विशेष के सर्वसम्मत सिद्धान्त था? इसकी जानकारी उसके शिलालेखों एवं स्तम्भ लेखों से स्पष्ट हो जाती है। वह स्वयं अपने द्वितीय स्तम्भलेख में कहता है कि **''कियं चु धम्मेति''**[2] उसका प्रत्युत्तर उसने द्वितीय एवं सातवें स्तम्भलेख से देता है। **''अपासिनवे बहुकयाने दयादाने सचे सोचये''**[3]। कम से कम पाप, अत्यधिक कल्याण, दया, दान, सत्यता, पवित्रता, मृदुता तथा ये छः तत्व हैं जो कि अशोक के धम्म को परिभाषित करते हैं। इसके अतिरिक्त उसके शिलालेखों से स्पष्ट यह है कि ''धर्म वह है जिसमें दास के प्रति उचित व्यवहार किया जाय, माता–पिता की

***असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, आर्य महिला पी0जी0 कॉलेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।**

सेवा की जाय, रिश्तेदार श्रमण और ब्राह्मणों को दान दिया जाय और प्राणियों के प्रति हिंसा न की जाय।[4] इस प्रकार से देखें तो अर्थात् अशोक के धम्म का अभिप्राय, नैतिक आचार के सर्वसम्मत नियमों से था।

अशोक के धम्मविजय के दो प्रश्न थे, एक निषेधात्मक जिसमें आक्रामक सैन्यवाद को त्यागने और शस्त्र प्रयोग के समय भी सहनशीलता एवं संयम से काम लेने की भावना निहित थी और दूसरा सकारात्मक पक्ष जिसमें द्वितीय शिलालेख, सप्तम स्तम्भलेख व रानी के लेख आदि में परिभाषित जनहित के कार्यों को करने एवं धर्म प्रचार के लिए दूत भेजने पर बल दिया गया था।[5] द्वितीय शिलालेख में उल्लेखित है कि अशोक ने पशु और मनुष्यों की चिकित्सा की व्यवस्था न केवल अपने राज्य में, अपितु अपने सीमावर्ती राज्यों में भी कराया था। औषधियों से सम्बन्ध रखने वाले वृक्ष, मूल तथा फल भी लगाये गए थे। साथ ही साथ सड़कों पर उसने पानी–पीने हेतु कुएँ खुदवाएँ एवं छायादार वृक्ष लगवाएं[6], जो कि अशोक के 'पूर्त धर्म' के प्रति अत्यधिक रूझान को स्पष्ट करता है। द्वितीय शिलालेख द्वारा राजा अशोक के पर्यावरण व परिस्थिति तन्त्र को सन्तुलित बनाये रखने एवं यात्रियों के सुविधा हेतु प्रबन्ध करने का भी ज्ञान कराता है, जो कि आज के समय में एक विकट समस्या के रूप में प्रस्तुत है।

अशोक द्वारा शासन सम्बन्धी कार्यों के लिए नियुक्त राज्य के युक्त, राजुक और प्रादेशिक को यह आदेश जारी किया जाता है कि वे प्रत्येक पाँच वर्ष पर धर्मानुशासन के निहितार्थ दौरा करें। साथ ही नियुक्त अधिकारियों के लापरवाह न होते हुए उनके जाँच के लिए एक परिषद् का भी निर्माण भी करता है जिसकी सूचना तृतीय शिलालेख से प्राप्त होती है।[7] पाँचवें शिलालेख से ज्ञात होता है कि अशोक ने धर्ममहामात्र की नियुक्ति, सभी धार्मिक सम्प्रदायों के धर्मानुशासन, धर्माधिष्ठान और धर्मवृद्धि के लिए की थी। इनके अधीन धर्मायुक्त नामक एक दूसरे अधिकारी की नियुक्ति की जाने की बात भी इस शिलालेख से परिलक्षित होती है।[7] धर्मयुक्तों की नियुक्ति अशोक ने पाटलिपुत्र तथा अन्यत्र अपने भाई–बहनों सम्बन्धियों के घरों में नौकरों, स्वामियों, ब्राह्मणों, वैश्यों, अनाथों व वृद्धों के मध्य तथा कतिपय निवासियों के मध्य भी की थी। छठे शिलालेख[8] से ज्ञात होता है कि प्रजा की फरियाद राजा तक सीधे नहीं पहुँचती थी, अर्थात् एक निश्चित समय में ही राजा–प्रजा की फरियाद सुनता था। इस घोषणा द्वारा अशोक ने प्रत्येक समय प्रजा का प्रतिवेदन सुनने का निश्चय किया तथा अधिकारियों को आदेश दिया कि वह जहाँ भी हो, जिस अवस्था में हो, उस तक जनता की फरियाद पहुँचायी जाय। साथ ही राजा की घोषणा को अनन्तिम न समझा जाय, यदि परिषद् पुनर्विचार की आवश्यकता अनुभव करे तो इस बात की सूचना उसे तत्काल, वह जहाँ भी हो, जिस अवस्था में हो दिया जाय। शिलालेख के उत्तरांश में अशोक सर्वलोकहित को अपना कर्तव्य माना है। साथ ही वह मानता है, कि सभी लोग पराक्रम के माध्यम से जीवधारियों के ऋण से मुक्त होवें, जिससे लोगों को इहलौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार के सुखों की प्राप्ति हो।

नवम् शिलालेखों में अशोक मांगलिक कार्यों के प्रति प्रजाजनों को विमुख होने का आग्रह करता है। उसका मत है कि बीमारी, न्योते, विवाह, पुत्रजन्म, परदेश जाने, स्त्रियों द्वारा किये जाने वाले मंगल कार्य अल्पफल देने वाले हैं। अतः उन्हें महाफल देने वाले धर्म मंगल कार्यों की तरफ उन्मुख होना चाहिये तथा इसके लिए पिता, पुत्र, माता, स्वामी, मित्र परिचित सभी प्रेरित किया जाना चाहिए।

राजा अशोक अपने द्वादश शिलालेख में सभी सम्प्रदायों की सारवृद्धि व समन्वय पर विचार देते हुए कहता है कि ''देवानामप्रिय प्रियदर्शी राजा सब धार्मिक सम्प्रदायों के प्रव्रजितों और गृहस्थों को पूजते हैं, दान और विविध प्रकार की पूजा द्वारा पूजते हैं। किन्तु देवानांप्रिय दान व पूजा को उतना नहीं मानते, जितना किसको? इसको कि सब सम्प्रदायों में सारवृद्धि होवे। सारवृद्धि अनेक प्रकार की होती है। उसका मूल है वचन का गोपन अर्थात् वाक् संयम। कैसे? अपने समप्रदाय की प्रशंसा और दूसरों के सम्प्रदाय की निन्दा, अनुचित अवसरों पर नहीं होनी चाहिए। थोड़ी हो किसी–किसी उचित अवसर पर। ऐसा करता हुआ मनुष्य अपने सम्प्रदाय को न केवल क्षीण करता है बल्कि दूसरों के सम्प्रदाय का भी अपकार करता है। वह जो कोई अपने सम्प्रदाय की प्रशंसा करता है और दूसरों के सम्प्रदाय की निन्दा, सब अपने सम्प्रदाय के प्रति भक्ति के कारण ही करता है। यह कैसे? 'ताकि अपने सम्प्रदाय की दीपन किया जाय।' अर्थात् अपने

सम्प्रदाय की उन्नति की जाय। और वह पुनः ऐसा करता हुआ अपने सम्प्रदाय की अत्यधिक हानि करता है। इसलिए समन्वय अर्थात् मेलजोल ही शुभ है। कैसे? दूसरों के धर्म को सुनना और सुनाना चाहिए। देवानांप्रिय की ऐसी इच्छा है। कैसी? कि सब सम्प्रदाय बहुश्रुत और कल्याणकारी सिद्धान्त वाले बने और वे जो अपने–अपने सम्प्रदाय में अनुरक्त हों, उनके द्वारा जो कहा जाय, 'देवानांप्रिय दान व पूजा को उतना नहीं मानते जितना किसे? जितना कि सभी सम्प्रदायों में सारवृद्धि होवें। इस प्रयोजन के लिए बहुत से धर्ममहामात्र और स्त्रीध्यक्ष महामात्र और व्रजभूमिक और अन्य अधिकारी वर्ग नियुक्त हैं। इसका यह फल है कि इससे अपने सम्प्रदाय की वृद्धि और धर्म का दीपन होता है।[9]

तेरहवें शिलालेख से स्पष्ट है कि कलिंग युद्ध में हुए भीषण नर–संहार एवं जन–धन के विनाश से अनुतापित होकर उसने सुदूर दक्षिण के चोल, पाण्ड्य, केरल, सतियपुत्र और ताम्रपर्णी राज्यों पर शस्त्र विजय के स्थान पर धम्म विजय का प्रयास करता है। यहाँ यह विचारणीय प्रश्न है कि अशोक को कलिंग राज्य में पृथक शिला प्रज्ञापन लेख लिखवाने की आवश्यकता ही क्यों पड़ी? इस सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है कि चूंकि अशोक द्वारा कलिंग विजय के प्रयास में इस क्षेत्र के बहुत सारे व्यक्तियों की हत्या, अपहरण, बन्दी बनाने का कार्य किया जाता है, अतः इस क्षेत्र के लोग उस करूण–वेदना से पुनः आहत न हो, इसलिए इस क्षेत्र में शान्ति हेतु अलग–अलग शिला–प्रज्ञापन लिखवाए जाने पर अशोक ने बल दिया होगा और यही कारण था कि धौली, जौगढ़ व सन्नति में पृथक शिलालेखों में वहाँ के प्रजाजनों को यह संदेश देने का प्रयास करता है कि ''सभी मनुष्य उसकी सन्तान हैं।''[10]

इस प्रकार हम देखते हैं कि अशोक न केवल महान, पराक्रमी शासक था, अपितु वह अपने तत्कालीन समय में एक समाज–सुधारक के रूप में दिखाई देता है। जहाँ कौटिल्य अपने स्वरचित ग्रन्थ अर्थशास्त्र में अर्थदण्ड के माध्यम से समाज के दोषों को दूर करने का प्रयत्न करता है, वहीं दूसरी ओर अशोक अपने धम्म के माध्यम से समाज में नैतिक आदर्श को स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। एक शासक के कर्तव्य और उसके उत्तरदायित्व सम्बन्धी अवधारणा, अपने नैतिक आदर्श रूपी धर्मानुशासन को आगे बढ़ाने हेतु प्रबल पराक्रम और उसे सफल बनाने की क्षमता हेतु राजा अशोक अत्यधिक प्रशंसनीय है। वह इस विचार को भली–भांति समझता था कि सम्प्रदायों के समन्वय स्थापित होने से प्रत्येक सम्प्रदाय के जनों में एक–दूसरे के प्रति प्रेम–भावना का विकास होगा, तथा इस दृष्टि से देश का विकास एवं शान्तियुक्त समाज का निर्माण हो सकेंगा। अतः हम यह कह सकते हैं कि अशोक किसी विशेष नियमों और संकल्पों को केवल दिखाने हेतु पालन नहीं किया अपितु उसने उन तथ्यों को प्रकाश में लाया जो मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं तथा जिसमें वास्तविक चरित्र के बीज निहित रहते हैं, जिन्हें समस्त मानवता पर लागू किया जा सकता है। वास्तव में राजा अशोक द्वारा नैतिकता को स्थापित करना ही उसका मुख्य धम्म था, जिसके लिए वह सदैव भारतीय इतिहास में स्मरणीय रहेगा।

संदर्भ सूची :–

1. गोयल, श्रीराम, प्राचीन भारतीय अभिलेख संग्रह, पृ0 31
2. हुल्ज. ई0 : कार्पस इन्स्क्रिप्सन इण्डिकेरम् वाल्यूम I, (इन्स्क्रिप्सन ऑफ अशोक), इण्डोलाजिकल बुक हाउस स, न्यू दिल्ली, 1969, पृ0 120
3. गोयल, श्रीराम : प्राचीन भारतीय अभिलेख संग्रह, पृ0 96
4. वही, पृ0 107
5. वही, पृ0 68
6. हुल्ज. ई0 : कार्पस इन्स्क्रिप्सन इण्डिकेरम् वाल्यूम I, (इन्स्क्रिप्सन ऑफ अशोक), इण्डोलाजिकल बुक हाउस स, न्यू दिल्ली, 1969, पृ0 2
7. वही, पृ0 9
8. वही, पृ0 11
9. गोयल, श्रीराम : प्राचीन भारतीय अभिलेख संग्रह, पृ0 59–60
10. वही, पृ0 72

गुर्जर-प्रतिहार अभिलेखों में वर्णित मंदिर-स्थापत्य

प्रवीण पाण्डेय *

गुर्जर–प्रतिहार कला के अवशेष हरियाणा और मध्य भारत के एक विशाल क्षेत्र में, जिसमें सम्पूर्ण उ0प्र0 तथा हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के आंशिक भू–भाग सम्मिलित है, उपलब्ध है। प्रतिहारों द्वारा निर्मित मंदिर स्थापत्य और कला की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अलंकरण शैली है। जिसमें सज्जा और निर्माण शैली का पूर्ण समन्वय प्रदर्शित हुआ है। अनेक मंदिरों और मूर्तियों का पता चलना प्रतिहारों की सांस्कृतिक अभिरूचि को दर्शाता है। मानव शरीर भक्ति का माध्यम है इसलिए हिन्दू मंदिरों की बनावट मानव शरीर के अंगों के समान ही रची गई है जैसे– पैर, जघां, ग्रीवा, नासुका, शिखर इत्यादि जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में आत्मा का वास होता है उसी प्रकार मंदिरों के गर्भगृह में भगवान की मूर्ति रखकर मंदिरों को एक जीवित आस्था का केन्द्र माना जाता है।[1] प्रतिहारों के मंदिर भी इस भावना से अलग न थे। अपने पूर्ण विकसित रूप में प्रतिहार मंदिरों में मुखमण्डप, अन्तराल और गर्भगृह के अतिरिक्त अत्यधिक अलंकृत अधिष्ठान, जंघा और शिखर होते है। विभिन्न स्थानों से प्राप्त प्रतिहार कालीन मंदिर इस प्रकार है–

देवगढ़ (मंदिर संख्या 12) देवगढ़ उ0प्र0 के ललितपुर जिले में स्थित है। यह स्थान गुप्तकालीन दशावतार मंदिर के उत्कृष्ठ कला और स्थापत्य के लिए विख्यात है। यह इस क्षेत्र में पर्वत अधीलिका पर निर्मित है। निर्माण योजना में यह पश्चिमाभिमुख मंदिर है। इसमें अर्द्धमण्डप, अन्तराल तथा गर्भगृह है। वेदी वध में खुर, लतापत्र तथा ताड़पत्र से अलंकृत कुंभ तथा चैत्य से अलंकृत कलश बंधनों का समावेश है वर्तमान में यह पंचायतन शैली का अच्छा प्रासाद है।[2] यहां हिन्दू और जैन दोनों प्रकार के मंदिरो का निर्माण किया गया है। यहां पर प्राप्त अभिलेखिक साक्ष्य से प्रमाणित होता है कि यहां कन्नौज के गुर्जर प्रतिहारों का शासन था और उन्होंने यहीं के मंदिर निर्माण में उत्कृष्ट सहयोग दिया था। भोज के ग्वालियर अभिलेख में इसे लुअच्छगिरि कहा गया है।[3] यहां का शान्तिनाथ मंदिर और कुरैयाबीर का मंदिर प्रतिहार काल में निर्मित हुआ।

देवगढ़ (मंदिर क्रमांक 15) मंदिर में उत्कीर्ण अलंकरण के अभिप्रायों से प्रतीत होता है कि यह मंदिर देवगढ़ स्थित मंदिरो में सर्वश्रेष्ठ है। मंडप में 4 स्तम्भ और 12 स्तंभिकाए है। प्रदक्षिणापथ होने के कारण यह सांधार प्रासाद है। गर्भगृह की सज्जा तथा उसमें स्थित मूर्तियां अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। अन्तर्विन्यास में यह दशावतार मंदिर (देवगढ़) से साम्य रखता है।

रामेश्वर मंदिर (अमरौल) अमरौल ग्राम ग्वालियर से 30 कि0मी0 दक्षिण में स्थित है। यह स्थान प्रतिहार कालीन मंदिरों और उनके अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है। पंचरथ निर्माण योजना में निर्मित इस देवालय में गर्भगृह तथा अतंराल है। शिखर शंक्वाकार है। मंदिर का गर्भगृह वर्गाकार व सादा है। गर्भगृह का वितान पुष्प निर्मित वर्तुल के मध्य कमल पुष्प उत्कीर्ण कर बनाया गया है। कृष्णदेव[4] के मतानुसार यह मंदिर तेली के मंदिर का पूर्ववर्ती है तथा इसके निर्माण की संभावित तिथि 8वीं श0 ई0 हो सकती है।

मालादेवी मंदिर (ग्यारसपुर) यह स्थान विदिशा के 85 किमी0 उत्तर पूर्व में स्थित है। यहाँ ग्राम के चारो ओर बिखरें पुरावशेषों से इसकी प्राचीनता का बोध होता है। इस अवशेषों में मालादेवी का मंदिर सबसे बड़ा है जो एक रमणीय पहाड़ी के स्थान पर है। निर्माण योजना में गर्भगृह त्रिरथ तथा शिखर पंचरथयुक्त है यह सांधार प्रासाद है।[5] गर्भगृह में तीन जिन प्रतिमाएं है किन्तु कोई भी प्रतिमा मूलनायक की नही है। इसी प्रकार ललाटबिम्ब में भी किसी प्रतिमा का अभाव है। अतः यह मंदिर किसी तीर्थंकर को समर्पित था, निर्धारित करना कठिन है। माता देवी मंदिर, योजना में पूर्ण विकसित है, इसमें मुखमण्डल, मण्डप, अन्तराल, गर्भगृह और आन्तरिक प्रदक्षिणा पथ है। इसका निर्माण काल 900 ई0 निर्धारित किया गया है।

*** शोध छात्र, डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, बी0एच0यू0, वाराणसी।**

ग्वालियर चतुर्भुज मंदिर यह एकाश्म चट्टान को काटकर बना हुआ मंदिर ग्वालियर दुर्ग के पूर्वी भाग में स्थित है। इसका निर्माण प्रतिहार राजा भोज के समय ग्वालियर दुर्ग के कोट्टपाल अल्ता द्वारा करवाया गया था।[6] यह विष्णु मंदिर है। सम्पूर्ण मंदिर शैलोत्कीर्ण है। इसमें मंदिर स्थापत्य के प्रायः सभी अंगों का समायोजन है इस प्रकार शैलोत्कीर्ण मंदिर होते हुए भी यह पहाड़ी से बिल्कुल अलग है। इसमें शिखर तथा अलंकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। वितान में पूर्ण विकसित कमल का फूल उत्कीर्ण है जिस पर स्थानक विष्णु की प्रतिमा स्थापित है। गर्भगृह की दाहिनी दीवार में प्रतिहार राजा भोज के समय के दो अभिलेख उत्कीर्ण है, अभिलेख में मंदिर के निर्माण की तिथि 850 ई0 उत्कीर्ण है।[7]

तेली का मंदिर (ग्वालियर) तेली का मंदिर ग्वालियर दुर्ग में पूर्वाभिमुख स्थित है। प्रतिहार शैली का भव्य मंदिर होने के साथ ही स्वरूप में यह अपवादात्मक है।[8] ऊँची जगती पर स्थित देवालय में आयताकार गर्भगृह, मंडप और अंतराल है। एक सादे किन्तु वृहद बंधन के ऊपर मंदिर का वेदिबंध आधारित है। जंघा में प्रत्येक दिशा में दीर्घीकृत चैत्य से युक्त तीन–तीन देवकोष्ठ है। शिखर भाग द्वितल है। मंदिर निर्माण नागर शैली का है। इसका निर्माण काल 850 ई0 प्रतीत होता है। आयताकार पंचरथ मंदिर में गर्भगृह अन्तराल और एक विशाल प्रवेशद्वार है। ललाटबिम्ब पर उड़ते हुए गरुड़ का अंकन है किन्तु मंदिर की भित्तियों पर शैव परिवार के देवी देवताओं की प्रमुखता है। मंडप चार स्तम्भों पर आधारित है। मंडप के उपर की धरणी में कृष्ण लीला व नीचे की धरणी में कपिशीर्षक अलंकरण से अलंकृत है।

शिवदेवालय (तेरही) यह स्थान शिवपुरी के रनोद नगर से 10 किमी0 दक्षिण–पूर्व में है। पंचरथ निर्माण योजना में निर्मित इस मंदिर में मंडप, अतंराल, गर्भगृह है। खोखई नामक शैवमठ में अंकित अभिलेख में इसका नाम तेरम्बि बताया गया है।[9] इस अभिलेख से ज्ञात होता है कि तेरही, रनोद (प्राचीन रणिपद) और कदम्बगुहा शैवमत के गढ़ थे जिसके अवशेष आज भी विधमान है। तेरही की शिवमंदिर शैवमठ के निकट है और स्थानीय जनों में गढ़ी के नाम से विख्यात है।

नरेसर नरेसर समूह के प्रतिहारकालीन मंदिर म0प्र0 के ग्वालियर जिला मुख्यालय से 25 कि0मी0 उत्तर पूर्व में नरेसर घाटी में स्थित है। अभिलेखों में इसका प्राचीन नाम नलेश्वर था।[10] यहां के सरोवर के निकट एक मंदिर समूह है इन मंदिरों की निम्नांकित विशेषताएं है–

1. सभी मंदिर पंचरथ प्रकार के है। इनमें गर्भगृह और प्रवेशद्वार के मध्य अन्तराल की व्यवस्था की गई है।
2. इनके साधारण अधिष्ठान में खुर, कुंभ, कलश, कपोतिका का निर्माण किया गया है।
3. जंघा के ऊपरी भाग पर चारो ओर घण्टमाला अभिप्राय है।
4. वराण्डिका में दोहरी कपोतिका है।
5. मंदिरो के शिखर स्थूल है, जो तीन या चार भूमिओं में विभक्त है।
6. प्रवेशद्वारा में प्रायः चार शाखाएं है।
7. किसी भी मंदिर में मुखमण्डप नहीं है।

बटेश्वर महादेव देवालय (मुरैना) पंचरथ निर्माण योजना में निर्मित इस देवालय में अंतराल और गर्भगृह है। वेदिबंध में खुर, कुंभ तथा कलश बंधनों का समावेश है। जघां अन्य देवालयों की अपेक्षा अधिक ऊँचा है। पंचाण्डक शिखर के मध्य में चैत्य अलंकरण है। चौकोर शिलाखण्ड के ऊपर स्थित आमलसार पर कलश स्थापित है। नंदिनी द्वार में लतापत्र, खल्व, पुष्प, घटपल्लव तथा पुनः लतापत्र युक्त शाखांए है। यही गंगा, यमुना, नाग–नागी सहित प्रदर्शित है। ललाटबिम्ब में आकाशचारी गरूड़ है। चन्द्रशिला में कमलपुष्प सहित दो सिंह उत्कीर्ण है।

नचना कुठार यह स्थान पन्ना जिले के 55 कि0मी0 दक्षिण पूर्व में स्थित है। यहां गुप्तकालीन पार्वती का एक प्रसिद्ध मंदिर है। इसी पार्वती मंदिर के समीप एक अन्य देवालय है जिसे चौमुखनाथ का मंदिर कहते है।[11] यह मंदिर प्रतिहारकाल में निर्मित बताया जाता है। मंदिर का गर्भगृह वर्गाकार है जिसमें चतुर्भुज महादेव का एक उत्कृष्ट शिवलिंग प्रतिष्ठित है। गर्भगृह के सामने एक अर्वाचीन बरामदा है। मण्डप और गर्भगृह के बीच में अन्तराल है। मंदिर की वाह्य दीवारों पर अनेक रथिकाएं है। जिसमें गणेश, यम, कुबेर, सूर्य,

महिषासुरमर्दिनी, कामदेव, वृषभारूढ़ तथा नृत्य शिव की प्रतिमाएं थी। अब इन रथिकाओं की प्रतिमाएं लुप्त हो चुकी है। यह मंदिर 9वीं श0ई0 के तृतीय चरण में निर्मित हुआ।

ओसिया मंदिर[12] कथात्मक अंकन के अन्तर्गत ओसिया का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। यहाँ कृष्ण की लीलाओं से संबंधित अनेक दृश्य मिलते है जिनका विस्तृत अंकन हुआ है। ओसिया में मुख्यतः 8–9वीं श0 ई0 के मंदिरों पर इनका उत्कीर्णन हुआ है। जो अन्य समकालीन केन्द्रों की तुलना में निःसंदेह अधिक विस्तृत, सुनियोजित, परम्परानिर्दिष्ट और महत्त्वपूर्ण है। ओसियां में सामान्यतः मूर्तिकला में निर्मित कृष्ण के बाल लीलाओं को ही दर्शाया गया है।

कृष्ण जन्म एवं गोकुल गमन– हरिहर मंदिर के उत्तरी कण्ठ पर, प्रथम दृश्य में बन्दीगृह के अधखुले कपाट के दूसरी ओर प्रसूति गृह का दृश्यांकन है। ओसियां में कृष्ण जन्म के कुल 6 उदाहरण है और सभी दृश्यों में एक जैसा अंकन है।

माखन चोरी – बालकृष्ण के द्वारा माखन की चोरी या यशोदा के दधिमंथन का दृश्यांकन है। दृश्य में एक आसन पर प्रसन्नचित्त नन्द की आकृति आसीन है। बालरूप श्रीकृष्ण को पात्र से मक्खन निकालते निरूपित किया गया है। कृष्ण की चचंलता दृष्टव्य है।

योगमाया वध – इस मंदिर में योगमाया का वध दृश्यांकन है। इसमें कंस को गतिशील मुद्रा में योगमाया का वध करने के उद्देश्य से पैरो से बालिका को पकड़े और शिक्षा पर पटकने की मुद्रा में आकारित किया गया है।

पूतना वध – हरिहर मंदिर –1 में योगमाया के पश्चात् पूतना वध का अंकन हुआ है जिसमें भयंकर स्वरूप वाली पूतना एक मंचिका पर अर्धपर्यकासनी प्रदर्शित है।

गोवर्धन धारण– सूर्य मंदिर–3 के दक्षिणी कर्ण भाग और अन्य मंदिरों की अनुपंक्ति में कृष्ण द्वारा गोवर्धन धारण का दृश्य उत्कीर्ण है। हरिहर मंदिर–1 में सामान्य रूप से कृष्ण अपने बाएं हाथ पर पर्वत उठाएं दिखाए गये है।

कालिया दमन –कृष्ण लीला दृश्यों में कालिया दमन का विस्तार के साथ अंकन हुआ है। कथानक में कदम्ब वृक्ष से कृष्ण कूदकर कालिया नाग का दमन करते और कालिया के विनाश से भयभीत उसकी पत्नियों तथा स्वयं कालिया द्वारा क्षमायाचना का अंकन हुआ है।

इस प्रकार ओसियां में कृष्ण के जन्म से लेकर कंस की रंगशाला तक के दृश्यों का विस्तार से अंकन हुआ है। जबकि अन्य प्रतिहारकालीन कला के केन्द्रों पर कृष्ण लीला का इतना विस्तृत अंकन नहीं मिलता है।

संदर्भ–सूची :–

1. देव, कृष्ण, टेम्पल्स ऑफ इण्डिया, आर्यन बुक्स, इटंरनेशनल दिल्ली, सन् 1995, पृ0 1–7।
2. अलैक्जेंडर कनिंघम, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, एन्युअल रिपार्ट, कलकत्ता, सन् 1874–75 और 1876–77, जिल्द 10, पृ0 101।
3. ई0 ह्यूल्टेज, मिहिरभोज का ग्वालियर अभिलेख, एपि0 इ0 खण्ड 18, पृ0 99–114, सन् 1925।
4. कृष्णदेव, टेम्पल्स ऑफ इण्डिया, आर्यन बुक्स इंटरनेशनल, दिल्ली सन् 1995, पृ0 112।
5. वही, पृष्ठ 22।
6. ई0 हयूल्टेज, मिहिर भोज का ग्वालियर मंदिर अभिलेख, एपि0 इ0 खण्ड 18, पृ0 112, सन् 1925।
7. वहीं, एपि0 इ0 खण्ड 18, पृ0 105–108, सन् 1935।
8. वही, एपि0 इ0 खण्ड 18, पृ0 102, सन् 1925।
9. एफ0 कीलहर्न, मधुबन प्लेट ऑफ हर्ष, एपि0 इ0 जिल्द 7, पृ0 155–157, सन् 1902–03।
10. रायबहादुर गौरीशंकर हीराचंद ओझा, प्रतापगढ़ इन्सक्रीप्शन ऑफ दि टाइम ऑफ (दि प्रतिहार) विंग महेन्द्रपाल II ऑफ महोदया, संवत् 1003, इपि0 इ0 खण्ड 14, पृ0 177–179, सन् 1917–18।
11. आर0 डी0 त्रिवेदी, टेम्पल्स ऑफ दि प्रतिहार पीरियड इन सेन्ट्रल एशिया, (इडियां) दिल्ली, सन् 1990, पृ0 125।
12. आर0 सी0 मजूमदार, जोधपुर इन्सक्रीप्शन ऑफ प्रतिहार बाउक, वि0 सं0 894, एपि0 इ0 खण्ड 18, पृ0 87–95, सन् 1925।

निजी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य-संतोष का अध्ययन

डॉ. अनामिका लिंका*

प्रस्तुत अध्ययन मेरठ जनपद के निजी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिला कर्मचारियों की कार्य संतोष का अध्ययन है। अध्ययन हेतु मेरठ के कालीन उद्योग से महिला कर्मचारियों का चयन किया गया। जिसमें से 50 ग्रामीण क्षेत्र की एवं 50 शहरी क्षेत्र की महिलाओं का चयन किया गया। संग्रह हेतु प्रयोज्य पर डॉ टी0आर0 एवं डॉ अमर सिंह द्वारा निर्मित "कार्य संतोष मापनी" का उपयोग किया गया सांख्यिकी विश्लेषण के लिए क्रांतिक अनुपात का उपयोग किया गया जिसमें ग्रामीण एवं शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य संतोष में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

प्रस्तावना :– किसी भी उद्योग की उत्पादन क्षमता उस उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों पर निर्भर करती है। जिस उद्योग में कर्मचारियों का कार्य संतोष उच्च होता है वह उद्योग तीव्र गति से विकास करते हैं तथा जिस उद्योग के कर्मचारियों का कार्य संतोष निम्न होता है वह उद्योग अत्याधिक विकास नहीं कर पाते हैं। औद्योगिक मनोविज्ञान एवं संगठनात्मक मनोविज्ञान में कार्य संतोष को एक महत्वपूर्ण कारक बताया गया है क्योंकि किसी भी उद्योग की सफलता की प्रमुख कुंजी यह है कि उसकी कर्मचारियों में पर्याप्त कार्य संतुष्टि हो। कार्यसंतोष मानसिक आनंदित स्थिति है जो एक कार्य स्वीकृति के परिणाम स्वरूप प्राप्त होती है। यह एक सामान्य मनोवृति होती है यह मनोवृति किन्हीं दो कर्मचारियों की एक ही कार्य परिस्थिति में एक समान होगा ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि दोनों कर्मचारियों की अपनी–अपनी मनोवृति अलग अलग हो सकती है कार्य संतोष उद्योग का सर्वोपरि लक्ष्य है।यह उद्योग का साधन एवं साध्य दोनों ही माना जा सकता है। पारिश्रमिक, पर्यवेक्षक, रोजगार की निरंतरता , कार्य की भौतिक एवं मनोवैज्ञानिक अवस्था , प्रोन्नति के अवसर, सामाजिक संबंध, शिकायतों की सुनवाई, नियोजक द्वारा पक्षपात रहित एवं न्याय संगत व्यवहार के साथ ही साथ, कर्मचारी की आय, स्वास्थ्य, एवं मनोवृति , आकांक्षा का स्तर, पारिवारिक स्थिति, सामाजिक प्रतिष्ठा, तथा सभी संबंधित विशिष्ट तत्व कार्य संतोष को प्रभावित करते हैं।

वेश एच0 एम0 ने तर्क दिया है– कार्य संतोष एक अभिव्यक्ति है लेकिन उसमें कुछ बिंदु भी बताए हैं जो शोधकर्ता को स्पष्ट रूप से परिलक्षित होने चाहिए वह संज्ञानात्मक मूल्यांकन के उद्देश्य हैं संवेग, विश्वास और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। लॉक (1976)के अनुसार – "कार्य संतुष्टि से तात्पर्य अपने कार्य या कार्य अनुभूतियों के मूल्यांकन से उत्पन्न सुखमय धनात्मक संवेग अवस्था से होता है।" ब्रूम (1964)– "व्यक्ति वर्तमान समय में किस कार्य में संलग्न है उसकी प्रभावशाली उन्मुक्तता ही उनका ही कार्य संतोष है।" इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कार्य संतोष किसी कर्मचारी में अंतर्निहित उसकी मनोवृतियों का परिणाम होता है औद्योगिक संगठनों पर कर्मचारियों के कार्य संतोष का व्यापक प्रभाव पड़ता है। यदि किसी संगठन में ज्यादातर कर्मचारी कार्य संतोष का अनुभव करते हैं तो इस संगठन में उत्पादन अधिक होता है ,दुर्घटनाएं कम होती हैं ,मनोबल अधिक रहता है और कार्य में संलग्नता बढ़ जाती है। अरविंद प्रसाद और अरुण कुमार (2009) – ने 300 कार्यरत महिलाओं के कार्य संतुष्टि का अध्ययन किया। अध्ययन में अधिकतर महिलाएं अपने कार्य में संतुष्ट पाई गई। अवधेश कश्यप 2008) ने पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टर की 200 कर्मचारियों के कार्य संतुष्टि एवं कमिटमेंट के बीच अध्ययन किया और अध्ययन में पाया कि पब्लिक सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों में कार्य संतुष्टि अधिक पाई गई जबकि प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों में संतुष्टि की मात्रा कम पाई गई। स्टीवन एवं अन्य ने (2010) प्रोफेशनल अकाउंट पर अध्ययन किया। अध्ययन से प्रदर्शित होता है कि भूमिका द्वंद से संबंध होने की प्रवृत्ति होने के साथ निम्न कार्य संतोष एवं कार्य स्थान को विशेषताः छोड़ देने की प्रवृत्ति पाई गई।

सर्पिल एवं साहिल ने (2011) सार्वजनिक अस्पताल टर्की मैं कार्यरत 118 स्वास्थ्य कार्यकर्ता पर हिंसा निवारण जलवायु का कार्य स्थान पर कई आयामों को लेकर कार्य संतोष पर प्रभाव का अध्ययन किया, अध्ययन में कार्य संतोष पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। जिससे कार्य संतोष की मात्रा उच्च पाई गई। मूसेन (2011)ने नर्सों

*** प्रिंसिपल, जय मां तारा बी. एड. कॉलेज, वेस्ट बंगाल।**

पर अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि कार्य संतोष एक सकारात्मक भूमिका निभाता है। कार्य परिवेश में एवं रचनात्मक कार्य करने में कार्य संतोष की मात्रा उच्च पाई गई।

समस्या का कथन :– प्रस्तुत शोध समस्या जनपद मेरठ के कालीन उद्योग में कार्यरत ग्रामीण एवं शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य संतोष को ज्ञात करने के लिए संपादित की गई है। इस समस्या का प्रारूप निम्न है –

निजी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य संतोष का अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. मेरठ जिले के कालीन व्यवसाय के कारखाने में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिलाओं में उनके कार्य के प्रति संतोष एवं असंतोष की स्थिति ज्ञात करना।
2. भविष्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं शहरी महिला कर्मचारियों द्वारा उत्पादन स्तर को बनाए रखने के लिए भविष्यवाणी संभव होगी।

अध्ययन की उपकल्पनाएं :–

- शहरी महिलाओं एवं ग्रामीण महिलाओं के कार्य संतोष में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया जाएगा।
- ग्रामीण महिलाओं के 20 –30 वर्ष तथा 30 –40 वर्ष आयु वर्ग में कार्य संतोष में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया जाएगा।
- शहरी महिलाओं के 20 – 30 वर्ष तथा 30– 40 वर्ष आयु वर्ग में कार्य संतोष में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया जाएगा।

शोध विधि :– प्रस्तुत शोध कार्य विवरणात्मकअनुसंधान के अंतर्गत सर्वेक्षण प्रकार का अनुसंधान है। इस प्रकार के अनुसंधान में वर्तमान में चल रही घटनाओं अथवा वस्तु स्थिति का अध्ययन सर्वेक्षण के आधार पर प्राप्त आंकड़ों के द्वारा किया गया है।

प्रतिदर्श :– प्रस्तुत शोध के अंतर्गत निजी क्षेत्र के काली उद्योगों में कार्यरत 50 ग्रामीण तथा 50 शहरी क्षेत्र की महिलाओं का यादृच्छिक विधि से चयन किया गया जो मेरठ जिले के कालीन व्यवसाय के कारखानों से ली गई हैं। इन कर्मीको का चयन रसायन प्रिंटिंग, मशीनरी, प्लास्टिक रंगाई ,छपाई आदि लघु उद्योगों से लिया गया है।

प्रयुक्त उपकरण तथा सांख्यिकी विश्लेषण – ग्रामीण एवं शहरी महिला कर्मचारियों के कार्य संतोष के मापन के लिए डॉ टी0 आर0 शर्मा एवं डॉ अमर सिंह (पटियाला)द्वारा विकसित "कार्य संतोष मापनी"का उपयोग किया गया है। जिनमें कुल प्रश्नों की संख्या 30 है जिसमें धनात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रकार के कथन हैं। मापनी की विश्वसनीयता 0.978 है एवं वैधता गुणांक 0.743पाया गया। सांख्यिकी विश्लेषण हेतु मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात का प्रयोग किया गया।

परिणाम एवं व्याख्या – मेरठ जनपद के कालीन व्यवसाय में कार्यरत ग्रामीण तथा शहरी महिला कर्मचारियों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सांख्यिकी विश्लेषण किया जो कि निम्नलिखित है –

तालिका –1 ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के कार्य संतोष का मध्यमान मानक विचलन एवं अंतर की सार्थकता–

क्रम संख्या	समूह	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर
1.	ग्रामीण महिला	61.6	4.45	0.074	N.S.
2.	शहरी महिला	61.7	7.1	"	"

शहरी एवं ग्रामीण महिला कर्मचारियों के बीच कार्य संतोष का अध्ययन किया गया। ग्रामीण महिलाओं का मध्यमान 61.6 पाया गया एवं मानक विचलन 4.45 है ,तथा शहरी महिलाओं का मध्यमान 61.7 एवं मानक विचलन 7.1 है।दोनों समूह के क्रांतिक अनुपात का मान 0.074 है जो सार्थकता स्तर के 0.05 के मान से कम है। परिणाम प्रदर्शित करते हैं कि दोनों समूह में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

तालिका संख्या –2 ग्रामीण महिलाओं के 20 –30 वर्ष तथा 30 –40 वर्ष के बीच कार्य संतोष का मध्यमान मानक विचलन एवं अंतर की सार्थकता

क्रम संख्या	समूह	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर
1.	आयु 20– 30 वर्ष प्रतिदर्श (25)	58.5	6.25	3.495	<0.01
2.	आयु 30–40 वर्ष प्रतिदर्श (25)	62.8	6.11	"	"

उपयुक्त सारणी में ग्रामीण महिलाओं में 20 –30 वर्ष आयु वर्ग का मध्यमान 58 .5 एवं मानक विचलन 6.25 है जबकि ग्रामीण महिलाओं में 30 –40 वर्ष आयु वर्ग का मध्यमान 62.8 एवं मानक 6.11 प्राप्त हुआ है दोनों समूह के सार्थकता का अंतर (क्रांतिक अनुपात) का मान 3.495 पाया गया। जो सार्थकता 001 स्तर पर सार्थक पाया गया। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि 20– 30 वर्ष आयु वर्ग की अपेक्षा 30 –40 वर्ष आयु में कार्य के प्रति संतोष की मात्रा अत्याधिक है।

तालिका संख्या –3 शहरी महिलाओं के 20 से 30 वर्ष तथा 30 से 40 वर्ष के कार्य संतोष का मध्यमान मानक विचलन एवं सार्थकता का अंतर –

क्रम संख्या	समूह	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता स्तर
1.	आयु 20 –30 वर्ष प्रतिदर्श (25)	62.5	6.85	0.769	N.S.
2.	आयु 30– 40 वर्ष प्रतिदर्श(25)	61.5	6.30	″	″

उपयुक्त सारणी में शहरी महिलाओं में 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग का मध्यमान 62.5 एवं मानक विचलन 6. 85 है जबकि शहरी महिलाओं में 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग का मध्यमान 61.5 एवं मानक विचलन 6. 30 प्राप्त हुआ है। दोनों समूहों में सार्थकता का अंतर (क्रांतिक अनुपात का मान) 0. 769 पाया गया जो सार्थकता 0.05 स्तर के मान से कम है। परिणाम प्रदर्शित करते हैं कि दोनों समूह में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

